www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...

छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक

संपर्क करें : deshbandhuraipur@gmail.com



पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

रायपुर, शुक्रवार, 24 नवंबर 2023 । वर्ष – 65 । अंक –219 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00 रु प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन–सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23



मोदी व शाह विभाजनकारी बातचीत में व्यस्त : खड़गे पृष्ठ 2

■ एक आदमी की बर्खास्तगी क्यों हिला रही है वैश्विक तकनीकी गतिविधियां? पृष्ठ 6

■ आईडीएफ ने अल-शिफा अस्पताल के निदेशक व डॉक्टरों को किया गिरफ्तार
■ यूक्रेनी हमले में मारी गई रूसी अभिनेत्री पृष्ठ 7

कभी नहीं सोचा था कि मेरी विश्व कप यात्रा सिर्फ एक मैच खेलने के साथ समाप्त हो जाएगी : अश्विन पृष्ठ 8

# राजस्थान में चुनाव प्रचार का दौर थमा

## 200 विधानसभा सीटों में से 199 सीटों पर मतदान कल

**जयपुर**, 23 नवम्बर (एजेंसियां)। राजस्थान में विधानसभा चुनाव के लिए गुरुवार शाम को जनसभाओं एवं रैलियों का दौर बृहस्पतिवार को थम गया। उम्मीदवार अब घर घर जाकर ही मतदाताओं से अपील करेंगे। राजस्थान में कुल 200 विधानसभा सीट में 199 के लिए 25 नवंबर को मतदान होगा। इन सीट पर 5,25,38,105 मतदाता हैं और 1863 उम्मीदवार हैं। निर्वाचन विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि विधानसभा चुनाव 2023 के लिए चुनाव प्रचार बृहस्पतिवार शाम छह बजे थम गया। शनिवार को सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक मतदान होगा।

**कोई जनसभा या जुलूस नहीं निकाल सकेगा**

नियमों के अनुसार अब चुनाव को लेकर कोई जनसभा या जुलूस नहीं निकाल सकेगा। अब मतदान से पूर्व चुनाव संबंधी कोई भी मामला टेलीविजन या किसी अन्य माध्यम से जनता के लिये प्रसारित नहीं किया जा सकता। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने कहा कि यदि कोई व्यक्ति इन प्रावधानों का उल्लंघन करता है, तो उसे दो साल तक की कैद या जुर्माना या दोनों से दंडित किया जाएगा। चुनाव आयोग ने निर्देश दिया है कि कोई भी राजनीतिक व्यक्ति, जो उस निर्वाचन क्षेत्र का मतदाता या उम्मीदवार नहीं है या सांसद या विधायक नहीं है, वह चुनाव प्रचार समाप्त होने के बाद उस निर्वाचन क्षेत्र में नहीं रह सकता है। राज्य में मुख्य मुकाबला सत्तारूढ़ कांग्रेस एवं मुख्य विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी में माना जा रहा है।

### राजस्थान में नहीं होगी गहलोत की वापसी : मोदी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को चुनाव प्रचार के अंतिम दिन राजसमंद के देवगढ़ में जनसभ संबोधित करते हुए कहा कि साथियों आज मैं इस सभा में बता दूं कि चुनाव परिणाम निश्चित है। राजस्थान ने आज तक इससे बड़ी महिला विरोधी सरकार नहीं देखी है। इसलिए राजस्थान के जन–जन ने कांग्रेस सरकार को उखाड़ फेंकने का संकल्प ले लिया है। प्रधानमंत्री ने दावा करते हुए कहा कि अब राजस्थान में गहलोत सरकार की वापसी कभी नहीं होगी।

### ये लोग सिर्फ 25 तक के मेहमान हैः गहलोत



मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर भारतीय जनता पार्टी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला करते हुए कहा कि ये लोग राज्य में सिर्फ 25 नवंबर तक के मेहमान हैं, इसके बाद कोई नहीं दिखेगा। प्रधानमंत्री एक अभिनेता हैं और वो अभिनय करते हैं। हमने राजस्थान में शानदार काम किया है और एक से बढ़कर एक नए कानून बनाए। उन्होंने महादेव ऐप्प के मामले पर कहा, एक साजिश के तहत लाल डायरी और महादेव ऐप्प का प्रकरण सामने आया है। 50 छापे मारे गए लेकिन क्या हुआ ?

**दोनों पार्टियों ने प्रचार में झोंकी ताकत**

कांग्रेस ने अपने चुनाव प्रचार अभियान को मुख्य रूप से मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सरकार के कामों, उसकी योजनाओं और कार्यक्रमों पर केंद्रित किया। कांग्रेस ने घोषणा पत्र में सात महत्वाकांक्षी योजनाओं की घोषणा की है वहीं भाजपा राज्य में अपराध, तुष्टीकरण, भ्रष्टाचार और पेपर लीक जैसे मुद्दों को लेकर कांग्रेस पर हमलावर रही है। कांग्रेस की ओर से पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पार्टी नेता राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और अन्य नेताओं ने कई चुनावी सभाओं को संबोधित किया। भाजपा के प्रचार अभियान की बागडोर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संभाली। उन्होंने बीते कई दिनों में अनेक जगह जनसभाएं कीं। उन्होंने बीकानेर और जयपुर में रोड शो भी किया। इसी तरह भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा, केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी व राजनाथ सिंह ने भी अनेक जगह जनसभाएं कीं।

# रमन सिंह की लोकप्रियता थी तब 52 सीट से ऊपर नहीं गए : भूपेश

## कहा- अमित शाह के बेटे में कौन सी योग्यता है? बताए

**रायपुर**, 23 नवंबर (देशबन्धु)। पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के सीटों के दावे पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने तंज कसते हुए कहा कि जब उनकी लोकप्रियता चरम पर थी, तब 52 से 55 सीट से ऊपर नहीं गए, अब कहां से लाएंगे। ऐसा 3 दिसंबर तक अपने कार्यकर्ताओं का ढाढस बंधाए रखने के लिए कह रहे हैं।



राजस्थान में सभा और रोड शो के लिए रवाना होने से पहले मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने एयरपोर्ट पर पत्रकारों से चर्चा करते हुए भाजपा के 'सरकार गठन के बाद झीरम की जांच होगी' वाले बयान पर कहा कि उस समय उन्हें किसने रोका था। धरमलाल कौशिक को कोर्ट किसने भेजा था। अडंगा डालने का काम किसने किया था ? अब किसी भी प्रकार की बात करने में कोई संकोच नहीं है। शर्म भी नहीं आती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार थी। सीबीआई जांच हो यह विधानसभा में पारित किया था। भारत सरकार से जब आदेश आया, तब उसे दबाकर क्यों रखा था। रमन सिंह पता नहीं किस प्रकार के बयान लिखते और जारी करते हैं, क्योंकि सभी घटनाओं के लिए वही जिम्मेदार हैं। छत्तीसगढ़ की पुलिस जांच करेगी। अब वह बोले या नहीं बोले, जांच होगी।

डीए बढ़ाए जाने पर डॉ रमन सिंह के पत्र लिखे जाने पर उन्होंने कहा कि वे आज डीए बढ़ाने के लिए पत्र लिख रहे हैं। रेलवे के लिए पत्र क्यों नहीं लिखते। ट्रेनें रद्द हो रही है, समय पर नहीं चल रही है। रेलवे में नौकरी के लिए भी उन्हें पत्र लिखना चाहिए। वे भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हैं।

अमित शाह के 'सोनिया गांधी अपने बेटे को प्रधानमंत्री बनाना चाहती है' वाले बयान पर भूपेश बघेल ने कहा कि वह अपने बेटे के लिए सोच रहे हैं, उनके बेटे में कौन सी योग्यता है ? दूसरों के बेटे के बारे में क्यों बोलते हैं। अपने बेटे के बारे में बताओ कि उसमें क्या योग्यता है। राजस्थान के दौरे को लेकर मुख्यमंत्री ने बताया कि राजस्थान में आज दो कार्यक्रम है। एक रोड शो और दूसरी आम सभा है। आज चुनाव प्रचार का आखिरी दिन है। फिर तेलंगाना में कार्यक्रम बन रहा है, वहां भी जाना है।

## सार संक्षेप

### समलैंगिक विवाह में 28 नवंबर को सुप्रीम कोर्ट करेगा सुनवाई

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को कहा कि समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने से इनकार करने वाले अपने 17 अक्टूबर के फैसले के खिलाफ दायर समीक्षा याचिका पर वह 28 नवंबर को सुनवाई करेगा। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने वरिष्ठ वकील मुकुल रोहतगी के 'विशेष उल्लेख' पर समीक्षा याचिका पर विचार करने के लिए तारीख मुकर्रर की।

### आईआरसीटीसी की वेबसाइट बंद, यूजर्स ने की शिकायत

**नई दिल्ली।** इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन (आईआरसीटीसी) की वेबसाइट में गुरुवार को तकनीकी खराबी आ गई, जिसके चलते ई-टिकटिंग सेवाएं अस्थायी रूप से रुक गईं। इस रुकावट के कारण यात्री परेशान और निराश हो गए। उन्होंने अपनी निराशा दूर करने के लिए एक्स की ओर रुख किया। एक यूजर ने कहा, ऐसे आदमी की तलाश मत करो, जो प्रति वर्ष 20 लाख कमाता हो। ऐसे आदमी की तलाश करो जो आईआरसीटीसी पर तत्काल टिकट बुकिंग एक ही बार में कर सके।

### अंबाला में एयरफोर्स के एयर शो दिखाई करतब

**अंबाला।** अंबाला में इंडियन एयरफोर्स प्लेटिनम जुबली सेलिब्रेशन कर रही है। शो फाइव स्कवाड्रन के 75 साल पूरे होने पर अंबाला कैंट के एयरफोर्स स्टेशन पर पहले दिन 1 घंट से अधिक समय तक एयर शो चला। यहां सबसे पहल जगुआर ने उड़ान भरी। एयर शो में राफेल और आकाश गंगा व सूर्य किरण टीम ने भी करतब दिखाए। एयर शो यूट्यूब पर भी लाइव दिखाया गया।

### ताज होटल के डेटा में लगी सेंध

**नई दिल्ली।** रिपोर्ट के अनुसार टाटा के स्वामित्व वाले ताज होटल में हाल ही में हुए डेटा लीक मामले में लगभग 1.5 मिलियन लोगों की निजी जानकारी में सेंध लग गई है।

### शुभेंदु ने ममता के बयान के खिलाफ कार्यवाही के संकेत दिए

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने गुरुवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के बदला लेने वाले बयान के लिए उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाने सहित कानूनी कार्यवाही शुरू करने का संकेत दिया और भ्रष्टाचार के विभिन्न मामलों में केंद्रीय एजेंसियों द्वारा तृणमूल कांग्रेस के दिग्गजों की गिरफ्तारी होने का जिक्र किया।

# आईएएस अधिकारियों को जनवरी से मिलेगा 42 प्रतिशत महंगाई भत्ता

**रायपुर**, 23 नवंबर (देशबन्धु)। प्रदेश में कार्यरत आईएएस अधिकारियों के लिए राज्य सरकार ने 22 नवंबर को आदेश जारी कर तमाम आईएएस अधिकारियों को एक जनवरी 2023 से पुनरीक्षित दरों पर महंगाई भत्ते के भुगतान करने कहा है।

छत्तीसगढ़ सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से तमाम विभागाध्यक्ष, संभागीय आयुक्त, कलेक्टर को जारी पत्र में बताया कि केन्द्र सरकार के कर्मचारियों के लिए भारत सरकार ने 1 जनवरी, 2023 से 38 प्रतिशत से 42 प्रतिशत पुनरीक्षित दरों से महंगाई भत्ता स्वीकृत किया है।

इसके साथ ही ये पुनरीक्षित दरें अखिल भारतीय सेवाओं के सदस्यों को लागू हो गई है। इस लिहाज से राज्य में कार्यरत अखिल भारतीय सेवाओं के सदस्यों को राज्य सरकार ने 1 जनवरी 2023 से पुनरीक्षित दरों से महंगाई भत्ता भुगतान करने की स्वीकृति प्रदान की है।

# पनौती वाले बयान पर राहुल को चुनाव आयोग का नोटिस

**नई दिल्ली**, 23 नवम्बर (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री पर विवादित बयान देने के मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। उन्हें 25 नवम्बर तक अपना पक्ष रखने का निर्देश दिया है। भारत 19 नवम्बर को अहमदाबाद में खेले गए क्रिकेट विश्वकप का फाइनल मुकाबला ऑस्टेलिया से हार गया था। इस मैच को देखने खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्टेडियम पहुंचे हुए थे। इसी पर कटाक्ष करते हुए मंगलवार को राहुल गांधी ने राजस्थान की एक चुनावी सभा में प्रधानमंत्री के लिए पनौती शब्द का इस्तेमाल किया था। इसके अलावा अगले दिन एक अन्य जनसभा में उनके लिए जेबकतरा शब्द का प्रयोग करते हुए विवादित भाषण दिया था। भाजपा नेताओं की शिकायत के बाद चुनाव आयोग ने उनसे इस मामले में जवाब तलब किया है।

■ 25 नवम्बर तक देना होगा जवाब



उल्लेखनीय है कि कल बुधवार को भाजपा महासचिव राधामोहन अग्रवाल की अगुवाई में एक प्रतिनिधि मंडल चुनाव आयोग पहुंच कर प्रधानमंत्री के लिए विवादित टिप्पणी करने को लेकर राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। चुनाव आयोग को इस बाबत एक ज्ञापन भी सौंपा गया था। अब चुनाव आयोग ने इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए राहुल गांधी को नोटिस जारी कर तीन दिनों के भीतर जवाब देने को कहा है। माना जा रहा है कि खडगे को भी एक–दो दिन में गलत आरोप लगाने के मामले में नोटिस दिया जा सकता है।

# सुप्रीम कोर्ट की पहली महिला जज फातिमा बीवी का निधन



**कोल्लम**, 23 नवम्बर (एजेंसियां)। देश की पहली महिला सुप्रीम कोर्ट जज जस्टिस फातिमा बीवी का 96 साल की उम्र में निधन हो गया है। उन्होंने कोल्लम जिले के एक निजी अस्पताल में 23 नवंबर की सुबह उन्होंने अंतिम सांस ली। उनका जन्म 30 अप्रैल 1927 को केरल में हुआ था। अपने पिता के कहने पर उन्होंने वकालत की पढ़ाई की। 1989 में वे सुप्रीम कोर्ट में जज बनीं और 29 अप्रैल 1992 तक इस पद पर रहीं। सेवानिवृत्ति के बाद वे नेशनल ह्यूमन राइट्स कमीशन की सदस्य रहीं। बाद में उन्हें तमिलनाडु राज्यपाल का पद भी मिला। राजीव गांधी हत्याकांड के चार दोषियों की दया याचिका को अस्वीकार करने के बाद उन्होंने गवर्नर पद से इस्तीफा दे दिया था। जस्टिस फातिमा बीवी का जन्म 30 अप्रैल 1927 को केरल के पथानामथिट्टा में हुआ था। उन्होंने तिरुवनंतपुरम के महिला कॉलेज से कैमिस्ट्री में ग्रेजुएशन किया। फातिमा के पिता ने उन्हें एडवोकेट की पढ़ाई करने के लिए कहा। इसके चलते उन्होंने तिरुवनंतपुरम के ही लॉ कॉलेज से एलएलबी की डिग्री हासिल की।

**सिलक्यारा सुरंग हादसा** — कंपन की वजह से रोकनी पड़ी थी मशीन

# कड़ी मशक्कत के बाद फिर शुरू हुई ड्रिलिंग

**उत्तरकाशी**, 23 नवम्बर (देशबन्धु)। सिलक्यारा सुरंग के भीतर फंसे 41 मजदूरों को बाहर निकालने का उत्साह बृहस्पतिवार को दिनभर उतार चढ़ाव लेता रहा। अड़चनों की वजह से मजदूरों के बाहर आने का इंतजार बढ़ता रहा। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय में राज्य मंत्री जनरल वीके सिंह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी देर शाम तक ऑपरेशन सिलक्यारा के सफल होने का इंतजार कर रहे थे। बुधवार की रात को चले अभियान की रफ्तार से ये उम्मीद जताई जा रही थी कि बृहस्पतिवार की सुबह तक सभी 41 मजदूर सकुशल बाहर आ जाएंगे, लेकिन रात को अमेरिकन ऑगर ड्रिल मशीन की राह में लोहे के सरिए व गाटर आ गए जो टनल के भीतर के स्ट्रक्चर के लिए लगाए गए थे। इससे मशीन का पुर्जा भी टूट गया। मशीन रोकनी पड़ी।



इसके बाद एनडीआरएफ के जवान ने करीब 40 मीटर तक पहुंचे 800 मिमी पाइप के भीतर घुसकर रुकावट को देखा। उन्होंने इसे काटने की सलाह दी, जिसके लिए गैस कटर मंगाया गया। भीतर ऑक्सीजन कम होती है। गैस कटर चलाने पर ये और कम हो जाती है। लिहाजा, पहली टीम जब इसे काटने के लिए पहुंची तो वह सफल नहीं हो पाई। इसके बाद दूसरी टीम भीतर गई, जिसे कई घंटे की मशक्कत के बाद इसे काट दिया। सुबह दोबारा ड्रिल मशीन शुरू कर दी गई। नौवां पाइप भीतर भेजना शुरू किया गया। करीब 1.8 मीटर पाइप पहुंचा ही था कि मशीन में फिर तेज कंपन्न होने लगी। सामने फिर सरिये की चुनौती पेश आई, जिसे देर शाम तक काटा गया। खबर लिखे जाने तक मजदूरों को पाइप उनके पास तक पहुंचने और बचाव दलों को मजदूरों के बाहर आने का इंतजार था। अभी भी बचाव अभियान जारी है। वहीं, बचाव अभियान का निरीक्षण करने के लिए सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय में राज्य मंत्री जनरल (सेनि) वीके सिंह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी पहुंचे। निरीक्षण के बाद केंद्रीय मंत्री वीके सिंह जहां टनल से पहले बने कार्यालय में बैठ गए तो मुख्यमंत्री ने भी उत्तरकाशी के निकट स्थित मातली में डेरा डाल लिया है।

# डीपफेक को लेकर सरकार गंभीर

## केंद्रीय मंत्री ने सोशल मीडिया कंपनियों के साथ की बैठक

**नई दिल्ली**, 23 नवम्बर (देशबन्धु)। डीपफेक मामले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चिंता प्रकट किए जाने के बाद सरकार हरकत में है। गुरुवार को केंद्रीय इलेक्टानिक्स एवं आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोशल मीडिया कंपनियों के साथ बैठक की और इससे बचने के तरीकों पर कुछ फैसले लिए। उन्होंने कहा कि डीपफेक न केवल समाज बल्कि लोकतंत्र के लिए भी एक खतरा है। बैठक के बाद संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए वैष्णव ने कहाकि सोशल मीडिया कंपनियों ने माना है कि डीपफेक एक बडा सामाजिक खतरा है। इससे बचने के लिए जिन मुद्दों पर सरकार और कंपनियां काम करेगी, इसका जिक्र कर उन्होंने कहा, पहली चीज है कि डीपफेक की जांच कैसे हो ? दूसरा इसे वायरल होने से कैसे रोका जाय ? तीसरा कोई यूजर इसे कैसे रिपोर्ट करे और इस पर तुरंत कार्रवाई सुनिश्चत हो ? और चौथा, इसके खतरे पर जागरूकता बढ़ाने के लिए सब मिलकर कैसे काम कर सकें ? मालूम हो कि बीते दिनों मशहूर अभिनेत्री रश्मिका मंदाना और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का एक डीपफेक वाला वीडियो वायरल हुआ था। इसके बाद से यह मुद्दा चर्चा में है। वैष्णव ने कहाकि ऐसे वीडियो की जांच के लिए कुछ प्लेटफॉर्म तैयार हैं, लेकिन अभी इससे ज्यादा की जरूरत है।

■ डीपफेक से बचने के तरीकों पर कुछ फैसले लिए

# राजौरी मुठभेड़ में दो आतंकी ढेर पांच सैनिकों की भी देनी पड़ी शहादत

जम्मू, 23 नवम्बर (देशबन्धु)। राजौरी के कालाकोट में सेना ने अपने दो अफसरों और तीन जवानों की शहादत का बदला ले लिया है। उसने अफगानिस्तान में आतंक फैलाने वाले लश्करे तौयबा के उस शीर्ष कमांडर को उसके साथी समेत मार डाला है जो एक साल से राजौरी व पुंछ के इलाके में आतंक मचाए हुए था। सेना प्रवक्ता ने बताया है कि राजौरी में गोलीबारी में एक और आतंकी और एक सैनिक मारा गया, जिससे कुल मिलाकर मरने वालों की संख्या सात हो गई। अधिकारियों ने बताया कि मुठभेड़ में अब तक दो आतंकी और सेना के दो कैप्टन समेत सेना के पांच जवान मारे गए हैं। जहां आज दो आतंकी और सैनिक मारे गए, वहीं बुधवार को कालाकोट राजौरी के बाजी इलाके में शुरू हुई गोलीबारी के पहले दिन दो कैप्टन सहित सेना के चार जवान मारे गए। हताहतों की संख्या बढ़ने के तुरंत बाद, सेना ने क्षेत्र में और अधिक अतिरिक्त बल भेज दिया था।

# संसदीय लॉग-इन पासवर्ड को अब किसी से नहीं कर सकेंगे साझा

**संसद की वेबसाइट से जुड़े नियमों में बदलाव : तकनीकी रूप से अकुशल सांसदो को हो सकती है परेशानी, सांसदों के पंजीकृत मोबाइल नंबर पर आएगा ओटीपी**

**विंध्यवासिनी त्रिपाठी**

**नई दिल्ली**, 23 नवम्बर (देशबन्धु)। टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा प्रकरण के बाद केंद्र ने संसद की वेबसाइट तक पहुचने से जुड़े नियमों में बदलाव कर दिया है। इससे तकनीकी रूप से अकुशल सांसदो को परेशानी हो सकती है। लोकसभा सचिवालय ने डिजिटल संसद पोर्टल और ऐप्स से सांसदों के सचिवों और निजी सहायकों की पहुच को खत्म कर दिया है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, सांसद का सहायक, निजी सचिव या कोई तीसरा पक्ष अब डिजिटल संसद की वेबसाइट तक नहीं पहुंच सकेगा। जिसके चलते वह किसी सांसद की ओर से नोटिस या प्रश्न प्रस्तुत नहीं कर सकेगा। अब यह काम सांसदों को खुद करना होगा। इस प्रक्रिया के तहत डिजिटल वेवसाइट की लॉग–इन के लिए सांसदों के पंजीकृत मोबाइल पर एक ओटीपी आएगा। कोड दर्ज करने के बाद ही वे वेबसाइट तक पहुंच सकेंगे।

**महुआ प्रकरण सामने आने के बाद बदलाव**–मालूम हो कि यह बदलाव टीएमसी सांसद की महुआ मोइत्रा के खिलाफ भाजपा सांसद निशिकांत दुबे की उस शिकायत के बाद लिया गया है। जिसमें सुप्रीम कोर्ट के वकील जय अनंत देहाद्रायी के पत्र का हवाला देते आरोप लगाया गया था कि प्रश्न पूछने के बदले महुआ ने कारोबारी दर्शन हीरानंदानी से पैसा लिया था। इसमें यह भी कहा गया था कि सांसद महुआ की डिजिटल वेबसाइट का लॉगइन 47 बार उनकी गैर मौजूदगी में दुबई से किया गया। कारोबारी के स्टॉफ महुआ की ओर से सीधे पोर्टल पर सवाल दर्ज कराए। फिलहाल दुबे की शिकायत के बाद लोस अध्यक्ष ओम बिरला ने मामले को आचार समिति को सौंप दिया था। जिसने दो बैठकों की सुनवाई के बाद महुआ की लोकसभा की सदस्यता खत्म करने की सिफारिश कर दी है। माना जा रहा है कि शीतकालीन सत्र में लोस अध्यक्ष इस पर फैसला ले सकते हैं।

**भारत-ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट मैच** — आज से टिकट की बुकिंग शुरू

# टिकट की कीमत 1000 से लेकर 25000 तक

**रायपुर, 23 नवंबर (देशबन्धु)। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच टी20 सीरीज का दूसरा मैच राजधानी रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। इस मैच को लेकर छत्तीसगढ़ के लोगों में खासा उत्साह है। यह मैच एक दिसंबर को होगा।**

छत्तीसगढ़ राज्य क्रिकेट संघ ने मैच के टिकट के रेट की घोषणा कर दी है। मैच का टिकट एक हजार रुपये से शुरू होगा और 25 हजार तक कीमत तय की गई है। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच टी20 मैच को लेकर छत्तीसगढ़ राज्य क्रिकेट संघ ने जानकारी देते हुए बताया कि एक दिसंबर को मैच होगा। मैच की टिकट की बुकिंग 24 नवंबर को 11 बजे से टिकट शुरू होगी। पे टी एम के जरिये टिकट मिलेगी। पिछली बार ऑनलाइन टिकट कुरिअर के जानिए पहुंची थी। आखिर में आरडीसीए ग्राउंड पर भी टिकट लोगों ने कलेक्ट किया था। इस बार इंडोर स्टेडियम में टिकट के लिए कलेक्टिंग सेक्टर रहेगा। कुरिअर की व्यवस्था नहीं रहेगी।



भारत और ऑस्ट्रेलिया मैच के टिकट का रेट कार्पोरेट बॉक्स के लिए 25 हजार, प्लेटिनम 15 हजार, गोल्ड साढ़े 12 हजार, सिल्वर 10 हजार और स्टैंड केटेगिरी की कीमत एक हजार रुपये से शुरू होगी।

टिकट वितरण में पिछले अनुभव को देखते हुए और क्रिकेट प्रेमियों को हुई तकलीफों को देखते हुए इस बार टिकट को कोरियर से भेजने की व्यवस्था नहीं की जा रही है। जिसके चलते टिकट बुक करने के बाद दर्शक को टिकट लेने के लिए काउंटर पर जाना होगा। यह शहर के मध्य में इंडोर स्टेडियम में रखा गया है ताकि हर कोई सहजता से वहां तक पहुंच सकें। आयोजन को लेकर अलग-अलग कमेटियों का गठन भी किया गया है।

# देश

**उवाच**



कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी अब सिर्फ कांग्रेस की ही नहीं, बल्कि राष्ट्रीय मुसीबत बन गए हैं। श्री चौहान कोटा की रामगंजमंडी में भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि 3 दिसम्बर को कांग्रेस होगी बाहर, बीजेपी जीतेगी बम्पर:- शिवराज सिंह चौहान

| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 26.7 | 09.3 |
| मुंबई | 35.6 | 21.6 |
| कोलकाता | 28.5 | 18.2 |
| चेन्नई | 27.0 | 26.0 |

## मल्लिकार्जुन खड़गे मोदी व शाह पर हुए हमलावर, कहा
## लोग कांग्रेस की गारंटी पर भरोसा जता रहे हैं, मोदी व शाह विभाजनकारी बातचीत में व्यस्त

**नई दिल्ली,** 23 नवम्बर (एजेंसियां)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने गुरुवार को कहा कि राजस्थान में माहौल सबसे पुरानी पार्टी के पक्ष में है, क्योंकि लोग इसकी सात गारंटी पर भरोसा जता रहे हैं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह विभाजनकारी बातें करने में लगे हैं।



**'आज राजस्थान चुनाव प्रचार का आखिरी दिन है। वीरों और योद्धाओं की पवित्र भूमि राजस्थान ने हमारी जनकल्याणकारी योजनाओं को स्वीकार किया**

खड़गे ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, 'आज राजस्थान चुनाव प्रचार का आखिरी दिन है। वीरों और योद्धाओं की पवित्र भूमि राजस्थान ने हमारी जनकल्याणकारी योजनाओं को स्वीकार किया है।

एक करोड़ से अधिक परिवारों को कांग्रेस पार्टी की 7 गारंटी पर भरोसा जताने के लिए धन्यवाद। पूरे प्रदेश में कांग्रेस पार्टी के पक्ष में माहौल है।' कांग्रेस नेता ने बीजेपी पर निशाना साधते हुए कहा, 'बीजेपी हमारी सामाजिक न्याय, आर्थिक सशक्तिकरण और बचत व राहत योजनाओं से डरी हुई है। प्रधानमंत्री मोदी जी और गृह मंत्री अमित शाह खोखली, बेतुकी और विभाजनकारी बातों में व्यस्त हैं' कांग्रेस पार्टी की सात गारंटी उन्हें पसंद नहीं आ रही है। इस बार जनता उनके झूठ, फरेब और नफरत भरी बातों में नहीं आएगी।' खड़गे ने कहा, 'राजस्थान के लोगों ने तय कर लिया है कि इस बार परंपरा बदलेगी और वे कांग्रेस पार्टी को एक और मौका देंगे।' राजस्थान विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार गुरुवार को शाम 5 बजे थम जाएगा। 200 सदस्यीय विधानसभा चुनाव के लिए मतदान 25 नवंबर को होगा और वोटों की गिनती 3 दिसम्बर को होनी है।

# भाजपा गुर्जर समाज को भड़काने अब राजेश पायलट को बीच में ले आईः गहलोत

**जयपुर,** 23 नवम्बर (एजेंसियां)। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के राजेश पायलट को लेकर दिए बयान पर पलटवार करते हुए कहा है कि भारतीय जनता पार्टी ने हमेशा लोगों को भड़काने एवं गुमराह करने का काम किया है और अब गुर्जर समाज को भड़काने के लिए राजेश पायलट को बीच में ले आई हैं। श्री गहलोत प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में प्रेस वार्ता में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि गुर्जर समाज को भड़काया जा रहा है लेकिन यकीन है कि जनता समझदार है और वह सब समझ रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस में अंदर क्या हुआ, उस पर भी बयान दिए जा रहे हैं। गुर्जर समाज को भड़काने के लिए स्वर्गीय राजेश पायलट को बीच में लेकर आ गए। चुनाव के समय जनता को भड़काया जा रहा है और भड़काने को तो कई कारणों से भड़का देंगे। लेकिन भाजपा के शासन के समय प्रदेश में गुर्जर आरक्षण के दौरान 72 गुर्जर मारे गए तभी आरक्षण नहीं मिला और कांग्रेस सरकार के समय भी गुर्जर आंदोलन हुआ लेकिन हमने लाठीचार्ज भी नहीं होने दिया और प्यार से समझाकर आरक्षण भी दे दिया।

उन्होंने कहा कि भाजपा के समय 22 बार फायरिंग हुई और 72 गुर्जर मारे गए और 12 दिन तक शव पड़े रहे थे। उसके बाद उनकी सरकार बदल गई हैं और मैं मुख्यमंत्री बना, उस दौरान भी धरना दिया गया और पटरी पर आंदोलन किया गया लेकिन प्यार से मामले को निपटाया गया और आरक्षण भी दिया गया। फिर भी भड़काया जा रहा है लेकिन अब जनता समझ चुकी है और इस बार भाजपा को इस चुनाव में सबक सिखायेगी। उन्होंने कहा कि हम मिशन 156 लेकर चल रहे हैं और पूरा यकीन हैं कि इस बार कांग्रेस सरकार रिपीट करेगी। उन्होंने कहा कि जब केरल में रिपीट हो सकती है तो उसकी तरह यहां भी सरकार अवश्य रिपीट होगी। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अभिनेता भी बताते हुए कहा, 'उन्होंने गुजरात में कहा था कि मारवाड़ी की बात मत मानो। मैं जब गुजरात का प्रभारी था तो उन चुनावों में कहा गया कि राजस्थानी घूम रहा है, मैं कहां जाउंगा। अब अगर मैं कहूं कि अब वो गुजराती राजस्थान आ रहा हैं हम तो नहीं कह रहे कि भाईयो बहनो, गुजराती आकर घूम रहा है। मैं थां सूं दूर नहीं, मैं कहां जांउगा।' श्री गहलोत ने श्री मोदी के बयान 'अब गहलोत नहीं बनेंगे मुख्यमंत्री' के बयान पर भी पलटवार करते हुए कहा कि क्या मोदी भविष्यवक्ता हैं जो कह रहे हैं कि गहलोत चौथी बार सीएम नहीं बनेंगे।



**गुर्जर समाज को भड़काया जा रहा है लेकिन यकीन है कि जनता समझदार है और वह सब समझ रही है, गुर्जर समाज को भड़काने के लिए स्वर्गीय राजेश पायलट को बीच में लेकर आ गए। :-अशोक गहलोत, मुख्यमंत्री राजस्थान**

### गहलोत ने महादेव एप एवं लाल डायरी मामले में जांच की मांग की

जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने मांग करते हुए कहा है कि महादेव ऐप और लाल डायरी मामले में उच्चतम न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश से जांच होनी चाहिए। श्री गहलोत ने आज यहां प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में प्रेसवार्ता के दौरान यह मांग की। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा ने चुनाव जीतने के लिए यह साजिश रची है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से ये लोग साजिशें करते हैं, हाल में छत्तीसगढ़ में महादेव ऐप का मामला सामने आया था और इन्होंने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को चार दिन पहले ही गिरफ्तार करने की साजिश रची थी लेकिन पर्दाफाश हो गया। उन्होंने कहा कि कहा जाने लगा कि छत्तीसगढ के मुख्यमंत्री को 508 करोड़ रुपए दे दिए और बड़ा घोटाला हो गया। पूरा षड़यंत्र रचा गया लेकिन वह एक्सपोज हो गया और राजस्थान में भी एक्सपोज हो गए। उन्होंने कहा 'मुझे दुख हो रहा है कि ये लोग योजना बनाकर चुनाव के दौरान प्रधानमंत्री से महादेव ऐप और लाल डायरी की बात करा रहे हैं, जिसके बारे में कोई उचित जांच नहीं है, कुछ भी ठोस बात नहीं है और प्रधानमंत्री इसके बारे में बोल रहे हैं।

**सार संक्षेप**

### राजशरण एबीवीपी के अध्यक्ष और याज्ञवल्क्य महामंत्री निर्वाचित हुए

नई दिल्ली। राजशरण शाही और याज्ञवल्क्य शुक्ल, छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय महामंत्री के रूप में सत्र 2023-24 हेतु पुनर्निर्वाचित हुए हैं। यह घोषणा गुरुवार को अभाविप केन्द्रीय कार्यालय से की गई। अभाविप के केन्द्रीय कार्यालय से चुनाव अधिकारी डॉ. सी.एन. पटेल द्वारा जारी वक्तव्य के अनुसार उपरोक्त दोनों पदों का कार्यकाल एक वर्ष रहेगा एवं दोनों पदाधिकारी दिल्ली में दिनांक 7, 8, 9 व 10 दिसम्बर, 2023 को होने वाले 69वें राष्ट्रीय अधिवेशन में अपना पदग्रहण करेंगे। राजशरण शाही मूलतः उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जिले से हैं। शाही ने शिक्षाशास्त्र में पीएचडी की है। वर्तमान में वे बाबासाहब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय, लखनऊ में शिक्षाशास्त्र विभाग में सह-आचार्य के पद पर कार्यरत हैं।

## भिंड कलेक्टर को मतगणना से दूर रखने की मांग



**भोपाल,** 23 नवम्बर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से भिंड जिले के कलेक्टर को मतगणना की प्रक्रिया से अलग रखने की मांग करते हुए एक ज्ञापन सौंपा है। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविन्द सिंह ने गुरुवार को कांग्रेस के एक प्रतिनिधि मंडल के साथ मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन से मुलाकात करके कहा कि भिंड कलेक्टर शुरू से ही चुनाव को प्रभावित करने और भाजपा के एजेंट के रूप में काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भिंड कलेक्टर अपनी पदस्थापना के समय से ही अपने अधीनस्थ अधिकारियों से यह पूछते रहे हैं कि डॉ. गोविन्द सिंह सात बार किस प्रकार चुनाव जीते हैं। भिंड कलेक्टर पूरे जिले के निर्वाचन अधिकारी हैं, लेकिन मतदान के दिन वे केवल लहार विधानसभा क्षेत्र में पूरे दिन मतदान शुरू होने से लेकर समाप्त होने तक घूमते रहे। उनके निर्देश पर बीएसएफ कर्मी मतदान करने वाले मतदाताओं के आधार कार्ड की जांच कर रहे थे। जबकि, यह काम पीठासीन अधिकारी का है। बीएसएफ जवानों द्वारा मतदाताओं से पूछताछ किये जाने से क्षेत्र में भय व्याप्त हो गया।

डॉ. सिंह ने कहा कि मतदान केन्द्र 50 धनुपुरा और 45 गांध में अनेक मतदाताओं के साथ मारपीट की गई, जिससे कोई मतदान नहीं कर सके। कलेक्टर के इशारे पर कांग्रेस पार्टी के मतदान अभिकर्ताओं को मतदान केन्द्र से बाहर बैठाकर रखा गया और पीठासीन अधिकारियों द्वारा भाजपा के पक्ष में फर्जी मतदान कराया गया। लहार में निर्वाचन के कार्य में लगे शासकीय अधिकारी व कर्मचारियों के द्वारा डाले गये डाक मत पत्रों को कोषालय में जमा नहीं किया गया। एक दिन बाद इन डाक मत पत्रों को कोषालय में जमा कराया गया। उन्होंने मांग की है कि लहार क्षेत्र की मतगणना से कलेक्टर भिंड को अलग रखते हुए किसी अन्य अधिकारी को दायित्व सौंपा जाए, ताकि मतगणना निष्पक्षता पूर्वक हो सके।

## राजस्थान कांग्रेस के घोषणापत्र पर शाह बोले, धार्मिक आधार पर आरक्षण असंवैधानिक

**जयपुर,** 23 नवम्बर (एजेंसियां)। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने गुरुवार को आईएएनएस के एक सवाल के जवाब में कहा, धार्मिक आधार पर आरक्षण असंवैधानिक है और ऐसा नहीं किया जा सकता। अगर कोई ऐसा करने की कोशिश करता है तो भाजपा इसका कड़ा विरोध करेगी। जवाब में और बात जोड़ते हुए उन्होंने कांग्रेस का नाम लिए बिना कहा, 'वास्तव में, मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को अल्पसंख्यक कोटा के बारे में नहीं बोलना चाहिए, क्योंकि वे ये चुनाव नहीं जीत रहे हैं।' शाह ने दावा किया कि राजस्थान में अगली सरकार भाजपा की बनेगी, क्योंकि भगवा पार्टी राज्य में प्रचंड जीत दर्ज करेगी। अमित शाह गुरुवार को जयपुर में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। सचिन पायलट के बारे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बयान को सही ठहराते हुए शाह ने कहा कि गहलोत को सचिन पायलट के बारे में दो अच्छे वाक्य बोलने चाहिए, 'उनसे मेरा यही अनुरोध है।' मोदी ने एक दिन पहले कहा था कि कांग्रेस के एक परिवार ने राजेश पायलट के साथ-साथ उनके बेटे को भी सजा दी है। शाह ने राजस्थान में कानून-व्यवस्था की स्थिति पर भी बात की और कहा, 'महिलाओं के खिलाफ अपराध के 2 लाख से अधिक मामले दर्ज किए गए हैं।

## पीएम मोदी ने कहा, 'राजस्थान में सत्ता में नहीं लौटेगी कांग्रेस'

**जयपुर,** 23 नवम्बर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि राजस्थान में पिछले पांच वर्षों में कांग्रेस सरकार के रिकॉर्ड को देखते हुए, वे राज्य में दोबारा सरकार नहीं बना पाएंगे। पीएम मोदी ने देवगढ़ में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा, 'मेरे शब्दों को याद रखें, मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार राजस्थान में दोबारा सरकार नहीं बना पाएगी, क्योंकि लोग जानते हैं कि उन्होंने पिछले पांच वर्षों में राज्य को किस तरह से खराब किया है।' उन्होंने कहा कि राजस्थान ने कांग्रेस सरकार जैसी महिला विरोधी सरकार कभी नहीं देखी। मोदी ने कहा, 'दंगे, कर्फ्यू और अपराध में राजस्थान नंबर वन है। भ्रष्टाचार और पेपर लीक के मामले में भी राज्य टॉप पर पहुंच गया है।' उन्होंने कहा कि अगर भाजपा की सरकार बनी तो वे पर्यटन, तीर्थाटन, निवेश, शिक्षा, खेल और उद्योग के क्षेत्र में राज्य का नेतृत्व करेंगे।



पुरुषों की राज्य संबंधी टिप्पणियों पर टिप्पणी करते हुए मोदी ने कहा, 'जब से मैंने पुरुषों की स्थिति का बयान सुना है, मैं अपने क्रोध पर नियंत्रण नहीं रख पा रहा हूं। राजस्थान में गुर्जरों का जितना अपमान कांग्रेस ने किया है, उतना किसी ने नहीं किया। राजेश पायलट के बेटे के लिए गद्दार और नालायक जैसे शब्दों का इस्तेमाल किया गया।'

उन्होंने कहा कि गुर्जर समाज का बेटा राजनीति में जगह बनाने के लिए संघर्ष करता है, अपना पूरा जीवन बलिदान कर देता है और सत्ता पाने के बाद राजपरिवार उसे सर्वोच्च पद तक नहीं पहुंचने देता। कांग्रेस ने राजेश पायलट के साथ भी यही किया और उनके बेटे के साथ भी यही कर रही है।' मोदी ने कहा कि उन्होंने राजेश पायलट पर जो सवाल उठाए थे, कांग्रेस ने उनका जवाब नहीं दिया है। मोदी ने कहा, 'मैंने शाही परिवार' के बारे में कुछ कहा।

## पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के खिलाफ टिप्पणी को लेकर कांग्रेस का केसीआर पर निशाना

**नई दिल्ली,** 23 नवम्बर (एजेंसियां) पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के खिलाफ टिप्पणी को लेकर कांग्रेस ने तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव पर पलटवार करते हुए कहा, 'अहंकारी और सत्ता के नशे में धुत' ने न केवल नेता बल्कि देश की जनता का भी अपमान किया है। राज्य उन्हें कभी माफ नहीं करेगा। कांग्रेस ने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री के रूप में राव के दिन अब गिने-चुने रह गए हैं। वह इस तथ्य को स्वीकार करने में असमर्थ हैं कि उनका सामंती और पैसा कमाने का उद्यम खत्म हो रहा है।



**■ 'सत्ता के नशे में चूर एक अहंकारी केसीआर ने इंदिरा गांधी का अपमान किया है। इसके लिए तेलंगाना के लोग उन्हें कभी माफ नहीं करेंगेः-खड़गे**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मोर्चा संभाला और एक्स पर एक पोस्ट में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) नेता की उनकी टिप्पणियों के लिए आलोचना की और कहा, 'सत्ता के नशे में चूर एक अहंकारी केसीआर ने इंदिरा गांधी का अपमान किया है। इसके लिए तेलंगाना के लोग उन्हें कभी माफ नहीं करेंगे। इंदिराम्मा राज्यम का मतलब न्याय, कल्याण और विकास है और कांग्रेस पार्टी इसके लिए दृढ़ता से प्रतिबद्ध है।' पार्टी महासचिव (संगठन) केसी. वेणुगोपाल ने मुख्यमंत्री की आलोचना की और कहा, 'मुख्यमंत्री की कुर्सी पर केसीआर के दिन अब गिने-चुने रह गए हैं। वह इस तथ्य को स्वीकार करने में असमर्थ हैं कि उनका सामंती, पैसा कमाने वाला उद्यम समाप्त हो रहा है। आखिरकार, वह पूरी तरह से हताशा में हैं। कांग्रेस और हमारे वरिष्ठ नेतृत्व पर उनके हमले विफल रहे, उन्होंने हमारी प्रिय इंदिरा अम्मा पर हमला किया है।'

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**15 दिसंबर, 2023 को पेंशन अदालत**

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर मंडल से सेवानिवृत्त कर्मचारी (सेवानिवृत्त/स्वैच्छिक निवृत्ती/मृत्यु विषय) की शिकायतों को सुधारने हेतु यह मंडल **15 दिसंबर, 2023 (शुक्रवार) को 11.00 बजे** मंडल कार्यालय, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर में **पेंशन अदालत** का आयोजन कर रहा है।

अपना आवेदन दो प्रतियों में निम्न प्रारूप में भरकर **वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, किंग्सवे, नागपुर - 440001** को **दि. 04.12.2023 को या इसके पूर्व** प्रस्तुत करें। नोट करें कि पेंशन अदालत–2023 में इस तिथि के बाद प्राप्त होने वाली शिकायतों का निपटारा संभव नहीं है।

***नोटः प्री-86, पोस्ट-86 की केसेस, संबंधित न्यायालय में लंबित प्रकरण केसेस या अन्य पॉलिसी मामलों पर पेंशन अदालत में विचार नहीं किया जाएगा।***

**आवेदन का प्रारूप**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | पूरा नाम | |
| 2 | पत्राचार का पता पिन कोड के साथ (मोबाइल नंबर) | |
| 3 | अंतिम पदनाम | |
| 4 | विभाग | |
| 5 | यूनिट | |
| 6 | सेवानिवृत्ति की तिथि एवं स्थान | |
| 7 | पी.पी.ओ. नंबर | |
| 8 | बैंक का नाम/कौन सी शाखा से पेंशन का आहरण | |
| 9 | पेंशन खाता क्रमांक | |
| 10 | शिकायत की प्रकृति (पूरा विवरण दिया जाना चाहिए) | |
| 11 | क्या शिकायत किसी पूर्व पेंशन अदालत में प्रस्तुत की गई है, यदि ऐसा है तो विवरण प्रस्तुत किया जाए | |

**नोटः** मोबाइल नंबर अनिवार्य है।

**हस्ताक्षर**

अपेक्स/39/177

**स्वच्छ भारत अभियान - एक कदम स्वच्छता की ओर**

**HDFC BANK** We understand your world

**एचडीएफसी बैंक लिमिटेड**

पंजीकृत कार्यालय : बैंक हाउस, सेनापति बापट मार्ग, लोअर परेल, मुंबई–400 013

**कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति हेतु) खनियम 8(1),**

(परिशिष्ट 4 के साथ पठित प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियमावली, 2002 के नियम 8(1) के अनुसार)

जबकि, अधोहस्ताक्षरी ने, एचडीएफसी बैंक लि. के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनरनिर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मांग सूचना दिनांकित 18–11–2019 जारी की थीं, जिसमें कर्जदार (रों) 1) मैसर्स दिनेश एंटरप्राइजेज (कर्जदार) स्वामी श्री दिनेश कुमार अग्रवाल द्वारा प्रतिनिधित्वकृत, 2) श्री दिनेश कुमार अग्रवाल स्वामी मैसर्स दिनेश एंटरप्राइजेज (स्वामी एवं बंधकदाता), 3) श्रीमती जयश्री अग्रवाल (गारंटर) से उक्त सूचना में वर्णित अनुसार 31–10–2019 तक बकाया राशि रू. 3,30,52,123.40/– (रू. तीन करोड़ तीस लाख बावन हजार एक सौ तेईस तथा पैसे चालीस मात्र) का भुगतान उस पर 01–11–2019 की प्रभावी तिथि से ब्याज ओर उस पर भावी ब्याज तथा प्रभारों के साथ उक्त सूचना की प्राप्ति के 60 दिन के भीतर करने की मांग की गई थी।

कर्जदार उक्त राशि चुकाने में असफल रहे हैं, एतद्द्वारा कर्जदार, गारंटरों और जनसाधारण को सूचना दी जाती है कि मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, गोंदिया, महाराष्ट्र द्वारा 09 दिसम्बर, 2022 को पारित आदेश के अनुसरण में अधोहस्ताक्षरी ने नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 14 के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा तहसीलदार, गोंदिया जिला गोंदिया, महाराष्ट्र के माध्यम से 21 नवम्बर, 2023 को प्राप्त कर लिया है।

कर्जदार(रों) को विशेष रूप से और जनसाधारण को इस संपत्ति के संबंध में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है और संपत्ति के संबंध में कोई भी संव्यवहार एचडीएफसी बैंक लि. की बकाया राशि रू. 3,30,52,123.40/– (रू. तीन करोड़ तीस लाख बावन हजार एक सौ तेईस तथा पैसे चालीस मात्र) तथा उस पर खर्चे एवं प्रभार इत्यादि चुकाने के बाद ही किया जा सकता है।

कर्जदार का ध्यान, प्रत्याभूत आस्तियों को छुड़ाने के लिए, उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13 की उप–धारा (8) के प्रावधान की ओर आकृष्ट किया जाता है।

**अचल सम्पत्ति की अनुसूची**

सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : श्री दिनेश कुमार अग्रवाल स्वामी मैसर्स दिनेश एंटरप्राइजेज द्वारा स्वाधिकृत औद्योगिक अचल सम्पत्ति प्लॉट नंबर ई–4, परिमाप 4230 वर्ग मीटर, एम.आई.डी.सी., गोंदिया औद्योगिक क्षेत्र, ग्राम मुंडीपार, गोंदिया नगरपालिका परिषद की सीमा के बाहर, गोंदिया महाराष्ट्र।

चौहद्दी निम्नानुसार :– उत्तर – प्लॉट नंबर ई 5, दक्षिण – प्लॉट नंबर ई 3/2, पूरब – सीमेटरी, पश्चिम – एस्टेट रोड

अमित रंजन सिंह सेंगर

तिथि – 21–11–2023 वास्ते/एचडीएफसी बैंक लिमिटेड

**केनरा बैंक Canara Bank** A Govt. of India Undertaking | सिंडिकेट Syndicate

केनरा बैंक, स्पेशलाइज्ड, ए.आर.एम. शाखा, प्लाट नं. 4, पीएसपी एरिया, एम्स के पास, साकेत नगर, भोपाल फोन : 8989014648

**ई-नीलामी सूचना**

परिशिष्ट – IV क [ नियम 8(6) एवं 6(2) का परन्तुक देखें ]

**चल/अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस**

**वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के नियम 8(6) एवं 6(2) के अन्तर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु विक्रय सूचना**

आम जनता को साधारणतः एवं निम्न वर्णित अचल संपत्तियों के ऋणियों एवं जमानतदारों को विशेषतः सूचित किया जाता है कि निम्नवर्णित संपत्तियाँ **केनरा बैंक (सुरक्षित लेनदार)** के पास बंधक है तथा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे वर्णित संपत्तियों का उसके **कब्जा** ले लिया गया है। निम्नवर्णित संपत्तियों का विक्रय दिनांक **13/12/2023** को **केनरा बैंक (सुरक्षित लेनदार)** के बकाया राशि को वसूल करने हेतु ''जैसा है जहां है, जो है जैसा है'' एवं ''जो कुछ भी है'' के आधार पर किया जा रहा है।

| शाखा एवं खाते/ जमानतदार का नाम | संपत्ति का विवरण एवं संपत्ति मालिक का नाम | मांग सूचना दिनांक / कब्जा दिनांक / बकाया राशि | आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि / बिड बढ़ाने की राशि |
|---|---|---|---|
| ऋणी- **मेसर्स श्री अम्बा राईस प्रा. लि.** खसरा नं. 795/3 का भाग, प.ह.नं. 45, ग्राम- लिमतारा, तह. धमधा, जिला-दुर्ग **श्री अभिषेक शर्मा पुत्र श्री अरुण कुमार शर्मा श्री अमित शर्मा पुत्र अरुण कुमार शर्मा श्रीमती सारिका शर्मा पत्नि श्री अभिषेक शर्मा** सभी का पता - ग्राम-दादर, पोस्ट-जांजगीर, BMY चारोड़ा, जिला-दुर्ग | 1. भूमि स्थित खसरा नं. 37/1 खसरा नं. 2/13,जीई रोड के उत्तर में, महाराजपुर, ग्राम-चुरिया तालुक, जिला-दुर्ग क्षेत्रफल- 49220 वर्गफिट, चर्तुसीमाएं- (डीड के अनुसार) उत्तर- जोधीराम की भूमि, पूर्व- कच्चा रास्ता, दक्षिण- केशव की भूमि, पश्चिम- रामनाथ की भूमि | 19/08/2014 / दि. 21/11/2023 को / ₹ 15,01,60,679.93 +देय ब्याज एवं अन्य खर्चे | ₹ 32.00 लाख / ₹ 3.20 लाख / ₹ 10000/- |
| | 2. बंधक संपत्ति स्थित खुली भूमि प.ह.नं. 37/1, प.ह.नं. 2/14, (भाग) (वर्तमान नं. 2/18) उत्तर में जीई रोड महाराजपुर, ग्राम- चुरिया तालुक, जिला-दुर्ग क्षेत्रफल-5660 वर्गफिट चर्तुसीमाएं- (डीड के अनुसार) उत्तर-रामनाथ की भूमि, पूर्व- कमल की भूमि, दक्षिण- जीई रोड, पश्चिम- पीड़ित की भूमि | | ₹ 8.70 लाख / ₹ 0.90 लाख / ₹ 10000/- |

**धरोहर राशि (ईएमडी) जमा करने की अंतिम तिथि 11.12.2023 या उससे पूर्व सायं 5.00 बजे तक**
**ई-नीलामी की दिनांक एवं समय : 13.12.2023 दोपहर 12.00 से दोपहर 1.00 बजे तक (5 मिनिट के असीमित विस्तार पर)**

ईएमडी जमा करने हेतु खाते का विवरणः डिमाण्ड ड्राफ्ट के माध्यम से, जो कि प्राधिकृत अधिकारी केनरा बैंक, SPLSD, ARM Branch (6816) भोपाल के पक्ष में देय हो, अथवा आन लाईन भुगतान आरटीजीएस/एनईएफटी /फण्ड ट्रांसफर के माध्यम से केनरा बैंक, एआरएम शाखा खाता क्र. 209272434 IFSC Code: CNRB0006816 में जमा करें।

यहां संपत्ति का विक्रय राशि रु. 50 लाख या उससे ऊपर हो उस परिस्थिति में नीलामी खरीददार को विक्रय राशि का 1% टी.डी.एस. का भुगतान करना होगा तथा टीडीएस सर्टिफिकेट की मूल प्रति बैंक में जमा करनी होगी।

विस्तृत नियम एवं शर्तो हेतु केनरा बैंक की वेबसाइट में ई-नीलामी की लिंक (https://www.canarabank.com) देखें अथवा सम्पर्क करें श्री रंजन कुमार पाणी, मुख्य प्रबंधक, केनरा बैंक, स्पेशलाइज्ड, ए.आर.एम. शाखा, प्लाट नं. 4, पीएसपी एरिया, एम्स के पास, साकेत नगर, भोपाल (Ph. No 8989014648 / 9993000127 / 8449087876 / 9137453982)

स्थान : भोपाल दिनांक : 22-11-2023 प्राधिकृत अधिकारी केनरा बैंक

**अवांस फाइनेंशियल सर्विसेस लिमिटेड** AVANSE FINANCIAL SERVICES

**पंजीकृत पताः** 001 एवं 002, फलक्रम विजनेस सेंटर- ए विंग, निकट हयात रीजेंसी होटल,अशोक नगर, सहार रोड़, अंधेरी (ईस्ट), मुम्बई- 400 099

**शाखा पताः** अवांस फाइनेंशियल सर्विसेस लिमिटेड, गली नं. 8-ए, कमला टावर, द्वितीय मंजिल, न्यू शांति नगर, रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001

**बिक्री सूचना/ई-नीलामी**

**(प्रतिभूति हित (प्रवर्तन ) नियमावली 2002 नियम 8 (6) के साथ पठित नियम 9(1) के अनुसार)**

**वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8 (6) तथा नियम 9(1) के तहत अचल आस्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी के संबंध में 30 दिन का प्रथम बिक्री नोटिस**

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को और विशेष रूप से कर्जदार (रों) तथा सह कर्जदार (रों), अथवा उनके कानूनी वारिसों/प्रतिनिधियों को 30 दिवसीय सूचना दी जाती है कि प्रतिभूत लेनदार के पास बंधक/प्रभारित निम्नवर्णित अचल सम्पत्ति, जिसका भौतिक कब्जा, अवांस फाइनेंशियल सर्विसेस लिमिटेड (एएफएसएल) के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा 23 अगस्त, 2023 को लिया जा चुका है, जिसे प्रतिभूत लेनदार अर्थात **अवांस फाइनेंशियल सर्विसेस लिमिटेड की जैनम क्लोथिंग प्राइवेट लिमिटेड, उधारकर्ता के रूप में, अभय कुमार जैन (उर्फ अभय कोचर), प्रियांशु कोचर, महेंद्र कोचर, मोतीलाल कोचर, डिंपल जैन, सह–उधारकर्ता के रूप में, की तरफ 20 जुलाई, 2020** तक बकाया राशि **रु. 4,05,38,863.90/– (रुपए चार करोड़ पाँच लाख अड़तीस हजार आठ सौ तिरेसठ एवं नब्बे पैसे मात्र) एवं 21 जुलाई, 2020** से आगे ब्याज तथा अतिरिक्त/दंडात्मक ब्याज सहित की वसूली हेतु **दिनांक 28.12.2023** को **'जैसी है जहां है', 'जैसी है जो है', 'जो भी है वहां है' तथा कोई उपाय नहीं आधार'' पर बेची जाएगी।**

सुरक्षित मूल्य **रु. 40,36,000/–** होगा तथा धरोहर राशि जमा **रु. 4,03,600/–** होगी।

| प्रतिभूत आस्ति का वर्णन | कब्जा का प्रकार | सुरक्षित मूल्य (रु.)/ बोलीवृद्धि राशि | धरोहर राशि (रु.) | निरीक्षण की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| अभय कुमार जैन (उर्फ कोचर) के स्वामित्व वाली और खसरा नंबर 191/3 और 191/6 पर स्थित संपत्ति के सभी भाग और पार्सल पर प्रथम और विशेष शुल्क, जिसे खसरा नंबर 191/3/2 और 191/6/2, के रूप में पुनः क्रमांकित किया गया है। समझौता क्षेत्र 0.030 हेक्टेयर या 3364 वर्ग फुट, ग्राम कोकड़ी, प.ह. नं.16, आरआईसी बलौदा बाजार, तहसील और जिला बलौदा बाजार भाटापारा, छत्तीसगढ़ में स्थित है। जिसका माप 3364 वर्ग फुट (भूखंड का क्षेत्रफल) **चर्तुसीमाएँ:–** उत्तर: मालिक की भूमि, दक्षिण: प्रदीप वर्मा की संपत्ति, पूर्व: ठाकुर राम की संपत्ति, पश्चिम: सड़क। | भौतिक | रु. 40,36,000/- | रु. 4,03,000/- | 22 एवं 23 दिसम्बर 2023 प्रात: 11.00 बजे से दोप. 1.00 बजे के मध्य |

बिक्री हेतु प्रस्तुत सम्पत्ति का वर्णन अनुसूची में दिया गया है। यह बिक्री रोक दी जाएगी, यदि उपरोक्त बकाया राशि, ब्याज और लागतों (बिक्री की लागत सहित) के साथ 'प्राधिकृत अधिकारी को अदा कर दी जाती है अथवा उसकी संतुष्टिहेतु प्रमाण प्रस्तुत कर दिया जाता है कि उक्त प्रतिभूत ऋण की राशि, ब्याज और लागतें अदा की जा चुकी हैं। बिक्री में, आम जनता को अपनी निविदा व्यक्तिगत रूप से जमा करने हेतु आमंत्रित किया जाता है। हम बिक्री के संबंध में किसी भी ड्यूटी में संलग्न कोई भी अधिकारी या व्यक्ति प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से बोली में भाग नहीं लेगा, सम्पत्ति में कोई हित अर्जित नहीं करेगा अथवा हितार्जन का कोई प्रयास नहीं करेगा।

यदि कर्जदार **अवांस फाइनेंशियल सर्विसेस लिमिटेड** (एएफएसएल) की पूरी बकाया राशि बिक्री की तिथि से पहले चुका देता है तो बिक्री रोक दी जाएगी। बिक्री प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 में निर्धारित शर्तों और निम्नलिखित अतिरिक्त शर्तों के तहत होगी:

ई-नीलामी पोर्टल **https://sarfaesi.auctiontiger.net** अथवा ऑक्शन टाइगर मोबाइल ऐप (एंड्रायड) के माध्यम से तथा भौतिक रूप से भी हमारी रायपुर शाखा कार्यालय गली नं. 8-ए, कमला टावर, द्वितीय मंजिल, न्यू शांति नगर, रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 में **28-12-2023 को अप. 2.00 बजे से अप. 3.00 बजे** के बीच 5 मिनट प्रत्येक के असीमित विस्तारकों के साथ आयोजित की जाएगी।

1. यहां नीचे अनुसूची में विनिर्दिष्ट विवरण अधोहस्ताक्षरी के सर्वश्रेष्ठ ज्ञान और जानकारी के अनुसार बयान किया गया है, परंतु अधोहस्ताक्षरी इस उद्घोषणा मे किसी त्रुटि, मिथ्याकथन अथवा विलोपन के लिए उत्तरदायी नहीं होंगे। बोली राशि, बोलीदाता के संबंध में विवाद की स्थिति में लॉट तत्काल दोबारा नीलामी में रखा जाएगा।
2. सम्पत्ति सुरक्षित मूल्य से कम पर नहीं बेची जाएगी।
3. बोली वृद्धि राशि रु. 10,000/- होगी।
4. सम्पत्ति के क्रय हेतु प्रस्तुत सभी बोलियों के साथ उपरोक्तानुसार धरोहर राशि अवांस फाइनेंशियल सर्विसेस लिमिटेड के पक्ष में **अवांस फाइनेंशियल सर्विसेस लिमिटेड, गली नं. 8-ए, कमला टावर, द्वितीय मंजिल, न्यू शांति नगर, रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001** में देय डिमांड ड्राफ्ट के रूप में उक्त **27 दिसम्बर 2023 को अप. 5.00 बजे** से पहले जमा करनी होगी तथा असफल बोलीदाताओं के डिमांड ड्राफ्ट वापस लौटा दिए जाएंगे।
5. किसी लॉट के उच्चतम बोलीदाता को क्रेता घोषित किया जाएगा, परंतु शर्त यह है कि वह कानूनी तौर पर बोली देने के योग्य होना चाहिए तथा उसके द्वारा बोली सुरक्षित मूल्य से कम नहीं होनी चाहिए। प्राधिकृत अधिकारी अपने विवेकानुसार उच्चतम बोली अस्वीकार कर सकता है यदि उसको ऑफर किया गया मूल्य स्पष्ट रूप से ऐसा करने हेतु अपर्याप्त प्रतीत होता है।
6. प्राधिकृत अधिकारी रेकार्ड में कारण दर्ज करते हुए बिक्री प्रास्थगित/निलम्बित कर सकता है।
7. सम्पत्ति का निरीक्षण **22** और **23 दिसम्बर, 2023** को प्रात: **11.00 बजे से दोप. 1.00 बजे** के बीच नियत है तथा प्राधिकृत अधिकारी से मिलने का समय पूर्व निर्धारित कर किया जा सकता है। **(कृपया श्री राहुल विश्वकर्मा को (मोबाइल नंबर 7974144736) पर अथवा श्री सारांश पाराशर को मो.: 7678332754 पर कॉल करें)**
8. बोली विजेता घोषित व्यक्ति को ऐसी घोषणा के तत्काल बाद क्रय राशि की पच्चीस प्रतिशत (25 प्रतिशत) राशि ''प्राधिकृत अधिकारी'' के पास जमा करनी होगी और इसको जमा करने में असफल रहने पर सम्पत्ति तत्काल दोबारा नीलामी के लिए पेश की जाएगी।
9. उपरोक्तानुसार आरंभिक राशि जमा करने के बाद, क्रय राशि की शेष राशि क्रेता द्वारा प्राधिकृत अधिकारी को सम्पत्ति की नीलामी की पुष्टिकी तिथि से, उस तिथि को छोड़कर, 15वें दिन को या उससे पहले, अथवा 15वां दिन रविवार या अवकाश का दिन होने की स्थिति में 15वें दिन के बाद पहले कार्यदिवस को अदा की जाएगी। उपरोक्त अवधि में भुगतान में चूक की दशा में, सम्पत्ति दोबारा बेची जाएगी, जिसके लिए नई बिक्री उद्घोषणा की जाएगी। तब तक जमा की जा चुकी राशि अवांस फाइनेंशियल सर्विसेस लिमिटेड द्वारा जब्त कर ली जाएगी तथा चूककर्ता क्रेता के सम्पत्ति पर या उसकी अनुवर्ती बिक्री से प्राप्त होने वाली राशि के किसी भाग पर अभी दावे जब्त मान्य होंगे।
10. अवांस फाइनेंशियल सर्विसेस लिमिटेड को सम्पत्ति के संबंध में ज्ञात ऋणभारः शून्य। दावे, यदि कोई, जो सम्पत्ति के संबंध में किए गए हैं तथा कोई अन्य ज्ञात विवरण जो इसके प्रकार और मूल्य को प्रभावित करता है: शून्य। उपरोक्त के अलावा कोई नहीं।
11. संभावित बोलीदाता विस्तृत विवरण, प्रक्रिया तथा ई-नीलामी के संबंध में ऑनलाइन प्रशिक्षण के लिए सेवा प्रदाता **ई-प्रोक्योरमेंट टेक्नोलॉजीज लिमिटेड**, नाम: राम शर्मा, ई-मेल आईडी: **ramprasad@auctiontiger.net** तथा सम्पर्क **नंबर 9978591888** से सम्पर्क करें।
12. बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों के लिए कृपया वेबसाइट नामतः **https://www.avanse.com** तथा/अथवा **https://sarfaesi.auctiontiger.net** में उपलब्ध कराया गया लिंक देखें।
13. **नोट**: इच्छुक बोलीदाता प्राधिकृत अधिकारी **श्री सारांश पाराशर (मोबाइल नं. 7678332754) saaransh.parashar@avanse.com** तथा **श्री राहुल विश्वकर्मा (मोबाइल नं. 7974144736)** ई-मेल आईडी: **rahul.vishwakarma@avanse.com**. मे सम्पर्क कर सकते हैं।

हस्ता./-

**स्थान: रायपुर, छत्तीसगढ़** **प्राधिकृत अधिकारी**

**तिथि : 24 नवम्बर 2023** **अवांस फाइनेंशियल सर्विसेस लिमिटेड**

## मैं एक ऐसी भूमिका की तलाश में था, जो मुझे सेट पर वापस लाए : रोहित रॉय

**मुंबई।** शो 'सौभाग्यवती भव: नियम और शर्तें लागू' से टीवी पर वापसी करने वाले अभिनेता रोहित रॉय ने कहा कि वह जानबूझकर टीवी से दूर नहीं हुए थे, बल्कि वह एक ऐसी भूमिका की तलाश में थे, जो उनके जुनून को बनाए रखे। इस शो में रोहित ने डीसीपी अविनाश की महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जिसे राघव की हत्या के मामले की जांच करने का काम सौंपा गया है। वह करणवीर बोहरा और अमनदीप सिद्धू के साथ स्क्रीन साझा कर रहे हैं। रोहित ने इस बात पर प्रकाश डाला कि किस कारण से उनकी टीवी पर वापसी हुई। रोहित ने कहा कि मैंने कभी भी जानबूझकर खुद को टेलीविजन से दूर नहीं किया। हालांकि, उपलब्ध कार्यक्रमों और शो के परिदृश्य ने मेरे उत्साह को नहीं बढ़ाया।

# जोया की भी एक मूल कहानी हो सकती है : कैटरीना कैफ



**नई दिल्ली,** 23 नवम्बर (एजेंसियां)। अपनी लेटेस्ट रिलीज 'टाइगर 3' में जासूस की भूमिका को लेकर एक्ट्रेस कैटरीना कैफ ने कहा कि उनके किरदार जोया की भी एक मूल कहानी हो सकती है। यह पूछे जाने पर कि क्या उन्हें लगता है कि सलमान खान स्टारर 'टाइगर' की तरह जोया के लिए भी एक मूल कहानी होनी चाहिए, कैटरीना ने बताया कि यह बेहतरीन होगा, मुझे लगता है कि आदित्य चोपड़ा ने जो रचना की है, उसमें बहुत जगह है और उनके द्वारा बनाए गए सभी पात्रों के लिए बहुत गुंजाइश है क्योंकि वे बहुत अच्छी तरह से लिखे गए हैं।

जोया पहली बार कबीर खान निर्देशित 2012 की एक्शन थ्रिलर फिल्म 'एक था टाइगर' में दिखीं थी, जिसमें कैटरीना ने एक आईएसआई एजेंट की भूमिका निभाई थी। इसके बाद उन्हें 2017 में अली अब्बास जफर द्वारा निर्देशित फिल्म 'टाइगर जिंदा है' में देखा गया, जहां उन्होंने टाइगर की पत्नी की भूमिका निभाई। इसके बाद वह 'टाइगर 3' में नजर आईं।

कैटरीना जोया पर बनने वाली फिल्म के लिए बस एक अच्छी कहानी और स्क्रिप्ट चाहती हैं। उन्होंने कहा कि मेरा मानना है कि एक अच्छी स्क्रिप्ट हमेशा बनाई जानी चाहिए। अगर हमें मिलता है या यदि आप जानते हैं, कि ने टीम एक अद्भुत कहानी लिखी है, जिसके बारे में हर कोई उत्साहित है, तो काम करना शानदार होगा। ज़ोया की मूल कहानी निश्चित रूप से हो सकती है।

### विश्व प्रसिद्ध सोनपुर मेले में मनोरजन की भरपूर व्यवस्था

# आने लगे घोड़ा-हाथी, पर्यटकों के ठहरने के लिए स्विस कॉटेज

- पशु मेले का आयोजन कल से शुरू
- सांस्कृतिक कार्यक्रम भी दिखाई देंगे
- मेले में गाय, भैंस, घोड़े समेत अनेक पशुओं को बिक्री




**पटना,** 23 नवम्बर (एजेंसियां)। बिहार के विश्व प्रसिद्ध हरिहर क्षेत्र सोनपुर मेले में इस बार आने वाले लोगों के मनोरजन की भरपूर व्यवस्था रहेगी, वहीं, सांस्कृतिक कार्यक्रम भी दिखाई देंगे। कार्तिक पूर्णिमा से गुलजार होने वाले इस मेला को लेकर तैयारी जोरों पर है। सोनपुर में लगने वाला विश्वप्रसिद्ध पशु मेला इस बार 25 नवम्बर से शुरू हो रहा है।

करीब एक माह तक चलने वाला यह मेला इस बार 32 दिनों का होगा। इस मेले में गाय, भैंस, घोड़े समेत अनेक पशुओं को बिक्री के लिए लाया जाता है। कार्तिक पूर्णिमा से गुलजार होने वाले इस मेले में दुनिया भर से लोग आते हैं। इस पशु मेले की ख्याति देश ही नहीं, विदेशों तक में है। पहले इस मेले में हाथी सहित अन्य पशुओं को खरीदने के लिए लोग दूर-दूर से आते थे। पूर्णिमा के दिन हाथी स्नान और हाथी दौड़ की प्रतियोगिता को देखने के लिए विदेशों से भी लोग आते रहे हैं। मेला में घोड़े का आना प्रारंभ हो गया है, थियेटरों के लिए प्रसिद्ध इस मेले में चर्चित छह थियेटर का निर्माण भी पूरे होने को है। वहीं, पर्यटन विभाग का भव्य मुख्य पंडाल का निर्माण तथा आर्ट एंड क्राफ्ट विलेज का निर्माण भी युद्धस्तर पर चल रहा है। मेला में सैलानियों की सुविधा तथा मेला के आकर्षक ढंग से सजाने-संवारने हेतु विभिन्न कार्य जारी हैं। दूसरी ओर पर्यटन विभाग द्वारा विदेशी और देशी सैलानियों के लिए ग्रामीण परिवेश के साथ अत्याधुनिक सुविधाओं को समाहित करते हुए बनने वाले स्विस कॉटेज का निर्माण भी अंतिम चरण में है। इस साल पहली बार मेले में अंडर वाटर फिश टनल आया है। कहा जा रहा है कि यह मेले में आकर्षण का केंद्र होगा। इसके अलावा कई अत्याधुनिक झूले भी आए हैं। इस साल मेला में शाही गज स्नान भी होगा।

कई वर्षों के बाद मेला में नारायणी नदी में गज स्नान का दृश्य सैलानियों को इस बार देखने को मिलेगा।



# प्रशंसित मलयालम अभिनेता इंद्रान्स दसवीं की देंगे परीक्षा



**तिरुवनंतपुरम,** 23 नवम्बर (एजेंसियां)। पढ़ाई की कोई उम्र नहीं होती जब चाहें शुरू हो जाएं, इस बात को राष्ट्रीय और राज्य पुरस्कार विजेता मलयालम अभिनेता इंद्रान्स ने सच कर दिखाया है। अभिनेता को चौथी कक्षा में वित्तीय बाधाओं के कारण स्कूल छोड़ना पड़ा था, जिसके चलते उनकी पढ़ाई पूरी नहीं हो सकी। इंद्रान्स अब अगले साल दसवीं कक्षा की परीक्षा में बैठने के लिए खुद को तैयार कर रहे हैं।

400 से अधिक फिल्मों में अभिनय करने वाले 67 वर्षीय अभिनेता अब स्कूल में कक्षाओं में भाग लेने के लिए वापस आ गए हैं। इंद्रान्स को अत्यधिक गरीबी के कारण कक्षा 4 के बाद स्कूल छोड़ना पड़ा।

1981 में अपनी सिलाई की दुकान में काम करते हुए और प्रोडक्शन हाउस के लिए वेशभूषा बनाते हुए, वह सेल्युलाइड में आ गए और 1994 में लोकप्रियता हासिल की। इसके बाद वह इंडस्ट्री में एक लोकप्रिय हस्ती बन गए। राज्य और राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार जीतकर लगातार मजबूत होते जा रहे हैं।

अभिनेता का कहना है कि अनपढ़ होना अंधा होने के समान है और अब उन्होंने कहा कि वह दुनिया को 'देखना' चाहते हैं और इसलिए उन्होंने पढ़ाई पर वापस जाने का फैसला किया।

दसवीं कक्षा की परीक्षा पास करने के एकल सूत्री एजेंडे के साथ इंद्रान्स अब यहां अपने घर के पास एक सरकारी स्कूल में आयोजित रविवार की कक्षाओं में भाग लेते हैं। वह अगले साल परीक्षा पास करके बेहतर 'दृष्टिकोण' प्राप्त करने की उम्मीद करते हैं।

# झारखण्ड राज्य दिवस पर प्रगति मैदान में दिखी राज्य की पारम्परिकता व संस्कृति की झलक



**नई दिल्ली,** 23 नवम्बर (एजेंसियां)। झारखण्ड प्रकृति के गर्भ में बसा और अपनी आदिवासी संस्कृति के लिए पहचाना जाने वाला प्रदेश है। यहाँ का सामाजिक परिवेश रहन-सहन, लोक संस्कृति अतुलनीय है। दिल्ली के प्रगति मैदान में चल रहे भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में झारखण्ड पवेलियन ने झारखण्ड राज्य दिवस का आयोजन किया। जिसमे झारखण्ड की लोक संस्कृति को प्रदर्शित किया गया।

झारखण्ड के राज्य दिवस के अवसर पर प्रदेश के माननीय मंत्री पेयजल एवं स्वच्छता विभाग मिथिलेश कुमार ठाकुर, सूड़ा के सी ई ओ श्री अमित कुमार, उद्योग विभाग के सचिव जितेन्द्र कुमार सिंह, निदेशक उद्योग भोर सिंह यादव। माननीय मंत्री द्वारा झारखण्ड पवेलियन में भगवान विरषा मुंडा को श्रद्धा सुमन अर्पित कर दीप प्रज्वल्लित किया।

तद उपरान्त पवेलियन की सभी स्टॉलों का अवलोकन किया। जिसमें उन्होंने पवेलियन में लगे स्टालों में उनके हुनर एवं कार्य प्रगति की सराहना करते हुए कहा की ट्रेड फेयर राज्य में होने वाले विकास को प्रदर्शित करने का अच्छा मंच है। उन्होंने कहा कि झारखण्ड राज्य भी इस फेयर में अपने विकास को प्रदर्शित कर रहा है। झारखंड सरकार अब सभी रूप से सक्षम है। झारखण्ड प्रदेश अपनी खनिज सम्पदा और कला संस्कृति के लिए अलग पहचान रखता है।

झारखण्ड राज्य दिवस में एम्फी थियेटर में झारखण्ड के पद्मश्री शशिधर आचार्य का छाऊ नृत्य, सुदामा सिंह और टीम का नागपुरी नृत्य, विनोद कुमार महतो का खोरता फोक, कृष्ण भगत और टीम का उरांव कुदुख सॉन्ग और अशोक कच्छप का पाइका डांस ने लोगो को मंत्रमुग्ध किया।

# चिकित्सा सुविधा पर टोना-टोटका हावी



- ठंड शुरू होने के साथ बच्चों में बढ़ी निमोनिया की शिकायतें
- निमोनिया पीड़ित डेढ़ माह के मासूम को 51 बार अगरबत्ती से दागा गया

**भोपाल,** 23 नवम्बर (एजेंसियां)। भले ही देश और दुनिया में चिकित्सा जगत में उपचार के आधुनिकतम तरीके ईजाद कर लिए गए हों, मगर मध्य प्रदेश में अब भी उपचार के लिए टोना-टोटकों का सहारा लिया जा रहा है।

बीते एक सप्ताह के दौरान कई स्थानों से मरीज और खासकर निमोनिया पीड़ित बच्चों के उपचार के लिए टोना-टोटका का सहारा लिया गया। बच्चों की सेहत नहीं सुधरी बल्कि उनकी जिंदगी ही खतरे में पड़ गई।

ताजा मामला उज्जैन जिले की महीदपुर तहसील के किशनखेड़ी गांव का है, जहां डेढ़ माह के बच्चे को निमोनिया था, परिजनों ने बच्चे को अस्पताल ले जाने की बजाय झाड़फूंक करने वाले को बुलाया। बच्चे को सरिया से दागा गया, जब तबियत बिगड़ी तो उसे उज्जैन अस्पताल लाया गया, जहां उसका उपचार जारी है। परिजन बच्चे के शरीर पर पड़े छालों की वजह दूसरे बच्चे द्वारा जला देना बता रहे हैं। इससे पहले एक मामला शहडोल जिले का सामने आया था, जहां हरदी निवासी प्रेमलाल के डेढ़ माह के बेटे प्रदीप को निमोनिया था, निमोनिया पीड़ित डेढ़ माह के एक मासूम को 51 बार अगरबत्ती से दागा गया था, जिसके चलते उसके शरीर पर कई घाव हो गए। बच्चे को मेडिकल कॉलेज के अस्पताल में उपचार के लिए ले जाया गया।

जानकारों की मानें तो राज्य में ठंड शुरू होने के साथ बच्चों में निमोनिया की शिकायतें बढ़ती है, जिसके चलते ग्रामीण इलाकों के निवासी चिकित्सकों के पास जाने की बजाय अपने आसपास के क्षेत्रों के ओझा से उपचार कराते हैं और ये ओझा बच्चों को दागने तक से नहीं हिचकते।

# हमारे देश की संस्कृति को दूसरे स्तर पर ले गया 'इंडियन आइडल' : रणबीर कपूर



**मुंबई,** 23 नवम्बर (एजेंसियां)। एक्टर रणबीर कपूर, जो सिंगिंग रियलिटी शो 'इंडियन आइडल 14' में नजर आएंगे, ने कहा कि शो में जिस तरह का टैलेंट है, वह वास्तव में हमारे देश की संस्कृति को दूसरे स्तर पर ले गया है।

आने वाला एपिसोड 'शानदार परिवार' स्पेशल होगा। 'एनिमल' के कलाकार रणबीर और रश्मिका मंदाना शो का हिस्सा होंगे और वे न केवल कंटेस्टेंट्स की परफॉर्मेंस का आनंद लेंगे, बल्कि कुछ दिलचस्प किस्से भी शेयर करेंगे, जिससे दर्शकों को काफी खुशी होगी।

टॉप 14 कंटेस्टेंट्स जज कुमार शानू और श्रेया घोषाल को इंप्रेस करेंगे। रणबीर ने कहा कि इंडियन आइडल एक ऐसा शो है जिस पर हर भारतीय को गर्व होना चाहिए। इस शो में जिस तरह का टैलेंट है, वह वास्तव में हमारे देश की संस्कृति को एक अलग स्तर पर ले गया है। इसलिए इसके लिए, मैं वास्तव में 'इंडियन आइडल' को बधाई देना चाहूंगा।

उन्होंने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि कैसे उनके ससुर महेश भट्ट, कुछ हफ्ते पहले शो में आए थे और उनके पास जजों और कंटेस्टेंट्स के बारे में कहने के लिए केवल अच्छी बातें थी। 'इंडियन आइडल सीजन 14' सोनी पर प्रसारित होता है।

# कांगेर वैली में शोधकर्ताओं का बढ़ता रुझान



**जगदलपुर,** 23 नवम्बर (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग का कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान जैव-विविधता से परिपूर्ण क्षेत्र है जो अपने प्राकृतिक सौंदर्य, रोमांचक गुफाओं, जैव-विवधता और स्थानीय आदिवासी संस्कृति के लिए देश - विदेश में विख्यात है, इसी के चलते यहां अनुसंधान की भी अपार संभावनाएं हैं।

यहां विभिन्न अनुसंधान केन्द्रों व संस्थाओं द्वारा शोध कार्य होते आये हैं। वर्तमान में शोधकर्ताओं व विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा अधिक संख्या में कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान लैंडस्केप का चुनाव अध्ययन क्षेत्र के लिए किया जा रहा हैं। वर्तमान में 12 शोधकर्ताओं द्वारा राष्ट्रीय उद्यान में अध्ययन कार्य किये जा रहे हैं, जिसमें तितलियों की विविधता, मगरमच्छों का रहवास, पहाड़ी मैना रहवास व व्यवहार, औषधीय पौधों की विविधता, वानस्पतिक विविधता, बायोमॉस व कार्बन स्टॉक और पारिस्थितिक पर्यटन का प्रभाव विषयों पर अध्ययन कार्य किये जा रहे हैं। अध्ययन हेतु स्थानीय ही नहीं, अन्य राज्यों से भी शोधकर्ता आ रहे हैं। इन शोधकर्ताओं द्वारा स्थानीय लोगों को भी यहां की विविधताओं के बारे में प्रशिक्षित किया जा रहा है, जिससे स्थानीय युवा प्राकृतिक मार्गदर्शक के रुप में उभरते हुए जैव - विविधता संरक्षण में अपना योगदान दे रहे हैं।

राष्ट्रीय उद्यान के निदेशक धम्मशील गणवीर ने बताया कि बस्तर क्षेत्र और विशेषकर कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान का लैंडस्केप शोधकर्ताओं के लिए हॉटस्पॉट के रूप में उभर रहा है। इन सभी शोध कार्यों से भविष्य में बस्तर की प्राकृतिक और सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण, संवर्द्धन और प्रबंधन में मदद मिलेगी।

# केबीसी 15 : 1 करोड़ जीतने से चूका अरिजीत सिंह का 8 साल का फैन



**नई दिल्ली,** 23 नवम्बर (एजेंसियां)। क्विज-बेस्ड रियलिटी शो 'कौन बनेगा करोड़पति' सीजन 15 में एक साढ़े आठ साल के कंटेस्टेंट ने एक करोड़ रुपए की बड़ी रकम जीतने का मौका गंवा दिया।

'केबीसी 15' के जूनियर स्पेशल सेगमेंट में हॉट सीट पर छत्तीसगढ़ के भिलाई के रहने वाले तीसरी क्लास के छात्र विराट अय्यर ने कब्जा जमाया। हॉट सीट पर बैठने के बाद विराट ने कहा कि सर, मैं कुछ कहना चाहता हूं। क्या मैं कह सकता हूं? बिग बी - आप जो कुछ भी कहते हैं, वह महत्वपूर्ण है।

कंटेस्टेंट - सर, जब मैं पूजा करता हूं, तो मुझे सोचता हूं कि भगवान कैसे बोलते हैं। मैं कल्पना करता हूं कि भगवान आपकी तरह बोलते हैं और जब वह गाते हैं, तो अरिजीत सिंह की तरह गाते हैं। एक्टर ने बताया कि विराट अरिजीत के बहुत बड़े फैन हैं। विराट के शानदार गेम प्ले के बारे में बात करते हुए, अमिताभ ने कहा कि बहुत कम बच्चे इस स्टेज तक पहुंच पाते हैं। और, विराट जल्दी ही इस मुकाम पर पहुंच गए। वह तेजी से इस स्टेज तक पहुंचे और उन्होंने इस प्रक्रिया में मिस्टर कंप्यूटर और मुझे शिक्षित किया। यहां आपकी स्क्रीन पर 1 करोड़ प्वाइंट के लिए 15वां प्रश्न है।

एक करोड़ रुपये के लिए प्रश्न था पीरियॉडिक टेबल में 96 और 109 परमाणु संख्या वाले दो तत्वों के नाम के बारे में क्या बात विशेष है?

दिए गए विकल्प थे ए नोबेल पुरस्कार विजेताओं के नाम पर, बी- महिला वैज्ञानिकों के नाम पर, सी भारतीय वैज्ञानिकों के नाम पर, और डी- उनके कोई नाम नहीं हैं।

सही जवाब विकल्प 'बी' था। विराट ने गलत जवाब दिया और 50 लाख रुपए गंवा दिए। वह 3,20,000 रुपए घर ले गया।

एक्टर ने फिर कहा कि आपने बताया कि आप किसी से मिलना चाहते हैं। उसका नाम क्या था?

विराट - अरिजीत सिंह।

अमिताभ ने अरिजीत को वीडियो कॉल किया। उन्होंने सिंगर से कहा कि यहां आपका एक फैन है जिसका नाम विराट है। और, उसकी इच्छा थी कि वह किसी दिन आपसे मिले। इसलिए, गिफ्ट के रूप में, हम आपको उससे जोड़ रहे हैं। बहुत-बहुत धन्यवाद बहुत, अरिजीत। विराट, कृपया उससे बात करें।

# जैसे-जैसे समाज समृद्ध हो रहा, असमानता भी बढ़ रही : एंटोनियो फरेरा

आईएफएफआई 2023

**पणजी,** 23 नवम्बर (एजेंसियां)। पुर्तगाली फिल्म 'ए बेला अमेरिका' के निर्देशक एंटोनियो फरेरा ने इस बात पर दुख जताते हुए बुधवार को कहा कि जैसे-जैसे समाज समृद्ध हो रहा है, असमानता भी बढ़ रही है।

फरेरा यहां बुधवार को 54वें भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (आईएफएफआई) में 'सिनेमा ऑफ द वर्ल्ड' श्रेणी के तहत अपनी फिल्म की स्क्रीनिंग के बाद प्रतिनिधियों और सिनेमा प्रेमियों के साथ बातचीत कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि हम असमानता को बढ़ते हुए देख रहे हैं समाज किसी तरह समृद्ध हो रहा है, लेकिन साथ ही असमानता भी बढ़ रही है। ये ऐसी स्थितियां हैं, जिनमें पुर्तगाल (के कुछ हिस्सों) में सैकड़ों लोग सड़कों पर रहते हैं, क्योंकि वे घर का खर्च वहन नहीं कर सकते। इससे मुझे चिंता होती है।



'ए बेला अमेरिका' फिल्म के असमानता के मूल संदेश को व्यक्त करने के लिए भोजन, लोकलुभावनवाद और हास्य के विषयों को आपस में जोड़ता है।

फिल्म निर्माता एक सामूहिक चेतना को प्रेरित करने का प्रयास करता है, सभी से विभाजन को पाटने और एक ऐसी दुनिया बनाने का आग्रह करता है, जहां समानता सिर्फ एक आकांक्षा नहीं है, बल्कि एक जीवित वास्तविकता है।

गहरे सामाजिक संदेशों को व्यक्त करने के लिए कॉमेडी का उपयोग करने के बारे में उन्होंने कहा कि हास्य उनके व्यक्तित्व का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है और वही फिल्म में भी झलकता है।

'ए बेला अमेरिका' में, लिस्बन रेस्तरां में काम करने वाला एक प्रतिभाशाली रसोइया लुकास, एक खूबसूरत और सफल टेलीविजन हस्ती अमेरिका के प्यार में पड़ जाता है। वह उसके दरवाजे पर भोजन रखना शुरू कर देता है, जिससे उसकी जिज्ञासा बढ़ती है और वह उसे खोजने के लिए प्रेरित होती है। धीरे-धीरे उनके बीच गुप्त रिश्ता पनपता है।

रायपुर, शुक्रवार 24 नवम्बर 2023
संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

## रामदेव पर सुप्रीम कोर्ट का शिकंजा

योग गुरु के रूप में प्रसिद्धि पाने के बाद आयुर्वेदिक दवाओं के व्यवसाय में उतरे बाबा रामदेव जैसे-जैसे ख्याति पाते गये, वे नये-नये विवादों में भी घिरते गये हैं। प्रारम्भ में तो उनकी सराहना हुई कि उन्होंने भारतीयों को अपने स्वास्थ्य के बारे में जागरूक किया। उनके योग शिविरों में लोगों ने भारी-भरकम शुल्क देकर योग सीखा। इसके बल पर उन्होंने अपना बड़ा साम्राज्य स्थापित कर लिया। अंग्रेजी दवाओं के खिलाफ उन्होंने बड़ा अभियान चलाया। इसे उन्होंने भारत की परम्परागत उपचार विधि पर हमला बताया। बाद में वे हरिद्वार के अलावा विभिन्न राज्यों में स्वयं के आयुर्वेदिक दवाओं के कारखाने खड़े करते गये तथा एक तरह से उनके पास हर बीमारी का इलाज मानों उपलब्ध था। वैसे तो उनके इलाज एवं दवाओं को प्रारम्भ से ही आधुनिक प्रणाली के लोग शंका की नज़र से देखते रहे हैं, परन्तु अपने प्रचार तंत्र और सत्ता से नज़दीकियों के कारण उनके खिलाफ कोई बड़ी कार्रवाई कभी नहीं की जा सकी।

अलबत्ता अब सुप्रीम कोर्ट में पतंजलि को कड़ी फटकार मिली है। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) की ओर से दायर एक याचिका पर मंगलवार को सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह और जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा की बेंच ने पतंजलि को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर उनके उत्पादों को लेकर किसी भी तरह के भ्रामक विज्ञापन जारी किये गये तो हर विज्ञापन पर 1 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया जायेगा। शीर्ष कोर्ट ने पतंजलि आयुर्वेद को भविष्य में किसी भी तरह के भ्रामक विज्ञापन प्रकाशित करने से बचने की सलाह देते हुए यह भी कहा कि ऐसा प्रेस बयान भी न दिया जाये जिससे कोई भ्रम फैले। वैसे सुप्रीम कोर्ट की इस चेतावनी के बाद रामदेव ने यह आरोप लगाया कि पतंजलि के खिलाफ ड्रग माफिया द्वारा षड्यंत्र रचा जा रहा है। उन्होंने इस बात से इंकार किया कि वे कोई गलत प्रचार कर रहे हैं। बुधवार को हरिद्वार में एक प्रेस वार्ता आयोजित कर रामदेव ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि अगर पतंजलि कोई गलत प्रचार करेगा तो उस पर जुर्माना लगेगा। रामदेव ने मुख्य न्यायाधीश के समक्ष स्वास्थ्य लाभ लिये हुए मरीजों की परेड करने की भी चुनौती देते हुए कहा कि गलती करने पर वे एक हजार करोड़ रुपये का जुर्माना भरने व फांसी चढ़ने के लिये भी तैयार हैं।

रामदेव पहले तो योग करने-कराने में व्यस्त रहे लेकिन बाद में उन पर देश से भ्रष्टाचार खत्म करने का भूत सवार हो गया। वे एक दशक पहले हुए अन्ना हजारे के लोकपाल आंदोलन से जुड़ गये थे। उनकी लोकप्रियता ऐसी थी कि जब वे दिल्ली के रामलीला मैदान में चल रहे धरने में भाग लेने के लिये पहुंचे तो डॉ. मनमोहन सिंह की तत्कालीन कांग्रेस प्रवर्तित केन्द्र सरकार के कई वरिष्ठ मंत्री उन्हें लेने व मनाने पहुंचे थे। यह अलग बात है कि आंदोलन को खत्म करने के लिये जब लाठी चार्ज हुआ तो मंच से कूदकर भागने वालों में वे सबसे आगे थे। उनके अनुयायियों ने उन्हें महिला के कपड़े पहनाकर सुरक्षित निकाला था।

मनमोहन सिंह की सरकार को बदनाम करने में जिन लोगों का प्रमुख हाथ था उनमें रामदेव भी थे। उनका दावा था कि अगर विदेशों में भारतीयों का रखा कथित भ्रष्टाचार का पैसा वापस आ जाये तो पेट्रोल पानी के भाव से मिलेगा और हर गांव समृद्ध होगा। उनकी भारतीय जनता पार्टी से नज़दीकियां बढ़ती चली गयीं। बताया जाता है कि अनेक राज्यों में उन्हें दवा निर्माण के लिये फैक्ट्रियां लगाने के लिये बहुत सस्ते में जमीनें मिल गयीं। हालांकि उन पर आरोप है कि उनकी दवाएं अमानक होती हैं तथा बहुत से ब्रांड उन्होंने आऊटसोर्स कर दिये हैं। यानी वे खुद नहीं बनाते। यह जानकर कि उनके प्रति लोगों का विश्वास व श्रद्धा इतनी है कि वे किसी भी कीमत पर उनकी दवाएं खरीद लेंगे, पतंजलि के उत्पाद काफी महंगे होते हैं व देश भर में उनकी दवाओं की मांग है। अब रामदेव केवल दवा नहीं बनाते बल्कि खाद्य सामग्रियां, सौंदर्य प्रसाधन का उत्पादन भी करते हैं। विदेशी संस्कृति की आलोचना करने वाले, भगवा वस्त्रधारी रामदेव को जीन्स के परिधान बनाने से भी परहेज नहीं रह गया। उनके उत्पादों पर कई बार आपत्तियां उठाई गईं लेकिन सत्ताधीशों के समर्थन से उन पर आंच तक न आई। भ्रष्टाचार व महंगाई पर वे अब कुछ नहीं कहते।

कोरोना काल में भी रामदेव ने भ्रम फैलाने का कार्य किया। जब करोड़ों लोग आधुनिक तकनीकों से किए गए शोधों के आधार पर एलोपैथी प्रणाली के टीके व दवाओं से अपनी जान बचा रहे थे, रामदेव ने इसकी निरर्थकता का प्रचार करते हुए आनन-फानन में तैयार अपने उत्पादों को रामबाण बतलाते हुए उसे बड़े पैमाने पर बेचा। आईएमए ने इस पर आपत्ति उठाई कि पर्याप्त शोध एवं आवश्यक अवधि तक प्रभाव देखे बिना पतंजलि अपनी कथित कोरोनारोधी दवाएं बेच रहा है। इस पर अपने समर्थकों, अनुयायियों एवं मुख्य धारा के मीडिया के जरिये एलोपैथी प्रणाली के खिलाफ उनके द्वारा अभियान ही छेड़ दिया गया। यहां तक कि संस्था को ईसाई बतलाया गया। उस दौरान उठे एलोपैथी बनाम आयुर्वेद विवाद का फायदा भी उन्होंने जमकर उठाया। परिणामस्वरूप कई लोगों ने एलोपैथी की बजाय पतंजलि के उत्पाद लेने प्रारम्भ किये।

योग से शुरू कर रामदेव की बनाई मल्टी-प्रोडक्ट्स वाली कम्पनी से किसी की दुश्मनी नहीं है। हर कोई अपना व्यवसाय कर सकता है लेकिन उसके लिये सभी आवश्यक नियमों का पालन ज़रूरी है। विशेषकर लोगों को भ्रमित कर अपना व्यवसाय करना सामाजिक हितों के खिलाफ है क्योंकि अमानक दवाएं हों या खाद्य सामग्रियां, वे जानलेवा होती हैं।

# एक आदमी की बर्खास्तगी क्यों हिला रही है वैश्विक तकनीकी गतिविधियां ?

■ अंजन रॉय

सैमऑल्टमैन रातों-रात विश्व स्तर पर प्रसिद्ध हो गये हैं, इसलिए नहीं कि उन्होंने पहले ही कुछ हासिल कर लिया था जो कि मौलिक था, बल्कि इसलिए क्योंकि उनके द्वारा स्थापित स्टार्टअप फर्म के निदेशक मंडल ने उन्हें बिना गंभीरता से सोचे-समझे ही बर्खास्त कर दिया था।

सैमऑल्टमैन कम उम्र में ही कृत्रिम बुद्धिमत्ता के लिए सॉफ्टवेयर विकसित करने में अपनी भूमिका के लिए एक किंवदंती बन गये थे, जिसे बड़े भाषा मॉडल (एलएलएम) के रूप में जाना जाता है। उस आधार पर, उनकी फर्म, ओपन एआई ने 'चैटजीपीटी' सॉफ्टवेयर विकसित किया था। यह एक बहुमुखी एआई मॉडल है जो बहुआयामी नई प्रौद्योगिकी व्यवस्था का चमत्कार था।

अब, वस्तुत: इस प्रणाली के निर्माता को उस कंपनी के निदेशक मंडल द्वारा बाहर निकाल दिया गया, जिसके वे अध्यक्ष थे और जिसने चैटजीपीटी सॉफ़्टवेयर का निर्माण किया था। प्रथम दृष्टया, यह फर्म के प्रमुख, ऑल्टमैन और इसके मुख्य वैज्ञानिक अधिकारी के बीच व्यक्तित्व का टकराव था। ऑल्टमैन को बर्खास्त करने का कारण यह बताया गया कि बोर्ड के साथ उनके संचार भ्रामक थे और उन्होंने पर्याप्त जानकारी नहीं दी थी।

सैम को बर्खास्त करने से ओपन एआई के शेयर की कीमतों में तुरंत गिरावट आई। निवेशक बोर्ड के खिलाफ़ हो गये और उससे ऑल्टमैन को कंपनी में वापस बुलाने के लिए कहा। अन्य स्टाफ सदस्य भी परेशान थे और एक पत्र में उन्होंने मांग की कि सैमऑल्टमैन को वापस लाया जाये। ऐसा कहा जा सकता है कि बोर्ड को अपमानित किया गया।

लेकिन फिर, जब तक निवेशकों और कर्मचारियों ने प्रतिक्रिया दी, तब तक कुछ और हो चुका था। माइक्रोसॉफ्ट, जिसने ऑल्टमैन के ओपन एआई का समर्थन किया था, ने इस खबर पर हल्की प्रतिक्रिया व्यक्त की और उसे सीधे माइक्रोसॉफ्ट के भीतर एक इन-हाउस एआई टीम चलाने के लिए भर्ती किया। सैमआल्टमैन को माइक्रोसॉफ्ट के अपने एआई संगठन का सीईओ घोषित किया गया।

वह माइक्रोसॉफ्ट के लिए दोधारी तलवार थी। सॉफ्टवेयर दिग्गज ने पहले ओपन एआई को एक स्टार्टअप के रूप में बढ़ावा देने के लिए 3अरब डॉलर खर्च किये थे और अपने अधिक पारंपरिक और लंबे समय से स्थापित सॉफ्टवेयर उत्पादों के साथ-साथ चैटजीपीटी सॉफ्टवेयर को उपलब्ध कराने के लिए उत्सुकता से काम लिया था।

माइक्रोसॉफ्ट के लिए एक समस्या है। इस कंपनी पर 3अरब डॉलर खर्च करने के बाद भी, क्या वह सो रहा था जब ओपन एआई में तूफ़ान बढ़ रहा था ? कंपनी के इतने बड़े निवेशक को इसकी भनक तक नहीं थी कि कंपनी में क्या हो रहा है। माइक्रोसॉफ्ट के निवेशक निश्चित रूप से मुद्दे उठायेंगे।

एक भी आदमी को हटाने पर भयंकर तूफानी हवाएं उभरीं जो उच्च प्रौद्योगिकी दुनिया की प्रकृति का संकेत है जिसे हम अब देख रहे हैं। यह उत्तर-औद्योगिक दुनिया है जिसमें हम प्रवेश कर रहे हैं। यहां कार बनाने की तरह असेंबली लाइन उत्पाद नहीं हैं। यह नयी विश्व व्यवस्था व्यक्तियों और विचारों पर केंद्रित है। एक विचार परिचित दुनिया को बदल सकता है। एक एकल विचार का आश्चर्यजनक व्यावसायिक मूल्य हो सकता है।

> **सभी एआई जवाब मूलत: सांख्यिकीय रिसेशन विश्लेषण हैं। अगर आप स्मार्ट फोन यूजर हैं और मैसेज लिख रहे हैं तो आपके स्मार्टफ़ोन में एम्बेडेड सॉफ़्टवेयर द्वारा आपको अगला शब्द लिखने के लिए लगातार प्रोत्साहित किया जायेगा। अक्सर, यदि आप उच्च-स्तरीय का उपयोग कर रहे हैं, तो संकेत शब्द वही होगा जो आपने सोचा होगा या सबसे उपयुक्त होगा।**

सभी एआई जवाब मूलत: सांख्यिकीय रिसेशन विश्लेषण हैं। अगर आप स्मार्ट फोन यूजर हैं और मैसेज लिख रहे हैं तो आपके स्मार्टफ़ोन में एम्बेडेड सॉफ़्टवेयर द्वारा आपको अगला शब्द लिखने के लिए लगातार प्रोत्साहित किया जायेगा। अक्सर, यदि आप उच्च-स्तरीय का उपयोग कर रहे हैं, तो संकेत शब्द वही होगा जो आपने सोचा होगा या सबसे उपयुक्त होगा।

मशीन आपको ऐसा कैसे संकेत देती है। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि फोन में अंतर्निहित सॉफ्टवेयर शब्दों के एक विशाल आधार से होकर गुजरता है जो लिखित या मौखिक भाषा में उपयोग किया जाता है। जिन लाखों शब्दों का अध्ययन किया गया है, उनके सांख्यिकीय विश्लेषण के आधार पर, भाषा मॉडल ने अनुक्रम में अगले शब्द के आने की संभावना की गणना की थी।

सैमऑल्टमैन की फर्म, ओपन एआई ने इस तकनीक को इस स्तर तक उन्नत किया है कि सॉफ्टवेयर सिस्टम न केवल उपयोग किये जाने वाले अगले शब्द की भविष्यवाणी कर सकता है बल्कि अनेक अन्य सहायता कर सकता है। यह आपको, उदाहरण के लिए, एक कानून परीक्षा प्रश्न (जैसे अमेरिकन बार एसोसिएशन प्रवेश परीक्षा) का उत्तर इतनी अच्छी तरह से देने में सक्षम होगा कि सॉफ्टवेयर आसानी से परीक्षा उत्तीर्ण कर सके।

आम तौर पर यह परीक्षा इतनी कठिन पाई गई है कि बहुत लंबी तैयारी के बाद केवल मुट्ठी भर लोग ही इसमें सफल हो पाते हैं। सैमआल्टमैन की कंपनी का चैटजीपीटी कुछ ही समय में पास हो सकता था। यह उस प्रणाली की शक्ति का उदाहरण है जिसे इस फर्म ने अपने रहस्यमय नेता सैमऑल्टमैन के नेतृत्व में विकसित किया था।

जब चैटजीपीटी उत्पाद की घोषणा की गई और इसे जारी किया गया तो इसने पूरे तकनीकी जगत में सनसनी पैदा कर दी। इसकी कच्ची शक्ति के समान अब तक कुछ भी विकसित नहीं किया गया था। यह प्रणाली चिकित्सा सहित विभिन्न प्रकार के उपयोगों के लिए उपयोगी हो सकती है। क्योंकि, सिस्टम किसी विशिष्ट क्षेत्र, जैसे, फुफ्फुसीय रोगों, में अब तक उपलब्ध संपूर्ण ज्ञान में महारत हासिल कर सकता है और इन्हें केस अध्ययन के विशाल डेटाबेस से जोड़ सकता है और फिर किसी व्यक्तिगत मामले का तुरंत निदान कर सकता है।

चैटजीपीटी जारी होने के बाद पत्रकारों को खतरा महसूस हुआ था। डर यह था कि एआई प्रणाली को एक पत्रकार द्वारा जलवायु संकट पर एक लेख तैयार करने के लिए कहा जा सकता है। चैटजीपीटी को एक पत्रकार की शैली और लेखन के तरीके के साथ-साथ अब तक सामने आई बातों को आत्मसात करने के लिए प्रशिक्षित किया जायेगा और फिर वह बहुत ही कम समय में एक लेख तैयार कर सकता है, जिसमें एक पत्रकार को अधिक समय लग सकता है। ऐसे में अखबार पत्रकारों से छुटकारा पा कर ला सकते हैं बिना किसी पत्रकार वाला अखबार है।

वास्तव में, इससे अमेरिका में हॉलीवुड में लंबे समय तक औद्योगिक कार्रवाई (हड़ताल) हुई। अभिनेताओं और पटकथा लेखकों ने महीनों तक अपना काम अटका रखा था। उन्हें डर था कि पटकथा लेखकों के कार्य या यहां तक कि उनके बिना ही अभिनेताओं के अभिनय क्लिप बनाने के लिए उनके मौजूदा अनुबंध में बदलाव किया जा सकता है।

यह एआई सॉफ़्टवेयर के साथ संभव होना चाहिए जो पहचाने गये लेखकों या अभिनेताओं के पहले के कार्यों को एकत्रित करेगा और फिर पिछले प्रदर्शनों के अध्ययन के आधार पर नये आइटम सामने लायेगा। एआई सिस्टम को बस लेखकों या अभिनेताओं के कार्यों की कुछ पूर्व क्लिप की आवश्यकता है।

वास्तव में, हमने हाल ही में ऐसी एआई की शक्तियों का एक दु:स्वप्न प्रदर्शन किया था। एक प्रसिद्ध अभिनेत्री की दृश्य क्लिप का उपयोग एक 'नकली' दृश्य बनाने के लिए किया गया था जिसमें अभिनेत्री अभिनय कर रही थी या ऐसी बातें कह रही थी जो उसने कभी नहीं की थी। साथ ही, यह इतना उत्तम था कि कोई भी यह पता नहीं लगा सकता था कि यह नकली है और एआई सिस्टम द्वारा निर्मित है।

इस प्रकार के एआई तबाही मचा सकते हैं। यह संपूर्ण राजनीतिक व्यवस्था को नष्ट कर सकता है। कल्पना कीजिए, एक प्रमुख राजनेता की पिछली क्लिप का उपयोग किया जाता है और फिर उसके आधार पर कुछ लोगों या कारणों या मुद्दों के खिलाफ आग भड़काने वाला भाषण तैयार किया जाता है। यह विनाशकारी हो सकता है।

इस प्रकार एआई एक खतरनाक नयी दुनिया का निर्माण कर रहा है। कई विशेषज्ञ सोच रहे हैं कि एआई अंतत: मानव बुद्धि को पार कर सकता है और हमारी ज्ञात दुनिया में तबाही मचा सकता है। इन्हें विनियमित करने की आवश्यकता है। वास्तव में एक महत्वपूर्ण मुद्दा जिसके कारण सैमऑल्टमैन और ओपन एआई बोर्ड के बीच दरार पैदा हुई, वह यह था कि फंडरप्रोमोटर एआई द्वारा पैदा किये जा रहे संभावित राक्षसों के दु:खद परिणामों पर विचार करने के लिए तैयार नहीं था।

# रेवड़ी रिवाज की राजनीति, सरकारी खजानों पर भारी

राजनीतिक गलियारों में आजकल फ्री बीज की महंगी राजनीति यानि 'रेवड़ी कल्चर' पर चर्चा जोरों पर है। 'गरीब की थाली में आजकल पुलाव आ गया है... लगता है कि जैसे देश में चुनाव आ गया है' भारतीय राजनीति की हकीकत है। ताज्जुब की बात है कि जनता को दी जाने वाली जिन 'मुफ्त योजनाओं' को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 'रेवड़ी कल्चर' कहकर सवाल उठाया गया था, आज उन्हीं की पार्टी बल्कि स्वयं चुनावों में भारी-भरकम मुफ्त सौगातों की घोषणाएं करते नजर आ रहे हैं। मंशा साफ है कि ऐन केन प्रकारेण चुनाव जीतना है। आज तमाम राजनीतिक दलों के चुनावी घोषणा पत्र इसी फ्री बीज यानि 'मुफ्त योजनाओं' वाली सियासी वादों एवं दावों से भरी पड़ी है।

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, राजस्थान और तेलंगाना के विधानसभा चुनावों में लोक-लुभावनी घोषणाओं की जिस तरह से झड़ी लगी है, बल्कि कहा जाये कि बरसात हो रही है, तो अतिशयोक्ति नहीं होगी। इस तरह की नीतियां, योजनाएं या कार्यक्रमों का विरोध करने वाले इसे फ्री बीज यानि 'रेवड़ी कल्चर' कहते हैं, जबकि इसके समर्थक इसे 'कल्याणकारी योजनाएं' कहते हैं। 'मुफ्त योजनाओं' यानि 'रेवड़ी कल्चर' से असहमति रखने वालों का तर्क है कि इससे सरकारी खजाने पर भार पड़ता है, सरकार के ऊपर कर्ज का बोझ बढ़ता है, जो अंतत: अर्थव्यवस्था के लिए विनाशकारी, घातक और अहितकारी सिद्ध होता है। राजनीतिक पार्टियां अपनी सियासी नफा-नुकसान के लिए करती हैं। इसके समर्थकों का मानना है कि इससे गरीबों को मदद मिलती है।



डॉ. लखन चौधरी

> **क्या इस तरह के मुफ्त उपहारों यानि फ्री बीज योजनाओं से चुनाव दर चुनाव जीतना एक तरह से सरल या आसान है ? क्या रेवड़ी कल्चर चुनाव जीतने की गारंटी है ? सवाल यह भी है कि क्या बगैर मुफ्त घोषणाओं के चुनाव जीतना असंभव है ? आखिरकार क्यों फ्री बीज चुनावी राजनीति की धुरी बनती जा रही हैं ?**

हर एक राजनीतिक दल दूसरे दल पर आरोप लगा रहा है कि मुफ्त उपहार यानि फ्री बीज के लिए फलां, अमुक या दूसरे दल जिम्मेदार हैं, उनकी पार्टी तो केवल ठोस योजनाओं की बात करती है। राजनीतिक दल अपने दल की घोषणाओं को कल्याणकारी योजनाएं करार दे रहीं हैं, और दूसरे दलों की योजनाओं को रेवड़ी कहकर राज्य-देश हित के विपरीत और जनहित के लिए विनाशकारी करार दे रहीं हैं।

सवाल उठता है कि क्या इस तरह के मुफ्त उपहारों यानि फ्री बीज योजनाओं से चुनाव दर चुनाव जीतना एक तरह से सरल या आसान है ? क्या रेवड़ी कल्चर चुनाव जीतने की गारंटी है ? सवाल यह भी है कि क्या बगैर मुफ्त घोषणाओं के चुनाव जीतना असंभव है ? आखिरकार क्यों फ्री बीज चुनावी राजनीति की धुरी बनती जा रही हैं ? एक वक्त था जब चुनावी घोषणापत्रों में राजनीतिक दलों की विचारधारा, नीतियां और राजनीतिक दर्शन के झलक होते थे, आज चुनावी घोषणापत्र मुफ्त उपहारों की नुमाईशों यानि रेवड़ी बांटने की गारंटी का पुलिंदा बनकर रह गए हैं।

ज्ञातव्य है कि इसके पहले भी याचिका में चुनावों के दौरान राजनीतिक पार्टियों के वोटर्स से फ्री बीज या मुफ्त उपहार के वादों पर रोक लगाने की अपील की गई है। इसमें मांग की गई है कि चुनाव आयोग को ऐसी पार्टियों की मान्यता रद्द करनी चाहिए। इस पर केंद्र सरकार ने सहमति जताते हुए सुप्रीम कोर्ट से फ्री बीज की परिभाषा तय करने की अपील की है। केंद्र ने कहा कि अगर फ्री बीज का बंटना जारी रहा तो यह देश को 'भविष्य की आर्थिक आपदा' की ओर ले जाएगा, लेकिन यहां पर गौर करने वाली बात यह है कि क्या स्वयं केन्द्र सरकार भी यही नहीं कर रही है ?

मध्यप्रदेश और राजस्थान सरकार अपनी कुल कर कमाई का 35 से 40 फीसदी हिस्सा फ्री बीज पर खर्च कर रहें हैं। आरबीआई की 31 मार्च 2023 तक की रिपोर्ट में सामने आया है कि मप्र, राजस्थान, पंजाब, पश्चिम बंगाल जैसे राज्य टैक्स की कुल कमाई का 35 फीसदी तक हिस्सा फ्री की योजनाओं पर खर्च कर देते हैं। पंजाब सरकार 35.4 फीसदी के साथ सूची में शीर्ष पर है। मप्र में यह हिस्सेदारी 28.8 फीसदी, राजस्थान में 28.6 फीसदी है। आंध्रप्रदेश अपनी आय का 30.3 फीसदी, झारखंड 26.7 फीसदी और बंगाल 23.8 फीसदी फ्री बीज के नाम पर खर्च कर रहे हैं।

इससे सरकारों का बजट घाटा बढ़ता है, जिससे राज्य ज्यादा कर्ज लेने को मजबूर हो जाते हैं। ऐसे में आय का बड़ा हिस्सा ब्याज अदायगी में चला जाता है। पंजाब, तमिलनाडु और पं. बंगाल अपनी कमाई का 20 फीसदी, मप्र 10 फीसदी और हरियाणा 20 फीसदी से अधिक ब्याज भुगतान पर खर्च कर रहे हैं। इस समय पंजाब सरकार पर जीएसडीपी का 48 फीसदी, राजस्थान पर 40 फीसदी, मध्यप्रदेश पर 29 फीसदी तक कर्ज है, जबकि यह 20 फीसदी से ज्यादा नहीं होना चाहिए। मप्र, राजस्थान, पंजाब, दिल्ली, कर्नाटक, राजस्थान और छत्तीसगढ़ आदि राज्यों ने पिछले सात सालों में करीब 1.39 लाख करोड़ की फ्री बीज दीं या घोषणाएं कीं है। रेवड़ी योजनाओं की वजह से पंजाब का घाटा 46 फीसदी बढ़ चुका है, और सबसे खराब स्थिति में है। पंजाब में बिजली सब्सिडी 1 साल में 50 फीसदी बढ़कर 20,200 करोड़ रूपए हो चुकी है।

'मुफ्त योजनाओं' अर्थात 'रेवड़ी कल्चर' के दुष्परिणामों की चर्चा करते हुए श्रीलंका की अर्थव्यवस्था की बदहाली का उदाहरण दिया जाता है। भारत में इसकी शुरूआत की बात की जाए तो 2006 वह साल था जब तमिलनाडु विधानसभा चुनाव से 'रेवड़ी कल्चर' का शुभारंभ हुआ है। उस समय डीएमके ने चुनाव जीतने यानि उनकी सरकार बनने पर राज्य के प्रत्येक परिवार को मुफ्त में रंगीन टेलिविजन सेट देने का वादा किया था, और इसके पीछे तर्क दिया था कि इससे महिला साक्षरता बढ़ेगी। इसका प्रभाव यह हुआ कि डीएमके पार्टी चुनाव जीत गई और इस पर 750 करोड़ खर्च हुआ। यह अलग बात है कि 2011 में इसे सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई, लेकिन 2011 के ही तमिलनाडु विधानसभा चुनाव में एआईडीएमके ने इसी तरह के कई वादे किये और अन्नाद्रमुक की सरकार बन गई। इसका मतलब है कि 'मुफ्त योजनाएं' अर्थात 'रेवड़ी कल्चर' चुनाव जीतने की गारंटी हैं, और तब से लेकर अब तक तमाम विरोधों के बावजूद 'मुफ्त योजनाओं' अर्थात 'रेवड़ी कल्चर' की भरमार है।

## पावन प्रसंग

### भगवान श्री हरि और रुद्र की कृपा का पर्व है- बैकुंठ चतुर्दशी

हिंदी महीनो में श्रावण मास एवं कार्तिक मास का विशेष महत्व बताया गया है। भगवान शिव की आराधना के लिए श्रावण मास में श्रद्धालु जलाभिषेक से लेकर दुग्धाभिषेक और महामृत्युंजय पाठ कर सृष्टि के संहारक भगवान भोलेनाथ से कुशल क्षेम की प्रार्थना करते हैं। कार्तिक मास में जहां हम मां लक्ष्मी की पूजा दीपावली के रूप में करते हैं , वहीं कार्तिक स्नान का महत्व भी पुराणों में बताया गया है। कार्तिक मास की महत्ता यहीं आकर नहीं रुक जाती। कार्तिक माह के अंतिम दिनों में एक तिथि ऐसी भी आती है , जो हिंदू धर्मावलंबियों को सृष्टि के पालन और संहारक भगवान विष्णु और शिव-शंकर की एक साथ पूजा का अवसर प्रदान करने वाली कही गई है।

पुराणों में ऐसा उल्लेख मिलता है कि देवशयनी एकादशी के दिन जब भगवान श्री नारायण क्षीरसागर में आराम के लिए प्रस्थान करते हैं,तब वे इस संसार के परिचालन की जिम्मेदारी भगवान भोलेनाथ को सौंप देते हैं। जब वे चार माह बाद जागते हैं और हम तुलसी विवाह का पर्व मनाते हैं, तब वह देवउठनी एकादशी होती है। इसे हम प्रबोधिनी एकादशी के नाम से भी जानते हैं। इस पर्व के ठीक चौथे दिन चतुर्दशी तिथि होती है इसे ही हम बैकुंठ चतुर्दशी के नाम से जानते हैं। इसी तिथि को देव दिवाली भी कहा जाता है । आषाढ़ शुक्ल पक्ष से लेकर कार्तिक शुक्ल पक्ष की प्रबोधिनी एकादशी तक संसार की सत्ता संभालने वाले भगवान भोलेनाथ बैकुंठ चतुर्दशी के दिन भगवान श्री नारायण को सत्ता सौंपते हैं।

भगवान विष्णु को संसार की सत्ता वापस सौंपने के लिए भगवान शिव और विष्णु जी की आपस में भेंट होती है। पुराणों में ऐसे कथानक मिलते हैं कि इसी भेंट के दौरान शिवजी पर तुलसी दल और विष्णु जी पर बेलपत्र गिर पड़ते हैं। पुराणों के इसी कथानक के चलते वर्ष में एक बार बैकुंठ चतुर्दशी के दिन भगवान शिव पर तुलसी दल और श्री नारायण पर बेलपत्र चढ़ाया जाता है। इस तिथि के उपरांत और न तो इससे पहले शिवजी पर तुलसी चढ़ाई जाती है और न ही श्री नारायण पर बेलपत्र चढ़ाया जाता है कि बैकुंठ चतुर्दशी के दिन भगवान भोलेनाथ और भगवान विष्णु की एक साथ पूजा कर प्रति बैकुंठ प्रताप की कामना करते हैं। संसार के पालनकर्ता और सहायिका की पूजा का प्रावधान चतुर्थी तिथि पर चतुर्दशी तिथि पर निश्चित काल अर्थात अर्धरात्रि में करने की बात कही जाती है यह भी मानना है कि इस दिन श्रद्धा और तर्पण का विशेष महत्व होता है ऐसे कथानक भी मिलते हैं कि इसी बैकुंठ चतुर्दशी पर महाभारत के युद्ध में मारे गए लोगों का श्राद्ध कर्म भगवान श्री कृष्ण ने करवाया था। वैष्णवन के आराध्य श्री नारायण एवं से लोगों के आराध्य भगवान शिव के भक्तों के लिए बैकुंठ चतुर्दशी को पारस्परिक एकता का प्रतीक माना जाता है। इस पावन पर्व अथवा धार्मिक परंपरा को हरिहर मिलन भी कहा जाता है। इस दिन दोनों आराध्यों की पूजा निम्न मंत्र द्वारा की जानी चाहिए-

विना यो हरि पुजाम तु, कुर्याद रुद्रस्य चार्चनम।
वृथा तस्य भवेत्पुजा, सत्यन्मेत द्वचो मम।।

बैकुंठ चतुर्दशी के दिन घर के द्वार में 14 दीपक जलाने से भगवान विष्णु और शिवजी की विशेष कृपा प्राप्त होती है। भगवान शिव और विष्णु जी की पूजा एक साथ करने का अवसर बहुत ही कम आता है। भगवान विष्णु बैकुंठ चतुर्दशी के दिन सत्ता पाने के बाद यह संकल्प लेते हैं कि वे वाराणसी में विशेष अवसर पर 1000 कमल पुष्प से शिवजी की पूजा करेंगे। जब वे इस प्रकार की आराधना में लीन हुए तो पाया गया कि 1000 कमल पुष्प में से एक पुष्प गायब है। पूजा में व्यवधान न पड़े इस विचार के साथ भगवान श्री नारायण ने यह सोचकर कि उनका एक नाम कमल नयन भी है , अत: उन्होंने अपनी एक आंख भगवान शिव के चरणों में अर्पित कर दी इससे प्रसन्न होकर भगवान भोलेनाथ ने उनकी आंख उन्हें वापस कर पूजा स्वीकार की।

**सूर्यकान्त मिश्रा**

## आपके पत्र

### सीमित संसाधनों पर जनसंख्या का बोझ

भारत की विशाल जनसंख्या आजकल राजनैतिक गलियारों में खासी चर्चा का विषय बनी हुई है। भारत की बढ़ती जनसंख्या के सन्दर्भ में मशहूर विचारक गार्नर का कहना है कि जनसंख्या किसी भी राज्य के लिए उससे अधिक नहीं होनी चाहिए जितनी साधन संपदा उसके पास है। जनसंख्या किसी देश के लिए तब तक वरदान होती है, जब तक वह अपनी सीमा रेखा के पार ना जाए। पार जाने के बाद वह धीरे-धीरे अभिशाप का रूप लेने लगती है। वर्तमान समय में भारत की जनसंख्या चीन के बाद दूसरे नंबर पर है। हमारे सामने अभी जनसंख्या विस्फोट की बड़ी समस्या है पर विगत 20 वर्षों से पूरे विश्व के उपभोक्ता सामानों के उत्पादक कंपनियां इसे बड़ी पोटेंशियलिटी यानी बड़ी ताकत मानती है,अभी भारत की जनसंख्या अनुमानित 140 करोड़ के लगभग है पर हिंदुस्तान में 2011 की जनगणना के अनुसार भारत में 121 करोड़ जनसंख्या निवास करती है। यह विश्व की जनसंख्या की 17.4प्रतिशत होती है। स्वतंत्रता प्राप्ति के समय की जनसंख्या 36 करोड़ थी, और आज हम 140 करोड़ से कहीं ऊपर जा चुके हैं । आज के उपभोक्तावादी समय में कोई इसे बड़ी समस्या मानने को तैयार नहीं है। राजनेता वोटो की राजनीति के चलते इस पर मौन साधे बैठे हुए है। इसकी तरफ कोई ध्यान भी देने को राजी नहीं है।

मशहूर अर्थशास्त्री माल्थस ने कहा है कि जनसंख्या ज्यामितीय अनुपात में आगे बढ़ती है, और उत्पादन अंक गणित के हिसाब से आगे बढ़ता है। उन्होंने यह कहा है कि जनसंख्या के अत्यधिक बढ़ जाने से उसे महामारी तथा प्राकृतिक विपदा से अपने नियंत्रण में कर लेती है। जनसंख्या के संदर्भ में यह बात सही ही उतरती है। कोरोना ने पूरी वैश्विक जनसंख्या को जिस तरह अपने संक्रमण में लिया था, और लाखों लोगों को मौत के घाट उतारा। ऐसे में अर्थशास्त्री माल्थस की भारत के सन्दर्भ में भविष्यवाणी सच होती दिखाई देती है। वैसे तो भारत में जनसंख्या के विस्फोट के कई कारण हैं, जिनमें जन्म-मृत्यु का असंतुलन, कम उम्र में विवाह, अत्यधिक निरक्षरता,धार्मिक दृष्टिकोण, निर्धनता मनोरंजन के साधनों की कमी, एवं अंधविश्वास हैं पर आज वैश्विक स्थिति में भारत बड़ी उपभोक्ता सामान बनाने वाली कंपनियों के लिए एक बहुत बड़ा और सशक्त आर्थिक स्थिति पैदा करने वाला बाजार है। इस बाजार में आधिपत्य जमाने के लिए बड़ी-बड़ी कंपनियां भारत में तेजी से पैर फैलाने की कोशिश कर रही है। भारत तथा विश्व में होने वाले ब्यूटी कॉन्टेस्ट में भारत की सुंदरियों को विश्व का खिताब जिताने के पीछे उपभोक्तावाद संस्कृति का ही बड़ा हाथ है। इसके पीछे सौंदर्य प्रसाधनों को हिंदुस्तान की जनता को ज्यादा से ज्यादा बेचना भी था। आज हिंदुस्तान की 121 करोड़ जनता को रोजमर्रा के सामान बेचने के लिए देशी विदेशी कंपनियों की होड़ लगी हुई है। भारत में सबसे ज्यादा अमेजॉन विदेशी कंपनी द्वारा भारत में ऑनलाइन सामान बेचने का रिकॉर्ड ही बन गया है। आज इतनी बड़ी जनसंख्या को अनाज तथा भोजन बनाने के सामान को लेकर विश्व की दो बड़ी कंपनियां आमने-सामने हो गई हैं। विदेशी कंपनी अमेज़ान आक्रामक रूप से भारत में अपनी मौजूदगी तथा अस्तित्व को बनाए रखने के लिए तेजी से प्रयासरत है। उसे पूरी आशा है कि वह उभरते हुए मार्केट पर अपना कब्जा बनाए रखेगी। वहीं दूसरी तरफ भारत की बहुत बड़ी कंपनी रिलायंस भी ई-कॉमर्स मार्केटिंग में घरेलू सामानों को बेचने पर अमादा है। दोनों बड़ी कंपनियों में आज बहुत बड़े तनाव की स्थिति आ गई है।

**संजीव ठाकुर**

## फिलीपींस में आवासीय क्षेत्र में आग लगने से चार शिशुओं की मौत

**मनीला।** फिलीपींस के मध्य शहर सेबू में गुरुवार तड़के आवासीय क्षेत्र में आग लगने से चार शिशुओं की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। सेबू सिटी कमांड सेंटर के अनुसार आग स्थानीय समयानुसार सुबह करीब 05:51 बजे लगी। अग्निशमन कर्मियों ने सुबह लगभग 6:15 बजे आग पर काबू पाया। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अधिकारियों ने बताया कि आग में करीब सात घर जलकर खाक हो गए। आग लगने के कारणों का पता लगाने के लिए जांच जारी है।



# आईडीएफ ने अल-शिफा अस्पताल के निदेशक व डॉक्टरों को किया गिरफ्तार




शिफा अस्पताल से 190 मरीजों को दूसरे अस्पतालों में भेजा

**गजा पट्टी,** 23 नवम्बर (एजेंसियां)। इजरायली सुरक्षा बलों (आईडीएफ) ने गजा पट्टी के सबसे बड़े मेडिकल कॉम्प्लेक्स अल-शिफा अस्पताल के निदेशक मोहम्मद अबू सेल्मिया और कुछ अन्य डॉक्टरों को गिरफ्तार कर लिया है। अस्पताल के एक डॉक्टर और मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी सामने आई है।

फिलिस्तीन रेड क्रिसेंट सोसाइटी (पीआरसीएस) ने कहा कि 190 घायल और बीमार लोगों साथ ही उनके साथियों और कई चिकित्सा टीमों को गाजा के शिफा अस्पताल से गाजा पट्टी के दक्षिणी भाग में स्थित अन्य अस्पतालों में ले जाया गया है। 'अल जजीरा' चैनल ने रिपोर्ट में बताया कि अल शिफा अस्पताल के निदेशक डॉ सेल्मिया, कई अन्य 'वरिष्ठ डॉक्टरों', अस्पताल के एक विभाग प्रमुख खालिद अबू समरा के साथ गिरफ्तार किया गया है। इनकी सभी गिरफ्तारी की रिपोर्ट इज़रायली ब्रॉडकास्टिंग अथॉरिटी द्वारा दी है। इसके अलावा अस्पताल निदेशक सेलेम्या के चचेरे भाई अधम अबू सेलेम्या ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में इसकी पुष्टि की गई थी। अल जजीरा ने दक्षिणी गाजा से रिपोर्टिंग में बताया कि अल-शिफा मेडिकल कॉम्प्लेक्स के निदेशक डॉ. सेल्मिया को इजरायली कब्जे वाली सेना ने गिरफ्तार कर लिया है और इससे पहले भी, दो फ़िलिस्तीनी पैरामेडिक्स को आईडीएफ ने गिरफ्तार किया था। यह स्पष्ट तौर पर दिखाई दे रहा है कि गाजा पट्टी के अंदर कोई सुरक्षित नहीं है। गाजा में न ही चिकित्साकर्मी, नागरिक सुरक्षा दल या यहां तक कि पत्रकार भी सुरक्षित नहीं है। हमले आम नागरिक ठिकानों पर भी हो रहे है।

## आईडीएफ ने वेस्ट बैंक में 90 फिलिस्तीनियों को गिरफ्तार किया

**वेस्ट बैंक।** इजरायली सुरक्षा बलों (आईडीएफ) ने बुधवार रात उनके कब्जे वाले वेस्ट बैंक से कम से कम 90 फिलिस्तीनियों को गिरफ्तार किया है, जिनमें से 36 कल्किल्या के अज्जुन गाँव और अर्रूब शरणार्थी शिविर के लोग शामिल हैं। फ़िलिस्तीनी कैदी सोसायटी ने यह जानकारी साझा की है। उसने कहा कि आईडीएफ ने कल रात जिन लोगों को गिरफ्तार किया है उनमें पूर्व कैदी भी शामिल हैं। गौरतलब है कि सात अक्टूबर से कब्जे वाले वेस्ट बैंक में 3,130 फिलिस्तीनियों को गिरफ्तार किया गया है। फिलीस्तीन का इस्लामिक चरमपंथी समूह हमास के पिछले महीने सात अक्टूबर को इजरायल पर रॉकेट से भारी बमबारी की थी और इजरायल के नागरिकों को बंधक बनाकर अपने साथ ले गए थे। इजरायल की ओर से इसी हमास के हमलों का करारा जावब दिया गया और आईडीएफ ने हवाई और जमीनी हमलों से गाजा पट्टी में स्थित हमास के कई ठिकानों को निशाना बनाकर निस्तेनाबूत कर दिया है। इस युद्ध में दोनों पक्षों को काफी नुकसान हुआ है। हमास शासित गाजा में स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि उसने इजरायल-हमास की जंग में मारे गए फलस्तीनियों की विस्तृत जानकारी के साथ गणना फिर से शुरू कर दी है और अभी तक 13,000 से ज्यादा लोग मारे गए हैं। उन्होंने बताया है कि वास्तविक मृतक संख्या इससे अधिक हो सकती है। इसके अलावा 6000 लोग लापता हैं।

चेक राष्ट्रपति पेट्र पावेल ने कहा

## नाटो यूरोप में उच्च तीव्रता वाले संघर्ष की कर रहा तैयारी



**मॉस्को,** 23 नवम्बर (एजेंसियां)। चेक गणराज्य के राष्ट्रपति पेट्र पावेल ने कहा कि चेक गणराज्य सहित सभी नाटो सदस्य रूस को सबसे बड़ा सैन्य खतरा मानते हैं और यूरोप में संभावित उच्च तीव्रता वाले संघर्ष की तैयारी कर रहे हैं। चेक गणराज्य, पोलैंड, स्लोवाकिया और हंगरी के सांस्कृतिक और राजनीतिक गठबंधन, विसेग्राड ग्रुप के देश,बुधवार को प्राग कैसल में वी फोर नेताओं की बैठक के लिए एकत्र हुए।

श्री पावेल ने वी फोर नेताओं के शिखर सम्मेलन के बाद एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, न केवल चेक गणराज्य बल्कि सभी नाटो सदस्य रूस को यूरोप के लिए खतरा मानते हैं। इसका मतलब है कि यथार्थवादी परिस्थितियों में ऐसे युद्ध के लिए तैयारी करने की आवश्यकता है, सभी नाटो सेनाएं संभावित युद्ध की तैयारी कर रही हैं। यूरोप में उच्च तीव्रता वाला संघर्ष। साथ ही, राष्ट्रपति ने कहा कि नाटो ऐसा विकास नहीं चाहता है और संभावित संघर्ष की भविष्यवाणी एक यथार्थवादी चेतावनी है, ऐसा कुछ नहीं जो घटित होना ही है। रूस ने 24 फरवरी 2022 को यूक्रेन में अपना विशेष सैन्य अभियान शुरू किया।

पश्चिमी देशों ने मॉस्को के खिलाफ व्यापक प्रतिबंध लगाकर जवाब दिया, साथ ही कीव के लिए अपना सैन्य समर्थन भी बढ़ाया।रूसी और यूक्रेनी प्रतिनिधिमंडल तब से कई दौर की शांति वार्ता में लगे हुए हैं, लेकिन वार्ता अंततः गतिरोध पर पहुंच गई।

## सुडोकू 6385

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 4 | | 1 | | | 8 | |
| | | | | | 6 | 2 | | 4 |
| | 5 | | | | 7 | 9 | | |
| 4 | | | | | 8 | | | |
| | 9 | | 1 | | 2 | | 6 | |
| | | | 5 | | | | | 7 |
| | | 6 | 7 | | | | 1 | |
| 2 | | 3 | 6 | | | | | |
| | 1 | | | 8 | | 3 | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : शुक्रवार 24 नवम्बर, 2023 कार्तिक शुक्ल पक्ष 12

### राशिफल

मेष - कम समय में अधिक लाभ पाने के विचार में आप फंस सकते हैं। कोर्ट-कचहरी के विषय में न पड़ने की सलाह आपको दी जाती है। स्थायी संपत्ति के काम भी टालना होंगे। मानसिक रूप से आप की एकाग्रता में कमी रहेगी।

वृषभ - आज का दिन लाभ का बना हुआ है। व्यापार में आपको लाभ होगा। संतान के साथ संबंध अच्छे बने रहेंगे। दोपहर के बाद मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी बात को लेकर ज्यादा इमोशनल ना हो।

मिथुन - आज का दिन लाभदायी है। नौकरीमें अधिकारी आपके काम से खुश रह सकते हैं। व्यापार में भी आय बढ़ने की आशा है। पिता और बड़ों के आशीर्वाद से लाभ होगा। दोपहर के बाद मित्रों से लाभ हो सकता है।

कर्क - अधिकारियों के साथ वाणी और व्यवहार में संभलकर चलें। शारीरिक रूप से अस्वस्थता और मानसिक चिंता बनी रहेगी। व्यापार में विघ्न आ सकता है। दोपहर के बाद व्यवसाय के क्षेत्र में आप के लिए परिस्थिति अनुकूल रहेगी।

सिंह - आज क्रोध और वाणी पर संयम बरतने की सलाह आपको दी जाती है। स्वास्थ्य के मामले में संभलकर चलना होगा। सरकार या नियम विरोधी कामों से दूर रहें। मानसिक रूप से व्यग्रता बनी रहेगी।

कन्या - आज का दिन सुख और शांतिपूर्वक गुजार सकेंगे। दैनिक कामों में कुछ ज्यादा ही व्यस्त रह सकते हैं। मन को प्रसन्न रखने के लिए आप मनोरंजन का सहारा लेंगे। दोस्तों के साथ बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है।

तुला - आज आप व्यवसाय बढ़ाने का प्रयास करेंगे। रोजाना की आय बढ़ाने के आपके प्रयास सार्थक हो सकते हैं। व्यापार में धन लगाने की योजना पूरी कर पाएंगे। उचित कारणों पर धन खर्च होगा।

वृश्चिक - साहित्यिक गतिविधियों के लिए आज का दिन शुभ फलदायक है। आप कोई कहानी-कविता लिखने के लिए योजना बना सकते हैं। आज किसी सामाजिक या राजनीतिक चर्चा में भाग ले सकते हैं।

धनु - आज आप हर मामलों में सावधान रहें। माता के स्वास्थ्य में हो रहा परिवर्तन आपके विचारों को नेगेटिव कर सकता है। इससे आपका मन किसी काम में नहीं लगेगा।

मकर - जीवनसाथी से आपका व्यवहार अधिक मधुरतापूर्ण होगा। मित्रों के साथ पर्यटन पर जाने का कार्यक्रम बना पाएंगे। भाइयों के साथ संबंध अच्छे रहेंगे। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। विरोधियों पर विजय प्राप्त होगी।

कुंभ - अपने खर्च पर आपको संयम रखना होगा। क्रोध और वाणी पर नियंत्रण किसी से वाद-विवाद होने से बचाएगा। नकारात्मक विचार आपको परेशान कर सकते हैं। दोपहर के बाद आपके विचारों में स्थिरता दिखाई देगी।

मीन - आज का आप का दिन शुभ फलदायी है। आज आप उत्साही बने रहेंगे। नए काम की शुरुआत करने के लिए समय अच्छा है। परिजनों के साथ समय आनंदपूर्वक गुजरेगा। धार्मिक कामों में खर्च होगा।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## दो हजार से अधिक इजरायलियों, फिलिस्तीनियों को ऑस्ट्रेलियाई वीजा



**कैनबरा,** 23 नवम्बर (एजेंसियां)। इजरायल और हमास के बीच संघर्ष बढ़ने के बाद से दो हजार से अधिक फिलिस्तीनियों और इजरायलियों को अस्थायी ऑस्ट्रेलिया का वीजा दिया गया है। आस्ट्रेलियाई विदेश मंत्री पेनी वोंग ने गुरुवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी। गृह विभाग की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार गत सात अक्टूबर से 20 नवंबर के बीच ऑस्ट्रेलिया से संबंध रखने वाले 2,500 से अधिक फिलिस्तीनियों और इजरायलियों को वीजा दिए गए। इनमें से 860 फिलिस्तीनियों के लिए और 1,793 इजरायलियों के लिए थे। श्री वांग ने कहा कि जाहिर तौर पर इस क्षेत्र में पात्र लोगों के लिए ऑस्ट्रेलियाई वीजा की बहुत मांग है। सरकारी मीडिया ऑस्ट्रेलियन ब्रॉडकास्टिंग कॉर्पोरेशन (एबीसी) के अनुसार इन लोगों को ऑस्ट्रेलियाई सीमा बल और अधिकारियों द्वारा उसी सुरक्षा जांच के अधीन किया गया है जैसा कि किसी भी वीजा आवेदक को इसकी आवश्यकता होगी। समूह को उपवर्ग 600 आगंतुक वीजा जारी किए गए हैं, जो उन्हें तीन से 12 महीने के बीच ऑस्ट्रेलिया में रहने की अनुमति देते हैं।

## अमेरिका में गोलीबारी, भारतीय छात्र की मौत

**न्यूयॉर्क,** 23 नवम्बर (एजेंसियां)। अमेरिकी राज्य ओहियो में गोलीबारी की घटना के बाद सिनसिनाटी विश्वविद्यालय में 26 वर्षीय एक भारतीय डॉक्टरेट छात्र अपनी कार के अंदर मृत पाया गया। ओहियो स्थित डब्ल्यूएलडब्ल्यूटी समाचार चैनल की रिपोर्ट के अनुसार, आदित्य अदलखा सिनसिनाटी के वेस्टर्न हिल्स वायाडक्ट पर गाड़ी चला रहे थे, जब इस महीने की शुरुआत में हुई गोलीबारी में उनके वाहन पर कई बार हमला किया गया। पुलिस ने कहा कि उन्हें अदलखा उस वाहन के अंदर मिला, जो एक दीवार से टकरा गया था, और चालक की तरफ की खिड़की में कम से कम तीन गोलियों के छेद दिखाई दे रहे थे। हैमिल्टन काउंटी कोरोनर कार्यालय ने कहा कि गोलीबारी के बाद यूसी मेडिकल सेंटर ले जाने के दो दिन बाद 11 नवंबर को अदलखा की मृत्यु हो गई।


## सिफर मामले में इमरान की पेशी के आदेश



■ राजनयिक दस्तावेज से संबंधित है सिफर मामला

**इस्लामाबाद,** 23 नवम्बर (एजेंसियां)। पाकिस्तान में गुप्त राजनयिक केबल (सिफर) मामले की सुनवाई कर रहे विशेष अदालत के न्यायाधीश अबुल हसनत जुल्करनैन ने गुरुवार को पाकिस्तान तहरीक ए-इंसाफ (पीटीआई) के अध्यक्ष इमरान खान और पूर्व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी को 28 नवंबर को इस्लामाबाद में संघीय न्यायिक परिसर (एफजेसी) में पेश करने का निर्देश। उल्लेखनीय है कि सिफर मामला राजनयिक दस्तावेज़ से संबंधित है। इसके बारे में संघीय जांच एजेंसी के आरोप पत्र में श्री खान पर आरोप लगाया गया है कि उन्होंने इसे कभी वापस नहीं किया। पीटीआई लंबे समय से इस पर कायम है कि श्री खान को प्रधानमंत्री पद से हटाने के लिए अमेरिका की ओर से धमकी दी गई थी। पूर्व प्रधानमंत्री और उनके सहयोगी श्री कुरेशी मौजूदा समय में सलाखों के पीछे बंद हैं और दोनों को 23 अक्टूबर को इस मामले में दोषी ठहराया गया था, लेकिन उन्होंने खुद को निर्दोष बताया है। अदियाला जेल में मुकदमे पर सुनवाई चल रही है और चार गवाहों ने पहले ही अपने बयान दर्ज कर लिए हैं।

## वर्ग पहेली 6385



**बायें से दायें:-**

१. मधु दैत्य का वध करने वाले श्रीकृष्ण, भौंरा
४. जिसका विरोध न हुआ हो, स्वच्छंद, श्रीकृष्ण के प्रपौत्र
६. लौटना, वापस आना
७. हालत, दशा, आनंद, मजा, रंग
८. झूठ, झूठी बात
१०. फौरन
११. नियम बनाने वाला, व्यवस्थापक, नियंता
१३. पृष्ठ या पन्ने के चारों ओर का प्रायः सादा किनारा
१४. कोमल
१५. चंदन
१७. दया, कृपा (उर्दू)
१९. चेहरे पर का काला धब्बा, ख़िजाब
२१. दर्शन करना, निहारना
२२. किसी दल का गिरोह या प्रधान
२४. मछुआरा

**ऊपर से नीचे:-**

१. फूलों का पराग
२. सूर्य पुत्री, यमुना
३. नया आया हुआ
४. बेहद
५. अपमानित, बदनामी (उर्दू)
९. रूढ़िवादी (उर्दू)
११. व्यर्थ, बेकार, फलरहित
१२. कामदेव
१३. स्थिति, दशा (उर्दू)
१४. कमल
१५. शिव
१६. नाम के अनुरूप
१८. रक्तपान करने वाला
१९. कछुआ
२०. उपाधि, खिताब
२३. दिनांक

### वर्ग पहेली-6384

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ नौ | ज | २ ला | ध्य | ३ क्ष | ■ | ४ पा | की | ५ ज | गी |
| नि | ■ | व | ■ | ६ मा | हि | र | ■ | रू | ■ |
| ७ हा | सि | ल | ■ | या | ■ | ८ प | धा | र | ९ ना |
| ल | ■ | श्क | ■ | १० च | रि | त्र | ■ | ■ | व |
| ■ | ११ ब | र | १२ स | ना | ■ | ■ | १३ उ | त्क | च |
| ■ | चा | ■ | चे | ■ | १४ सं | जी | दा | ■ | ला |
| १५ न | व | १६ जा | त | ■ | प | ■ | १७ र | १८ ह | ना |
| व | ■ | दू | ■ | १९ खि | न्न | २० ता | ■ | सी | ■ |
| २१ ल | वं | ग | ■ | ल | ■ | २२ र | त | ना | २३ र |
| ता | ■ | २४ र | च | ना | त्म | क | ■ | ■ | ण |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

# यक्रेनी हमले में मारी गईं रूसी अभिनेत्री



■ जवानों के लिए दे रहीं थी कार्यक्रम

**मास्को,** 23 नवम्बर (एजेंसियां)। रूसी सैन्य अवकाश के मौके पर कार्यक्रम पेश कर रहीं अभिनेत्री पोलिना मेन्शिख की यूक्रेन के हमले में निधन हो गया है।

अभिनेत्री रूस अधिकृत यूक्रेन के क्षेत्र के एक डांस हॉल में 19 नवंर को 'रूसी सैन्य अवकाश' मनाने के लिए एक शो कार्यक्रम पेश कर रही थीं। इस दौरान हुए हमले में वह घायल हो गयीं और बाद में उन्होंने अस्पताल में दम तोड़ दिया। स्थानीय रिपोर्टों के अनुसार, 19 नवंबर को हमले के दौरान मेन्शिख रूसी सैन्यों के लिए प्रस्तुति दे रही थीं। हमले के दौरान का एक वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड हुआ है, जिसमें अभिनेत्री मंच पर गाते और गिटार बजाती हुई दिखाई देती हैं। उसी दौरान एक विस्फोट हुआ और हॉल की रोशनी बुझ जाती है। इस हमले में घायल सुश्री मेन्शिख बाद में अस्पताल में निधन हो गया। बीबीसी के अनुसार यूक्रेनी सेना के प्रवक्ता ने हमले की मीडिया रिपोर्टिंग की पुष्टि की है। अभिनेत्री से जुड़े सेंट पीटर्सबर्ग स्थित एक थिएटर स्टूडियो पोर्टल ने बताया गया कि उनके द्वारा पहले निर्देशित एक नाटक का आगामी प्रदर्शन उनकी स्मृति को समर्पित किया जाएगा।



## स्पेन में ट्रेड यूनियनों की हड़ताल, हजारों ट्रेनें रद्द

**मेड्रिड,** 23 नवम्बर (एजेंसियां)। स्पेन में ट्रेड यूनियनों के हड़ताल के आह्वान के मद्देनजर राष्ट्रीय रेल नेटवर्क रेनफे ने 1,548 मध्यम और लंबी दूरी की ट्रेनों को रद्द कर दिया है। श्रमिकों के अधिकारों की गारंटी की मांग को लेकर स्थानीय ट्रेड यूनियनों ने 24 और 30 नवंबर तथा 01, 04 और 05 दिसंबर को हड़ताल का आह्वान किया है। हड़ताल में 15,000 श्रमिकों के शामिल होने की उम्मीद है। रेनफे ने ट्रेनों के रद्द किये जाने से प्रभावित यात्रियों को यथासंभव शेड्यूल पर रहने वाली अन्य ट्रेनों के लिए अपने टिकटों का आदान-प्रदान करने की पेशकश की है। यात्री अपना टिकट निःशुल्क रद्द या दूसरी तारीख के लिए बदल भी सकेंगे। स्पेन के परिवहन मंत्री ऑस्कर पुएंते ने मंगलवार को अपना पदभार संभाला है। उन्होंने कहा है कि विवाद के समाधान के लिए यूनियनों के साथ फिर से संपर्क शुरू करेंगे। इससे पहले पूर्व मंत्री की टीम के साथ बैठकें विफल रही थी।

## आज का इतिहास

1675- सिक्खों के नौवें गुरु गुरु तेग़ बहादुर का निधन हुआ।
1759 - इटली में विसूवियस पर्वत शिखर पर ज्वालामुखी विस्फोट हुआ।
1831 - ब्रिटेन के भौतिकशास्त्री माइकल फेरेडे ने बिजली की खोज की।
1832 - दक्षिण कैरोलिना ने अधिसूचना का अध्यादेश पारित किया।
1859 - चार्ल्स डार्विन की 'ऑन द ओरिजिन आफ स्पेशीज' का प्रकाशन।
1871 - राष्ट्रीय राइफल एसोसिएशन का आयोजन किया गया।
1874 - अमेरिका के खोजकर्ता जोसेफ फरवेल ग्लिडन ने वाणिज्यिक रूप से सफल कांटेदार तार का पेटेंट हासिल किया।
1877 - डिप्टी कमिश्नर बनने वाले पहले हिंदुस्तानी कवासाजी जमाशेदजी पेटिगरा का जन्म।
1899- प्रसिद्ध राजनीतिज्ञ एवं राजस्थान के प्रथम मुख्यमंत्री हीरा लाल शास्त्री का जन्म हुआ।
1903 - क्लाइड कोलमैन ने ऑटोमोबाइल इलेक्ट्रिक स्टार्टर का पेटेंट कराया।
1904 - पहला सफल कैटरपिलर ट्रैक का निर्माण किया गया।
1914 - बेनिटो मुसोलिनी को इटालियन समाजवादी पार्टी से बाहर निकला गया।
1926 - प्रख्यात दार्शनिक श्री अरविंदो को पूर्ण सिद्धि की प्राप्ति हुई।
1929- प्रसिद्ध राजनीतिज्ञ तथा बिहार, मध्य प्रदेश एवं उत्तर प्रदेश के राज्यपाल रहे मोहम्मद शफ़ी क़ुरैशी का जन्म हुआ।
1944 - प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता एवं फिल्म निर्देशक अमोल पालेकर का जन-?म हुआ।
1955- इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर और अब कमेंटेटर इयान बॉथम का जन्म हुआ।
1961 - विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्लूएफपी) को संयुक्त राष्ट्र के अस्थायी कार्यक्रम में शामिल किया गया।
1966 - कांगो की राजधानी किंसासा में पहला टीवी स्टेशन खुला।
1976 - पूर्वी तुर्की में ओलादिरन-मुरादी के भूकंप ने कम से कम 4,000 लोगों की जान ली।

**आयोजन** दक्षिण पूर्व एशिया के बाजार में भारत के ज्वार-बाजरा उत्पादों का शोर

# इंडोनेशिया में लगा 5 दिवसीय 'मिलेट मेला'

जकार्ता, 22 नवम्बर (एजेंसियां)। मिलेट यानी ज्वार-बाजरा श्रेणी के उत्पादों को वैश्विक स्तर पर लोकप्रिय बना कर भोजन में जलवायु-अनुकूल अनाज को प्रोत्साहित करने के लिए दक्षिण पूर्व एशियायी देशों के संघ आसियान के लिए भारतीय मिशन ने कृषि मंत्रालय के साथ मिलकर बुधवार को यहां इंडोनेशिया की राजधानी में आसियान-भारत मिलेट्स फेस्टिवल का आयोजन किया है।

इस पांच दिवसीय महोत्सव में भारत के कई स्टार्ट-अप, किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ), निर्यातक और बाजरा उद्यमी भाग ले रहे हैं।

इस उत्सव का उद्देश्य ज्वार-बाजरा, जिसे भारत ने श्री अन्ना कहा जाता है, उसके गुणों और उपयोगिता के बारे में जागरूकता पैदा करना और इसे भोजन के पसंदीदा पसंदीदा भोजन विकल्प के रूप में प्रस्तुत करना है।

■ जलवायु-अनुकूल अनाज को प्रोत्साहित करने की कोशिश

आसियान में भारत के राजदूत जयंत खोबरागड़े ने यहां विशेष रूप से आयोजित भारतीय नृत्य और संगीत कार्यक्रम के बीच महोत्सव के उद्घाटन के बाद अपनी प्रारंभिक टिप्पणी में कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस साल 7 सितंबर को आसियान-भारत शिखर सम्मेलन और पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में भाग लिया और उसमें अपनाए



गए संयुक्त बयानों में से एक खाद्य सुरक्षा पर था, और देखिए, उसके बाद दो महीने में ही हम बाजरा उत्सव मना रहे हैं जिसमें खाद्य सुरक्षा का विषय भी शामिल है । यह दर्शाता है कि हमारी व्यापक रणनीतिक साझेदारी कितने प्रभावी ढंग से काम कर रही है।,

उद्घाटन समारोह में इंडोनेशिया की राष्ट्रीय खाद्य एजेंसी के प्रतिनिधि एरीफ प्रासेत्यो आदि ने कहा कि आसियान-भारत मिलेट्स महोत्सव पोषण और पर्यावरणीय दशाओं से लेकर आर्थिक विकास तक ज्वार-बाजरा श्रेणी के उत्पादों के लाभों के बारे में जागरूकता बढ़ाने का महत्वपूर्ण अवसर है।

भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण विभाग में अतिरिक्त सचिव डॉ. मनिंदर कौर द्विवेदी ने कहा, चूंकि मिलेट्स कोई एक एकल फसल नहीं हैं बल्कि और बहुत ही विविधता वाली विभिन्न फसलों का एक समूह है, जिसमें एक सामान्य विशेषता है कि ये फसले जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों का सामना करने में सहायक, कृषकों के साथ-साथ उपभोक्ताओं के लिए भी स्वस्थ फसल हैं, ज्वार-बाजार श्रेणी की फसलों की खेती दुनिया भर के सभी क्षेत्रों में पर्याप्त मात्रा में पोषण प्रदान कर सकते हैं।'' इस कार्यक्रम में ज्वार-बाजार के बाजार में काम कर रहे भारतीय उद्यमियों के अलावा, कई इंडोनेशियाई फर्मों ने भी भाग लिया है।

## दुनिया को जानें

# चीन में बड़े पैमाने पर निमोनिया का शिकार हो रहे हैं बच्चे : रिपोर्ट

**बीजिंग**, 23 नवम्बर (एजेंसियां)। चीन में बड़े पैमाने पर बच्चे निमोनिया का शिकार हो रहे हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार, इससे देश के बाल चिकित्सा अस्पतालों में भारी भीड़ है। इस बीमारी का कारण अभी पता नहीं चल पाया है। बच्चों में मुख्य रूप से तेज बुखार सहित कई लक्षण दिखाई दे रहे हैं, कुछ बच्चों में फुफ्फुसीय नोड्यूल विकसित हो रहे हैं। अभी तक ऐसा कोई संकेत नहीं मिला है कि संक्रमण घातक है। इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर इंफेक्शियस डिजीज की ऑनलाइन रिपोर्टिंग प्रणाली प्रोमेड मेल पर एक पोस्ट में कहा गया, %%ये रिपोर्टें 2019 के अंत में वुहान में एक रहस्यमय निमोनिया के प्रकोप की शुरुआती रिपोर्टों के समान हैं, जिसने कोविड -19 की शुरुआत की, जिससे माता-पिता सवाल करने लगे कि क्या अधिकारी महामारी को कवर कर रहे हैं। इसमें कहा गया है कि चीन में निमोनिया के प्रकोप ने बीजिंग, लियाओनिंग और अन्य स्थानों के बाल चिकित्सा अस्पतालों को बीमार बच्चों से भर दिया है। स्कूल और कक्षाएं भी निलंबित होने की कगार पर हैं।

# खेल जगत

## राशिद खान पीठ की चोट के कारण बीबीएल 13 से हटे



**एडिलेड,** 23 नवंबर (एजेंसियां)। एडिलेड स्ट्राइकर्स को इस खबर से झटका लगा है कि अफगानिस्तान के लेग स्पिनर राशिद खान पीठ की चोट के कारण आगामी बिग बैश लीग (बीबीएल) सीजन 13 से हट गए हैं, जिसके लिए मामूली सर्जरी की आवश्यकता है। स्ट्राइकर्स ने गुरुवार को घोषणा की कि राशिद को मामूली ऑपरेशन की आवश्यकता है और वह सीज़न से हट गए हैं। एडिलेड स्ट्राइकर्स के महाप्रबंधक (क्रिकेट) टिम नीलसन ने कहा कि यह एडिलेड स्ट्राइकर्स टीम के लिए एक बड़ी क्षति है। नीलसन ने कहा, राशिद स्ट्राइकर्स का एक प्रिय सदस्य और एक प्रशंसक पसंदीदा है जो सात साल से हमारे साथ है, इसलिए इस गर्मी में उसकी बहुत याद आएगी। रशीद को एडिलेड और स्ट्राइकर्स से प्यार है, और हम जानते हैं कि वह बीबीएल में खेलना कितना पसंद करते हैं, और हम उनका समर्थन करते हैं क्योंकि खेल में उनकी दीर्घकालिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए उनके पास इस चोट का इलाज है।

# हम इस बार जू. महिला हॉकी विश्व कप में पदक जीतने की पूरी कोशिश करेंगे : प्रीति

■ सत्येन्द्र पाल सिंह



■ हमें जू. महिला हॉकी एशिया कप जीतने से बहुत आत्मविश्वास मिला
■ शिविर में हममें से हर किसी ने जानी अपनी भूमिका

नई दिल्ली, 23 नवंबर (देशबन्धु)। प्रीति की अगुआई में भारत की जूनियर महिला टीम मुंबई से 29 नवंबर से 10 दिसंबर तक सेंटियागो (चिली) में होने वाले एफआईएच जूनियर महिला हॉकी विश्व कप 2023 में शिरकत करने के लिए सांतियागो रवाना हो गई। ऋतुजा डडासो पिसल भारतीय जूनियर महिला टीम की उपकप्तान होंगी। भारत की जूनियर महिला टीम पूल सी में 2022 की उपविजेता जर्मनी, बेल्जियम और कनाडा के साथ पूल सी में है। मौजूदा चैंपियन नीदरलैंड पूल ए में दक्षिण अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया और मेजबान चिली के साथ है। अर्जेंटीना, दक्षिण कोरिया व जिम्बाब्वे पूल बी में जबकि इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, अमेरिका और जापान पूल डी में हैं। भारतीय जूनियर महिला टीम अपने अभियान का आगाज कनाडा के खिलाफ 29 नवंबर को मैच से करने के बाद 30 नवंबर को जर्मनी और 2 दिसंबर को पूल सी में अपने लीग मैच में बेल्जियम से भिड़ेगी। भारतीय जूनियर टीम की निगाहें सबसे पहले अपने पूल सी में शीर्ष पर रहकर क्वार्टर फाइनल में स्थान बनाने पर रहेंगी।

भारत की कप्तान फुलबैक प्रीति सोनीपत (हरियाणा ) की हैं। पहलवान पिता की बेटी प्रीति ने छठी कक्षा में हॉकी थामी और शुरू में भारत की पूर्व कप्तान प्रीतम रानी सिवाच की अकादमी में अपने हॉकी कौशल को निखारा। भारतीय जूनियर टीम के सांतियागो रवाना होने से पहले टीम की कप्तान प्रीति ने कहा, %जूनियर हॉकी विश्व कप जैसे विश्व मंच पर अपने देश की नुमाइंदगी करना वाकई गर्व की बात है। मेरे लिए इससे भी बड़े गर्व की बात यह है कि मैं महिला हॉकी जूनियर विश्व कप में प्रतिभाशाली भारतीय खिलाडि़यों की टीम का नेतृत्व कर रही हूं। हमारी जूनियर टीम के पास दुनिया के सामने भारतीय हॉकी की ताकत को दिखाने का मौका है। हमें दक्षिण कोरिया को जूनियर महिला हॉकी एशिया कप के फाइनल में 2-1 से हराकर खिताब जीतने से हमारा आत्मविश्वास मिला और इसी लय के साथ जूनियर महिला हॉकी विश्व कप में शिरकत करना चाहते हैं। इस बार हमसे सभी सांतियागो (चिली) में जूनियर महिला हॉकी विश्व कप में पदक जीतने की उम्मीद कर रहा है और हम इन उम्मीदों पर खरा उतरने की पूरी कोशिश करेंगे। हमारा शिविर बहुत बढिया़ रहा । शिविर में हमारी टीम की हर खिलाड़ी जान पाई कि भारत को जूनियर महिला हॉकी विश्व कप जीतना है तो उसकी भूमिका क्या होगी। हम जूनियर महिला हॉकी विश्व कप में शिरकत करने को लेकर खासे रोमांचित हैं।हमारी टीम जूनियर टीम ने 2013 में जूनियर महिला हॉकी विश्व कप में कांसा जीता था। 2021 में पोशेफस्ट्रूम (दक्षिण अफ्रीका ) के जूनियर हॉकी विश्व कप में में हमारी जूनियर टीम इंग्लैंड से निर्धारित समय में 2-2 की बराबरी के बाद शूटआउट 0-3 से हारकर कांस्य जीतने से चूक गई और तब मैं टीम में बहुत छोटी थी और मुझे मात्र एक मैच खेलने को मिला था। मेरा मानना है कि हम अतीत में आखिरी मिनट में अपनी एकाग्रता कुछ खोते रहे हैं और इस असर मैच के नतीजे पर पड़ता है। हमने इस साल यही सबक सीखा है कि आखिरी सीटी बजने तक खेल खत्म नहीं होता है और मैच में आखिरी क्षण तक पूरे जोश और जज्बे से खेलने की जरूरत है। हमने इसके लिए बढिया़ तैयारी की और अपने कोच तुषार खांडकर के मार्गदर्शन मे हमारे अभ्यास सत्र खासे बढिया़ रहे। हमने कम समय में कोच तुषार सर के साथ टीम के स्ट्रक्चर और अपना कौशल बेहतर करने पर खासी चर्चा की। हम अपने खेल को बेहतर करने में जुटी हैं।'

भारत की कप्तान फुलबैक प्रीति अब भारतीय जूनियर टीम महिला हॉकी टीम की नियमित सदस्य हैं और वह लुसाने में हुए हीरो एफआईएच हॉकी 5 टूर्नामेंट में शिरकत करने वाली भारतीय टीम में शामिल थी। प्रीति जब 13 बरस की थी तब एक जिला स्तरीय टूर्नामेंट में उनके पैर में चोट लगी थी और तब डॉक्टरों ने उन्हें पूरे एक बरस के बेड रेस्ट की सलाह देने के साथ यह उनके फिर कभी हॉकी खेलने पर आशंका जताई थी। वह कहती हैं, %मेरे लिए यह वाकई बहुत मुश्किल समय था और मैं तब बेहद निराश थी। तब मेरे पिता ने मुझे यह संकेत भी नहीं दिया कि मैं फिर कभी नहीं खेल पाउंगी। तब मेरे पिता ने मुझे बस यही कहा था कि यदि मैं हॉकी खेलना चाहूं तो खेल सकती हूं। तब मुझे अपने कोच का बहुत समर्थन मिला और उन्होंने बराबर मुझे प्रेरित किया और तभी फिर हॉकी खेल पाई। जब मैं आठवीं-नौंवी कक्षा में थी तब मैंने हॉकी को और गंभीर से खेलना शुरू कर दिया। मुझे अपनी उपलब्धियों पर फख्र है। जिन्होंने मेरी क्षमता पर सवाल उठाए थे, मैंने उन सभी को जवाब दे दिया । मेरा मानना है कि महिलाएं खेल में बहुत कुछ हासिल कर सकती है। मेरा मानना है कि मैं अन्यों के उदाहरण प्रस्तुत कर सकती हूं जिससे कि और महिलाओं को मेरी जैसी दिक्कत नहीं झेलनी पड़ी।%

अपनी कप्तान प्रीति की बात से इत्तेफाक जताते हुए भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम की उपकप्तान ऋतुजा डडासो पिसल ने कहा, % हमारी टीम में बेहतरीन प्रतिभासम्पन्न खिलाड़ी है। हमारे लिए यह जूनियर विश्व कप दुनिया को यह दिखाने का मौका है कि भारत दुनिया की श्रेष्ठ टीम है। भारतीय जूनियर टीम की उपकप्तान के रूप में मैं प्रीति का हर लिहाज से टीम को जूनियर विश्व कप जिताने का सर्वश्रेष्ठ मौका मुहैया कराने की पूरी कोशिश करूंगी

# चाइना मास्टर्स में लक्ष्य सेन, किदांबी श्रीकांत पहले दौर में बाहर





**शेनझेन** 23 नवंबर (एजेंसियां) भारत के बैडमिंटन स्टार खिलाड़ी लक्ष्य सेन, किदांबी श्रीकांत और प्रियांशु राजावत पुरुष बुधवार को एकल राउंड अपने-अपने मुकाबले हारकर बीडब्ल्यूएफ सुपर 750 टूर्नामेंट चाइना मास्टर्स में हारकर बाहर हो गये।

वहीं महिला वर्ग में रुतुपर्णा पांडा-श्वेतापर्णा पांडा को चीन झांग शू जियान-झेंग यू के खिलाफ हार के साथ महिला युगल में भी भारत की चुनौती समाप्त हो गई।

दुनिया के 17वें नंबर के खिलाड़ी लक्ष्य सेन को सातवीं वरीयता प्राप्त चीन के शि युकी ने 19-21 18-21 से हराया जबकि श्रीकांत को थाईलैंड के कुनलावुत विदितसवर्ण के हाथों 15-21 21-14 13-21 से हार का सामना करना पड़ा।

सेन का खराब फॉर्म जारी है उन्हें बीडब्ल्युएफ वर्ल्ड टूर प्रतियोगिताओं में लगातार सातवीं बार पहले दौर में बाहर होना है वहीं श्रीकांत विश्व टूर पर लगातार तीसरी बार पहले दौर में बाहर हुए। वह इस सत्र में चार बार क्वार्टरफाइनल में पहुंचे।

इस बीच, प्रियांशु राजावत को भी जापान के केंटा निशिमोतो के खिलाफ 46 मिनट तक चले मुकाबले में 21-17, 21-14 से हार का सामना करना पड़ा।

रुतुपर्णा पांडा-श्वेतापर्णा पांडा की जोड़ी झांग शु जियान-झेंग यू की चीनी जोड़ी से केवल आधे घंटे में 15-21, 9-21 से हार गयी।

पुरुष एकल में एचएस प्रणय और पुरुष युगल में चिराग शेट्टी-सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी गुरुवार को अपना मुकाबले में स्पर्धा करेंगे।

# ग्रीक ओलंपिक चैंपियन स्टेफानोस डुस्कोस पेरिस 2024 के पहले मशाल वाहक होंगे



**एथेंस,** 23 नवंबर (एजेंसियां)। हेलेनिक ओलंपिक समिति (एचओसी) ने कहा कि टोक्यो 2020 रोइंग स्वर्ण पदक विजेता ग्रीस के स्टेफानोस डुस्कोस 2024 पेरिस ओलंपिक खेलों के पहले मशाल वाहक होंगे।

ओलंपिक मशाल रिले पेरिस 2024 का विवरण, जो 16 से 26 अप्रैल, 2024 तक ग्रीस में होगा, हेलेनिक ओलंपिक समिति द्वारा बुधवार को अपने मुख्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में प्रस्तुत किया गया।

एचओसी ओलंपिक मशाल रिले आयोग के अध्यक्ष, डुस्कोस पहले मशाल वाहक होंगे, जबकि लौ को टोक्यो 2020 के रजत पदक विजेता जियानिस फाउंटुलिस के नेतृत्व में पुरुषों की राष्ट्रीय वाटर पोलो टीम द्वारा पैनाथेनिक स्टेडियम तक ले जाया जाएगा, जहां इसे एचओसी के अध्यक्ष स्पाइरोस कैप्रालोस को सौंप दिया जाएगा, जो इसे पेरिस ओलंपिक आयोजन समिति को सौंप देंगे।

प्राचीन ओलंपिया में 16 अप्रैल को ज्योति प्रज्ज्वलित की जाएगी और यह ग्यारह दिवसीय यात्रा की शुरुआत का प्रतीक है। लगभग 600 मशाल वाहक ओलंपिक मशाल को ग्रीक क्षेत्र से लेकर जाएंगे, जो 41 नगर पालिकाओं में 5000 किलोमीटर से अधिक की दूरी तय करेगा और 26 अप्रैल 2024 को पैनाथेनिक स्टेडियम में समाप्त होगा, जहां आधुनिक खेलों को पुनर्जीवित किया गया है।

ओलंपिक लौ का मार्ग चार मुख्य उद्देश्यों को पूरा करने के लिए डिज़ाइन किया गया है, यानी, पूरे ग्रीस को कवर करना, देश के चार छोरों को जोड़ना, क्रेते से अलेक्जेंड्रोपोली और कोर्फू से कस्टेलोरिज़ो तक।

- हमारे इतिहास और संस्कृति (प्राचीन एलिस, माइसीने, नोसोस, डेल्फी, प्राचीन फिलिपी, वेर्गिना, सौनियो, एक्रोपोलिस) के खजाने को उजागर करते हुए, सबसे महत्वपूर्ण पुरातात्विक स्थलों को बढ़ावा देना।
- ग्रीस की सुंदरता को बनाने वाले प्रतिष्ठित परिदृश्यों को प्रदर्शित करने के लिए (मेथोनी, नेफप्लियो, सेंटोरिनी, मेटियोरा)।
- अंत में, उद्देश्य उस ऐतिहासिक अतीत का सम्मान करना है जो फ्रांस और ग्रीस को जोड़ता है, एक ऐसी कहानी जो वर्षों में एक बहुत मजबूत दोस्ती में विकसित हुई। फ्रांस मुख्य रूप से 1821 की यूनानी क्रांति से जुड़ा है, जिसने यूनानी लोगों के प्रति सहानुभूति और समर्थन की एक बड़ी लहर जगाई।

# कभी नहीं सोचा था कि मेरी विश्व कप यात्रा सिर्फ एक मैच खेलने के साथ समाप्त हो जाएगी : अश्विन



**नई दिल्ली,** 23 नवंबर (एजेंसियां)। अनुभवी भारतीय ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने कहा है कि उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि उनकी विश्व कप यात्रा सिर्फ एक मैच खेलने के साथ समाप्त हो जाएगी। अश्विन ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपने घरेलू मैदान - चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में भारत का पहला लीग मैच खेला, जिसमें उन्होंने अपने निर्धारित दस ओवर के कोटे में 34 रन देकर एक विकेट लिया।

अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, कभी नहीं सोचा था कि विश्व कप में मेरी दौड़ चेन्नई में एक मैच खेलने के बाद खत्म हो जाएगी, क्योंकि मैं अच्छी लय के साथ गेंदबाजी कर रहा था। धर्मशाला में न्यूजीलैंड के खिलाफ मेरी वापसी होनी थी, हार्दिक को दिल तोड़ने वाली चोट लगी थी। हार्दिक पांड्या एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी थे समझिए क्योंकि हमारे पास उनकी जगह लेने के लिए कोई ऑलराउंडर नहीं था।

अश्विन ने भारत के खिलाफ एकदिवसीय विश्व कप फाइनल में ऑस्ट्रेलिया की जीत की सराहना की और इसका श्रेय बैगी ग्रीन्स के रिकॉर्ड-विस्तारित छठे खिताब को अहमदाबाद में नरेंद्र मोदी स्टेडियम में शिखर मुकाबले में दिखाए गए उनके असाधारण सामरिक कौशल को दिया। लीग चरण के पहले दो मैचों में हार के बाद, ऑस्ट्रेलिया ने भारत के खिलाफ फाइनल में पहुंचने के लिए लगातार आठ मैच जीते, फ़ाइनल उन्होंने ट्रैविस हेड की 137 रनों की मास्टरक्लास पारी की बदौलत छह विकेट से जीता।

अश्विन फाइनल में पैट कमिंस के सामरिक मास्टरक्लास से बहुत प्रभावित हुए क्योंकि कमिंस ने श्रेयस अय्यर और विराट कोहली के दो महत्वपूर्ण विकेट लिए।

अश्विन ने कहा, फ़ाइनल कमिंस द्वारा एक सामरिक मास्टरक्लास था, उनके पास एक ऑफ-स्पिनर के समान 4-5 क्षेत्ररक्षण सेटअप था, जो स्टंप लाइन को हिट करता था - उन्होंने बल्लेबाजों को ड्राइव करने की अनुमति नहीं देते हुए स्टंप लाइन की ओर 6 मीटर के निशान में केवल 3 गेंदें फेंकी - उन्होंने बिना मिड-ऑफ के ऑल-ओवर गेंदबाजी की, जो एक मास्टरक्लास है।

अश्विन को भी उम्मीद थी कि ऑस्ट्रेलिया परंपरा पर कायम रहेगा और पहले बल्लेबाजी करेगा, लेकिन उन्होंने अपने फैसले से सभी को चौंका दिया। उन्होंने कहा कि टॉस के लिए ऑस्ट्रेलिया की पसंद पिच की काली मिट्टी के विश्लेषण पर आधारित थी, जो शाम को बल्लेबाजी के लिए अनुकूल होती है।

मैं स्पष्ट कर दूं, ऑस्ट्रेलिया नियति या भाग्य के कारण नहीं जीता। फाइनल में वे सामरिक रूप से उत्कृष्ट थे। मैंने फ़ाइनल में उनके प्रदर्शन को अत्यंत आकर्षण के साथ देखा। ऑस्ट्रेलिया और पैट कमिंस ने मुझे धोखा दिया। मैंने सोचा था कि अगर ऑस्ट्रेलिया टॉस जीतता है तो वह पहले बल्लेबाजी करेगा, क्योंकि ऐतिहासिक रूप से, टॉस जीतना और बल्लेबाजी करना% ऑस्ट्रेलियाई परंपरा रही है। फाइनल के लिए इस्तेमाल किया गया विकेट अहमदाबाद की धरती का नहीं, बल्कि ओडिशा का था। अश्विन ने कहा, यह उस तरह का विकेट था जो ज्यादा नहीं टूटेगा। पहले बल्लेबाजी करने के लिए कहे जाने के बाद भारत 240 रन का स्कोर खड़ा करने में सफल रहा क्योंकि ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज कड़ी लाइन और ऑफ के बाहर अच्छी लाइन लेंथ के साथ शीर्ष पर थे।

ऑस्ट्रेलियाई तेज़ गेंदबाज़ तिकड़ी ने सात विकेट लिए, जिनमें से तीन मिचेल स्टार्क को और दो-दो विकेट कमिंस और जोश हेज़लवुड को मिले। पावरप्ले में लाए गए ग्लेन मैक्सवेल रोहित शर्मा का अहम विकेट लेने में कामयाब रहे, जिन्होंने एक बार फिर भारत को रोमांचक शुरुआत दी।

अश्विन ने मैच के बाद ऑस्ट्रेलिया के मुख्य चयनकर्ता जॉर्ज बेली के साथ अपनी बातचीत को भी याद किया और कहा, मेरी पारी के मध्य के दौरान जॉर्ज बेली के साथ बातचीत हुई थी, मैंने उनसे पूछा कि आप लोग हमेशा की तरह पहले बल्लेबाजी क्यों नहीं करते - उन्होंने जवाब दिया, हमने यहां आईपीएल और द्विपक्षीय श्रृंखलाएं बहुत खेली हैं - लाल मिट्टी विघटित होती है लेकिन काली मिट्टी नहीं और यह रोशनी के नीचे बेहतर हो जाती है - लाल मिट्टी पर ओस का कोई प्रभाव नहीं पड़ता है लेकिन काली मिट्टी में दोपहर में अच्छा मोड़ आता है और फिर रात में यह कंक्रीट

## सार संक्षेप

### भारतीय टीम ने एशियाई पैरा तीरंदाजी चैम्पियनशिप में चार स्वर्ण सहित कुल नौ पदक जीते

**बैंकाक।** एशियाई पैरा तीरंदाजी चैम्पियनशिप में भारत के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चार स्वर्ण, चार रजत और एक कांस्य पदक के साथ कुल नौ पदक हासिल किये है। थाईलैंड की राजधानी बैंकाक में बुधवार को हुई चैंपियनशिप में दुनिया में पांचवीं वरीयता वाले भारत के राकेश कुमार ने स्वर्ण पदकों की हैट्रिक लगाई। राकेश और सूरज सिंह ने पुरूषों के कंपाउंड वर्ग में चीनी ताइपै के पुंग हुंग वू और चिह चियांग चांग को 147.144 से हराकर टीम स्पर्धा का स्वर्ण जीता। राकेश ने शीतल देवी के साथ इंडोनेशिया के टी आडी आयुडिया फेरेली और केन एस को 154.149 से हराकर मिश्रित टीम वर्ग में भी स्वर्ण हासिल किया। वहीं महिला कंपाउंड ओपन टीम में शीतल और ज्योति ने कोरिया की जिन यंग जियोंग और ना मि चोइ को 148.137 से हराकर स्वर्ण हासिल किया। भारत ने महिला रिकर्व टीम फाइनल, पुरूष रिकर्व युगल, पुरूष रिकर्व डब्ल्यूवन युगल में रजत पदक जीता। सरिता ने महिला कंपाउंड व्यक्तिगत वर्ग में कांस्य जीता। चैम्पियनशिप में भारत नौ पदकों साथ शीर्ष पर रहा वहीं दक्षिण कोरिया की टीम तीन स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य जीतकर दूसरे स्थान पर रही।

### डेविड लॉयड ने पाकिस्तान के कप्तान के रूप में बाबर के इस्तीफे का समर्थन किया

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर डेविड लॉयड ने बाबर आजम के सभी प्रारूपों में पाकिस्तान की कप्तानी छोड़ने के फैसले का समर्थन किया और कहा कि 29 वर्षीय खिलाड़ी को अपनी बल्लेबाजी पर अधिक ध्यान देना चाहिए। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने भारत में आईसीसी पुरुष एकदिवसीय विश्व कप में टीम की हार पर बाबर को पद छोड़ने के लिए कहा, जिसे उन्होंने पीसीबी प्रमुख जका अशरफ के साथ बैठक के बाद स्वीकार कर लिया। लॉयड ने मैदान पर कप्तानी की भूमिका को सरल पहलू के रूप में रेखांकित किया, जबकि राजनीतिक पहलुओं से निपटना और हार से होने वाले नतीजे अराजक हो सकते हैं।

# माही मार रहा है! रांची में एक हफ्ते में दूसरी बार टूट गया धोनी का वह यादगार रिकॉर्ड



**रांची,** 23 नवंबर (एजेंसियां)। माही मार रहा है ! क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी के बारे में यह मुहावरा रांची के स्कूली टूर्नामेंट में उनकी जिस यादगार पारी के बाद गढ़ा गया था, उसका रिकॉर्ड टूट गया है। वह भी एक हफ्ते में दूसरी बार।

17 नवंबर को रंजीत एवं प्रखर और इसके बाद 22 नवंबर को तीर्थ एवं मनीष नाम के किशोर क्रिकेटरों की जोड़ियों ने धोनी और उनके पार्टनर शब्बीर का रांची के मैदान पर बनाया गया 28 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया है।

दरअसल, धोनी ने क्रिकेटर के तौर पर पहली बार लोगों का ध्यान 1995 में तब खींचा था, जब उन्होंने इंटर स्कूल टूर्नामेंट में अपने साथी शब्बीर हुसैन के साथ मिलकर ओपनिंग करते हुए 25 ओवरों में रिकॉर्ड 376 रनों की नाबाद साझेदारी का रिकॉर्ड बनाया था। यह साझेदारी लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज की गई थी। धोनी ने उस मैच में 213 रन और उनके पार्टनर शब्बीर ने 156 रन बनाए थे। धोनी और शब्बीर ने जेवीएम श्यामली स्कूल की ओर से खेलते हुए उस मैच में केंद्रीय विद्यालय हिनू की टीम को बुरी तरह हराया था।

अब रांची में जिला स्तरीय क्रिकेट में रंजीत साव एवं प्रखर यादव नामक किशोर क्रिकेटरों की जोड़ी ने अंडर 14 इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट में पहले विकेट के लिए 459 रनों की साझेदारी का रिकॉर्ड बनाया। ये दोनों रांची के बालगोविंद स्कूल में आठवीं कक्षा के स्टूडेंट हैं। दोनों ने 17 नवंबर को हुए मैच में साईं धुर्वा की ओर से विजडम एकेडमी नामक टीम के खिलाफ खेलते हुए यह रिकॉर्ड बनाया। रणजीत साव 207 और प्रखर यादव 203 रन बनाकर नाबाद रहे।

22 नवंबर को यह रिकॉर्ड एक बार फिर ध्वस्त हुआ। इस बार साईं ब्लू नामक टीम की ओर से खेलते हुए तीर्थ और मनीष ने गोस्वामी सीए (बी) नामक टीम के खिलाफ 460 रनों की साझेदारी का रिकॉर्ड बनाया। मनीष ने 241 और तीर्थ ने 219 रनों की पारी खेली।

## वेस्टइंडीज के पूर्व क्रिकेटर मार्लोन सैमुअल्स पर भ्रष्टाचार रोधी संहिता के तहत छह साल का प्रतिबंध

**दुबई,** 23 नवंबर (एजेंसियां)। वेस्टइंडीज के पूर्व खिलाड़ी मार्लोन सैमुअल्स को एक स्वतंत्र भ्रष्टाचार रोधी न्यायाधिकरण द्वारा अमीरात क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) की भ्रष्टाचार रोधी संहिता के उल्लंघन का दोषी पाए जाने के बाद छह साल के लिए सभी तरह की क्रिकेट से प्रतिबंधित कर दिया गया है। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने गुरुवार को यह जानकारी दी। यह प्रतिबंध 11 नवंबर से प्रभावी होगा। आईसीसी की विज्ञप्ति में कहा गया है कि सैमुअल्स, जिन पर सितंबर 2021 में आईसीसी (ईसीबी कोड के तहत नामित भ्रष्टाचार रोधी अधिकारी के रूप में) द्वारा आरोप लगाया गया था, उन्हें इस साल अगस्त में ट्रिब्यूनल द्वारा चार अपराधों के लिए दोषी पाया गया। एलेक्स मार्शल, जो आईसीसी एचआर और इंटीग्रिटी यूनिट के प्रमुख हैं, ने कहा, सैमुअल्स ने करीब दो दशकों तक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेला, इस दौरान उन्होंने कई भ्रष्टाचार रोधी सत्रों में भाग लिया और जानते थे कि भ्रष्टाचार रोधी संहिता के तहत उनके दायित्व क्या हैं।

यद्यपि वह अब सेवानिवृत्त हो चुके हैं, लेकिन जब अपराध किए गए थे तब सैमुअल्स एक भागीदार थे। छह साल का प्रतिबंध किसी भी प्रतिभागी के लिए एक मजबूत निवारक के रूप में काम करेगा जो नियमों को तोड़ने का इरादा रखता है। सैमुअल्स ने 18 साल की अवधि में वेस्टइंडीज के लिए 300 से अधिक मैच खेले, जिसमें कुल 17 शतक बनाए और यहां तक कि वनडे स्तर पर कैरेबियाई टीम की कप्तानी भी की। उन्होंने पुरुष टी20 विश्व कप के 2012 और 2016 दोनों संस्करणों के फाइनल में शीर्ष स्कोर किया, क्योंकि वेस्टइंडीज ने अपनी दो सबसे हालिया आईसीसी ट्रॉफी जीतीं।

### सुडोकू 6385 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 2 | 4 | 3 | 1 | 9 | 6 | 8 | 5 |
| 1 | 3 | 9 | 8 | 5 | 6 | 2 | 7 | 4 |
| 6 | 5 | 8 | 4 | 2 | 7 | 9 | 3 | 1 |
| 4 | 7 | 1 | 9 | 6 | 8 | 5 | 2 | 3 |
| 3 | 9 | 5 | 1 | 7 | 2 | 4 | 6 | 8 |
| 8 | 6 | 2 | 5 | 3 | 4 | 1 | 9 | 7 |
| 5 | 4 | 6 | 7 | 9 | 3 | 8 | 1 | 2 |
| 2 | 8 | 3 | 6 | 4 | 1 | 7 | 5 | 9 |
| 9 | 1 | 7 | 2 | 8 | 5 | 3 | 4 | 6 |

# अर्थ जगत

**सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| भारती एयरटेल | 1.48 प्रतिशत |
| एचसीएल टेक | 1.18 प्रतिशत |
| विप्रो | 1.16 प्रतिशत |
| टेक महिन्द्र | 0.61 प्रतिशत |
| टीसीएस | 0.48 प्रतिशत |

**सर्वाधिक घटने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| बजाज फाइनेंस | 2.11 प्रतिशत |
| एम एंड एम | 1.91 प्रतिशत |
| अल्ट्रा टेक | 1.37 प्रतिशत |
| बजाज फिनसर्व | 1.05 प्रतिशत |
| टाटा मोटर्स | 1.02 प्रतिशत |

**सर्राफा**

दिल्ली

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

**मुद्रा विनिमय**

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

**अनाज**

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2500-2600 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

**मोटा आनाज**

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

**चावल**

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3640-3740 |
| चीनी एम | 3800-3900 |
| मिल डिलीवरी | 3520-3620 |
| गुड़ | 4300-4400 |

**दाल-दलहन**

| | |
|---|---|
| चना | 6450-6550 |
| दाल चना | 7450-7550 |
| मसूर काली | 7800-7900 |
| उड़द दाल | 10600-10700 |
| मूंग दाल | 9900-10000 |
| अरहर दाल | 10400-10500 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें यथावत

**नई दिल्ली,** 23 नवंबर (एजेंसियां)। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में जारी गिरावट के बीच घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज यथावत रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर पर रहा।



# 'सबसे तेजी से बढ़ रहा है निर्यात'



नई दिल्ली, 23 नवंबर (एजेंसियां)। भारतीय उद्योग जगत 2023 तक दो लाख करोड़ डॉलर के निर्यात लक्ष्य को हासिल करने की रणनीति पर विचार कर रहा है क्योंकि कोविड के बाद भारत के निर्यात में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

भारत की उभरती निर्यात गतिशीलता पर पीएचडी रिसर्च ब्यूरो, पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री द्वारा आज जारी में कहा गया है कि 2021 और 2022 के दौरान निर्यात की वृद्धि क्रमश: 20 प्रतिशत और 9.7 प्रतिशत थी। संगठन ने कहा कि देश 20 प्रमुख निर्यातकों के बीच किये गये सर्वेक्षण के आधार पर यह रिपोर्ट जारी की गयी है। पीएचडी चैंबर के अध्यक्ष संजीव अग्रवाल ने यहां जारी प्रेस बयान में कहा कि सरकार की गतिशील नीति के साथ-साथ निर्यातकों के वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं से जुड़ने के प्रयासों से निर्यात में वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि कोविड-19 महामारी से मजबूत वापसी के बाद पिछले कुछ महीनों के दौरान निर्यात की गति धीमी हो गई थी, हालांकि, अक्टूबर 2023 में निर्यात बढ़ने से वस्तुओं और सेवाओं के निर्यात में एक संक्षिप्त मंदी के बाद महत्वपूर्ण पुनरुद्धार के संकेत दिखाई दे रहे हैं।उन्होंने कहा कि पिछले दस वर्षों के दौरान निर्यात में काफी तेजी आई है, जो वित्त वर्ष 2011 में 375 अरब डॉलर से बढ़कर वित्त वर्ष 2023 में 770 अरब डॉलर हो गया है। अवधि, गतिशीलता, विकेंद्रीकरण, दिशा और आपदा प्रूफिंग के पांच प्रमुख तत्वों के साथ भारत की नई विदेश व्यापार नीति (एफटीपी) 2023 की शुरूआत का उद्देश्य निर्यातकों के लिए एक सक्षम पारिस्थितिकी तंत्र बनाना है। संगठन के कार्यकारी निदेशक डॉ. रणजीत मेहता ने कहा कि यह भारतीय अर्थव्यवस्था के आकार और इसके विनिर्माण और सेवा क्षेत्र के आधार पर विचार करते हुए भारत के निर्यात को बढ़ाएगा। उन्होंने कहा कि एफटीपी 2023 का उद्देश्य प्रत्येक राज्य को वैश्विक व्यापार के साथ एकीकृत करने में सक्षम बनाने के लिए प्रचार और विकास करके वैश्विक बाजारों में भारत की प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाना है, जो भारत के 'आत्मनिर्भर' बनने के दृष्टिकोण के अनुरूप एक कदम है। उन्होंने कहा कि टोगो, नीदरलैंड, ब्राजील, इज़राइल, इंडोनेशिया, तुर्की, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका, सऊदी अरब और बेल्जियम जैसे उभरते उच्च विकास गंतव्य और चीनी एवं मिष्ठान्न, खनिज ईंधन और तेल, एल्यूमीनियम और अन्य वस्तुयें, अकार्बनिक रसायन जैसे उच्च विकास निर्यात वस्तुएं है। जहाज, रबर और ऑप्टिकल, फोटोग्राफिक, चिकित्सा उपकरण भारत की निर्यात वृद्धि को नई ऊंचाई पर पहुंचाएंगे।

रिपोर्ट में कहा गया है कि शीर्ष 10 निर्यात स्थलों ने पिछले पांच वर्षों (वित्त वर्ष 2019 से वित्त वर्ष 2023 औसत) के दौरान लगातार वृद्धि देखी है, जिसमें टोगो (73प्रतिशत), नीदरलैंड (36प्रतिशत), ब्राजील (28प्रतिशत), इज़राइल (27प्रतिशत) शामिल हैं। , इंडोनेशिया (24प्रतिशत), तुर्की (22प्रतिशत), ऑस्ट्रेलिया (20प्रतिशत), दक्षिण अफ्रीका (19प्रतिशत), सऊदी अरब (16प्रतिशत) और बेल्जियम (13प्रतिशत) शामिल है। श्री अग्रवाल ने कहा कि वैश्विक आर्थिक मंदी के बीच इन देशों को निर्यात तेजी से बढ़ रहा है। ये देश भारत के निर्यात के लिए प्रमुख विकास स्थल बन रहे हैं, हालांकि आने वाले समय में निर्यात में और अधिक वृद्धि होनी है। रिपोर्ट के अनुसार शीर्ष 10 अत्यधिक बढ़ती निर्यात वस्तुओं ने पिछले पांच वर्षों (वित्त वर्ष 2019 से वित्त वर्ष 2023 औसत) के दौरान लगातार उच्च वृद्धि देखी है, जिसमें चीनी और कन्फेक्शनरी (43प्रतिशत), खनिज ईंधन और तेल (36प्रतिशत), विद्युत मशीनरी और पार्ट्स (27 प्रतिशत) शामिल हैं। एल्यूमीनियम और वस्तुएं (18प्रतिशत), अकार्बनिक रसायन, कीमती और दुर्लभ धातुएं (16प्रतिशत) विविध रासायनिक उत्पाद (16प्रतिशत), अनाज (14प्रतिशत), लोहा और इस्पात (12प्रतिशत), जहाज, नावें और फ्लोटिंग संरचनाएं (11प्रतिशत), रबर और वस्तुयें (11प्रतिशत) और ऑप्टिकल, फोटोग्राफिक, चिकित्सा उपकरण (10प्रतिशत) शामिल है।

# लैब में बने हीरे की कीमतों में तेज गिरावट



**नई दिल्ली,** 23 नवंबर (एजेंसियां)। पिछले आठ साल में डायमंड उद्योग में बड़े बदलाव देखने को मिले हैं। प्रयोगशाला में तैयार होने वाले हीरे यानी लैब-ग्रोन डायमंड (एलजीडी) की कीमत बहुत तेजी से गिरी है। इस गिरावट के कारण इस सेक्टर में हुआ निवेश खतरे में पड़ गया है।

पहली बार जब वाणिज्यिक रूप से एलजीडी सामने आए थे, तब इन्हें प्राकृतिक हीरे की तुलना में पर्यावरण की दृष्टि से ज्यादा सुरक्षित विकल्प माना गया था। 2016 में 1-कैरेट कृत्रिम हीरे की कीमत प्राकृतिक हीरे की तुलना में बमुश्किल 10 प्रतिशत कम थी। हालांकि 2022 के अंत तक अलग-अलग मैन्यूफैक्चररों के हिसाब से इनकी कीमतों में अंतर 80 प्रतिशत तक हो गया है।

एनालिस्ट पॉल जिमनिस्की और बेन एंड कंपनी के तीन दशक तक चले एक अध्ययन में पता चला है कि पिछले छह साल में एलजीडी की लागत 74 प्रतिशत बढ़ी है, जबकि हल्के उतार-चढ़ाव के साथ लंबी अवधि में प्राकृतिक हीरे की कीमतों में औसतन सालाना 3 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। प्राकृतिक हीरे में किए गए निवेश की कीमत और इनकी सस्टेनेबिलिटी को लेकर नैचुरल डायमंड काउंसिल (एनडीसी) की %डायमंड फैक्ट्स% रिपोर्ट में तस्वीर स्पष्ट की गई है। इस व्यापक रिपोर्ट में डायमंड इंडस्ट्री से जुड़े भ्रमों को दूर किया गया है और यह भी दिखाया गया है कि कैसे सदियों में प्राकृतिक हीरे ने खुद को साबित किया है और ग्राहकों के लिए बेहतर विकल्प साबित हुआ है। पर्यावरण के लिए ज्यादा सुरक्षित होने को लेकर एलजीडी से जुड़े कथित अप्रमाणित दावों ने कीमतों में अंतर को बढ़ाया है। इन हीरों को बनाने में कुछ हफ्ते का समय लगता है। इस प्रक्रिया में बहुत ज्यादा ऊर्जा की जरूरत होती है। इन्हें तैयार करने के लिए जिस तापमान की आवश्यकता होती है, वह सूरज की सतह के करीब 20 प्रतिशत के बराबर होता है। भारत में इन हीरों को बनाने के लिए केमिकल वैपर डिपोजिशन (सीवीडी) तकनीक का प्रयोग किया जाता है।

## चीन का एक्सप्रेस डिलीवरी उद्योग 'तेजी से विकास' से 'उच्च गुणवत्ता वाले विकास' में बदला

**बीजिंग,** 23 नवंबर (एजेंसियां)। चीन का एक्सप्रेस डिलीवरी उद्योग तेजी से विकास से उच्च गुणवत्ता वाले विकास में बदल गया है। चाइना एक्सप्रेस एसोसिएशन के अध्यक्ष कोओ होंगफंग ने कहा कि चीन का एक्सप्रेस डिलीवरी उद्योग तेजी से विकास से उच्च गुणवत्ता वाले विकास की ओर बढ़ रहा है और चीनी एक्सप्रेस डिलीवरी कंपनियों को आधुनिक लॉजिस्टिक्स कंपनियों और व्यापक लॉजिस्टिक्स सेवा प्रदाताओं में अपने परिवर्तन में तेजी लाने की जरूरत है। पांचवां चीन (हांगचो) अंतर्राष्ट्रीय एक्सप्रेस उद्योग सम्मेलन 22 नवंबर को पूर्वी चीन के चच्यांग प्रांत के हांगचो शहर में आयोजित हुआ। सम्मेलन में भाग लेने वालों ने चीन के एक्सप्रेस उद्योग के विकास की प्रवृत्ति के बारे में विश्लेषण किया। इसके साथ, सम्मेलन द्वारा जारी ग्लोबल एक्सप्रेस डिलीवरी डेवलपमेंट रिपोर्ट से पता चला कि चीन का एक्सप्रेस पार्सल व्यवसाय वॉल्यूम वर्ष 2014 के बाद से दुनिया में पहले स्थान पर है। साल 2022 में चीन का एक्सप्रेस पार्सल व्यवसाय वॉल्यूम 1 खरब 10 अरब 58 करोड़ पीस था, जिसमें 10 खरब 56 अरब 67 करोड़ युआन का व्यावसायिक राजस्व था। बताया गया है कि चीन की एक्सप्रेस और पार्सल कंपनियों की ताकत में काफी वृद्धि हुई है। चाइना पोस्ट और एसएफ़ एक्सप्रेस की रैंकिंग दुनिया की शीर्ष 500 कंपनियों में है।

# डीफपेक के खतरे से निपटने के लिए प्रतिबद्ध : वैष्णव



**नई दिल्ली,** 23 नवंबर (एजेंसिां)। संचार एवं इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रोद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने डीपफेक से उत्पन्न मुद्दों पर हितधारकों के साथ चर्चा में डीपफेक को दुनिया भर में लोकतंत्र और सामाजिक संस्थाओं के लिए एक गंभीर खतरा बताते हुये आज कहा कि भारत सरकार प्रौद्योगिकी का उपयोगकर और सार्वजनिक जागरूकता को बढ़ावा देकर डीपफेक के बढ़ते खतरे से निपटने के लिए प्रतिबद्ध है।

श्री वैष्णव ने इस दौरान कहा कि इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई) ने समय-समय पर सोशल मीडिया मध्यस्थों को डीपफेक के खिलाफ शीघ्र कार्रवाई करने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया प्लेटफार्मों के माध्यम से डीपफेक सामग्री के प्रसार ने इस चुनौती को और बढ़ा दिया है। श्री वैष्णव ने डीपफेक पर प्रभावी प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर शिक्षा जगत, उद्योग निकायों और सोशल मीडिया कंपनियों (फेसबुक, एक्स (पूर्व में ट्विटर), व्हाट्सएप, टेलीग्राम, कू, स्नैपचैट आदि) के प्रतिनिधियों के साथ बातचीत की। चर्चा के दौरान इस बात पर सहमति बनी कि सरकार, शिक्षा जगत, सोशल मीडिया कंपनियां और नॉसकॉम संयुक्त रूप से डीपफेक का जवाब देने की दिशा में काम करेंगे। इस बात पर भी सहमति हुई कि अगले 10 दिनों के भीतर कार्रवाई योग्य बिन्दुओं की पहचान की जाएगी। ऐसी सामग्री पोस्ट करने से पहले और बाद में डीपफेक सामग्री का पता लगाया जाना चाहिए। डीपफेक सामग्री के प्रसार को रोकने के लिए एक प्रभावी तंत्र होना चाहिए। प्रभावी और शीघ्र रिपोर्टिंग और शिकायत निवारण तंत्र उपलब्ध होना चाहिए और डीपफेक के मुद्दे पर व्यापक जागरूकता पैदा की जानी चाहिए।

इसके अलावा, तत्काल प्रभाव से इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय डीपफेक के खतरे को रोकने के लिए आवश्यक नियमों का आकलन और मसौदा तैयार करने की प्रक्रिया प्रारंभ करेगा। इसके लिए इलेक्ट्रॉनिक्स मायगाव पोर्ट पर जनता से टिप्पणियाँ आमंत्रित करेगा। चार-स्तंभीय संरचना को अंतिम रूप देने के लिए दिसंबर, 2023 के पहले सप्ताह में संबंधित हितधारकों के साथ एक बैठक फिर से आयोजित की जाएगी।

**सार संक्षेप**

### गो फर्स्ट को एनसीएलटी से 90 दिन की राहत

**नई दिल्ली।** नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल (एनसीएलटी) ने गुरुवार को कॉरपोरेट दिवालियापन समाधान प्रक्रिया के तहत वाडिया के स्वामित्व वाली गो फर्स्ट एयरलाइन के लिए रोक को 90 दिनों के लिए बढ़ा दिया है। एनसीएलटी ने निर्देश दिया कि समाधान योजना को निर्धारित समय अवधि के भीतर पूरा किया जाए, जो 4 फरवरी, 2024 को समाप्त होगी। इस 90-दिन की अवधि में समाधान प्रक्रिया को पूरा करने में विफलता के कारण न्यायाधिकरण कंपनी के परिसमापन का आदेश दे देगा। यह फैसला बंद पड़ी एयरलाइन के लिए एक जीत है, क्योंकि मामले में विमान पट्टे पर देने वाली कंपनी की दलीलें खारिज कर दी गईं। गो फर्स्ट के रेजोल्यूशन प्रोफेशनल ने ट्रिब्यूनल को सूचित किया कि एयरलाइन के लिए एक संभावित बोलीदाता है। उन्होंने यह भी कहा कि ऋणदाताओं की समिति (सीओसी) अब वाहक के लिए अगले कदम पर पुनर्विचार कर रही है।


### रुपया एक पैसे मजबूत

**मुंबई।** आयातकों और बैंकरों की बिकवाली की बदौलत आज अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया एक पैसे की बढ़त लेकर 83.31 रुपए प्रति डॉलर हो गया। वहीं, इसके पिछले कारोबारी दिवस रुपया 83.32 रुपए प्रति डॉलर रहा था। कारोबार की शुरुआत में रुपया एक पैसे सुधरकर 83.31 रुपए प्रति डॉलर पर खुला और इसी स्तर पर बंद भी हुआ। सत्र के दौरान बिकवाली होने से यह 83.30 रुपए प्रति डॉलर के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया जबकि लिवाली के दबाव में यह 83.36 रुपए प्रति डॉलर के निचले स्तर तक लुढ़क गया

### भारत में प्रारंभिक बचपन की शिक्षा में सुधार के लिए उन्नत एआई का उपयोग कर रहा रॉकेट लर्निंग

**नई दिल्ली।** भारत में प्रारंभिक बचपन शिक्षा (ईसीई) में सुधार के लिए, गैर-लाभकारी रॉकेट लर्निंग आंगनबाड़ियों और कम आय वाले परिवारों को नए युग की प्रौद्योगिकियों, जैसे कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और मशीन लर्निंग (एमएल)के साथ बच्चों को उच्च गुणवत्ता वाली प्रारंभिक बचपन शिक्षा प्रदान करने के लिए सशक्त बना रहा है। रॉकेट लर्निंग के सह-संस्थापक और सीटीओ विशाल सुनील के अनुसार, वे माता-पिता और शिक्षकों के लिए गेम-चेंजिंग कोच और मॉडल बनाने के लिए उन्नत एआई को भी एकीकृत कर रहे हैं, इससे लाखों लोगों को प्रभावित करने और देश में सीखने की गरीबी को खत्म करने की क्षमता है। सुनील ने आईएएनएस को बताया कि रॉकेट लर्निंग भारत की पहली सार्वभौमिक प्रारंभिक बचपन देखभाल और शिक्षा प्रणाली स्थापित करने के लिए समर्पित है। उनके अनुसार, अमेज़ॅन वेब सर्विसेज (एडब्ल्यूएस) और क्लाउड टेक्नोलॉजी ने वास्तव में उनके काम करने के तरीके को बदल दिया है।

# शेयर बाजार सपाट




**मुंबई** 23 नवंबर (एजेंसियां)। विश्व बाजार के सकारात्मक रुझान के बीच स्थानीय स्तर पर ऊर्जा, दूरसंचार, धातु, तेल एवं गैस और रियल्टी समेत बारह समूहों में 1.22 प्रतिशत तक की तेजी वहीं आईटी, टेक और हेल्थकेयर समेत आठ समूहों में 1.13 प्रतिशत तक की बिकवाली के दबाव में आज शेयर बाजार मामूली गिरावट के साथ सपाट बंद हुआ।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 5.43 अंक फिसलकर 66017.81 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 9.85 अंक की मामूली गिरावट लेकर 19802 अंक पर रहा। हालांकि दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों में लिवाली हुई, जिससे बीएसई का मिडकैप 0.15 प्रतिशत बढ़कर 33,567.10 अंक और स्मॉलकैप 0.44 प्रतिशत की तेजी के साथ 39,751.07 अंक पर पहुंच गया।

इस दौरान बीएसई में कुल 3844 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2064 में लिवाली जबकि 1636 में बिकवाली हुई वहीं 144 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 25 कंपनियां लाभ और शेष 25 नुकसान में रही।

बीएसई के आठ समूहों में बिकवाली का दबाव रहा। इस दौरान हेल्थकेयर 1.13, इंडिस्ट्रियल्स 0.02, आईटी 0.46, यूटिलिटीज 0.12, कैपिटल गुड्स 0.26, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.44, पावर 0.11 और टेक समूह के शेयर 0.26 गिर गए।

ब्रिटेन के एफटीएसई की 0.01 प्रतिशत की गिरावट को छोड़कर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तेजी का रुख रहा। जर्मनी का डैक्स 0.10, जापान का निक्केई 0.29, हांगकांग का हैंगसेंग 0.99 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.60 प्रतिशत चढ़ गया।

शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 61 अंक की बढ़त के साथ 66,084.37 अंक पर खुला और लिवाली के बाल पर थोड़ी देर बाद ही 66,235.24 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं, बिकवाली के दबाव में यह कारोबार के अंतिम चरण में 65,980.50 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में पिछले दिवस के 66,023.24 अंक के मुकाबले 0.01 प्रतिशत फिसलकर 66017.81 अंक रह गया।

इसी तरह निफ्टी भी 16 अंक बढ़कर 19,828.45 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 19,875.15 अंक के उच्चतम जबकि 19,786.75 अंक के निचले स्तर पर रहा।

इस दौरान सेंसेक्स की गिरावट पर रही कंपनियों में अल्ट्रा सिमको 1.75, एलटी 1.11, टीसीएस 0.59, इंफोसिस 0.55, एनटीपीसी 0.55, टाइटन 0.51, कोटक बैंक 0.36, सन फार्मा 0.36, एशियन पेंट 0.34, पावर ग्रिड 0.31, टेक महिंद्रा 0.21, टाटा मोटर्स 0.18, मारुति 0.10 और हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.03 प्रतिशत शामिल रही।

वहीं, इंडसएंड बैंक 1.16, जेएसडब्ल्यू स्टील 1.05, भारती एयरटेल 0.96, एचडीएफसी बैंक 0.62, विप्रो 0.49, टाटा स्टील 0.48, रिलायंस 0.31, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.17, एसबीआई 0.15, आईटीसी 0.14, आईसीआईसीआई बैंक 0.10, एक्सिस बैंक 0.09 और एचसीएल टेक के शेयरों ने 0.04 प्रतिशत का मुनाफा कमाया।

# मास्टरकार्ड और यू ग्रो कैपिटल ने मिलाया हाथ

**नई दिल्ली,** 23 नवंबर (एजेंसियां)। मास्टरकार्ड ने आज भारत में छोटे व्यवसायों के लिए वित्त संबंधी समाधानों का विस्तार करने के लिए एमएसएमई फाइनेंसिंग में विशेषज्ञता वाली नॉन-बैंकिंग फाइनेंसिंग कंपनी यू ग्रो कैपिटल के साथ हाथ मिलाने की घोषणा की।

कंपनी ने आज यहां कहा कि छोटे व्यवसायों को अपने अस्तित्व को बनाए रखने और काम को बढ़ाने के लिए वित्तीय सहायता की आवश्यकता होती है। भारत में एमएसएमई लंबे समय से कई तरह की जटिल चुनौतियों से जूझ रहे हैं, जिनमें पूंजी तक उनकी सीमित पहुंच भी शामिल है। हालिया रिपोर्टों के अनुसार भारत में 6.40 करोड़ से अधिक एमएसएमई में से केवल 14 प्रतिशत के पास ही ऋण तक पहुंच है।मास्टरकार्ड और यू ग्रो कैपिटल के बीच इस रणनीतिक सहयोग का उद्देश्य भारत में लाखों छोटे व्यवसायों के लिए समग्र डिजिटल सप्लाई चेन फाइनेंसिंग समाधानों को सक्षम करके इस चुनौती का समाधान करना है। यू ग्रो कैपिटल अन्य छोटे व्यापारियों और महिला उद्यमियों के अलावा डीलर-डिस्ट्रीब्यूटर्स और अंतिम खुदरा विक्रेताओं को अल्पकालिक ऋण की पेशकश करने के लिए अपने प्रोपराइटरी अंडरराइटिंग और नकदी प्रवाह समर्थित मूल्यांकन मॉडल का लाभ उठाएगी। अपने विशाल नेटवर्क के माध्यम से मास्टरकार्ड छोटे व्यवसायों के विकास के लिए पर्याप्त सहयोग को संभव करने के लिए मांग और आपूर्ति वाले पारिस्थितिकी तंत्र के हितधारकों को एक आम मंच पर ला रहा है। मास्टरकार्ड के दक्षिण एशिया के मुख्य परिचालन अधिकारी विकास वर्मा ने कहा मास्टरकार्ड एमएसएमई के सामने आने वाली पूंजी तक पहुंच संबंधी महत्वपूर्ण चुनौतियों को समझता है, जिससे उनके व्यवसायों के विकास में बाधा उत्पन्न होती है। क्रेडिट संबंधी अंतर को पाटने के लिए सामूहिक प्रयास की आवश्यकता है।

# सोया रिफाइंड में तेजी

**नई दिल्ली,** 23 नवंबर (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर मांग निकलने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में सोया रिफाइंड महंगा हो गया वहीं अन्य जिंसों में टिकाव रहा।

**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में दिसंबर का पाम ऑयल वायदा 30 रिंगिट फिसलकर 3821 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। वहीं, दिसंबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.06 सेंट की तेजी के साथ 50.54 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में मिलजुला रुख रहा। सोया रिफाइंड तेल 73 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ गया। वहीं, सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव



टिके रहे।

**अनाज :** अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**दाल-दलहन :** चना 6200-6300, दाल चना 7200-7300, मसूर काली 7800-7900, मूंग दाल 9500-9600, उड़द दाल 10700-10800, अरहर दाल 9500-9600 रुपये प्रति क्विंटल रहे।

# दक्षिण पूर्व एशिया के बाजार में भारत के ज्वार-बाजरा उत्पादों का शोर, इंडोनेशिया में 5 दिवसीय 'मिलेट मेला'

**जकार्ता ( इंडोनेशिया ),** 23 नवंबर (वार्ता) मिलेट यानी ज्वार-बाजरा श्रेणी के उत्पादों को वैश्विक स्तर पर लोकप्रिय बना कर भोजन में जलवायु-अनुकूल अनाज को प्रोत्साहित करने करने के लिए दक्षिण पूर्व एशियायी देशों के संघ (आसियान) के लिए भारतीय मिशन ने कृषि मंत्रालय के साथ मिलकर बुधवार को यहां इंडोनेशिया की राजधानी में आसियान-भारत मिलेट्स फेस्टिवल ( ज्वार-बाजरा उत्पाद महोत्सव) का आयोजन किया है। इस पांच दिवसीय महोत्सव में भारत के कई स्टार्ट-अप, किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ), निर्यातक और बाजरा उद्यमी भाग ले रहे हैं। इस उत्सव का उद्देश्य ज्वार-बाजरा, जिसे भारत ने श्री अन्ना कहा जाता है, उसके गुणों और उपयोगिता के बारे में जागरूकता पैदा करना और इसे भोजन के पसंदीदा पसंदीदा भोजन विकल्प के रूप में प्रस्तुत करना है। आसियान में भारत के राजदूत जयंत खोबरागड़े ने यहां विशेष रूप से आयोजित भारतीय नृत्य और संगीत कार्यक्रम के बीच महोत्सव के उद्घाटन के बाद अपनी प्रारंभिक टिप्पणी में कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस साल 7 सितंबर को आसियान-भारत शिखर सम्मेलन और पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में भाग लिया और उसमें अपनाए गए संयुक्त बयानों में से एक खाद्य सुरक्षा पर था, और देखिए, उसके बाद दो महीने में ही हम बाजरा उत्सव मना रहे हैं जिसमें खाद्य सुरक्षा का विषय भी शामिल है । यह दर्शाता है कि हमारी व्यापक रणनीतिक साझेदारी कितने प्रभावी ढंग से काम कर रही है।, उद्घाटन समारोह में इंडोनेशिया की राष्ट्रीय खाद्य एजेंसी के प्रतिनिधि एरीफ प्रासेत्यो आदि ने कहा कि आसियान-भारत मिलेट्स महोत्सव पोषण और पर्यावरणीय दशाओं से लेकर आर्थिक



विकास तक ज्वार-बाजरा श्रेणी के उत्पादों के लाभों के बारे में जागरूकता बढ़ाने का महत्वपूर्ण अवसर है।


भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण विभाग में अतिरिक्त सचिव डॉ. मनिंदर कौर द्विवेदी ने कहा, चूंकि मिलेट्स कोई एक एकल फसल नहीं हैं बल्कि और बहुत ही विविधता वाली विभिन्न फसलों का एक समूह है, जिसमें एक सामान्य विशेषता है कि ये फसले जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों का सामना करने में सहायक, कृषकों के साथ-साथ उपभोक्ताओं के लिए भी स्वस्थ फसल हैं, ज्वार-बाजार श्रेणी की फसलों की खेती दुनिया भर के सभी क्षेत्रों में पर्याप्त मात्रा में पोषण प्रदान कर सकते हैं।'' इस कार्यक्रम में ज्वार-बाजार के बाजार में काम कर रहे भारतीय उद्यमियों के अलावा, कई इंडोनेशियाई फर्मों ने भी भाग लिया है। उनके स्टालों पर बाजरा उत्पादों का प्रदर्शन किया गया है।

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग में संयुक्त सचिव (फसल) श्रीमती शुभा ठाकुर ने कहा, ज्वार-बाजरा को भोजन की थाली में फिर से जगह दिलाने , हमारे आहार में इसे सबसे आगे रखने के लिए, हमें इसकी ब्रांडिंग करने की जरूरत है। हमें इस तरह इसकी ब्रांडिंग करने की जरूरत है कि यह पकाने में आसान है और खाने में अच्छा है।

# श्रीराम हाथकरघा बुनकर सहकारी समिति कटगी में सेवानिवृत्त प्रबंधक ही काबिज है

## न्यायालय के आदेश के बाद भी सहायक को नहीं दिया जा रहा है प्रभार

**कसडोल/बलौदाबाजार**, 23 नवम्बर (देशबन्धु)। जिले के हाथकरघा विभाग अंतर्गत श्रीराम हाथकरघा बुनकर सहकारी समिति मर्यादित कटगी से मौजूदा सेवानिवृत्त प्रबंधक द्वारा प्रभार नही देने का मामला सामने आया है। दरअसल श्रीराम हाथकरघा बुनकर समिति में 70 वर्षीय सेवा निवित्त पुरुषोत्तम देवांगन को सेवानिवृत्त के बाद भी हाथकरधा विभाग के प्रभारी अधिकारी के संरक्षण में पुन: पदभार दिया गया है, जबकि समिति में 15 वर्षो से लक्ष्मीनारायण देवांगन सहायक कर्मचारी के पद पर रहकर कार्य किया जा रहा है, लेकिन लक्ष्मीनारायण देवांगन को नियमों का हवाला देकर बाहर का रास्ता दिखा दिया गया था इससे क्षुब्ध होकर श्री देवांगन ने विगत वर्ष उप पंजीयक सहकारी संस्थायें बलौदाबाजार में पूरे मामले को लगाया था जिस पर काफी समय बाद लक्ष्मी नारायण देवांगन के पक्ष में उप पंजीयक सहकारी संस्थायें बलौदाबाजार के उप पंजीयक सुरेंद्र गोंड ने मामले की सुनवाई करते हुऐ लक्ष्मीनारायण देवांगन के पक्ष को सही माना है। नियम के तहत कार्रवाई करने की बात कही लेकिन अब प्रभार देने में टाल मटौल किया जा रहा है, जिसके कारण श्री देवांगन ने कार्रवाई के लिए कलेक्टर डॉ चंदन कुमार को शिकायत दिया है।



उल्लेखनीय है कि हाथकरघा विभाग के अधिकारी बी आर सेंदरे के द्वारा पीड़ित लक्ष्मीनारायण देवांगन से आपसी मतभेद के कारण रिटायर्ड कर्मचारी को पदभार दे दिया गया है। जबकि विभाग को उप पंजीयक न्यायालय से लक्ष्मीनारायण को पदभार देने का आदेश भी दे दिया मगर श्री सेंदरे न्यायालय के आदेशों की भी अवहेलना करते हुए काम कर रहा है। जिससे परेशान होकर मंगलवार को पीड़ित ने जिले के संवदेनशील कलेक्टर चंदन कुमार को भी शिकायत पत्र देकर न्याय का गुहार लगाया है। विगत दो वर्षों से पदभार नही मिलने के कारण पीड़ित लक्ष्मीनारायण आर्थिक स्थिति से भी जूझ रहे है। पीड़ित लक्ष्मीनारायण देवांगन बताया कि जिला के प्रभारी अधिकारी बी आर सेंदरे द्वारा न्यायालय के आदेशों को दरकिनार करते हुए नियम विरुद्ध कार्य करते हुए प्रबंधक के पद पर सेवा निवृत्त पुरुषोत्तम देवांगन को पदभार दिया गया है।

उक्त प्रकरण में उभयपक्ष का सुनवाई करते हुए 8 नवम्बर 2023 को माननीय न्यायालय बलौदाबाजार भाटापारा ने आदेश पारित किया है जिसमें माननीय न्यायालय ने प्रतिवादी संस्था के प्राधिकृत अधिकारी एवं प्रबंधक को आदेशित किया है कि वादी के सेवा समाप्ति आदेश 5 फरवरी 2022 को विधि विपरित होने से अपात्र करते हुए संस्था की सेवा में बहाल किए जाने का आदेश प्रदान किया है। वही संस्था के प्राधिकृत अधिकारी बी. आर. सेन्दरे का निवास रायपुर में है इसलिए 8 नवम्बर 2023 के आदेश की सूचना फोन द्वारा बताया गया। डाक के द्वारा पत्र प्रेषित भी किया गया है। लेकिन उनके द्वारा इस आदेश का परिपालन नहीं किया जा रहा है और संस्था प्रबंधक पुरुषोत्तम लाल देवांगन एवं संस्था चपरासी सम्मेलाल देवांगन को इस आदेश की कापी को ग्रहण करने के लिए मना कर दिया है।

**इनका कहना है-**

लक्ष्मीनारायण समिति का कर्मचारी नही है, इसलिए उसको पदभार नही दिया जा रहा है, अगर उप पंजीयक न्यायालय से उसने जीता है, तो ऊपरी न्यायालय में अपील किया जाएगा। **-बी आर सेंदरे,** प्रभारी सहायक संचालक, हाथकरघा विभाग, बलौदाबाजार

# खाटू श्याम बाबा के जन्मदिन पर निकली भव्य शोभायात्रा



**बलौदाबाजार,** 23 नवम्बर (देशबन्धु)। श्याम मित्र मंडल बलौदाबाजार ने देव उठनी एकादशी के दिन खांटू श्याम बाबा का जन्मदिवस बहुत ही धूम धाम से मनाया। खांटू श्याम के जन्मदिन के उपलक्ष्य में नगर के बस स्टैंड समीप माहामाया मंदिर से श्याम बाबा के भक्त गणो के द्वारा हाथों में झंडा लेकर नगर भ्रमण कर शोभा यात्रा निकाली गयी। जिसका समापन बजरंग चौक स्थित बजरंग मंदिर में प्रसाद वितरण के साथ हुआ।

इस दौरान भाटापारा से भजन गायक दीपक केशरी ने पूरे रास्ते भजन गायन किया। साथ ही सैकड़ो की संख्या में पुरुष तथा महिलाओं ने श्याम बाबा के जयकारे लगाये। इस विशाल यात्रा में मुख्य रूप से देवेश केशरवानी, शिव शुक्ला, हैप्पी सोनी, बुधराम अग्रवाल, गोपाल केड़िया, राजा तिवारी, प्रभाकर मिश्रा, राज कुमार सोनी, विजेन्द्र केशरवानी, मनोज केड़िया, अनुज केशरवानी, आनंद अग्रवाल, परमेश्वर यदु, गंभीर ठाकुर, सुरेन्द्र जायसवाल, नवल अग्रवाल, मनोज केशरवानी, राजेश केड़िया, विनय गुप्ता, शशि शुक्ला, अक्षर अग्रवाल, कमल केड़िया, उमेश अग्रवाल, संजय सोनी, सतीश साहू, सतीश जायसवाल, सुनील तिवारी, धनेश जायसवाल, राजेश तिवारी सहित बड़ी संख्या में महिलाए भी खाटू श्याम बाबा की भव्य यात्रा में सम्मिलित रही। उल्लेखनीय है कि विशाल यात्रा समाप्ति पश्चात बजरंग चौंक में दोपहर से शाम तक प्रसादी वितरण किया गया।

# अंचल में मनाया गया देवउठनी एवं गौरा-गौरी पूजन

**अर्जुनी/बलौदाबाजार,** 23 नवम्बर (देशबन्धु)। नगर एवं अंचल में आज छोटे दीपावली तुलसी विवाह देवउठनी पर्व मनाया गया। वहीं ग्राम अर्जुनी में भी हर्षोउल्लास के साथ पर्व संपन्न हुआ। यहां के परंपरा के अनुरूप दुर्गा चौक में गौरा-गौरी की स्थापना ग्राम वासियों के द्वारा किया गया था। इस गौरा गौरी की शोभा यात्रा सुबह 11 बजे दुर्गा चौक से निकलकर गांधी चौक, मावली चौक, महामाया चौक, का भ्रमण करते हुए रामसागर (गांव तरिया) तालाब में गौरा गौरी का विसर्जन किया गया। गौरा गौरी विसर्जन कार्यक्रम में नवयुवक एवं नवयुवती द्वारा ढोल बाजे गाजे की धुन में डांस करते हुए देखा गया। पूरे ग्रामवासी इस गौरा गौरी विसर्जन कार्यक्रम में भाग लेकर गौरी गौरा का आशीर्वाद लिया।



रात्रि में सभी घरों में तुलसी पूजा किया गया एवं तुलसी पूजा में गन्ना, केला, चना भाजी, बेर, सिंघाड़ा विभिन्न फलों का चढ़ाया गया तथा कुछ घरों में कामधेनु गायों को यादव भाइयों द्वारा सोहई बांधा गया।

# जगन्नाथ मंदिर के प्रांगण में चल रहा 9 दिवसीय हरिहरात्मक यज्ञ

**नवापारा राजिम,** 23 नवंबर (देशबन्धु)। नौ दिवसीय हरिहरात्मक यज्ञ की ख्याति आसपास के क्षेत्रों में तेजी से फैल रही है। अपने आप में अनूठे इस यज्ञ की ख्याति सर्वत्र हो रही। आज के पहले ऐसा दिव्य आयोजन इस क्षेत्र में पहले कभी नहीं हुआ। दिन प्रतिदिन श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ती ही जा रही है।

द्वारकाधीश भगवान की प्रेरणा एवम दिग्दर्शन से हो रहा आयोजन....ब्रह्मचारी कौशलेंद्र

ब्रह्मचारी कौशलेंद्र ने हमारे प्रतिनिधि से चर्चा करते हुए विस्तार से यज्ञ की समस्त जानकारी साझा करते हुए बताया कि द्वारकाधीश भगवान की प्रेरणा एवम दिग्दर्शन से श्री सुरभि सेवा समिति, पाटोदी जिला गुरुग्राम हरियाणा के ट्रस्टीगण इस आयोजन की समस्त व्यवस्था को सम्हाल रहे हैं। सन 1962 से इस आयोजन की शुरुआत ओंकारेश्वर से हुई जो आज तक अनवरत चल रही है। देश में कुल 52 तीर्थ 12 सहायक तीर्थ है ऐसे ही तीर्थों में आयोजन होता है। छत्तीसगढ़ का प्रयाग राजिम यहां के लोग भक्तिभाव से भरे हुए हैं। हमारे आराध्य को केंवट था कुंभकार बहुत प्रिय है उस समाज को आमंत्रित कर ससम्मान भोजन प्रसादी स्वयं कराते हैं।



शुद्धता एवम पवित्रता तथा पूर्ण वैदिक पद्धति के साथ काशी वाराणसी के 51 ब्राह्मण कर रहे यज्ञ

**चारों दिशाओं में होता है वेदों का पारायण:** पूर्व दिशा में ऋग्वेद, दक्षिण दिशा में यजुर्वेद, पश्चिम दिशा में सामवेद तथा उत्तर दिशा में अथर्ववेद का पारायण प्रात: 4 बजे से प्रारंभ हो जाता है। 18 नवंबर को जलयात्रा, पंचगव्य प्रासन और प्रायश्चित से कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। 19 नवंबर को सभी देवताओं का आह्वान, मंडप प्रवेश, पंचांग प्रवेश पश्चात स्थानीय वैदिक ब्राह्मण, तीर्थ पुरोहित, नगरवासी तथा क्षेत्रवासी ने भंडारे में प्रसादी ग्रहण किया। 20 नवंबर को अरणी मंथन कर अग्नि प्रज्वलित कर आहुति प्रदान की गई। 27 नवंबर को पूर्णाहुति के साथ उक्त आयोजन का समापन होगा। अक्षय नवमीं से श्रीमद भागवत महापुराण का पाठ काशी के मूर्धन्य विद्वान डॉ. बृजेश मणि त्रिपाठी द्वारा किया जा रहा है।

**अखंड भंडारा का आयोजन**

प्रतिदिन यज्ञ स्थल परिसर में ही सभी आम तथा खास श्रद्धालुओं के लिए अखंड शुद्ध भंडारा का आयोजन चल रहा हैं जहां प्रतिदिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु प्रसादी ग्रहण कर रहे हैं। यज्ञ स्थल की परिक्रमा हेतु पुरुष वर्ग धोती दुपट्टा या कुर्ता पायजामा पहनकर ही प्रवेश कर सकते हैं।

# युवा क्लब मोहतरा द्वारा सुवा नृत्य प्रतियोगिता संपन्न

**बलौदाबाजार,** 23 नवंबर (देशबन्धु)। ग्राम मोहतरा (बलौदाबाजार) में युवा क्लब मोहतरा द्वारा सुवा नृत्य प्रतियोगिता 2023 का आयोजन 22 नवम्बर को संपन्न हुआ। जिसमें प्रथम पुरस्कार जय महामाया सुवा परिवार फूटगुना (महासमुंद) ने प्राप्त किया जिसे 12 हजार रूपये युवा क्लब आयोजन समिति द्वारा पुरस्कार देकर सम्मान किया गया। इसी प्रकार द्वितीय पुरस्कार माँ की प्रेरणा सुवा परिवार आरंग को 9 हजार रूपये देकर सम्मान किया गया, तृतीय पुरस्कार 7 हजार रूपया जगमग दीप जले सुवा परिवार चरौदा, चतुर्थ पुरस्कार 5 हजार रूपया जय भोले सुवा परिवार रिसदा, पंचम पुरस्कार लोक लहर सुवा परिवार चरौटी (कोयलारी), छठवां पुरस्कार 4 हजार रूपया कही देबे संदेश सुवा परिवार ससहा को युवा क्लब आयोजन समिति द्वारा प्रदान कर सम्मान किया गया।



प्रथम फूटगुना महासमुंद एवं द्वितीय स्थान आरंग सुवा परिवार ने प्राप्त किया

ग्राम मोहतरा (बलौदाबाजार) में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी देव उठनी के उपलक्ष्य में छत्तीसगढ की पारम्परिक धरोहर सुवा नृत्य प्रतियोगिता युवा क्लब एवं समस्त ग्रामवासी के सहयोग से भव्य आयोजन के साथ संपन्न हुआ। विजेताओं को कार्यक्रम के अतिथि बलदाऊ साहू साहू समाज परिक्षेत्र अध्यक्ष, दिनेश साहू सरपंच रसेडी, सुरेन्द्र साहू निज सचिव विधायक बलौदाबाजार एवं उपाध्यक्ष साहू समाज परिक्षेत्र, राजा राम साहू, भोजराम साहू, लेडगा राम साहू, बेलन साहू, गेंदू राम साहू, द्रोणाचार्य साहू, लेखराम साहू, चेतन साहू, कार्तिक साहू, मुकेश साहू, खिलावन प्रसाद साहू, चोवा निर्मलकर, आदि के हाथों सम्मान किया गया। इस प्रतियोगिता में प्रवेश नि: शुल्क रखा गया था। कार्यक्रम का संचालन खिलावन प्रसाद साहू ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में समस्त ग्रामवासियों का सहयोग सराहनीय रहा।

# कार्तिक पूर्णिमा एवं गुरुनानक जयंती में होगा अखंड जप एवं संकीर्तन

**कसडोल/बलौदाबाजार,** 23 नवम्बर (देशबन्धु)। कार्तिक पूर्णिमा एवम् गुरुनानक जयंती के पावन अवसर पर 27 नवंबर को हटौद नाका बेरियर के पास भगवान का अखंड जप एवम् संकीर्तन कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। उक्त संबंध में आयोजक कृष्ण कुमार मिश्रा अधिवक्ता एवम नोटरी, तथा अशोक कुमार साहू व्याख्याता ने जनकारी दी। मर्यादा पुरुषोत्तम श्री रामचन्द्र जी एवं भक्त वत्सल श्री हनुमान जी कि असीम कृपा से कार्तिक पूर्णिमा एवं गुरुनानक जयंती के शुभअवसर पर 27 नवम्बर सोमवार को प्रात: 6 बजे से सायं 6 बजे तक भगवान नाम का अखण्ड जप एवं संकीर्तन श्रीकृष्ण गोविंद हरे मुरारी, हे नाथ नारायण वासुदेव जप का आयोजन रखा गया है। तत्पश्चात् उसी दिन सायं 6 बजे से हवन कार्यक्रम का आयोजन श्री हनुमान मंदिर हटौद नाका (तिगड्डा पावन धाम, बैगनडबरी, कसडोल) में किया गया है। उन्होंने श्रद्धालु जनों से अपील करते हुए कहा कि अपना अमूल्य समय निकालकर इस भगवान नाम, अखण्ड जप एवं संकीर्तन में शामिल होकर विश्व कल्याण, अलौकिक, अभ्युदय और परलौकिक सुख शांति मे योगदान देवे।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बसना, जिला महासमुंद (छ.ग.)**
**ईश्तहार**
क्रमांक/4065/क/भू./व्यप/अविअ/2023
बसना, दिनांक 22.11.2023

आवेदक सरोज कुमार चौधरी पिता गणेशराम चौधरी जाति अघरिया निवासी ग्राम बिटांगीपाली तहसील बसना जिला महासमुंद के द्वारा ग्राम बिटांगीपाली में स्थित भूमि खसरा नंबर 482/2, 482/3 रकबा क्रमशः 0.04, 0.04 हे. भूमि कृषि मद से भिन्न व्यवसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने हेतु बी-1 नक्शा एवं खसरा के बैनामा के साथ आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक द्वारा आवेदित उक्त भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को आपत्ति/दावा प्रस्तुत करना हो तो इस न्यायालय में दिनांक 07.12.2023 तक स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 22.11.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बसना

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बसना, जिला महासमुंद (छ.ग.)**
**ईश्तहार**
क्रमांक/4061/क/भू./व्यप/अविअ/2023
बसना, दिनांक 22.11.2023

आवेदक नृपराज चौधरी पिता रमेश कुमार चौधरी जाति अघरिया निवासी ग्राम पर्रापाट तहसील बसना जिला महासमुंद के द्वारा ग्राम पर्रापाट में स्थित भूमि खसरा नंबर 8/1, 8/3, 9/1, 3/5 रकबा क्रमशः 0.03, 0.04, 0.07, 0.40 हे. भूमि कृषि मद से भिन्न व्यवसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने हेतु बी-1 नक्शा एवं खसरा के बैनामा के साथ आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक द्वारा आवेदित उक्त भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को आपत्ति/दावा प्रस्तुत करना हो तो इस न्यायालय में दिनांक 07.12.2023 तक स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 22.11.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बसना

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन, प्रक्षेत्र - दुर्ग (छ. ग.)**
**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री के.सी. बेनर्जी आ. स्व.एन. सी. बेनर्जी एवं श्रीमती गौरी बेनर्जी पति स्व.के.सी. बेनर्जी, निवासी-ई.डब्ल्यू.एस.-279, वैशाली नगर भिलाई, जिला-दुर्ग (छ. ग.) को छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, प्रक्षेत्र-दुर्ग द्वारा वैशाली नगर भिलाई में स्थित भवन क्रमांक ई.डब्ल्यू.एस.-279, जिला दुर्ग में आबंटित है। मूल आबंटी श्री के. सी. बेनर्जी की मृत्यु दिनांक 12.06.2014 एवं श्रीमती गौरी बेनर्जी की मृत्यु दिनांक 25.03.2017 तथा उनके पुत्र श्री जयंत बेनर्जी की मृत्यु दिनांक 14.07.2017 को हो चुकी है। आबंटी की मृत्यु उपरान्त उनके वारिस/वारिसानो श्रीमती अर्चना बेनर्जी पति स्व. जयंत बेनर्जी ने आबंटित भवन को अपने नाम पर नामान्तरण हेतु इस कार्यालय में आवेदन किया है। उक्त भवन क्रमांक ई.डब्ल्यू.एस.-279, वैशाली नगर भिलाई, जिला-दुर्ग को श्रीमती अर्चना बेनर्जी के नाम इस शर्त पर नामान्तरण करना न्याय संगत होगा, यदि भविष्य में स्व.के.सी. बेनर्जी एवं स्व. श्रीमती गौरी बेनर्जी के वारिसानो द्वारा किसी प्रकार का कोई दावा किया जाता है, तो उसके लिये मंडल कोई जवाबदार नही होगा। अत: श्रीमती अर्चना बेनर्जी के नाम हस्तान्तरण पर यदि किसी व्यक्ति, वारिसान, शासकीय, अर्धशासकीय बैंक, वृत्तीय निकायों आदि को कोई आपत्ति उजर हो तो, इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति/दावा इस कार्यालय में कार्यालियन समय पर उपस्थित होकर मूल दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत कर सकते हैं। म्याद/अवधि समाप्त हो जाने के बाद प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नही किया जावेगा एवं नामान्तरण की कार्यवाही करने में मण्डल स्वतंत्र रहेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय के मोहर के साथ आज दिनांक 21/11/23 को जारी किया गया।

सील सम्पदा अधिकारी छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल प्रक्षेत्र-दुर्ग (छ. ग.)

# सफाई अभियान का नपा अध्यक्ष ने लिया जायजा

**महासमुंद,** 23 नवंबर (देशबन्धु)। त्यौहार के बाद से शहर में बदहाल हुई सफाई व्यवस्था को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती राशि त्रिभुवन महिलांग पालिका की सफाई टीम के साथ शहर को स्वच्छ बनाने एक बार फिर से जुट गई है। बुधवार से नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती राशि त्रिभुवन महिलांग और सीएमओं टॉमसन रात्रे के निर्देश पर शहर के प्रमुख मार्गों के अलावा शहर के गली मोहल्लों में जाम हुई नालियों और जगह.जगह पर लगे कचरों के ढेर का उठाव पालिका के सफाई कर्मियों ने शुरू कर दिया है। गुरुवार को नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती महिलांग ने शहर में चल रहे सफाई अभियान का जायजा लिया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान सफाई कर्मियों को निर्देश देते हुए कहा कि शहर के मुख्य मार्ग में निर्मित नाले और वार्डों में निर्मित नालियों की बेहतर तरीके से सफाई करें ताकि पानी जाम की स्थिति निर्मित न हो। उन्होंने यह भी निर्देश देते हुए कहा कि अगर सफाई के दौरान किसी नागरिक की कुछ शिकायत आती है तो उसे दूर करने का पूरा प्रयास करें।



# धूमधाम से मनाया गया देवउठनी एकादशी पर्व

**भटगांव/बलौदाबाजार,** 23 नवम्बर (देशबन्धु)। इस साल देवउठनी एकादशी का पर्व 23 नवंबर को मनाया गया। देवउठनी एकादशी को प्रबोधिनी एकादशी या देव उत्थान एकादशी के नाम से भी जाना जाता है। इस दिन जगत के पालनहार श्री हरि विष्णु अपनी चार महीने की योग निद्रा से जागते हैं। इस लिए इस दिन इनकी विशेष पूजा की जाती है। देव उठनी पर्व के मद्देनजर नगर सहित अंचल के लोगों ने माता तुलसी की पूजा कर सुख शांति समृद्धि की कामना की। लोगों ने इस त्योहार में अपने घर के आंगन में तुलसी चौरा को विशेष रूप से सजाकर गन्ने का मंडप सजाया। उसके बाद पारम्परिक ढंग से माता तुलसी का विवाह सालिगराम के साथ रचाया।



इस पर्व के बाद से मांगलिक कार्यों का श्री गणेश होगा। अनेक स्थानों पर महिलाओं ने मां तुलसी के समक्ष विवाह रस्मों के गीतों का गायन किया। लोग सुबह से पूजा के सामाग्री खरीदी में लगे रहे। इस बार लोगों में गन्ने की खरीदी-बिक्री में उत्साह देखा गया। त्योहार सीजन के कारण गन्ने में इसका असर दिखा है। नगर के प्रमुख मार्गों पर गन्ने की दुकानें सजी थी। लोगों ने उत्साह के साथ गन्ने की खरीदी की। त्योहारों में लगने वाले प्रसाद में चनाभाजी, बेर, आंवला, श्रृंगार सामान, कोचाई कांदा, सिंघाड़ा, कमलगट्टा, खोखमा, आदि की बिक्री देर रात तक होती रही। और नगर सहित ग्रामीण अंचल में यह पर्व धूमधाम से मनाया गया।

# देवउठनी में घर-आंगन में तुलसी माता की धूमधाम से पूजा





**नवापारा-राजिम,** 23 नवंबर (देशबन्धु)। गुरूवार को दोनो शहर नवापारा और राजिम सहित समूचे अंचल में देवउठनी (छोटी दीपावली) का पर्व बहुत ही धूमधाम, हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सूर्यास्त के बाद एकादशी का व्रत रखने वाली महिलाएं एवं युवतियां घर-आंगन और मुख्य द्वार में चौक चंदन लगाकर, रंगोली बनाकर दीप प्रज्ज्वलित कर रोशन किया और तुलसी माता की पूजा-अर्चना कर आरती की। देवउठनी पर्व को लेकर सभी वर्ग के लोगो में काफी उत्साह देखा गया। दीपावली में जिस प्रकार से लोगो ने बढ़-चढ़कर इस बार खरीदी किया है कमोवेश देवउठनी में भी ऐसी ही भीड़ सुबह से लेकर शाम तक मार्केट में रही है। लोग अपने सामर्थ्य के मुताबिक ज्वेलरी शॉप पहुंचकर खरीददारी करते रहे अलबत्ता इलेक्ट्रानिक, कपड़ा और दीगर दुकानो में भीड़ न के बराबर रही। क्योंकि लोग दीपावली में बहुत ज्यादा खरीददारी कर चुके थे। देवउठनी में सिर्फ गन्ना की बिक्री बेतहाशा हुई है। पचासो स्थान पर गन्ने का पसरा लगा हुआ था।

देवउठनी को हर शुभ कार्य की शुरुआत के लिए शुभ माना जाता है। देवउठनी एकादशी पर्व को मिनी दीपावली के रूप में मनाए जाने की परम्परा सदियों पुरानी है। विद्वान पंडितों के मुताबिक जितने भी शुभ मुहुर्त वाले कार्य हैं शादी-ब्याह, गृह प्रवेश, लगन, मांगलिक कार्य के लिए सर्वोत्तम होता है। जिसकी शुरूआत आज तुलसी पूजा के साथ हो गई। तुलसी पूजा के समय ग्रामीण क्षेत्रो में आतिशबाजी हुई।

**न्यायालय तहसीलदार सरायपाली जिला-महासमुंद (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

सर्वसाधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक रोहित कुमार पिता मिलकराम जाति निवासी ग्राम केजुंवा तहसीलदार सरायपाली जिला महासमुंद द्वारा उसके स्वयं के पुत्र/पुत्री मिलकराम चौहान की दिनांक 29.09.2021 को ग्राम केजुंवा में हुआ है। उक्त मृत्यु का पंजीयन नहीं हो पाने के कारण उक्त तिथि में पुत्र/पुत्री के मृत्यु 29.09.2021 घटना पंजीकृत किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार का आक्षेप/दावा हो अथवा आवेदन प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं या अपने अभिभावक के माध्यम से दिनांक 08.12.2022 को उपस्थित होकर पेश कर सकते है। बाद में प्राप्त दावा आपतित पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 20.10.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।
दिनांक 20.10.2023
मुहर तहसीलदार सरायपाली

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार कमल नारायण साहू पिता श्री मोहन लाल साहू निवासी ग्राम खपरी तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. ने ग्राम खपरी प.ह.नं. 23 रा.नि.मं. अंजोरा ख तहसील व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नं. 444 रकबा 0.0400 हे. खसरा नं. 445/3 रकबा 0.0300 हे. कुल खसरा 02 कुल रकबा 0.0700 हे. भूमि जो कि सरजू राम यादव पिता स्व. प्रभुराम यादव निवासी ग्राम खपरी तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. से क्रय करने का पक्का सौदा कर लिया है एवं सौदा पेटे की अग्रिम राशि का भुगतान कर दिया है शेष राशि भूमि पंजीयन के समय दिया जायेगा जिस किसी भी व्यक्ति, फर्म, संस्था, बैंक, बोर्ड, प्राधिकरण, निकाय, शासकीय, अर्द्धशासकीय तथा शासन एवं प्रशासन आदि को उक्त संव्यवहार या उसमें किसी भाग पर उजर दावा या आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन से 07 दिनों के भीतर मेरे कार्यालय पर व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर लिखित में सुसंगत दस्तावेजों सहित आपत्ति प्रस्तुत करें, समयावधि उपरांत उक्त भूमि का विक्रय विलेख का निष्पादन एवं पंजीयन मेरे क्रेता पक्षकार द्वारा अपने पक्ष में करवा लिया जावेगा। तदोपरांत की गई कोई भी दावा या आपत्ति अवैध एवं शून्य होगी तथा मेरे क्रेता पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगा।

सो सूचना जानें।
दिनांक 23.11.2023

भवदीय
केशव साहू अधिवक्ता
चन्दखुरी, दुर्ग (छ.ग.)
सिविल कोर्ट दुर्ग, कक्ष क्रमांक-6
मो. नं.-9977534870

**नाम परिवर्तन सूचना**

मै फेकन बाई उम्र 77 वर्ष बेवा बुटी राम कैवर्त्य जाति केवट ग्राम पो. हसुवा तहसील टुण्डरा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा छ.ग. का निवासी हूं जो कि मेरे पति भारतीय जीवन बीमा निगम में पॉलिसी धारक है। जिसका पॉलिसी नम्बर 382965769 दिनांक 28.09.2003 है। जिसमें उनका नाम बुटी राम केवट (ठनजप तंउ ाँमूज) दर्ज है। यह कि शपथकर्ता के पति के नाम पर जारी मृत्यु प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड क्रमांक 998966165401 जारी किया गया है। जिसमें उनका नाम बुटी राम कैवर्त्य (ठनजप तंउ ज्ञंपूंतजलं) दर्ज है। यह कि शपथकर्ता के पति के पॉलिसी बाण्ड में दर्ज नाम बुटी राम केवट (ठनजप तंउ ाँमूज) एवं आधार कार्ड मे दर्ज नाम बुटी राम कैवर्त्य (ठनजप तंउ ज्ञंपूंतजलं) दोनो नाम एक ही व्यक्ति मुझ शपथकर्ता के पति का ही नाम है। यह कि शपथकर्ता के पति पॉलिसी धारक की मृत्यु दिनांक 09.09.2023 को हो चुकी है। तथा शपथकर्ता मृतक पॉलिसी धारक का वैध विधिक वारिसान/उत्तराधिकारी धर्म पत्नी है। अत: मृतक पॉलिसी धारक के नाम पर प्राप्त होने वाली बीमा राशी का भुगतान मुझ शपथकर्ता के नाम पर छत्तीसगढ राज्य ग्रामींण बैंक शाखा गिधौरी में संचालित बचत खाता क्रमांक 77026937293 में किया जावे। जिसके समर्थन में यह शपथ पत्र प्रमाणित कर प्रस्तुत किया जा रहा है।

शपथकर्ता
फेकन बाई बेवा बुटी राम कैवर्त्य
ग्राम पो. हसुवा तहसील टुण्डरा
जिला बलौदाबाजार-भाटापारा छ.ग.

# दिल्ली के भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में छत्तीसगढ़ की संस्कृति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया

■ नई दिल्ली के प्रगति मैदान के एम्फीथिएटर में छत्तीसगढ़ दिवस समारोह देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे



**रायपुर,** 23 नवम्बर (देशबन्धु)। भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला-2023 में प्रगति मैदान में यह शाम छत्तीसगढ़ की समृद्ध कला और संस्कृति से भरी शाम थी। छत्तीसगढ़ दिवस समारोह के अवसर पर राज्य के विभिन्न जिलों से आए कलाकारों ने यहां एम्फीथिएटर में अपनी प्रस्तुतियों से सैकड़ों दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

समारोह में छत्तीसगढ़ रेजिडेंट कमिश्नर श्रुति सिंह मुख्य अतिथि थीं और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

मुख्य अतिथि ने छत्तीसगढ़ मंडप का दौरा किया और शिल्पकारों और कारीगरों से बातचीत की।

छत्तीसगढ़ पैवेलियन नई दिल्ली के प्रगति मैदान में भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले (आईआईटीएफ) के 42वें संस्करण में हथकरघा और हस्तशिल्प सहित अपने उत्पादों का प्रदर्शन कर रहा है।

इस वर्ष की थीम च्वसुधैव कुटुंबकमज को दर्शाते हुए 300 वर्ग फुट के क्षेत्र में प्रदर्शन के लिए कुल 10 स्टॉल लगाए गए हैं।

मंडप राज्य की प्रगति को प्रदर्शित कर रहा है। यहाँ प्रत्येक क्षेत्र की विशेषता के अनुसार उनके औद्योगिक, कृषि, हर्बल और हस्तशिल्प उत्पादों को प्रदर्शित किया गया है इस वर्ष छत्तीसगढ़ पवेलियन का आयोजन प्रगति मैदान के हॉल नंबर 2, प्रथम तल पर किया गया है।

आज प्रगति मैदान के एम्फीथिएटर में सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई, जिसके बाद सांस्कृतिक दलों ने नृत्य प्रस्तुतियां दीं। दर्शकों ने बस्तर की कुल देवी की आराधना हेतु नृत्य आमचो बस्तर की प्रस्तुति को तालियों की गड़गड़ाहट के साथ सराहा।

ददरिया गीत भी प्रस्तुत किया गया। भोजली नृत्य की भावपूर्ण प्रस्तुति ने पूरे दर्शकों पर जादू कर दिया। समूह द्वारा हरेली त्यौहार के अवसर पर विशेष रूप से किये जाने वाले च्गौर नृत्यज एवं च्गेड़ी नृत्यज का प्रदर्शन किया गया।

महिला कलाकारों के समूह ने विशेष रूप से दिवाली उत्सव के दौरान किया जाने वाला लोक नृत्य च्सुआ नाचाज या तोता नृत्य दिखाया। यह पूजा से संबंधित नृत्य का एक प्रतीकात्मक रूप है। नर्तक एक तोते को बांस के बर्तन में रखते हैं और उसके चारों ओर एक घेरा बनाते हैं। फिर कलाकार ताली बजाते हुए उसके चारों ओर घूमते हुए गाते और नृत्य करते हैं। यह छत्तीसगढ़ की आदिवासी महिलाओं के प्रमुख नृत्य रूपों में से एक है।

पुरुष कलाकारों के समूह ने सतनामी समाज के सबसे लोकप्रिय अनुष्ठानों में से एक लोक नृत्य च्पंथीज नृत्य दिखाया। समूह के नेता के नेतृत्व में एक गीत की संगत में धीमी गति के साथ नृत्य शुरू हुआ। धीरे-धीरे गति बढ़ती गई और एक मनमोहक वातावरण बन गया। जिसे वहाँ उपस्थित दर्शकों ने खूब सराहा।

# सांहडा में चोरी करने वाले युवक को गिधपुरी पुलिस ने किया गिरफ्तार

## आरोपी से 33,000 नगदी मोबाइल एवं सोने-चांदी के जेवरात बरामद

**पलारी** 23 नवम्बर ( देशबन्धु)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा द्वारा चोरी के प्रकरणो के उपर त्वरित कार्यवाही करने हेतु निर्देश दिये गये थे, जिसके पालन मे अति.पु.अ.हरीश यादव एंव उप पुलिस अधीक्षक राजेश श्रीवास्तव के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी गिधपुरी निरीक्षक नरेश चंद्र दीवान के कुशल नेतृत्व में चोरी के प्रकरणो मे त्वरित कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है। प्रार्थी चन्द्रशेखर शर्मा पिता स्व. तुकनलाल शर्मा ग्राम सांहडा ने दिनांक 13.11.2023 को थाना उपस्थित मे रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 12.11.2023 को शाम 05 बजे दीपावली त्यौहार मनाने के लिये मैं अपने पुरे परिवार के साथ रायपुर से ग्राम साहड़ा आये थे। दिनांक 12.11.2023 में 10/30 बजे एक कमरा में पुजा के थाली में सोने का नेकलेस, 01 नग चांदी का लच्छा, एक नग सोने का पेंडल, नगदी रकम 60,000 को रखकर पुजा किये। पुजा करने के बाद थाली सहित गहने एंव रूपये को पुजा कमरे मे रखे नीले रंग के लोहे के पेटी के अंदर रखकर पेटी में ताला लगाया और कमरा का दरवाजा बंद कर कमरा में भी ताला लगाकर खाना खाने के बाद हम परिवार सहित रात्रि कबरीन 11.45 बजे हाल में सो गये थे।



13 नवम्बर को सुबह करीबन 05.00 बजे उठे, तो देखे कि बाड़ी तरफ का दरवाजा खुला एवं कमरे का ताला खुला हुआ था। नीले रंग का पेटी नही था। पेटी में रखे एक नग सोने का नेकलेस, एक जोड़ी चांदी का लच्छा, एक नग सोने का पेंडल जुमला किमती करीबन 22,000 एवं नगदी रकम 60,000, जुमला किमती 82,000, जिसे कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है। कि रिपोर्ट पर अपराध क्र. 98/2023 धारा 457,380 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया। विवेचना पता तलाश दौरान प्रकरण में संदेही आरोपी ललित तिवारी साकिन डिपरापारा रायपुर थाना डी.डी. नगर रायपुर से पूछताछ कर मेमोरेण्डम कथन लिया जाकर प्रकरण में चोरी गये मशरूका नगदी रकम 33001, एक जोडी चांदी का लच्छा को आरोपी के घर से बरामद किया गया है। एक सोने का नेकलेस को आरोपी द्वारा मोटर सायकल सीट नीचे छुपा कर रखा था।एवं आरोपी द्वारा घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल पैशन प्रो. क्र. ष्टत्र04 रुं5614 एवं चोरी के पैसो से खरीदा हुआ एक विवो कंपनी का मोबाईल को थाना गिधपुरी परिसर में आरोपी द्वारा पेश करने पर जप्त किया गया हैं। आरोपी ललित तिवारी का कृत्य अपराध धारा का घटित करना पाये जाने से दिनांक 22.11.2023 को समक्ष गवाहन विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है।

# जंगली सुवर के शिकार के लिए बिछाए करंट से गाय ढूढ़ने गए युवक की मौत

**कसडोल/बलौदाबाजार,** 23 नवम्बर (देशबन्धु)। कसडोल थानांतर्गत ग्राम नारायणपुर निवासी खगेश कुमार चौहान उम्र 26 वर्ष की करंट की चपेट में आने से मौत हो गया है। पुलिस और परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार 22 नवम्बर को खगेश अपने साथी नंदलाल यादव दोनों शाम 6:30 बजे अपने घर की गाय को ढूढ़ने बगार बोरसी गांव के खेत तरफ गया था। गाय को ढूढ़ने पर जब गाय नही मिला तब खगेश अपने साथी के साथ मोटरसाइकिल सीजी 04 केटी 2246 घर वापस लौट रहा था इसी बीच बोरसी खार में अज्ञात लोगों के



द्वारा जंगली सुवर का शिकार करने के लिए लगाए करंट के चपेट में आने से खगेश चौहान की मौके पर मौत हो गया। वही उसके साथी करंट लगने से दूर जा गिरा जिससे उसे करंट नही लगा।जिससे वह बच गया। घटना के बाद परिजनों ने खगेश को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कसडोल लाया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों की रिपोर्ट पर कसडोल थाने मे मर्ग कायम किया गया है। फिलहाल पुलिस पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया है। वही पुलिस इस मामले को गंभीरता से लेते हुए करंट लगने वाले लोगो की पता तलास कर विवेचना कर रही है।

# नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल का मुख्यमंत्री पद को लेकर बड़ा बयान

**रायपुर,** 23 नवम्बर (देशबन्धु)। प्रदेश में मुख्यमंत्री के चेहरे को लेकर नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने बड़ा बयान दिया है. उन्होंने कहा कि बीजेपी में किसी भी कार्यकर्ता को जिम्मेदारी मिलेगी, वह मुख्यमंत्री बनेगा. विधायक दल के साथ संगठन तय करेगा कि कौन मुख्यमंत्री बनेगा.

नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने मीडिया से चर्चा में विधानसभा चुनाव में जीत का दावा करते हुए कहा कि अपने संवैधानिक अधिकार का जनता ने उपयोग किया. प्रदेश की जनता का आशीर्वाद बीजेपी को प्राप्त होगा. स्पष्ट बहुमत के साथ बीजेपी की सरकार बनेगी. सबका सहयोग मिला. खास तौर पर बीजेपी को माता और बहनों का विशेष समर्थन मिला.



**शराब के कारण बढ़े अपराध**- उन्होंने कहा कि शराब के कारण अपराध बढ़े, जिसका सीधा असर माता और बहनों पर पड़ा. महिलाओं का रुझान बीजेपी की तरफ देखने मिला. 3 दिसंबर को मतगणना में बीजेपी का कमल खिलेगा. वहीं रमन सिंह सीटों को लेकर किए गए दावे पर सीएम बघेल के बयान पर नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने कहा कि हमारा विश्वास बहुमत के लायक सीट होती है. वह बीजेपी को प्राप्त होगी.

**झीरम पर सीएम के बयान की ली चुटकी**- झीरम कांड पर सीएम बघेल के बयान पर नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने चुटकी लेते हुए कहा कि मुख्यमंत्री पांच साल से कह रहे थे कि सबूत मेरी कुर्ते की जेब में है. अब शायद कुर्ता का जेब सिलवा लिए होंगे, इसलिए नहीं निकाले. झीरम का आरोपी उनके मंत्रिमंडल में था. मोटरसाइकिल की जांच क्यों नहीं करवाते।

**NECC**

| 24.11.2023 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 5.30 | 83 | 170 |
| विल्हर | 6.50 | 98 | 195 |

डिलीवरी 545 सैकड़ा
दर्जन अंडा 75 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA







प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23
फोन- (0771) 4077750, 4077760, 2292011/22 फैक्स-2534955 email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

उल्टा पुल्टा

मिंटू- चिंटू, भाई आज अपनी साइकिल आज मुझे दे दे।
चिंटू- नहीं, दे सकता।
मिंटू- तुम मुझे साइकिल नहीं दोगे तो मेरा दिल खट्टा हो जाएगा।
चिंटू- तो चीनी डाल के खा लेना।

# देवउठनी एकादशी पर लोगों ने किया मंदिरों में दर्शन और पूजा अनुष्ठान

## जगन्नाथ मंदिर में भगवान जगन्नाथ और तुलसी चौराहा पर चढ़ाए गन्ने





**जगदलपुर,** 23 नवंबर (देशबन्धु)। देवउठनी एकादशी पर उन लोगों ने मंदिरों में दर्शन और पूजा अनुष्ठान के साथ मनाया। देवउठनी एकादशी के बाद से चार माह से बंद पड़े सभी मांगलिक कार्य फिर से शुरू हो जाएंगे। देवउठनी एकादशी पर श्रद्धालुओ ने मंदिरों में पहुंचकर पूरे विधिविधान से पूजा अनुष्ठान किये। स्थानीय जगन्नाथ मंदिर में पूरे विधि-विधान के साथ पूजा के बाद आरती हुई जिसमें काफी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। सुबह से लेकर देर रात तक श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। भगवान जगन्नाथ को गाना और अदरक का पौधा चढ़ाकर पूरी श्रद्धा के साथ पूजा अर्चना किया। इसी तरह शहर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित विभिन्न मंदिरों में भी श्रद्धालुओं की कतार लगी रही। सुबह से ही गन्ना और फूलों के साथ पूजा सामग्री का बाजार लगा रहा। गोल बाजार, सिरहासार और संजय बाजार क्षेत्र में काफी संख्या में पूजा सामान विक्रय करने वालों की दुकानें लगी रही, जिसके चलते यातायात पुलिस के द्वारा इस क्षेत्र में चार पहिया वाहनों का प्रवेश वर्जित किया गया था। काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने खरीदी किया जिसके चलते सुबह से लेकर देर शाम तक भीड़ लगी रही।

**देवउठनी एकादशी त्यौहार पर बाजार रहा गुलजार**

**श्री जगन्नाथ मंदिर में आज भगवान शालीग्राम के साथ तुलसी का होगा श्रीशुभ विवाह :** रियासत कालीन श्रीजगन्नाथ मंदिर में 360 आरण्यक ब्राह्मण समाज की ओर से प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी एकादशी के दूसरे दिन शनिवार को भगवान शालीग्राम के साथ तुलसी का श्रीशुभ विवाह वैदिक मंत्रोचार के साथ आरण्यक ब्राह्मणों के द्वारा परंपरानुसार संपन्न करवाया जाएगा। इस अवसर पर 360 आरण्यक ब्राह्मण समाज के सदस्यों ने वर एवं वधू पक्ष की भूमिका का निर्वहन कर भगवान शालीग्राम के साथ तुलसी का श्रीशुभ विवाह में भगवान शालीग्राम की बारात निकालकर तुलसी के संग पाणिग्रहण संपन्न करवाया जाएगा।

360 आरण्यक ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष ईश्वर खंबारी ने बताया कि भगवान शालीग्राम के साथ तुलसी का श्रीशुभ विवाह का आयोजन श्रीजगन्नाथ मंदिर में विगत कई वर्षों से अनवरत जारी है। आज देर शाम गोधूली वेला में विधि-विधान पूर्वक मंदिर परिसर से भगवान शालीग्राम की बारात गाजे-बाजे के साथ निकाली जाएगी। बारात रथ परिक्रमा मार्गों से होती हुई वापस मंदिर पहुंचेगी। इस दौरान घरातियों ने बारातियों का परंपरानुसार स्वागत किया जाएगा। श्रीजगन्नाथ मंदिर परिसर में वर-वधू के विवाह मंडप सजाया गया था, जहां वैदिक मंत्रोच्चार के साथ शालीग्राम के साथ तुलसी का श्रीशुभ विवाह संपन्न हुआ। विधिवत पूजा अर्चना और तुलसी विवाह संपन्न होने के बाद परंपरानुसार भगवान को सात्विक भात का भोग का अर्पण किया गया, जिसके उपरांत उपस्थित श्रद्धालुओं को भोग प्रसाद का वितरण किया जाएगा।

# रायपुर-विशाखापट्टनम एक्सप्रेस से जगदलपुर को जोड़ने बस्तर से उठ रही मांग



**जगदलपुर,** 23 नवंबर (देशबन्धु)। बस्तर को राजधानी रायपुर से जोड़ने वाली लाइफ लाइन सड़क आए दिन केशकाल घाट में जाम लगने के चलते लोगों को आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। एकमात्र सड़क होने के कारण रिपेयरिंग के कार्य करने में भी अड़चन होती है। वर्तमान में भी सड़क सुधार के लिए पेचवर्क का कार्य किया जा रहा है जिसके चलते भारी वाहनों का मार्ग परिवर्तित किया गया है। इस क्षेत्र के लोगों का दुर्भाग्य है कि बस्तर रेल मार्ग से अब तक रायपुर से नहीं जुड़ पाया है। न जाने कब दल्ली राजहरा रेल लाइन बीछेगी और लोग रेल से रायपुर की यात्रा कर सकेंगे। इससे भी इनकार नहीं किया जा सकता की यातायात में और अधिक दबाव बढ़ने से केशकाल घाट में घंटों लगने वाला जाम निकट भविष्य में दिनों और हफ्तों तक लगने लगेगा। इन परिस्थितियों में रायपुर से जुड़ने के लिए विकल्प पर विचार करना आवश्यक हो गया है।

बस्तर निर्माण आंदोलन के संयोजक साकेत शुक्ला ने क्षेत्र के युवा साथियों के साथ मिलकर इस दिशा में पहल करते हुए यह बात रखी है कि नगरनार से 34 किलोमीटर सिक्स लेन बनाकर रायपुर विशाखापट्टनम एक्सप्रेस वे से जगदलपुर से रायपुर और विशाखापट्टनम सिर्फ 3 घंटे में पहुंचा जा सकता है। उन्होंने एयरसर्वे करते हुए एक मार्ग भी सुझाया है यह कितना उपयुक्त होगा यह जांच के बाद ही पता चल पाएगा। कम से कम उन्होंने इस दिशा में सोचा तो है इसे गंभीरता से लेते हुए स्थानीय सभी जनप्रतिनिधियों को भी दलगत राजनीति से दूर होकर इस दिशा में विचार करना चाहिए और एक जन आंदोलन के माध्यम से राज्य और केंद्र सरकार से मांग करनी चाहिए कि 34 किलोमीटर तक की सिक्स लाइन सड़क बनाई जाए और रायपुर विशाखापट्टनम एक्सप्रेस वे से जगदलपुर को जोड़ा जाए। भविष्य में यातायात का दबाव और भी बढ़ेगा क्योंकि नगरनार इस्पात संयंत्र से उत्पादन शुरू होने से उत्पादन अन्यत्र ले जाने में भी काफी वाहन चलेंगे। इस दिशा में बस्तर चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज, बस्तर परिवहन संघ, एवं अन्य सामाजिक संगठनों को भी एक मंच पर आकर केंद्र और राज्य सरकार से रायपुर विशाखापट्टनम हाईवे से जगदलपुर को जोड़ने की मांग की जानी चाहिए। अगले वर्ष लोकसभा चुनाव है हो सकता है केंद्र सरकार पर भी मांग का प्रभाव पड़े और चुनाव के पूर्व इस पर कोई निर्णय लेने में केंद्र सरकार तत्परता दिखाएं।

# सुधापाल जंगल झाड़ी में मिली मृतिका का शव, अंधेकत्ल की गुत्थी सुलझी



**जगदलपुर,** 23 नवंबर (देशबन्धु)। लौंहडीगुड़ा ब्लॉक के सुधापाल जंगल झाड़ी में मिली महिला के शव के मामले में हत्या किए जाने का संदेह किया जा रहा था। मृतिका का पति ही निकाला हत्यारा। उसने बोधघाट थाने में आकर किया आत्मसमर्पण। पुलिस ने इस अंधे कत्ल के मामले को सुलझा लिया है।

इस मामले में मृतका के पिता गागरू के द्वारा 14 नवंबर को चौकी घोटिया थाना लोहण्डीगुडा आकर गुम सुदगी रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसकी लड़की सुकबती बघेल पति पंडरू बघेल 11 नवंबर को घर से बिना बताये कही चली गई थी। पता तलास के दौरान सुकबती बघेल मृत अवस्था में सुधापाल जंगल झाड़ी में मिली मृतिका के शव को देखकर पहचान किये रिपोर्ट पर चौकी घोटिया में मर्ग क0 60/23 धारा 174 जा0फौ0 कायम कर जाच में लिया गया। जाँच के दौरान मृतिका के पति पंडरू बघेल निवासी तिरथा पटेल पारा के उपर हत्या करने का संका होने पर उक्त संदेही का पता तलास किया गया। 21 को चौकी घोटिया के पुलिस द्वारा लगातार दविस दिये जाने व छापे मारी की कार्यवाही से आरोपी भयभित होकर बोघघाट थाना में आत्म सर्मपण किया। सुचना मिलने पर चौकी घोटिया से प्रधान आरक्षक ढोलु बघेल, आरक्षक लिटीराम मौर्य के द्वारा चौकी घोटिया लाया गया पुछ ताछ करने पर आरोपी द्वारा लोहे के छेनी से हत्या करना कबुल किया। आरोपी के विरूद अपराध क0 103 धारा 302 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया एवं आरोपी को 22 नवंबर को गिरफ्तार कर न्यायालय जगदलपुर में पेश किया गया।

**आरोपी पति ने किया बोधघाट थाने में आत्मसमर्पण**

## बस्तर विश्वविद्यालय ने जारी किया अस्थाई मेरिट सूची

**जगदलपुर,** 23 नवंबर (देशबन्धु)। बस्तर विश्वविद्यालय ने अस्थाई मेरिट सूची जारी किया। शैक्षणिक सत्र 2022-23 में स्नातक/स्नातकोत्तर वार्षिक/सेमेस्टर परीक्षा में उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं का अस्थायी प्रवीण्य सूची जारी किया गया है। विश्वविद्यालय द्वारा जारी प्रवीण्य सूची में किसी प्रकार की आपत्ति होने की स्थिति में 8 दिसंबर तक विश्वविद्यालय केई-मेल आई डी e&ambastar@gmail.com या विश्वविद्यालय में आकर दावा आपत्ति हेतु आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। छात्र-छात्राएं विश्वविद्यालय के वेबसाईट www.smkvbastar.ac.in से अस्थायी प्रवीण्य सूची का अवलोकन भी कर सकते हैं।

# 11 जुआरी रंगे हाथों पकड़े गए



**जगदलपुर,** 23 नवंबर (देशबन्धु)। दो अलग अलग मामलों में कुल 11 जुआरी मौके पर जुआ खेलते रंगे हाथों पकड़े गये। आरोपियों के कब्जे से 22,000/-रूपये नगदी एवं ताश के पत्ते बरामद। थाना भानपुरी, सायबर सेल जगदलपुर एवं विशेष निगरानी दल द्वारा गठित टीम मुखबिर की सूचना पर ग्राम तुरपुरा के दो अलग-अलग स्थानों क्रमशः शिव मंदिर प्रांगण एवं दयानिधि के धान कोठार का खुला स्थान में अलग अलग घेराबंदी रेड कार्यवाही कर कुल 11 जुआड़ियों को जुआ खेलते रंगे हाथों पकड़ा गया, जिनका नाम भोलाशंकर सेन, कालेन्द्र ठाकुर, मुकेश सिंह ठाकुर, दुष्यंत ठाकुर, मोहन नागे, ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर➤

**22,000 रुपये नगदी एवं ताश के पत्ते बरामद**

# दीनदयाल उपाध्याय वार्ड में मितानिन बहनों का हुआ सम्मान



**जगदलपुर,** 23 नवंबर (देशबन्धु)। मितानिन दिवस के अवसर पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड में पार्षद सविता सुरेश गुप्ता के कार्यालय में गुरुवार को मितानिनों का सम्मान किया गया। मितानिन बहनों को अक्षत लाली से माथे में टिका लगाकर, माला पहनाकर, शाल श्रीफल से सम्मानित कर पार्षद सविता सुरेश गुप्ता ने मुंह मीठा कराई। मितानिन दिवस के अवसर पर भाजपा नगर अध्यक्ष सुरेश गुप्ता ने कहा की मितानिन बहने अपनी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी को निभाते हुए एक सशक्त समाज का निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। मितानिन बहनों के द्वारा गर्भवती माता की संपूर्ण देखभाल की जिम्मेदारी निभाते हुए माता को प्रसव से पूर्व समय-समय पर उनकी देखभाल, टीकाकरण और प्रसव के लिए सरकारी संस्थानों तक पहुंचाना और प्रसव के बाद शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने जैसी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। मितानिन बहने अपने कार्य क्षेत्र के अंतर्गत चाहे शुद्ध पेयजल की बात हो स्वच्छता जागरूकता की बात हो, वे अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मितानिन बहनों ने कोरोना कल में भी अपनी जान जोखिम में डालकर मानव सेवा का अद्भुत उदाहरण पेश किया है। मितानिन सजग रहकर अपने क्षेत्र में स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। सुरेश गुप्ता ने सभी मितानिन बहनों के कार्य ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर➤

**मितानिन बहनों द्वारा स्वास्थ्य से लेकर जच्चा-बच्चा का ध्यान रखना, प्रशंसनीय : सुरेश गुप्ता**



# देवउठनी एकादशी पर लोगों ने किया मंदिरों में दर्शन व पूजा अनुष्ठान



- जगन्नाथ मंदिर में भगवान जगन्नाथ और तुलसी चौराहा पर चढ़ाए गन्ने
- देवउठनी एकादशी त्यौहार पर बाजार रहा गुलजार

**जगदलपुर,** 23 नवंबर (देशबन्धु)। देवउठनी एकादशी पर उन लोगों ने मंदिरों में दर्शन और पूजा अनुष्ठान के साथ मनाया। देवउठनी एकादशी के बाद से चार माह से बंद पड़े सभी मांगलिक कार्य फिर से शुरू हो जाएंगे। देवउठनी एकादशी पर श्रद्धालुओ ने मंदिरों में पहुंचकर पूरे विधिविधान से पूजा अनुष्ठान किये। स्थानीय जगन्नाथ मंदिर में पूरे विधि-विधान के साथ पूजा के बाद आरती हुई जिसमें काफी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। सुबह से लेकर देर रात तक श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। भगवान जगन्नाथ को गाना और अदरक का पौधा चढ़ाकर पूरी श्रद्धा के साथ पूजा अर्चना किया। इसी तरह शहर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित विभिन्न मंदिरों में भी श्रद्धालुओं की कतार लगी रही। सुबह से ही गन्ना और फूलों के साथ पूजा सामग्री का बाजार लगा रहा। गोल बाजार ,सिरहासार और संजय बाजार क्षेत्र में काफी संख्या में पूजा सामान विक्रय करने वालों की दुकानें लगी रही, जिसके चलते यातायात पुलिस के द्वारा इस क्षेत्र में चार पहिया वाहनों का प्रवेश वर्जित किया गया था। काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने खरीदी किया जिसके चलते सुबह से लेकर देर शाम तक भीड़ लगी रही।

श्री जगन्नाथ मंदिर में आज भगवान शालीग्राम के साथ तुलसी का होगा श्रीशुभ विवाह

रियासत कालीन श्रीजगन्नाथ मंदिर में 360 आरण्यक ब्राह्मण समाज की ओर से प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी एकादशी के दूसरे दिन शनिवार को भगवान शालीग्राम के साथ तुलसी का श्रीशुभ विवाह वैदिक मंत्रोचार के साथ आरण्यक ब्राह्मणों के द्वारा परंपरानुसार संपन्न करवाया जाएगा। इस अवसर पर 360 आरण्यक ब्राह्मण समाज के सदस्यों ने वर एवं वधू पक्ष की भूमिका का निर्वहन कर भगवान शालीग्राम के साथ तुलसी का श्रीशुभ विवाह में भगवान शालीग्राम की बारात निकालकर तुलसी के संग पाणिग्रहण संपन्न करवाया जाएगा।

360 आरण्यक ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष ईश्वर खंबारी ने बताया कि भगवान शालीग्राम के साथ तुलसी का श्रीशुभ विवाह का आयोजन श्रीजगन्नाथ मंदिर में विगत कई वर्षों से अनवरत जारी है। आज देर शाम गोधूली वेला में विधि-विधान पूर्वक मंदिर परिसर से भगवान शालीग्राम की बारात गाजे-बाजे के साथ निकाली जाएगी। बारात रथ परिक्रमा मार्गों से होती हुई वापस मंदिर पहुंचेगी। इस दौरान घरातियों ने बारातियों का परंपरानुसार स्वागत किया जाएगा । श्रीजगन्नाथ मंदिर परिसर में वर-वधू के विवाह मंडप सजाया गया था, जहां वैदिक मंत्रोच्चार के साथ शालीग्राम के साथ तुलसी का श्रीशुभ विवाह संपन्न हुआ। विधिवत पूजा अर्चना और तुलसी विवाह संपन्न होने के बाद परंपरानुसार भगवान को सात्विक भात का भोग का अर्पण किया गया, जिसके उपरांत उपस्थित श्रद्धालुओं को भोग प्रसाद का वितरण किया जाएगा।

# ग्राम पंचायत कनकी को मिला सम्मान




**खरोरा,** 23 नवंबर (देशबन्धु)। जनपद पंचायत तिल्दा अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत कनकी के सरपंच श्रीमती वीणा तोमलाल वर्मा और सचिव कोमल प्रसाद साहू का प्रधान महालेखाकार लेखा परीक्षा ऑडिट सप्ताह के उपलक्ष में आयोजित कार्यशाला में संचालक पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग छत्तीसगढ़ शासन रजत बंसल व महालेखाकार के प्रधान डायरेक्टर सर के द्वारा प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया यह सम्मान ग्राम पंचायत कनकी सरपंच वीना तोमलाल वर्मा व सचिव कोमल प्रसाद साहू को पंचायत स्तर पर उनके द्वारा किए गए उत्कृष्ट सराहनीय कार्य के लिए सम्मानित किया गया सरपंच वीणा वर्मा लगातार 4 वर्ष से गांव का सरपंच के रूप में प्रतिनिधित्व कर रहे हैं और सचिव कोमल प्रसाद साहू पिछले 3 वर्ष से ग्राम पंचायत कनकी में पदस्थ हैं विदित हो कि तिल्दा जनपद पंचायत अंतर्गत कुल 101 पंचायत आते हैं जिसमें सिर्फ तीन ग्रामों के सचिव सरपंच को सराहनीय कार्य के लिए सम्मानित किया गया जिसमें प्रथम स्थान में ग्राम पंचायत कनकी को सम्मानित किया गया द्वितीय स्थान में तारा शिव व तृतीय स्थान धनसुली पंचायत मिला । ग्राम कनकी पंचायत को नेशनल हाईवे रोड में सार्वजनिक शौचालय निर्माण ,सार्वजनिक भवन जैसे कृषि मंडी ,कबीरपंथी, आंगनवाड़ी में सार्वजनिक शौचालय निर्माण, कांजी हाउस जीर्णोधार ,मनरेगा के तहत सभी तालाबों का गहरीकरण ,अमृतसरोवर योजना के तहत तालाब गहरीकरण, पूरे पंचायत में स्ट्रीट लाइट एवं सोलर लाइट प्राइमरी स्कूल कक्ष में टाइल्स कार्य ,स्वागत द्वार निर्माण ,शाहिद स्मारक निर्माण,हेंडपंपो में शोख्ता निर्माण जैसे जनहित के उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सम्मानित किया गया शासन स्तर पर सम्मान मिलने पर सीईओ जनपद पंचायत तिल्दा नेवरा श्री विवेक गोस्वामी ने सरपंच व सचिव को बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित की जिनका पंचायत प्रतिनिधियो ने आभार व्यक्त किया।

# श्री सत्य साईं सेवा सप्ताह का भंडारा के साथ समापन



**जगदलपुर,** 23 नवंबर (देशबन्धु)। पूरा विश्व और भारत में अन्य साईं संगठनों और समितियों की तरह जगदलपुर साईं समिति द्वारा 17 से 23 नवम्बर तक साईं सप्ताह आयोजित किया गया, जिसमें वेदपाठ, भजन, साईं संदेशों का समारोह का आयोजन किया गया। वीडियो प्रदर्शन किया गया, बाल विकास के बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रत्येक बच्चों को पुरस्कार दिया गया। सोमवार को बाबा के जन्म दिवस के अवसर पर साईं भक्तों द्वारा प्रात: 5.45 बजे से सुप्रभातम, नगर संकीर्तन, ध्वजारोहण का आयोजन किया गया । सैकड़ों लोगों ने भगवान का प्रसाद ग्रहण किया । 60 कम्बलों का वितरण निराश्रित और जरूरत मंदों में किया गया। साईं युवाओं महारानी अस्पताल जाकर रक्तदान किया । शाम को बाल विकास के बालक बालिकाओं द्वारा मनभावन कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। महामंगल आरती पश्चात महाप्रसाद वितरण कर कार्यक्रम का समापन हुआ।

# नपं अध्यक्ष यशवर्धन ने किया मितानिनों का सम्मान




**पलारी,** 23 नवम्बर (देशबन्धु)। आज नगर पंचायत अध्यक्ष एवं पार्षदों ने मितानिन बहनों का उनके निस्वार्थ सेवा के लिए शाल एवम श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष ने कहा कि पूरे प्रदेश में आज के दिन मितानिन बहनों के सम्मान में मितानिन दिवस मनाया जाता है, क्योंकि ये मितानिन बहनें अपनी सहयोग से नगर, शहर, गांव, में स्वास्थ्य संबंधित, गर्भवती महिलाओं को कैसे रहना है, खाने पीने, नवजात शिशुओं को कब क्या टीका लगाया जाता है, लोगों के स्वास्थ्य संबंधी अस्पतालों के दवाइयां वितरण जैसी कई कार्यों को पूरी तरह समर्पित सेवा भाव से करती है। आज के व्यस्त भागदौड़ में मितानिन बहनों की सेवा से हमें प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आप को जब भी किसी काम के लिए जरूरत होगी मै हमेशा आपका भाई बनकर उपस्थित रहूंगा। इस अवसर पर पार्षद गण, ताजेन्द्र कनौजे, श्रीमति टुकेश्वरी वर्मा, डा. जाल, श्रीमति पुष्पा मोहन बंजारे, श्री मती सेवती धीवर, रवि ध्रुव, मूलचंद धीवर, श्रीमति नूतन मनोज वर्मा पार्षद प्रतिनिधि भूषण ठेठवार, सहित सभी मितानिन बहनें उपस्थित रहे।

# शिव महापुराण कथा व पार्थिव शिव निर्माण कल से



**खरोरा,** 23 नवंबर (देशबन्धु)। शिव महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ एवं मिट्टी पार्थिव शिवलिंग निर्माण 25 नवम्बर से 3 दिसम्बर तक शिव महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ एवं मिट्टी पार्थिव शिवलिंग निर्माण का 25 नवंबर से 3 दिसंबर तक यह आयोजन किया गया है। अत: इस अवसर पर इस ज्ञानगंगा में डुबकी लगाकर अपने जीवन को धन्य करें।

कथा स्थल- भगवती आरा मिल के सामने, केशला, खरोरा प्रवचन समय दोप. 1:30 बजे से सायं 5:30 बजे तक। प्रवचनकर्ता पंडित चंदन प्रसाद शर्मा भागवत आचार्य ज्योतिष आचार्य पथरी सिलयारी वाले है। तैयारी में जय महाकाल गणेशोत्सव समिति श्री सिद्धि विनायक गणेशोत्सव समिति महिला मानस मंडली वार्ड क्र. 14 समस्त नगरवासी एवं ग्रामवासी केशला, खरोरा द्वारा किया गया जा रहा है उसकी तैयारी में लोग जुटे हुई।

## निधन

### लता वर्मा



**भिलाईनगर,** 23 नवंबर। प्रगति नगर रिसाली निवासी श्रीमती लता वर्मा पत्नी चिंता राम वर्मा का 23 नवंबर को निधन हो गया है। बीते कुछ समय से उनका स्वास्थ्य खराब चल रहा था। इनका अंतिम संस्कार गुरुवार दोपहर को रिसाली मुक्तिधाम में किया गया। वे भुवन वर्मा और सुनील वर्मा की मां थी। इनकी अंतिम यात्रा प्रगति नगर रिसाली, होरी ऑटो गैरेज के पास मकान क्रमांक 154/5 से निकाली गई।

### संदीप चंद्राकर



**महासमुंद,** 23 नवंबर। ग्राम बेमचा निवासी पुलिस निरीक्षक संदीप चंद्राकर 44 वर्ष का लंबी अस्वस्थता के चलते 23 नवंबर को रायपुर में निधन हो गया। अंतिम संस्कार 24 नवंबर को सुबह 9 बजे गृह ग्राम बेमचा में किया जाएगा। वे प्रो. स्व. रामकुमार चंद्राकर के पुत्र, शशिकांत चंद्राकर सीए के छोटे भाई, पोखन चंद्राकर, अधिवक्ता रमेश चंद्राकर के भतीजा थे।

### बसंत साहू



**नवापारा राजिम,** 23 नवम्बर। समीपस्थ ग्राम नवागांव बुड़ेनी निवासी वरिष्ठ कांग्रेस नेता जन-भागीदारी अध्यक्ष बुड़ेनी हाईस्कूल बंसत साहू उम्र 55 वर्ष का आकस्मिक निधन हो गया। वे बहुत दिनों से अस्वस्थ थे. उनकी अंतिम यात्रा में समाज जन एवं ग्रामीण जन बड़ी संख्या में मौजूद थे। वे तोकेश साहू, प्रवीण साहू, गुमनाम साहू के पिता एवं नवागांव सरपंच बिहारी साहू भाई थे।

# किशोरावस्था एवं जागरूकता विषय पर कार्यक्रम आयोजित



**खरोरा,** 23 नवंबर (देशबन्धु)। 22 नवंबर दिन बुधवार को पूर्वांह 11.00 बजे प्राचार्य श्रीमती रजनी मिंज, उपप्राचार्य हरीश देवांगन के मार्गदर्शन में व्याख्याता द्वय रजनी त्रिपाठी एवं रीतारानी वर्मा के निर्देशन में किशोरावस्था एवम एड्स जागरूकता विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम विद्यार्थियो के द्वारा बनाए गए पोस्टर का प्रदर्शन किया गया।

पोस्टर बनाने वाले छात्र - छात्राओं में काजल गिलहरे 11वी ब, पुष्पा देवांगन 10वी ब, खुशबू निर्मलकर 10वी अ, नेहा साहू 11वी स, लाडली यादव 9वी ब, मेघा वर्मा 9वी ब, प्रीतम बंजारे, प्रताप 9वी ब, राघवेंद्र व एलिस 9वी द, केशव देवांगन 12वी अ, गरिमा निर्मलकर 10वी स, पूनम देवांगन 9वी ब, मधु वर्मा, खुशी देवांगन 9वी ब, पार्वती देवांगन 9वी द, कुमारी सेन लक्ष्मी बांधे,डाली देवांगन, भूमिका वर्मा चांदनी 10वी अ, कृतिका मांडे 9वी द, नम्रता बंजारे 10वी ब, गीतांजली यादव, मोनिका बघेल, दीपिका साहू, गूंजा देवांगन, कामनी साहू, हेमंत देवांगन 10वी स, आदि की प्रस्तुति बहुत सराहनीय रहा। पोस्टर्स के माध्यम से किशोरो में एड्स के प्रति जागरूकता का संदेश स्पष्ट तौर से परिलक्षित हो रहा था। इसके पश्चात 9वी द की छात्राओं गुंजन साहू, एवम समूह द्वारा, व्यवसायिक शिक्षक शिवांगी निषाद के निर्देशन में नाटक की प्रस्तुति दी गई। नाटक में इस बात का संदेश दिया गया की एड्स रोग, ।।ढ्ढङ्क वायरस के शरीर में संक्रमण के कारण फैलता है। इसके माध्यम से यह भी बताया गया की एड्स पीड़ित से हमे किसी भी तरह दूरी नही बनाना चाहिए। नाटक प्रस्तुति पश्चात ईशा नायक, पूर्वा वर्मा 11वी अ, यशवंत देवांगन 10वी स, वंदना वर्मा 12वी अ, ओजपूर्ण भाषण के माध्यम से किशोरावस्था एवम एड्स जागरूकता का संदेश बड़े प्रभावशाली ढंग से दिए। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्य रजनी मिंज, उप प्राचार्य हरीश देवांगन, पुरुषोत्तम देवांगन, शाहिना परवीन, डोमार सिंह यादव, महेंद्र साहू, संगीता नायक, रीतारानी वर्मा, सुनीता सिंह, रजनी त्रिपाठी, सी.खरे , जयंती साहू, नेहा राठौर, अलका मिंज, श्वेता शर्मा, तान्या भट्टाचार्य, नीतू यादव, मोंगरा साहू,बिजेश्वरी महिलांगे, जगदेव सिंह बंजारे, योगेंद्र त्रिपाठी, गीतांजली पान, शिवांगी निषाद अमर बर्मन एवम समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# बीईओ मांझी ने विभिन्न स्कूलों का औचक निरीक्षण किया



**सरायपाली,** 23 नवंबर ( देशबंधु )। शिक्षा व्यवस्था में कसावट लाने हेतु विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी प्रकाशचन्द्र मांझी द्वारा विकासखण्ड के विभिन्न विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया और आवश्यक मार्गदर्शन कर शिक्षा गुणवत्ता उन्नयन हेतु प्रोत्साहित किया। शासकीय प्राथमिक शाला खपरीडीह, मिडिल स्कूल खपरीडीह, शासकीय प्राथ. शाला किसड़ी, मिडिल स्कूल किसड़ी का औचक निरीक्षण किया गया शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय किसड़ी में प्राचार्य राजेन्द्र कुमार भोई,व्याख्याता किशोर कुमार रथ,पी.के.ग्वाल एवं स्टॉफ की उपस्थिति में चिरायु टीम द्वारा डॉ जनक कुमार जेरी एवं टीम द्वारा विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा था जिसका अवलोकन किया गया। शासकीय मिडिल स्कूल खपरीडीह में अर्धवार्षिक परीक्षा के प्रथम दिवस चल रहे परीक्षा का निरीक्षण किया एवं प्रश्नपत्रों का अवलोकन कर परीक्षार्थियों से रूबरू हुए एवं परीक्षा में विद्यार्थियों की शत् प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया। प्राथमिक शाला खपरीडीह में अध्ययनरत दिव्यांग तन्मय ओगरे (पांचवीं)ने सस्वर राष्ट्रगान गाकर सबका मन मोह लिया, तन्मय ओगरे को गले लगाकर,पेन देकर सम्मानित/प्रोत्साहित किया गया और खूब आगे बढ़ने प्रेरित किया।

## देवउठनी एकादशी मनाया गया



**सिमगा।** देवउठनी एकादशी तुलसी पूजा का पर्व भक्ति भाव के साथ मनाया गया। गुरुवार को देवउठनी एकादशी को छोटी दिवाली के रूप में मनाया गया। बड़ी तादात में लोग पूरे दिन भर व्रत रखकर आराधना किये वहीं संध्या के समय गन्ने का मंडप बनाकर भगवान शालिगराम संग तुलसी जी का विधि विधान के साथ विवाह रचाया गया। देवउठनी एकादशी को चातुर्मास का समापन होता है इस दिन से सभी मांगलिक कार्य प्रारंभ होते है।

## प्रादेशिकी का शेष...

### 11 जुआरी रंगे हाथों...

हेन्द्रो ठाकुर, मोहन सिंह ठाकुर, नेहरू ठाकुर, मनबहाल सिंह ठाकुर, गुसेश्वर ठाकुर, वासुदेव ठाकुर सभी निवासी तुरपुरा होना बताये, मौके पर जिनके कब्जे एवं फड़ से 22,000/-रूपये नगद एवं ताश के पत्ते बरामद कर मौके पर जप्त किया गया। उक्त 11 आरोपियों के विरूद्ध धारा 3(2) छ0ग0 जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 के तहत् आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध कर, गिरफ्तार कर कार्यवाही किया गया।

### दीनदयाल उपाध्याय वार्ड में मितानिन...

की प्रशंसा कर उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर एरिया कोऑर्डिनेटर नईन कुरैशी, मितानिन प्रशिक्षक सुमित्रा कश्यप, मितानिन पायल यादव, धनिता साहू, चंद्रा शर्मा, लक्ष्मी नेताम, रंजनी सोनी, रेखा उपाध्याय और स्थानीय वार्ड वासी प्रेम आचार्य, सुनील गुप्ता उपस्थित रहे।

# छात्रों ने आंवला वृक्ष की पूजा की व भगवान विष्णु से खुशहाली की प्रार्थना की



**खरोरा,** 23 नवंबर (देशबन्धु)। आंवला नवमी के शुभ अवसर पर भरत देवांगन शासकीय उत्कृष्ट हिंदी, अंग्रेजी माध्यम विद्यालय खरोरा में आंवला वृक्ष का पूजा अर्चना किया गया व स्टॉफ टीवी के सदस्य परिक्रमा कर सर्व जन के लिये भगवान विष्णु से खुशहाली व उत्तम स्वास्थ्य प्रदान करने प्रार्थना की ।कार्यक्रम की संयोजक शाहिना परवीन व्याख्याता थी ।इस अवसर पर प्राचार्य रजनी मिंज ने कहा कि मानव व वृक्ष एक दूसरे पर आश्रित है मानव का प्रकृति के बीच जाकर प्रकृति को समझना और प्रकृति का सम्मान करने की समझ विकसित करने का भी एक माध्यम है। इस अवसर पर विद्यालय के उपप्राचार्य हरीश देवांगन ने अपने विचार प्रकट करते हुए कहा कि आंवले को हर्रा और बहेड़ा के साथ मिलाकर त्रिफ़ला चूर्ण बनाया जाता है जो आयुर्वेद की सबसे पुरानी, सहज व विश्वसनीय औषधि है।

इस कार्यक्रम में प्राचार्य रजनी मिंज, उपप्राचार्य हरीश देवांगन, व्याख्याता पी देवांगन, शाहिना परवीन, डोमार यादव, महेन्द्र साहू, रजनी त्रिपाठी, रीता रानी वर्मा, सुनीता सिंह, श्वेता शर्मा, संगीता नायक, नीतू यादव, सी खरे, जयंती साहू,तान्या भट्टाचार्य, नेहा राठौड़,मोंगरा साहू,गीतांजलि पान, शिवांगी निषाद, अमर बर्मन, प्रवीण पाटिल, धनेन्द्र आडिल, निशिता स्त्रद्ब×द्बह्ल,रूप शिखा साहू, शैलजा गौतम,अपूर्वा ओगरे,पावस पटेल,अनिल कुमार, योगिता देवांगन,कृतिका वर्मा, लोकेश्वर उइके, पवित्री साहू,विक्रम आडिल, आकाश परिहार सहित छात्र व समस्त स्टाफ उपस्थित थे ।पी देवांगन ने आँवला नवमी के धर्मिक महत्व को विस्तार से बताया ।रजनी त्रिपाठी ,श्वेता शर्मा ने विधि विधान से पूजा अर्चना किया ।व आँवला के महत्व को आप दोनों ने उदाहरण सहित बताया। शाहिना परवीन ने जानकारी देते हुए विभिन्न व्यंजनों आंवले से किस प्रकार बनाया जाता है, विस्तार से जानकारी दी।

आंवले से स्वादिष्ट व्यंजन भी बनाये जाते हैं। आंवले की चटपटी चटनी का स्वाद कैसे भूल सकते हैं। ये मिल जाये तो फिर किसी सब्जी या दाल की आवश्यकता महसूस नही होती। बस रोटियों पर लगाइये, रोल कीजिये और फिर शुरू हो जाइये। आँवले का अचार तो मुँह का स्वाद बनाने के लिए जाना ही जाता है। और मुरब्बा भी किसी से कोई कम नही है। आँवले की सुपारी और किसा हुआ बुरादा भी भारतीय रसोई की पहचान है। आँवले के जूस को लोग जूस के बजाए दवा की तरह ही पीना पसंद करते हैं। यूँ तो आँवला एक फल से कहीं अधिक सर्वोत्तम औषधियों में शामिल है। लेकिन इसके धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व भी कम नही है। संगीता नायक ने अपने उदबोधन में कहा कि सभी घरों में सूखे हुए आँवले काले नमक और कालीमिर्च के पाउडर के साथ मुखवास के रूप में रखे जाते थे।

# मितानीन दिवस पर किया गया मितानिनों का सम्मान



**सरायपाली,** 23 नवंबर (देशबंधु)। सरायपाली विधानसभा की कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती चातुरी नंद ने सरायपाली शहर के 21 मितानिनों को पुष्प गुच्छ और गुलाल लगाकर सम्मान किया, इस दौरान मितानिन चातुरी नंद को अपने बीच पाकर काफी प्रसन्न दिखे, ज्ञात हो कि चातुरी नंद विगत 10 वर्षों समाजसेवा के क्षेत्र से जुड़ी हुई है साथ ही समाज सेवा का जरिए सैकड़ों जरूरतमंदों की सहायता कर चुकी है। वहीं सरायपाली के मितानिनों ने श्रीमती चातुरी नंद को भी शुभकामनाएं दी।

# प्रशासन ने करोड़ों की लागत से बनाया गलत स्थान पर एनीकट

**कोण्डागांव,** 23 नवम्बर (देशबन्धु)। कोण्डागांव जिला क्षेत्र में एक ऐसे एनीकट का मामला सामने आया है, जिसे जल संसाधन विभाग कोण्डागांव के द्वारा करोड़ों रुपए की लागत से बना तो दिया गया है, लेकिन निर्माण किए गए एनीकट में सिंचाई के लिए आवष्यकतानुसार पानी नहीं रुकने से ग्रामीणों को नाला में पानी रोकने के लिए हर साल अस्थाई बधांन तैयार करना पड़ता है, जिसके कारण किसानों को अतिरिक्त आर्थिक भार वहन करना पड़ता है।

सिंचाई विभाग कोण्डागांव के द्वारा सरकारी खजाने से करोड़ों रुपए खर्च करने के बाद नारंगी नदी पर बनाए गए एनीकट में एनीकट निर्माण के बाद से अब तक कभी भी पानी रूका ही नहीं, जिससे क्षेत्र के ग्रामीण व किसान एनीकट से मिलने वाले लाभ से वंचित हैं, समस्या समाधान करने के सम्बन्ध में संबंधित विभाग व कलेक्टर जनदर्शन में ग्रामीणों ने बार-बार शिकायत किया, लेकिन आजतक इस ओर कोई सुनवाई नहीं हुआ है। जिससे ग्रामीण अब परेशान हो चुके हैं और ग्रामीण जैसे-तैसे कर पानी रोकने की कोशिश तो करते हैं, लेकिन एनीकट का गेट ही खराब होने के कारण पानी बह जाता है। मामला ग्राम पंचायत घोड़ागांव के ढोढरेपारा में बने एनीकट-02 की। इसके निर्माण होने से ग्रामीणों को काफी उम्मीदें थी। उन्होंने सोचा कि अब वे भी साल भर में दो फसल लेकर आर्थिक रुप से सम्पन्न होंगे, लेकिन एनीकट के निर्माण के बाद से ही एनीकट में पानी नहीं रूका, जिससे किसानों का आर्थिक उन्नति का सपना, सपना ही रह गया।

एनीकट के सामने बनाते हैं अस्थायी बंधान-

सिंचाई विभाग की लापरवाही के कारण किसानों को इस एनीकट का फायदा नहीं मिलने के कारण क्षेत्र के 25 से 30 किसान हर साल इसी एनीकट के ठीक सामने पानी को रोकने के लिए जैसे-तैसे जुगाड़ करके और पानी को रोकने के लिए बांधनुमा अस्थायी बंधान की व्यवस्था करते हैं, जहां जमा हुए पानी का उपयोग अपनी खेती-बाड़ी के लिए करते हैं। इस साल भी किसानों के द्वारा उक्त व्यवस्था करने की तैयारी की जा



**एनीकट में पानी नहीं रुकने से ग्रामीणों को बनाना पड़ता है अस्थाई बधान**

रही है, जिससे पानी को रोककर रबी फसल लिया जा सके। यह विडंबना ही है कि करोड़ों के एनीकट के ठीक सामने किसानों को अपने खर्च पर हर साल अस्थाई बंधान बनाना पड़ रहा है।

**ग्रामीण किसान कहते हैं -**

असरूराम ने बताया कि जब इसका निर्माण हो रहा था तो हम काफी खुश थे कि हमें अब सिंचाई के लिए बेहतर सुविधा मिल पाई पाएगी। लेकिन इसके बनने के बाद भी हम किसानों कोई फायदा ही नहीं हुआ और न ही हमारी शिकायत पर कोई ध्यान ही दिया गया है।

टोडरेपारा निवासी उमेश बघेल ने कहा कि हम किसानों को ज्यादा कुछ नहीं चाहिए बस अपनी किसानी के लिए सुविधा मिल जाए बस। लेकिन यहाँ तो सुविधा होने के बाद भी हमें इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। जबसे एनीकट का निर्माण हुआ है तबसे एक भी साल ऐसा नहीं हुआ कि हम एनीकट के भरोसे अपनी खेती कर सके हों।

किसान कन्हाईराम ने बताया कि यदि विभाग ने हमारी शिकायत को शुरूआती दिनों से ही ध्यान दिया होता तो शायद हम किसानों को पानी के लिए परेषान होने की जरूरत ही नहीं पड़ती। लेकिन यहाँ तो हमें पानी रोकने के लिए व्यवस्था करनी होती है, तब जाकर हम किसानों के खेतों में पानी पहुंच पाता है।

बालसिंह बघेल सदस्य जि.पं. ने बताया कि हमने किसानों के साथ मिलकर कई बार इस मामले को लेकर शिकायत करते हुए गेट सुधरवाने की मांग की, लेकिन आज तक कोई ठोस पहल नहीं हो पाया है।

श्री मेश्राम ईई सिंचाई विभाग ने पुछे जाने पर बताया कि तकनीकी खराबी है, जिसे सुधरवाने के लिए ईएनडएम को पहले ही पत्राचार किया गया है। सुनवाई होने के बाद पानी नहीं रूकने की समस्या का समाधान हो जाएगा।

# देवउठनी एकादशी पर बालाजी मंदिर में हुई विशेष पूजा अर्चना



**जगदलपुर,** 23 नवंबर (देशबन्धु)। देवउठनी एकादशी के अवसर पर स्थानीय धरमपुरा मार्ग पर स्थित श्री बालाजी मंदिर में पूरे विधि विधान के साथ विशेष पूजा अर्चना की गई। भगवान बालाजी का पंचामृत के साथ अभिषेक किया गया। इसके पश्चात कुंभ आरती हुई और आरती के बाद भंडारा का आयोजन हुआ है जिसमें काफी संख्या में श्रद्धालुओ ने शामिल होकर महाप्रसाद ग्रहण किया। श्री आनला धुलीपुड़ी धर्मार्थ ट्रस्ट के माध्यम से बालाजी मंदिर टेंपल कमिटी के ट्रस्टी स्वर्गीय डी एच रामम के परिवार के सदस्यों द्वारा वेंकटेश्वर स्वामी जी के श्री चरणों में शालिग्राम के 108 चांदी का कवच लगा माला उनके स्मृति में समर्पित किया। इसके साथ ही महाबलीपुरम तमिलनाडु से ग्रेनाइट पत्थर से निर्मित दशावतार मूर्ति की विधिवत प्रतिष्ठा भी की गई। इस कार्य में भी स्वर्गीय रमन के परिजनों ने 1 लाख 11 हजार रुपए का सहयोग राशि प्रदान किया। इस दौरान बालाजी टेंपल कमिटी के अध्यक्ष ए वीर राजू, के आदिनारायण राव, के सत्यनारायण राजू,आई सुधाकर राव, ए राम कोंडल, टीके राव, हनुमंत राव, रवि भूषण राव एवं अन्य के साथ काफी संख्या में श्रद्धालु गण उपस्थित थे।

# नेशनल लोक अदालत के संबंध में न्यायाधीशों व अधिवक्ताओं की बैठक आयोजित

**कोण्डागांव,** 23 नवम्बर (देशबन्धु)। न्यायाधीशों एवं अधिवक्ताओं की आगामी नेशनल लोक अदालत के संबंध में बैठक आयोजित की गई। प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी गई जानकारी के अनुसार 22 नवम्बर 2023 को उत्तरा कुमार कश्यप जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोण्डागांव के मार्गदर्शन एवं अध्यक्षता में जिला न्यायालय परिसर कोण्डागांव के न्याय सदन में समस्त न्यायिक अधिकारीगण एवं



अधिवक्ताओं के साथ बैठक आयोजित किया गया, जिसमें आगामी 16 दिसम्बर 2023 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के संबंध में चर्चा करते हुए, जिला कोण्डागांव के समस्त न्यायालय में एक-एक खण्डपीठ का गठन कर समस्त न्यायालयों में लंबित सिविल, दांडिक, पारिवारिक, मोटर दुर्घटनादावा, चेक बाउंस, बीमा से संबंधित प्रकरणों को आगामी 16 दिसम्बर 2023 को आयोजित नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक संख्या में रखकर पक्षकारों के आपसी राजीनामा के माध्यम से प्रकरणों को निराकरण करने का निर्देश दिया गया।

इस अवसर पर श्रीनारायण सिंह परिवार न्यायालय न्यायाधीश कोण्डाांव एवं अतिरिक्त न्यायाधीश श्रीमती प्रिशिला पॉल होरो अपर सत्र न्यायाधीश कोण्डागांव, कमलेश कुमार जुर्री अपर सत्र न्यायाधीश एफ.टी.सी.पॉक्सो कोण्डागांव, श्रीमती यशोदा नाग मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कोण्डागांव, श्रीमती अम्बा शाह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोणगांव एवं समस्त अधिवक्तागण उपस्थित थे।

# बाईपास सड़क निर्माण में दिया जा रहा असमान मुआवजा, पीड़ित परेशान

**कोण्डागांव,** 23 नवंबर (देशबन्धु)। कोण्डागांव में बाईपास सड़क निर्माण में असमान मुआवजा दिए जाने से परेशान भूमि अधिग्रहण से पीड़ित किसानों के द्वारा कलेक्टर को आवेदन सौंपकर चेतावनी दी गई है कि 7 दिन में समाधान नहीं हुआ तो पीड़ित किसान काम रोको आंदोलन करने के लिए मजबुर होंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी षासन-प्रषासन की होगी। मामला 23 नवम्बर को तब सामने आया जब भूमि अधिग्रहण से पीड़ित किसान कलेक्टर को आवेदन देने पहुंचे। पीड़ित किसानों के द्वारा कलेक्टर को दिए गए आवेदन में लेख किया गया है कि हम सभी आवेदकगण ग्राम पलारी, डोंगरीगुडा, खुटडोबरा कोण्डागांव, तहसील एवं जिला कोण्डागांव के निवासी हैं। हम सभी आवेदकगण वर्तमान में षुरु किए गए बाईपास सड़क निर्माण हेतु किए गए भूमि अधिग्रहण से पीड़ित हितग्राही हैं। हममे से अधिकांष पीड़ित किसानों में एस.टी.(आदिवासी वर्ग) सर्वाधिक एवं अन्य पिछड़ा जाति वर्ग के अंतर्गत आते हैं। उक्त पते पर हम सभी खेतीबाड़ी करके अपना एवं अपने परिजनों का जीवनयापन करते आ रहे हैं। बाईपास सड़क निर्माण हेतु भूमि अधिग्रहण किए जाने के दौरान हम सभी पीड़ित हितग्राहियों ने जनहित का मामला होने के कारण बाईपास सड़क का निर्माण कराए जाने हेतु अपनी-अपनी सहमति दी थी। लेकिन जिन किसानों से कम भूमि अधिग्रहण किया गया है, उन्हें अधिक मुआवजा



**कलेक्टर को सौंपा आवेदन, 7 दिन में नहीं हुआ समाधान तो करेंगे काम रोको आंदोलन**

राषि और जिन किसानों से अधिक भूमि अधिग्रहण किया गया है, उन्हें कम मुआवजा राषि प्रदान किया जा रहा है। षासन के द्वारा अधिग्रहित भूमि का वर्तमान में जिस तरह से भेदभावपुर्वक मुआवजा दिया जा रहा है, उससे हम सभी पीड़ित हितग्राहियों को कड़ी आपत्ति है। हम सभी पीड़ित हितग्राहियों की एक ही मांग है कि बाईपास सड़क का निर्माण कराए जाने हेतु जिन भी किसानों की भूमियों का अधिग्रहण किया गया है, उन सभी पीड़ितों को अधिग्रहित भूमि का एक समान दर से मुआवजा प्रदान किया जाए।

सभी पीड़ितों को अधिग्रहित भूमि का एक समान दर से मुआवजा प्रदान नहीं किए जाने तक निर्माण कार्य पर तत्काल रोक लगाई जाए। अधिग्रहित भूमि का एक समान दर से मुआवजा प्रदान किए बगैर निर्माण कार्य पर जारी रखने पर सभी पीड़ित जनों को आंदोलन करने हेतु बाध्य होना पड़ेगा, जिसकी सम्पुर्ण जिम्मेदारी षासन-प्रषासन की होगी। बाईपास सड़क निर्माण कार्य को रोकने हेतु आंदोलन किए जाने की दी जा रही विशयांतर्गत सूचना एवं कारण में उल्लेखित समस्या का समाधान जल्द से जल्द करने का कश्ट करें। आवेदन प्रस्तुत किए जाने के दिनांक से 07 दिन के भीतर समस्या का समाधान नहीं होने पर 08 वें दिन से सभी पीड़ित हितग्राही निर्माण कार्य स्थल में आंदोलन पर बैठकर कार्य रोकने को बाध्य होंगे। मांग पूरी होने तक आंदोलन जारी रखा जाएगा।

# कांगेर वैली में शोधकर्ताओं का बढ़ता रुझान

## बस्तर की प्राकृतिक व सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण, संवर्धन और प्रबंधन में मिलेगी मदद

**जगदलपुर,** 23 नवंबर (देशबन्धु)। बस्तर जिले का कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान जैव- विविधता से परिपूर्ण क्षेत्र है जो अपने प्राकृतिक सौंदर्य, रोमांचक गुफाओं,जैव - विवधता और स्थानीय आदिवासी संस्कृति के लिए देश - विदेश में विख्यात है। इसी के चलते यहाँ अनुसंधान के भी अपार संभावनाएं हैं। शुरुआत से ही यहां विभिन्न अनुसंधान केन्द्रों व संस्थाओं द्वारा शोध कार्य होते आये हैं, किन्तु वर्तमान में पी.एच.डी. शोधकर्ताओं व विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा अधीक संख्या में शोध कार्य हेतु कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान लैंडस्केप का चुनाव




अध्ययन क्षेत्र के लिए किया जा रहा हैं। वर्तमान में 12 शोधकर्ताओं द्वारा राष्ट्रीय उद्यान में अध्ययन कार्य किये जा रहे हैं, जिसमें तितलियों की विविधता, मगरमच्छों का रहवास ,पहाड़ी मैना रहवास व व्यवहार, औषधीय पौधों की विविधता ,वानस्पतिक विविधता, बायोमॉस व कार्बन स्टॉक और पारिस्थितिक पर्यटन का प्रभाव विषयों पर अध्ययन कार्य किये जा रहें हैं। इन अध्ययन विषयों से यहाँ की विषेश जैव - विविधता को अच्छे तरह से जानने और पेड़-पौधें , जीव -जंतु के संरक्षण व विकास के लिए प्रबंधन योजना में मदद मिल रही है। अध्ययन हेतु स्थानीय ही नहीं अपितु दुसरे राज्य से भी शोधकर्ता आ रहें हैं ।

इन शोधकर्ताओं द्वारा स्थानीय लोगों को भी यहाँ की विविधताओं के बारे में प्रशिक्षित किया जा रहा हैं, जिससे स्थानीय युवायें प्रकृतिक मार्गदर्शक के रुप में उभर रहें हैं तथा जैव - विविधता संरक्षण में अपना योगदान दे रहें हैं। राष्ट्रीय उद्यान के निदेशक धम्मशील गणवीर ने बताया कि बस्तर क्षेत्र और विशेषकर कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान का लैंडस्केप शोधकर्ताओं के लिए हॉटस्पॉट के रूप में उभर रहा है। इन सभी शोध कार्यों से भविष्य में बस्तर की प्राकृतिक और सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण , संवर्द्धन और प्रबंधन में मदद मिलेगी।

# मतदान कर्मियों के पारिश्रमिक भुगतान व निर्वाचन प्रक्रिया में सुधार को लेकर कर्मचारी-अधिकारी संयुक्त संघर्ष मोर्चा की बैठक कल

**कोण्डागांव,** 23 नवम्बर (देशबन्धु)। मतदान कर्मियों के पारिश्रमिक भुगतान एवं निर्वाचन प्रक्रिया में सुधार को लेकर कर्मचारी अधिकारी संयुक्त संघर्ष मोर्चा की बैठक 25 नवम्बर को दोपहर 3 बजे कोण्डागांव में आयोजित की गई है जिसमें विभिन्न कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारी शामिल होंगे।



विधान सभा निर्वाचन 2023 के मानदेय भुगतान एवं निर्वाचन प्रक्रिया में पर्याप्त सुधार की मांग को लेकर विभिन्न कर्मचारी संगठनों के द्वारा आपत्ति दर्ज किए जाने के फलस्वरूप छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी संयुक्त मोर्चा कोंडागांव द्वारा 25 नवंबर 2023 शनिवार को समय दोपहर 3 बजे कोंडागांव में विभिन्न कर्मचारी संगठनों के जिला अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों की आवश्यक बैठक आहूत की गई है। उक्त बैठक में विधान सभा निर्वाचन 2023 जिला कोंडागांव के पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारियों के मानदेय भुगतान, मतदान के लिए बनाए गए रिजर्व सेक्टर अधिकारी एवं मतदान दल के अधिकारियो व कर्मचारीयों की पारिश्रमिक भुगतान, मास्टर ट्रेनर्स एवं निर्वाचन कार्य में लगे अन्य कर्मचारियों को मानदेय भुगतान सहित निर्वाचन प्रक्रिया के तहत सामग्री वितरण एवं संग्रहण कार्य में सरलीकरण के साथ-साथ जिला मेडिकल बोर्ड के द्वारा अपनाई गई प्रक्रिया, प्रशिक्षण स्थल इत्यादि के संबंध में बैठक आहुत कर आगामी रणनीति तैयार की जाएगी। उक्त आशय की जानकारी छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी संयुक्त मोर्चा जिला नीलकंठ शार्दूल एवं जिला सचिव ऋषिदेव सिंह द्वारा प्रेस विज्ञप्ति जारी कर प्रदान की गई।



**जगदलपुर।** मितानिन दिवस के अवसर पर गुरुवार को दलपत सागर वार्ड में पार्षद नरसिंह राव द्वारा एमटी सुमित्रा कश्यप, मितानिन लक्ष्मी नेताम, रजनी सोनी, रेखा उपाध्याय का सम्मान किया गया। इस अवसर पर पार्षद ने कहा इनके कार्य से वार्डवासियों को सतत लाभ प्राप्त हो रहा है। साथ ही नरसिंह राव ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# शहर के सभी मैरिज गार्डन के री-असेसमेंट के ननि आयुक्त ने दिए निर्देश

**जगदलपुर,** 23 नवंबर (देशबन्धु)। आयुक्त हरेश मंडावी ने निगम राजस्व विभाग के अधिकारियों को निगम क्षेत्र के समस्त मैरिज गार्डनों के री-असेसमेंट करने का निर्देश दिया है । राजस्व विभाग के रिकॉर्ड के मुताबिक शहर में मैरिज गार्डन संचालित है जिसमें गणपति रेस्टोरेंट, वृंदावन गार्डन ,ड्रीम इंडिया लान,जमाल मिल लॉन,आकांक्षा होटल लॉन ,नोवेल्टी पार्क, लागू वाटिका लॉन, अभिनंदन पार्क, चंपा बाग, कृष्ण लॉन, तक्षशिला निकाय क्षेत्र में इन सभी मैरिज गार्डन को आयुक्त श्री मंडावी ने निगम राजस्व विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की संयुक्त टीम बनाकर री असेसमेंट करने का निर्देश दिया है। आयुक्त ने सभी मैरिज गार्डन का जल्द री असेसमेंट कर जानकारी प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। मैरिज गार्डन का री असेसमेंट होने से सभी मैरिज गार्डन का वास्तविक क्षेत्रफल ज्ञात होने के साथ नये ढंग से कर का निर्धारण किया जाएगा, जिससे निगम की राजस्व में वृद्धि होगी । साथ ही आयुक्त ने निगम राजस्व विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारियों को शहर में राजस्व वसूली में तेजी लाने का निर्देश भी दिया है। शहर के वार्ड मे दौरा कर नए संपत्तिकर दाता ढूंढ कर उनका पुनः कर निर्धारण करने की कार्रवाई सुनिश्चित करें। साथ ही शहर मे नई बन रहे भवनों व मकानों का भी री असेसमेंट करने का निर्देश दिया है । आयुक्त ने निगम राजस्व विभाग के अधिकारियों को राजस्व वसूली की समीक्षा करते हुए सहायक राजस्व निरीक्षकों का वार्ड बार वसूली की समीक्षा करते वसूली की जानकारी से अवगत कराएं। राजस्व वसूली में तेजी लाते हुए शहर के वार्ड में घर घर जाकर समेकित एवं संपत्ति कर की वसूली करना सुनिश्चित करें।

# प्रशिक्षण में बताई गई मतगणना की बारीकियां, कराया गया मतगणना का अभ्यास

**कोण्डागांव,** 23 नवम्बर (देशबन्धु)। विधान सभा निर्वाचन 2023 के अंतर्गत 03 दिसम्बर को होने वाले मतगणना कार्य के लिए कोंडागांव, कांकेर और नारायणपुर के अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। जिला कार्यालय के प्रथम तल पर स्थित सभाकक्ष में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय से पहुंचे प्रशिक्षकों ने भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार नियमों का पालन करते हुए मतगणना की प्रक्रिया पूरी करने के लिए बारीकियां बताए। प्रशिक्षकों ने मतगणना के संबंध में प्रमुख वैधानिक प्रावधानों, नियमों तथा मतगणना के दौरान बरती जाने वाली जरूरी सावधानी एवं विभिन्न प्रारुपों में दी जाने वाली जानकारियों के संबंध में बताया कि विधानसभावार 14 टेबल में मतों की गणना की जाएगी। प्रत्येक टेबल में राजपत्रित अधिकारी स्तर के एक अधिकारी को सुपरवाईजर बनाया जाएगा। साथ ही गणना सहायक तथा माइक्रो आब्जर्वर भी होंगे। इन अधिकारियों को तीन चरण के रेण्डमाईजेशन के पश्चात् नियुक्त किया जाएगा।

मतगणना स्थल पर मोबाईल ले जाना पूर्णतः वर्जित रहेगा। मतगणना स्थल पर रिटर्निंग आफिसर एवं सहायक रिटर्निंग आफिसरों को भी मोबाईल रखने की अनुमति नहीं होगी। इस दौरान केवल प्रेक्षक ही मोबाईल रख सकेंगे। रेण्डमाईजेशन प्रक्रिया, स्ट्रांग रूम के खोले जाने, स्ट्रांग रूम से मतगणना स्थल तक ई.व्ही.एम. का परिवहन, मतगणना हॉल की व्यवस्था सहित संपूर्ण मतगणना प्रक्रिया की वीडियोग्राफी के लिए सीसीटीवी का उपयोग किया जाएगा। मतगणना कार्य को सफलतापूर्वक संपादित करने हेतु अधिकारियों को अनुशासन व शिष्टाचार के साथ मतगणना की बारीकियों के संबंध में गहन प्रशिक्षण दिया।

मतगणना के संबंध में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों की जानकारी देते हुए उनका शत-प्रतिशत् पालन सुनिश्चित करने, आवश्यकता पड़ने पर पुर्नगणना, लाट आदि की प्रक्रियाओं एवं निर्देशों



**कोंडागांव, कांकेर व नारायणपुर के अधिकारी हुए शामिल**

के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। दो उम्मीदवारों को बराबर मत प्राप्त होने की स्थिति में लाट निकाले जाने से पहले निर्वाचन आयोग से अनुमति लेना आवश्यक है। प्रशिक्षण में मतगणना स्थल पर प्रवेश हेतु मतगणना कार्य में लगे अधिकारी कर्मचारियों के अलावा उम्मीदवारों एवं उनके निर्वाचन अभिकर्ताओं तथा मीडियाकर्मियों को पहचान पत्र जारी किए जाने के संबंध में प्राप्त दिशा-निर्देशों, प्रशिक्षण में मतगणना के दौरान भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त किए गए प्रेक्षकों की भूमिका के संबंध में भी जानकारी दी गई।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक सोनी ने मतगणना कार्य को सफलतापूर्वक संपादित करने के लिए प्रशिक्षण में दी जा रही जानकारियों को गंभीरतापूर्वक ग्रहण करने तथा किसी भी प्रकार की दुविधा होने पर तत्काल प्रश्न करने को कहते हुए कहा कि त्रुटिरहित मतगणना के लिए यह अत्यंत आवश्यक है कि सभी नियमों को भलीभांति ज्ञान हो। मतगणना प्रारंभ करने के पूर्व मौके पर उपस्थित उम्मीदवारों एवं उनके निर्वाचन अभिकर्ताओं को निर्वाचन आयोग से प्राप्त दिशा-निर्देशों की जानकारी अनिवार्य रूप से देने को कहा।

मास्टर ट्रेनर सुनील शर्मा द्वारा डाक मत पत्रों की गणना, रुपेश वर्मा द्वारा ई.व्ही.एम.में दर्ज मतों की गणना, वीवीपीएटी स्लीप गणना, मतगणना की समाप्ति के पश्चात ईवीएम तथा निर्वाचन सामग्रियों को मुहरबंद करने और परिणाम की घोषणा के संबंध में, सुश्री रश्मि वर्मा द्वारा मतगणना केन्द्रों पर आधारभूत संरचना, मतगणना केन्द्रों में सुरक्षा व्यवस्था, मीडिया सेंटर में आवश्यक सुविधाएं, मतगणना हेतु आवश्यक सामग्री तथा अखिलेश आहूजा द्वारा इलेक्ट्रॉनिक रुप से प्रेषित डाक मतपत्र प्रणाली (ईटीपीबीएस) से प्राप्त मतों की गणना और मतगणना के परिणामों की वेबसाईट में एंट्री के संबंध में जानकारी दी। इसके साथ ही ईवीएम से मतगणना तथा वीवीपैट की पर्चियों की गणना का अभ्यास भी कराया गया।

इस दौरान वन मंडलाधिकारी द्वय एन गुरुनाथन तथा आर.के.जांगड़े, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रेम प्रकाश शर्मा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती सीमा ठाकुर सहित कोंडागांव, कांकेर और नारायणपुर जिले के निर्वाचन से संबद्ध अधिकारी उपस्थित थे।

उल्टा पुल्टा

मुझे भी देखने दो, किसका एक्सीडेंट हुआ है? पप्पू भीड़ को हटाते हुए बोला

जब कोई हटा नहीं, तो वह चिल्लाता हुआ बोला- जिसका एक्सीडेंट हुआ है, मैं उसका बाप हूं रास्ता मिल गया और पप्पू ने देखा तो एक गधा मरा पड़ा था

# पुलिस भर्ती परीक्षा पर निर्वाचन आयोग जल्द निर्णय ले और जानकारी दे : कोर्ट

**रायपुर,** 23 नवंबर (देशबन्धु)। पुलिस भर्ती परीक्षा की एक अन्य अभ्यर्थी पुष्पा सिदार की याचिका सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने भारत निर्वाचन आयोग को नोटिस जारी कर कहा अंतिम चयन सूची जारी करने के संबंध में राज्य शासन को दी जाने वाली सहमति पर जल्द निर्णय लें। साथ ही कोर्ट को भी इससे अवगत कराने कहा है। अगली सुनवाई के लिए हाई कोर्ट ने एक सप्ताह का समय तय किया है। पुष्पा सिदार ने अपने अधिवक्ता सिद्धार्थ दुबे के माध्यम से हाई कोर्ट में याचिका दायर कर कहा है कि बीते सप्ताह हाईकोर्ट ने राज्य शासन को निर्वाचन आयोग से अंतिम चयन सूची जारी करने के संबंध में सहमति लेने की बात कही थी। हाई कोर्ट के निर्देश पर राज्य शासन ने राज्य निर्वाचन आयोग को पत्र लिखकर पुलिस भर्ती के लिए अंतिम चयन सूची जारी करने सहमति मांगी थी। राज्य शासन के पत्र को राज्य निर्वाचन आयोग ने भारत निर्वाचन आयोग के हवाले करते हुए मार्गदर्शन मांगा है। गुरुवार को याचिका की सुनवाई के दौरान राज्य निर्वाचन आयोग ने



भारत निर्वाचन आयोग से मार्गदर्शन मांगने की जानकारी दी।

गृह विभाग, छत्तीसगढ़ सरकार ने सूबेदार, प्लाटून कमांडर, सब-इंस्पेक्टर (फिंगर प्रिंट), सब-इंस्पेक्टर (प्रश्नांकित दस्तावेज़), सब-इंस्पेक्टर (कंप्यूटर) और सब-इंस्पेक्टर (रेडियो) के अधिसूचना जारी की है। 655 पदों पर भर्ती के लिए अगस्त 2018 मे विज्ञापन जारी किया था। वर्ष 2021 में पदों में बढ़ोतरी करते हुए इसे 975 कर दिया गया। तीन स्तर पर भर्ती प्रक्रिया पूरी की गई। 17 अगस्त से आठ सितंबर तक विभाग ने साक्षात्कार की प्रक्रिया पूरी की गई। इसके बाद आज तक अंतिम चयन सूची जारी नहीं की गई है।

उम्मीदवारों के शारीरिक मापदंड परीक्षा पुलिस ने ली थी। इसके बाद 70 हजार अभ्यर्थियों की सूची लिखित परीक्षा लेने के लिए व्यावसायिक परीक्षा मंडल के हवाले कर दिया था। प्रारंभिक परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले उम्मीदवारों के लिए मुख्य परीक्षा का आयोजन किया गया। इसमें उत्तीर्ण होने वाले उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए आमंत्रित किया गया था। साक्षात्कार की प्रक्रिया भी पूरी कर ली गई है। अब अंतिम सूची जारी करना शेष है। पूरा मामला यहीं पर आकर अटक जाता है।

**20 अभ्यर्थियों की याचिका पर कोर्ट ने दिया था निर्देश**

रुपेश कुमार एवं अन्य 20 अभ्यर्थियों ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट में याचिका दायर कर अंतिम चयन सूची जारी करने की गुहाई लगाई थी। मामले की सुनवाई जस्टिस अरविंद सिंह चंदेल के सिंगल बेंच में हुई। सुनवाई के दौरान राज्य शासन ने जानकारी दी कि छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने आदर्श आचार संहिता लागू कर दिया है। इस पर कोर्ट ने शासन को निर्देशित किया था कि चुनाव आयोग से अनुमति लेकर अंतिम चयन सूची जारी किया जाए। कोर्ट के निर्देश पर राज्य शासन ने राज्य निर्वाचन आयोग को पत्र लिखकर अंतिम चयन सूची जारी करने की अनुमति मांगी थी।

# दीपआशा का होगा डीएनए टेस्ट

## पता चलेगा वनभैंसा है कि मुर्रा भैंस

**रायपुर,** 23 नवंबर (देशबन्धु)। 9 साल पहले 12 दिसंबर 2014 को क्लोनिंग से पैदा हुई दीपआशा के बारे में अभी तक यह पता नहीं लग पाया है कि वह वन भैंसा है या मुर्रा भैंस? इसलिए अब वाइल्डलाइफ इंस्टीट्यूट आफ इंडिया के पास डीएनए सैंपल भेज कर पता लगाया जाएगा कि दीप आशा वन भैंसा है या मुर्रा भैंस।

अगस्त 2018 में रायपुर लाने के बाद दीपआशा सात परदे के पीछे कैद है वीवीआईपी के अलावा उसे कोई नहीं देख सकता। वन विभाग के अधिकारियों को मालूम है कि दीपआशा मुर्रा भैंस है। अगर आधिकारिक रूप से घोषित हो जाए कि वह मुर्रा भैंस है, वन भैसा नहीं है, तो वन विभाग की बहुत बदनामी होगी क्योंकि करोडों खर्च कर जब वह पैदा हुई थी तो अंतर्राष्ट्रीय खबर बनवाई गई थी कि दुनिया में पहली बार छत्तीसगढ़ ने वन भैंसे की क्लोनिंग कराई। दीपआशा जिस बाड़े में रखी गई है उसकी लागत डेढ़ करोड़ बताई जाती है। बदनामी से बचने के लिए वन विभाग नहीं चाहता



कि कोई टेस्ट हो जिससे पता चल जाये कि दीपआशा वन भैंसा नहीं है। पैदा होने के 4 साल बाद जब दीपआशा मुर्रा भैंस दिखने लग गई तब अधिकारियों को होश आया कि डीएनए टेस्ट कर लेना चाहिए। निर्णय लिया गया कि सीसीएमबी हैदराबाद और वाइल्ड लाइफ इंस्टिट्यूट देहरादून को डीएनए टेस्ट के लिए सैंपल भेजना चाहिए। परन्तु सैंपल सिर्फ सीसीएमबी हैदराबाद भेजा गया। जहां से आज तक रिपोर्ट नहीं आई है और ना ही अधिकारियों ने रिपोर्ट लाने में रुचि दिखाई।

**सिंघवी ने आरोप लगाया कि वन विभाग ने जानबूझ कर रिपोर्ट रुका रखी है**

रायपुर के वन्य जीव प्रेमी नितिन सिंघवी पिछले दो साल से प्रयत्नशील है कि वन भैंसा दीपआशा साधारण मुर्रा भैंसा है, उससे ना तो प्रजनन कराया जा सक रहा है, ना ही उसे जंगल में छोड़ा जा सकता है। सिंघवी ने मांग कि है कि उसे अपना प्राकृतिक जीवन जीने का हक प्रदान किया जाना चाहिए, इसलिए उसे छोड़ देना चाहिए। सिंघवी ने जुलाई 2023 में मांग की कि सीसीएमबी हैदराबाद से रिपोर्ट नहीं आ रही तो वाइल्डलाइफ इंस्टीट्यूट आफ इंडिया से डीएनए टेस्ट करवाया जाये तो अब 9 नवम्बर को दुबारा सैंपल लिया गया है। सिंघवी ने आशा की कि बदनामी को दरकिनार कर अधिकारी दीपआशा के साथ न्याय करेंगें।

# प्रदेश में बढ़ती ठंड के बीच बारिश के आसार



**रायपुर,** 23 नवंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के मौसम में उतार चढ़ाव का दौर जारी है। दरअसल पश्चिमी विक्षोभ के कारण बस्तर संभाग में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश होने के आसार हैं। प्रदेश में मौसम शुष्क है और नमी बढ़ रही है। तापमान में फिलहाल खास परिवर्तन की संभावना नहीं है। मौसम विशेषज्ञ एच ।पी। चंद्रा ने बताया कि एक पश्चिमी विक्षोभ मध्य क्षोभमंडल में 5 ।8 किलोमीटर की ऊंचाई पर है। मौसम विभाग के अनुसार बस्तर संभाग में एक ङ्क दो जिलों के कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा की संभावना है। प्रदेश के शेष हिस्सों में मौसम शुष्क रहेगा। एक पश्चिमी विक्षोभ 25 नवंबर को उत्तर पश्चिम भारत को प्रभावित कर सकता है। प्रदेश में अधिकतम व न्यूनतम तापमान में उतार चढ़ाव बने रहने की संभावना है।

## फरार आरोपियों के विरूद्ध अभियान, 247 पकड़े गए



**रायपुर,** 23 नवंबर (देशबन्धु)। अपराधों की रोकथाम, अपराधियों पर नकेल कसने, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को दृष्टिगत रखने के साथ ही 21 नवंबर को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल द्वारा समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों की आहुत बैठक में फरार आरोपियों को गिरफ्तार करने सक्रिय गुण्डा बदमाशों अड्डेबाजों एवं अपराधिक तत्वों सहित संदिग्धों पर कार्यवाही करने के सख्त निर्देश दिये गये थे। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर लखन पटले के नेतृत्व में रायपुर पुलिस के समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारियों सहित पुलिस बलों द्वारा अपने . अपने अनुभाग के थाना क्षेत्रों मेंए फरार

➤➤ शेष पृष्ठ 4 पर ➤

## रायपुर में आईटी की दबिश, दस्तावेजों को खंगाल रहे अधिकारी

**रायपुर,** 23 नवंबर (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर में गुरुवार को एक बार फिर आयकर विभाग ने छापा मारा है। आयकर विभाग के अधिकारियों ने श्री निवास रोडलाइंस के ठिकानों पर दबिश दी है। आयकर विभाग को टैक्स में चोरी का बड़ा इनपुट मिला है जिसके बाद गुरुवार



सुबह अधिकारियों की टीम ने यहां दबिश दी ।बताया जा रहा कि रवि अग्रवाल नाम के कारोबारी का रोड लाइंस का कारोबार है। ट्रांसपोर्टेशन के नाम पर फर्जी बिल जारी करनेए टीडीएस की कटौती की जानकारी आयकर विभाग को मिली थी फिलहाल यहां अधिकारी दस्तावेजों की जांच कर रहे हैं।

# पुन्नी मेला पर महादेवघाट में की गई विशेष सफाई



**रायपुर,** 23 नवंबर (देशबन्धु)। नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त मयंक चतुर्वेदी ने कार्तिक पूर्णिमा (पुन्नी मेला) सोमवार को महादेवघाट में रायपुर सहित आसपास के गाँवों से हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने एवं श्रद्धालुओं द्वारा स्नान एवं पूजा - अर्चना सहित मेला स्थल का भ्रमण करने को ध्यान में रखते हुए नगर पालिक निगम के उपायुक्त स्वास्थ्य ए. के. हालदार, जोन क्रमांक 8 के जोन कमिश्नर अरुण ध्रुव, , कार्यपालन अभियन्ता जल नर सिंग फरेन्द्र, कार्यपालन अभियन्ता विद्युत कमलेश वर्मा को खारून नदी महादेवघाट में घाटों एवं पचरियों की विशेष सफाई, आवश्यकता के अनुसार पेयजल टैंकरों की व्यवस्था, पूरे परिसर में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, आवारा मवेशियों की धरपकड़, मच्छरमार दवाईयों के छिड़काव, वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था, कपड़े बदलने हेतु अस्थाई कक्ष/ शेड की व्यवस्था, अग्निशमन वाहनों की कमांडेट होम गॉर्ड से समन्वय कर व्यवस्था, मेला स्थल पर प्राथमिक उपचार हेतु मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से समन्वय कर चिकित्सा दल की व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थायें भारत निर्वाचन आयोग द्वारा छत्तीसगढ़ विधानसभा निर्वाचन 2023 के सन्दर्भ में प्रभावशील आदर्श निर्वाचन आचार संहिता, नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एन. जी. टी.) सहित कोविड 19 के दिशा - निर्देशों का पूर्ण पालन करवाते हुए सुनिश्चित करने निर्देशित किया है।

आयुक्त ने कार्तिक पूर्णिमा (पुन्नी मेला) की सम्पूर्ण प्रशासनिक व्यवस्था हेतु रायपुर नगर पालिक निगम के अपर आयुक्त शैलेन्द्र पाटले को नोडल अधिकारी बनाया है।



# धान तस्करी रोकने प्रशासन सख्त



**रायपुर,** 23 नवंबर (देशबन्धु)। ओडिशा से होने वाले धान के अवैध परिवहन को रोकने अब प्रशासन और सख्त हो गया है. गुरुवार को राजस्व विभाग ने 3 तो पुलिस ने 2 पिकअप समेत अवैध परिवहन में लगे 5 गाड़ियों को 300 बोरा धान के साथ जब्त किया है. एसडीएम अर्पिता पाठक ने जानकारी देते हुए बताया कि सभी परिवहन के दौरान किसी भी पिकअप में चालक ने लोड धान से संबंधित कोई भी वैध दस्तावेज नहीं दिखाया है।

एसडीएम ने कार्रवाई में भेदभाव के आरोपों को भी सिरे से खारिज करते हुए कहा कि गड़बड़ी रोकने की जिम्मेदारी सभी की है. छोटे हो या बड़े कारोबारी, जो भी अवैध कारोबार करते पकड़े जाएंगे उन पर कार्रवाई होगी, जो आगे भी जारी रहेगी. एसडीएम ने उन किसानों से भी ओड़िशा के धान नहीं खरीदी करने की अपील की है जो मात्रा की भरपाई के लिए बिचौलियो को बढ़ावा दे रहे हैं।

**15 चेक पोस्ट के 120 कर्मियों को शो काज नोटिस थमाया**

दो दिन पहले एसडीएम पाठक ने ओडिशा सीमा पर लगे सभी 15 चेक पोस्ट का निरीक्षण किया था. ड्यूटी और टाइमिंग तय कर सभी पोस्ट में 8-8 कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई थी.लेकिन इनमें एक भी कर्मी दो दिन पहले तक ड्यूटी करते नहीं दिखे थे. सभी को शो कॉज नोटिस जारी करने के बाद टीम ड्यूटी में नजर आए. उपस्थिति प्रमाणित करने एसडीएम ने उपस्थिति की फोटो अपने बनाए प्रशासनिक ग्रुप में शेयर करने कहा है।

**तस्करी रोकने पुलिस की एंट्री**

बुधवार से धान का अवैध परिवहन रोकने के लिए अभियान में पुलिस की भी एंट्री हो गई है. 13 चेक पोस्ट में 24 घंटे की तैनाती करने एक एक पुलिस के जवान लगाए गए हैं. इतना ही नही क्राइम ब्रांच की टीम भी अब सीमाओं पर हो रही आवाजाही पर नजर रखी हुई है.

### लापरवाही बरतने पर 120 कर्मियों को थमाया नोटिस

**सरेंडर कराया गया रकबा**

एसडीएम को धौराकोट में निरीक्षण के दरम्यान किसान लोकपाल का टोकन परीक्षण कराया. जांच पाया गया कि किसान के पट्टे में कूल धारित रकबा 1.22 हेक्टेयर का जिक्र है. ऑपरेटर ने गिरदावरी रिपोर्ट के आधार पर खरीदी का मात्रा जारी किया था. पर पटवारी जांच में फसल उत्पादन का रकबा .25 हेक्टेयर कम पाया गया. अतरिक्त रकबे को सरेंडर कराया गया. एसडीएम पाठक ने कहा कि आगे अब इसी तरह रकबे की जांच के लिए निर्देश दिया गया है. अतरिक्त रकबे को सरेंडर कराने का काम तेजी से किया जाएगा।

**खरीदी का दायरा बढ़ाया, इसलिए मांग बढ़ गई**

शासन ने इस वर्ष धान खरीदी रकबे का दायरा बढ़ा दिया है. प्रति एकड़ 20 चिंटल कर दिया है. जबकि औसत उत्पादन 10 से 12 चिंटल है. ज्यादातर इलाका अल्प वर्षा से प्रभावित है. वहां की उत्पादन 7 चिंटल से भी कम है. हालांकि प्रभावित इलाके में अब तक किसानों ने धान बेचना शुरू नहीं किया है. लेकिन बिचौलिए से खरीदी कर धान डंप कराना शुरू कर दिया है. एसडीएम ने टीम बना कर डंप धान पर भी जल्द कार्रवाई करने की बात कही है।

# जैन क्रिकेट चैंपियनशिप 27 से, रोजाना 5 मैच होंगे

**रायपुर,** 23 नवंबर (देशबन्धु)। सामाजिक परिवेश में जैन क्रिकेट चैंपियनशिप (जेसीसी)का आयोजन स्थानीय नेताजी सुभाष स्टेडियम में 27 नवंबर से 3 दिसंबर तक किया गया है। छत्तीसगढ़ के प्रमुख शहरों से कुल 10 टीमें इसमें हिस्सा लेंगी। जैन समाज के लोग ही टूर्नामेंट में खेलेंगे। शाम 5 बजे से रात्रि 12 बजे तक मैच होंगे और रोजाना 5 मैच खेले जायेंगे। उद्घाटन समारोह में बॉलीवुड अभिनेत्री अमीषा पटेल शामिल होंगी।

आयोजन समिति की ओर से जानकारी देते हुए सौरभ बाफना ने बताया कि आयोजन का यह पहला साल है क्रिकेट में रूचि रखने वाले युवाओं को जेसीसी में खेलना एक सुखद अनुभव देगा समाज के साथ खिलाडियों को जोड़कर परिचयात्मक रूप से भी मंच मिलेगा। आने वाले साल में अन्य समाज की टीम के साथ चैंपियनशिप करने का प्रयास होगा। नेताजी सुभाष स्टेडियम में 27 नवंबर से रोज 5 मैच होंगे,10-10 ओवर का मैच होगा,कुल 10 टीमें हिस्सा ले रही हैं। ड्रेस कोड से लेकर क्रिकेट के सारे नियमावली रहेंगे। उद्घाटन समारोह में बॉलीवुड अभिनेत्री अमीषा पटेल शामिल होंगी।3 दिसंबर को चैंपियनशिप का समापन होगा। विजेता टीम को 3 लाख और उप विजेता टीम को 2 लाख रूपये का पुरस्कार प्रदान किया जायेगा। आयोजन के बाद जो सहयोग राशि बचेगी उसे दिव्यांग स्कूल के बच्चों की पढ़ाई व वृध्दाश्रम मे बुजुर्गो की सेवा जैसे कार्यो के लिए प्रदान किया जायेगा। नेताजी सुभाष स्टेडियम को टूर्नामेंट के लिए तैयार किया जा रहा है। टूर्नामेंट का प्रसारण ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर किया जाएगा।

## सार-संक्षेप

### जय हिन्द कप सीजन 2 - अंतर-विद्यालय क्रिकेट टूर्नामेंट

**रायपुर,** 23 नवम्बर (देशबन्धु)। आपको सूचित करते हुए प्रसन्न हैं कि जय हिन्द कप सीजन 2 का आयोजन 4 दिसंबर से दही हांडी मैदान, श्रीनगर रोड पर 20 प्रारूप में किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में 12 टीमें भाग लेंगी। प्रत्येक मैच में मैन ऑफ द मैच की ट्रॉफी दी जाएगी, जिसे अंतिम मैच समारोह में प्रदान किया जाएगा। इसके साथ ही, मैन ऑफ द सीरीज, सर्वश्रेष्ठ विकेटकीपर, सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज, और सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज के लिए विशेष पुरस्कार होंगे। फाइनल मैच जीतने वाली टीम और उपविजेता टीम को नकद पुरस्कार भी मिलेगा। प्रत्येक मैच में खिलाड़ियों को आयोजक समिति द्वारा स्नैक्स प्रदान किए जाएंगे। प्रतिभागी स्कूलों से निम्न संपर्क नंबर पर संपर्क करने का अनुरोध है- विनोद यादव 9926117468, श्रीकांत अग्रवाल 9329805050

### देवउठनी एकादशी मनाया गया

**सिमगा।** देवउठनी एकादशी तुलसी पूजा का पर्व भक्ति भाव के साथ मनाया गया। गुरुवार को देवउठनी एकादशी को छोटी दिवाली के रूप में मनाया गया। बड़ी तादात में लोग पूरे दिन भर व्रत रखकर आराधना किये वहीं संध्या के समय गन्ने का मंडप बनाकर भगवान शालिगराम संग तुलसी जी का विधि विधान के साथ विवाह रचाया गया। देवउठनी एकादशी को चातुर्मास का समापन होता ह। इस दिन से सभी मांगलिक कार्य प्रारंभ होते है।

# टिकरापारा बेटी बचाओ मंच ने आंवला नवमी में खो-खो सुआ नृत्य, रस्सा खींच, स्नेहभोज का आयोजन किया



**रायपुर,** 23 नवम्बर (देशबन्धु)। टिकरापारा बेटी बचाओ मंच ने आंवला नवमी पर आवला पूजन, राजगीत ,सुआ नृत्य, खो खो, रस्सा खींच व अन्य विविध गेम्स का आयोजन किया। महादेव घाट स्थित शिव मंदिर प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में मंच के महिला पदाधिकारियों ने परिवार के समृद्धि की कामना के साथ आवला पेड़ का विधि विधान से पूजन, आरती कर मौली धागा लपेटकर फेरे किया। मंच के प्रदेश अध्यक्ष ललित मिश्रा ने आवला पूजन का शास्त्र सम्मत महत्व को बताते हुए कहा कि इस दिन आवला पूजन से भगवान विष्णु, शिवजी तथा लक्ष्मी माता का आशीर्वाद प्राप्त होता है । आयोजन में उषा यादव ने राज गीत अरपा पैरी के धार को प्रस्तुत किया।

पदाधिकारियो ने सुआ गीत के साथ नृत्य, खो-खो तथा रस्सा खींच प्रतियोगिता का आयोजन के साथ खूब एंजॉय किया ।रस्सा खींच मे नीतू साहू, रीना ठाकुर तथा उषा निषाद ग्रुप विजेता व अंजलि यदु, किरण कर्स तथा सुप्रिया धुवारे की टीम उपविजेता घोषित हुए। सुआ नृत्य में रुपा यदु, उषा यादव, सुषमा यादव, एकता यादव, कैलाश यादव ,बसंती यादव तथा खो खो में सुप्रिया धुवारे को पुरस्कृत किया गया। अंत में पदाधिकारी ने अपने साथ लाए लजीज व्यंजन के साथ खीर ,पूडी, कढ़ी ,चिला, फरा व पुलाव का भरपूर आनंद लिया। संचालन अंजली यदु तथा आभार सुप्रिया धुवारे ने किया।

# एक करोड़ जीतने से चूके छग के जूनियर विराट



**रायपुर,** 23 नवंबर (देशबन्धु)। अमिताभ बच्चन का गेम शो 'कौन बनेगा करोड़पति' में कई लोग टैलेंट का पिटारा लेकर आते हैं। इस बार जूनियर्स भी इस गेम शो का हिस्सा बने हैं।इंडिया के शार्पेस्ट माइंड्स इसमें आए हैं। नॉलेज के दम पर जूनियर्स हर किसी को इंप्रेस कर रहे हैं।शो में 22 नवंबर 2023 के एपिसोड में 8 साल के विराट हॉट सीट पर पहुंचे थे।

एक के बाद एक प्रश्नों का सही जवाब देकर विराट एक करोड़ के सवाल तक भी पहुंच गए।जब सवाल पूछा गया तो विराट का कहना था कि यह बहुत हार्ड चेश्चन है। इसपर अमिताभ ने कहा कि हां हार्ड प्रश्न है तो क्या आप चिट करना चाहेंगे। इसपर विराट ने कहा- नहीं सर, थोड़ा सोचूंगा।मुझे लग रहा है कि इस सवाल का जवाब ए या फिर बी होगा।काफी सोच-विचार के बाद विराट ने ए पर लॉक कराया, जोकि सही जवाब नहीं था।

### केबीसी में इस सवाल का नहीं दे पाए जवाब

अमिताभ ने कहा कि इसका सही जवाब क्र्था।आप कह भी रहे थे कि ए या बी में से कोई है, तो वो बी सही जवाब था। विराट के पेरेंट्स थोड़े निराश नजर आए। विराट एक करोड़ रुपए नहीं जीत पाए।वो घर 3 लाख 20 हजार रुपये लेकर गए।

एक करोड़ का ये था सवाल

पीरियॉडिक टेबल में 96 और 109 परमाणु संख्या वाले दो तत्वों के नाम के बारे में क्या बात विशेष है?

नोबेल विजेताओं के नाम पर हैं
महिला वैज्ञानिकों के नाम पर हैं
भारतीय वैज्ञानिकों के नाम पर हैं
उनके कोई नाम नहीं हैं

इसका सही जवाब था- महिला वैज्ञानिकों के नाम पर हैं

विराट म्यूजिक और चेस में बेहतरीन हैं। अबतक ये 30 अवॉर्ड्स जीत चुके हैं। जब विराट 7-8 महीने के थे तो वो स्टेट लेवल पर चेल खेल चुके हैं।विराट ने हॉट सीट पर बैठकर कहा कि वो बड़े होकर चेस में ग्रैंड मास्टर बनना चाहते हैं।

## निधन

### लता वर्मा

**भिलाईनगर,** 23 नवंबर। प्रगति नगर रिसाली निवासी श्रीमती लता वर्मा पत्नी चिंता राम वर्मा का 23 नवंबर को निधन हो गया है। बीते कुछ समय से उनका स्वास्थ्य खराब चल रहा था। इनका अंतिम संस्कार गुरुवार दोपहर को रिसाली मुक्तिधाम में किया गया। वे भुवन वर्मा और सुनील वर्मा की मां थी। इनकी अंतिम यात्रा प्रगति नगर रिसाली, होरी ऑटो गैरेज के पास मकान क्रमांक 154/5 से निकाली गई।



### संदीप चंद्राकर

**महासमुंद,** 23 नवंबर। ग्राम बेमचा निवासी पुलिस निरीक्षक संदीप चंद्राकर 44 वर्ष का लंबी अस्वस्थता के चलते 23 नवंबर को रायपुर में निधन हो गया। अंतिम संस्कार 24 नवंबर को सुबह 9 बजे गृह ग्राम बेमचा में किया जाएगा। वे प्रो. स्व. रामकुमार चंद्राकर के पुत्र, शशिकांत चंद्राकर सीए के छोटे भाई, पोखन चंद्राकर, अधिवक्ता रमेश चंद्राकर के भतीजा थे।



### बसंत साहू

**नवापारा राजिम,** 23 नवम्बर। समीपस्थ ग्राम नवागांव बुड़ेनी निवासी वरिष्ठ कांग्रेस नेता जन-भागीदारी अध्यक्ष बुड़ेनी हाईस्कूल बंसत साहू उम्र 55 वर्ष का आकस्मिक निधन हो गया। वे बहुत दिनों से अस्वस्थ थे. उनकी अंतिम यात्रा में समाज जन एवं ग्रामीण जन बड़ी संख्या में मौजूद थे। वे तोकेश साहू, प्रवीण साहू, गुमनाम साहू के पिता एवं नवागांव सरपंच बिहारी साहू भाई थे।



### चंद्रिका प्रसाद शर्मा

**भिलाई,** 23 नवंबर। मुकुट नगर दुर्ग निवासी चंद्रिका प्रसाद शर्मा का 81 वर्ष की उम्र में 23 नवंबर को सेक्टर-9 अस्पताल में निधन हो गया। वे देवेंद्र शर्मा तथा श्रीमती रंजना चौबे के पिता तथा स्मृति सोसाइटी के अध्यक्ष राजीव चौबे के ससुर थे। इनकी अंतिम यात्रा 24 नवंबर को 11.00 बजे उनके मुकुट नगर निवास से शिवनाथ नदी दुर्ग के लिए निकलेगी।



# खाटू श्याम के जन्मोत्सव पर निशान यात्रा निकाली गई



**रायपुर,** 23 नवंबर। खाटू श्याम के जन्मोत्सव पर श्री श्याम मासिक एकादशी निशान यात्रा गुढ़ियारी द्वारा 26वीं निशान यात्रा रजत उत्सव के साथ निशान यात्रा ढोल-नगाड़ों के साथ निकाली गई। श्याम भक्त हाथों में ध्वजाएं और महिलाएं केसरिया परिधान में पुरुष राजस्थानी वेशभूषा में श्याम भजन गाते हुए मस्ती में झूमते चल रहे थें । इस दौरान जगह-जगह पुष्प वर्षा की गई। निशान यात्रा में खाटू श्याम के जयकारों से नगर का माहौल श्याममय हो गया।

यात्रा प्रारंभ स्थल प्राचीन गुढ़ियारी हनुमान मंदिर पर बाबा श्याम का लकी खजाना श्याम भक्तों को प्राप्त हुआ तथा आतिशबाजी की गई, श्याम भजन गायक सचिन खंडेलवाल द्वारा भक्तों को श्याम भजन अमृत भजनों से आनंदित किया गया जिसमें भक्तों ने श्याम भजन व पूजन भक्ति में लीन हो गए। बाबा श्याम को इत्र से स्नान करवाकर गुलाब, चंपा, चमेली सहित अनेक प्रकार के फूलों के बने गजरों से छत्तीसगढ़ में प्रथम बार खाटू श्याम की तर्ज पर पालकी सजाई गई जिस पर खाटू के राजा खाटू श्याम को विराजमान कर छप्पन भोग फल भोग इत्र वर्षा पुष्प वर्षा कर नगर भ्रमण कराया गया। मेवा-मिश्री मिठाई और केक काटकर बाबा श्याम का जन्मोत्सव मनाया गया।

यात्रा आरंभ करने के पूर्व श्याम भक्तों ने मिलकर आरती व पूजन कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस मौके पर शहर के कई गणमान्य श्याम प्रेमी महिला पुरुष बच्चे आदि मौजूद रहे। इस कार्यक्रम को पूर्ण रूप देने के हेतु श्याम दीवानी प्रीति अभिषेक अग्रवाल मोहन अग्रवाल पल्लव अग्रवाल सुमित अग्रवाल अमित लाहोटी रामनारायण अग्रवाल महेश अग्रवाल मिलन अग्रवाल नितेश शैंकी अभिषेक अग्रवाल निरंतर अग्रसर रहे।

# पूर्वी क्षेत्र इंटर यूनिवर्सिटी टेनिस मैन एंड वुमन टूर्नामेंट में पं. रविवि की महिला टीम ने फायनल में किया प्रवेश

**रायपुर,** 23 नवम्बर (देशबन्धु)। ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी के तत्वावधान में पं रविशंकर यूनिवर्सिटी रायपुर द्वारा पूर्वी क्षेत्र इंटर यूनिवर्सिटी टेनिस मेंन एंड वुमेन्स टूर्नामेंट का आयोजन 22 से 24 नवम्बर को वी आई पी क्लब में आयोजित किया जा रहा है। इस टूर्नामेंट के रेफ़री ओडिसा के प्रबीन कुमार नायक, व्हाइट बेज रेफ़री एवं टूर्नामेंट कोऑर्डिनेटर रूपेंद्र सिंह चौहान है। आज प्रतियोगिता के दूसरे दिन मेंस एवं वुमेन्स टीम इवेंट के सेमीफाइनल मैचेस खेले गए जिसमे पं रविवि की महिला टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जाधव पुर यूनिवर्सिटी को सीधे 2-0से हराकर फायनल में प्रवेश किया। पहले मैच में रविवि की उर्वशी बंजारे ने जाधव पुर की रियाना रॉय को 6-1,6-0 से हराकर रविवि को 1-0 की बढ़त दिलाई दूसरे संघर्ष पूर्ण सिंगल्स में में मेघा बंजारे ने ईवा साह को 6-4,3-6,6-0से हराकर रविवि की टीम को फायनल में प्रवेश दिलाया। दूसरे सेमीफाइनल में केआईआईटी भुवनेश्वर ने सेंचुरियन विवि को 2-0से हराकर फायनल में पहुची। मेंस सेमीफाइनल में रविवि की मेंस टीम जाधपुर से 2-0 से हर गयी एवम दूसरे सेमीफाइनल में केआईआईटी ने एम जी काशी विद्यापीठ को 2-0 से हराकर फायनल में प्रवेश किया। इस अवसर पर संजय शुक्ला ,डॉ रामानन्द यदु , डॉ प्रमोद मेने , रूपेंद्र सिंह चौहान, डॉ कर्मिष्ट शम्भरकर, ज्ञानेंद्र भाई उपस्थित थे विजेताओं को पुरस्कृत पं रविवि के कुलपति प्रो सच्चिदानंद शुक्ला करेंगे वही विशेष अतिथि के रूप में चेयरमैन वी आई पी क्लब राकेश पांडे उपस्थित रहेंगे यह जानकारी डॉ विपिन चंद्र शर्मा संचालक शारी शिक्षा पं रवि विवि एवम आयोजन सचिव ने एक विज्ञप्ति में दी।ज्ञ



### शिव महापुराण कथा वपार्थिव शिव निर्माण कल से

**खरोरा,** 23 नवंबर (देशबन्धु)। शिव महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ एवं मिट्टी पार्थिव शिवलिंग निर्माण 25 नवम्बर से 3 दिसम्बर तक शिव महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ एवं मिट्टी पार्थिव शिवलिंग निर्माण का 25 नवंबर से 3 दिसंबर तक यह आयोजन किया गया है। अत: इस अवसर पर इस ज्ञानगंगा में डुबकी लगाकर अपने जीवन को धन्य करें। कथा स्थल- भगवती आरा मिल के सामने, केशला, खरोरा प्रवचन समय दोप. 1=30 बजे से सायं 5=30 बजे तक। प्रवचनकर्ता पंडित चंदन प्रसाद शर्मा भागवत आचार्य ज्योतिष आचार्य पथरी सिलयारी वाले है। तैयारी में जय महाकाल गणेशोत्सव समिति श्री सिद्धि विनायक गणेशोत्सव समिति महिला मानस मंडली वार्ड क्र. 14 समस्त नगरवासी एवं ग्रामवासी केशला, खरोरा द्वारा किया गया जा रहा है उसकी तैयारी में लोग जुटे हुई।

## कैपिटल जोन का शेष...

### फरार आरोपियों के विरूद्व ...

आरोपियों गुण्डा बदमाश निगरानी बदमाश संदिग्ध व्यक्ति असमाजिक तत्वों एवं अपराधों में संलिप्त व्यक्तियों के विरूद्ध विशेष अभियान चलाने के साथ ही थाना क्षेत्रों में निवासरत् गुण्डा निगरानी बदमाशों एवं अपराधिक तत्वों को थानों में तलब कर उनकी परेड़ ली गई। इस दौरान आज 06 आरोपियों के विरूद्ध आबकारी एक्ट 16 आरोपियों के विरूद्ध आर्म्स एक्टए 02 आरोपियों के विरूद्ध जुआ एक्ट तथा 195 आरोपियों के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्यवाही करने के साथ ही विभिन्न अपराधों के 13 स्थायी वारंट एवं 15 गिरफ्तारी वारंट की तामिली की गई। 247 आरोपियों के विरूद्ध कार्यवाही कर उन्हें जेल भेजा गया।

# लोनिवि वीआईपी कल्चर से उबरे-जहां वास्तविक गड्ढे हैं डामरीकरण वहां हो : विजय झा

**रायपुर,** 23 नवम्बर (देशबन्धु)। रायपुर शहर में लोक निर्माण विभाग द्वारा किए जा रहे डामरीकरण में विभाग के अधिकारी अभी भी वीआईपी कल्चर से नहीं उबरे हैं। जो रोड बनाए जा रहे हैं वह पहले से चिकनी रोड है, वही थुक पॉलिश कर, राज भवन, कलेक्टर, एसपी महापौर के निवास के आसपास ऐसे जगह नगरीकरण हो रहा है। जहां वीआईपी लोगों का आना-जाना रहना बसना होता है। आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता और रायपुर दक्षिण के प्रत्याशी विजय कुमार झा ने आरोप लगाया है कि बड़े लोगों को खुश करने जहां रोड पूर्व से सामान्य चिकनी हैं। इस पर ही थुक पॉलिश कर डामरीकरण किया जा रहा है। प्रदेश के अधिकारी जनता के खून पसीने की कमाई के पैसे का सदुपयोग करने का ही शासकीय सेवा में प्रतिज्ञा लेते हैं। किंतु दुर्भाग्य है जितना संभव हो सके सरकारी पैसे का दुरुपयोग ही किया जाता है। छत्तीसगढ़ में कहावत है सैया भये कोटवार तो डर काहे का। उच्च अधिकारी मंत्री आदि को पटाकर अधिकारी भी सरकार के अंतिम समय में खेला कर रहे हैं। पुरानी बस्ती, लाखे नगर, चंगोराभाठा, भाठागांव रायपुरा, आदि क्षेत्रों में भयानक गड्ढे हैं। डामरीकरण वहां किया जाना चाहिए। जिन क्षेत्रों में किए गए हैं, उस डामरीकरण से भी लोग दोपहिया वाहन से गिरकर चोटिल हो रहे हैं। क्योंकि आधे रोड बनाए गए हैं। आधे छोड़ दिए गए हैं। दो पहिया वाहन के पीछे जब चार पहिया वाहन जाकर तेज हॉर्न बजाते हैं, तो मजबूरी में नए बनाए गए रोड से नीचे उतरना पड़ता है या कभी नीचे से नए बने रोड में चढ़ना पड़ता है। इस कारण वाहने स्लिप होती हैं। जिससे अनेक दुर्घटनाएं भी हो रही है। आम आदमी पार्टी ने मांग की है कि लोक निर्माण विभाग के प्रमुख अभियंता इन बातों का ध्यान में रखकर केवल बिल बनाने ठेकेदार को भुगतान करने तक सीमित न रहे, बल्कि राजधानी की जनता की परेशानी को दूर करने के लिए जिन रोड में वास्तविक गड्ढे हैं। उसका सर्वे कराकर वही डामरीकरण किया जावे। यह छत्तीसगढ़ और रायपुर राजधानी की जनता का दुर्भाग्य है कि नगर निगम, लोक निर्माण विभाग एवं स्मार्ट सिटी में आपसी सामंजस्य न होने के कारण बनी हुए नई सड़कों पर फिर से गड्ढे खोदकर उसे बर्बाद किया जाता है। अच्छा होता कि लोक निर्माण विभाग, स्मार्ट सिटी के खुदाई के कार्य को पूर्ण हो जाने के बाद उनके एनओसी मिलने पर ही नई सड़क बनाई जाती। अब अंडरग्राउंड इतने खोदाई कर नल पाइप, विद्युत पाइप व नल जल योजना के कनेक्शन लगाए गए हैं कि सड़क बार-बार खोदनी पड़ेगी। जिससे जनता, सरकार दोनों के आर्थिक मानसिक शारीरिक क्षति होगी।

# 51 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का भूमिपूजन

**छत्तीसगढ़ नगर में 15 से 18 दिसंबर तक गायत्री महायज्ञ**

**रायपुर,** 23 नवंबर। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के संरक्षण एवं मार्गदर्शन में गायत्री प्रज्ञा पीठ संतोषी नगर रायपुर एवं रायपुर महानगर के गायत्री परिजनों के सहयोग से 15 दिसम्बर से 18 दिसम्बर तक दशहरा मैदान, भटागॉव रिंग रोड क्रमांक 1 रायपुर में 51 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ एवं प्रज्ञा पुराण, पुस्तक मेला भव्य प्रदर्शनी, विविध संस्कार एवं दीपयज्ञ हेतु भूमिपूजन दिनांक 24 नवंबर दिन गुरुवार को स्थानीय जनप्रतिनिधियों, गायत्री परिवार छत्तीसगढ़ के जोन समन्वयक व वरिष्ठ एवं सक्रिय परिजनों तथा क्षेत्रवासियों की उपस्थिति में सम्पन्न होगा। महायज्ञ संचालन संयोजक श्री रामकृष्ण साहू एवं गायत्री परिवार रायपुर के जिला समन्वयक लच्छू राम निषाद ने बताया कि अखिल विश्व गायत्री परिवार के संस्थापक एवं संरक्षक वेदमूर्ति तपोनिष्ठ पं. श्रीराम शर्मा आचार्य जी एवं परम वंदनीया माता भगवती देवी शर्मा जी ने मानव में देवत्व का उदय और धरती पर स्वर्ग का अवतरण के लिए गायत्री मंत्र साधना और यज्ञ कर्म को आवश्यक माना है। गायत्री मंत्र साधना से मनुष्य के बुद्धि क्षमता का अनंत विस्तार होता है, वहीं पर पूर्ण श्रद्धा और विधि सम्मत किया हुआ महायज्ञ से पर्यावरण का परिष्कार संवर्धन एवं समाज में सांस्कृतिक एकता, समरसता और भाई चारे का वातावरण निर्मित होता है।उक्त महायज्ञ संचालन शांतिकुंज हरिद्वार के ऋषिपुत्रो द्वारा संपन्न होगा। 15 दिसंबर को सद्गुरू ज्ञान गंगा, सदग्रंथ शोभा यात्रा मंगल जल-कलश यात्रा, दिनांक 16 से 18 दिसंबर तक प्रतिदिन प्रात: 8 बजे ध्यान साधना प्रज्ञा योग व प्रात: 8.30 से गायत्री महा-यज्ञ, दोपहर 1.00 से दोपहर 2.30 बजे तक ।?

# आज से गुंजेगी शहनाइयां

## 30 नवंबर तक विवाह के 6 शुभ मुहूर्त




**रायपुर,** 23 नवंबर (देशबन्धु)। आज देवउठनी एकादशी से शादियां प्रारंभ हो जाएगी 23 नवंबर को 5 माह के चातुर्मास की अवधि पूरी हो रही है इसी दिन श्री हरि फिर योग निद्रा से बाहर आएंग इसी के साथ पिछले पांच माह से थमी शहनाइयां गूंजने लगेंगी तथा दूल्हों का घोड़ी पर चढने का इंतजार भी खत्म हो जाएगा ऐसे में 23 नवंबर को देवउठनी एकादशी को स्वयं सिद्ध अबूझ मुहूर्त रहेगा 23 से 30 नवंबर तक यानी 8 दिन में विवाह के 6 शुभ मुहूर्त है पंचांग के अनुसार 23, 24, 25, 27, 28 और 29 नवंबर में विवाह मुहूर्त हैं शादी.विवाह को आज भी परिवारों में शुभ मुहूर्त में मंगलकारी मानते हैं देवउठनी एकादशी के दिन भगवान विष्णु क्षीरसागर में 4 माह शयन के बाद जागते है भगवान विष्णु के शयनकाल के चार मास में विवाह आदि मांगलिक कार्य नहीं किए जाते हैं इसलिए देवोत्थान एकादशी पर श्री हरि के जागने के बाद शुभ तथा मांगलिक कार्य शुरू होते है इसके बाद तुलसी विवाह का आयोजन भी किया जाता है 23 नवंबर को देवउठनी एकादशी मनाई जाएगी और 24 नवंबर को तुलसी विवाह होगा कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि 22 नवंबर को 11.03 मिनट बजे शुरू होगी और 23 नवंबर को 09.01 मिनट पर खत्म होगी।

## घर–घर तुलसी विवाह का आयोजन

आज घर घर में तुलसी विवाह का आयोजन किया गया तुलसी के साथ भगवान विष्णु के विग्रह स्वरूप शालिग्राम जी का विवाह पूरे विधि.विधान से किया गया साथ ही इसी दिन भगवान विष्णु चार माह की योग निद्रा के बाद जाग्रत होते हैं। इसलिए इस दिन को देवउठनी एकादशी के नाम से भी जाना जाता है। कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को तुलसी विवाह आयोजन किया गया इस दिन तुलसी के पौधे को घर के आंगन में रखकर गन्ने से विधिवत मंडप बनाकर पूजा की गई भगवान विष्णु की प्रतिमा चौकी में रखकर गन्ना, मूलीआंवला, बेर, शकरकंद, सिंघाड़ा, सीताफल,, अमरूद सहित अन्य मौसमी फल, धूप, दीपक, वस्त्र, फूल और माला, सुहाग का सामान, सुहाग का प्रतीक, लाल चुनरी, साड़ी, हल्दी, आदि चढाई गई।

# शादी सीजन से 550 करोड़ के कारोबार के आसार

**रायपुर।** देव प्रबोधिनी एकादशी के साथ गुरुवार से मांगलिक कार्यों की शुरुआत होगी। कारोबारियों के संगठन कन्फेडरेशन आफआल इंडिया ट्रेडर्स ;कैट के अनुसार प्रदेशभर में इस सीजन में लगभग 550 करोड़ के कारोबार की संभावना है। कैट ने यह अनुमान अपने सहयोगी संगठनों से मिली प्रतिक्रिया के आधार पर निकाला है। नवंबर में 23, 24, 27, 28, 29 और 30 नवंबर तथा दिसंबर में 3, 4, 7, 8,9 और 15 तारीख को शादी के लिए शुभ मुहूर्त हैं।

होटल कारोबारियों ने होटलों की बुकिंग के अनुसार अनुमान लगाया है कि 15 दिसंबर तक चलने वाले 22 दिनों के शादी सीजन में प्रदेश में 1,000 से ज्यादा शादियां होंगी। शहर में इन दिनों सराफा संस्थानों से लेकर कपड़ा बाजार में ग्राहकों की भीड़ देखी जा सकती हैं। साथ ही आटोमोबाइल संस्थानों में शुभ दिनों के लिए बुकिंग हो रही है। कारोबारियों का कहना है कि पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष शादी सीजन में लगभग 40 प्रतिशत ज्यादा कारोबार की उम्मीद है क्योंकि पिछले वर्ष की तुलना में शादी की तिथियां ज्यादा हैं। सराफाए कपड़े सहित अन्य संस्थानों में इन दिनों ग्राहकों की भीड़ देखी जा सकती है।

### एक हजार से अधिक शादियां होने की संभावना

### सभी बड़े होटल मैरिज पैलेस बुक

शादियों के लिए रायपुर के साथ ही दुर्ग.भिलाई, बिलासपुर, रायगढ़, जगदलपुर सहित अन्य प्रमुख शहरों के सभी बड़े होटलए मैरिज पैलेस बुक हो चुके हैं। अकेले रायपुर में 400 बड़े होटल और मैरिज पैलेस हैंए होटल कारोबारियों के अनुसार इनमें से लगभग सभी बुक हो गए हैं। प्रदेश में इनकी संख्या 900 से ज्यादा हैए जिनमें से 90 प्रतिशत बुक हो गए हैं।

**मैरिज पैलेस व होटलों में बारात स्वागत, डेकोरेशन, पार्टी और पाणिग्रहण तक के इंतजाम**– सभी बड़े होटल और मैरिज पैलेस में बारात स्वागत से लेकर डेकोरेशनए पार्टीए पाणिग्रहण दूल्हा.दुल्हन की धमाकेदार एंट्री इवेंट कार्यक्रम आदि के इंतजाम है। बताया जा रहा है कि एक हजार लोगों की पार्टी के लिए इनका पैकेज 50 लाख से एक करोड़ के बीच है। बजट होटलों का पैकेज भी 10 लाख रुपये से शुरू है। इसके अलावा उपभोक्ताओं की मांग के अनुसार ही थीम बेस्ड शादियां भी करवाई जाती हैंए इसके लिए भी होटलों में पूरी तैयारी रहती है।

### सराफा में लाइटवेट ज्वेलरी के साथ ही पारंपरिक व फैशनेबल गहने

सराफा संस्थानों में लाइटवेट गहनों की नई रेंज के साथ ही पारंपरिक व नए फैशनेबल गहने उपलब्ध हैं। उपभोक्ताओं द्वारा भी इसे काफी पसंद किया जा रहा है। चांदी के काफी गिफ्ट आइटम लाए गए हैं। इलेक्ट्रानिक्स में कांबो आफर दिया जा रहा है और आटोमोबाइल में आकर्षक छूट दी जा रही है। त्योहारी सीजन में हुए जबरदस्त कारोबार को देखते हुए इस वर्ष शादी सीजन में भी जबरदस्त कारोबार की उम्मीद है।

# आयुष्मान कार्ड की आड़ में बड़ा खेल का आरोप



**रायपुर,** 23 नवंबर (देशबन्धु)। गोबरा नवापारा के रायपुर रोड पर स्थित गतिमान अस्पताल में शासन.प्रशासन की आंखों में धूल झोंककर आयुष्मान कार्ड के जरिए लूट.खसोट का प्यापार चलने का आरोप लगा है एक मरीज के परिजन ने आरोप लगाया है कि आयुष्मान कार्ड से लंबी राशि निकालने के लिए अस्पताल प्रशासन मामूली बीमारी के उपचार के लिए भी मरीजों को आईसीयू में भर्ती करने के नाम पर कुछ देर के लिए आईसीयू रूम में ले जाकर मरीज के शरीर में तमाम उपकरण लगाकर फोटो खींचा जाता है और फिर उसे जनरल वार्ड में ले जाकर इलाज का दिखावा किया जाता है वहीं अस्पताल प्रबंधन ने दावा किया है कि जो मरीज आरोप लगा रहा है उसका इलाज हमने आयुष्मान कार्ड से किया ही नहीं है आरोप ये भी है कि अस्पताल प्रशासन मरीज को भर्ती करने से पहले आयुष्मान कार्ड सहित अन्य तमाम औपचारिक दस्तावेज ले लेता है उसके बाद मरीज का भारी.भरकम इलाज दिखाकर मनचाही राशि निकाल लेते है वहीं जब इलाज न होने पर मरीज के परिजन अस्पताल प्रशासन से सवाल करते हैं तो कोई जवाब नहीं दिया जाता प्रबंधन का पक्ष लिया तो अस्पताल के मालिक ने रसूख दिखाते हुए कहा जो करना है कर लीजिए हालांकि खबर प्रकाशित होने के बाद अस्पताल प्रबंधन ने अपना पक्ष रखते हुए कहा हमने उक्त मरीज का इलाज आयुष्मान कार्ड से किया ही नहीं है मामले की शिकायत सीएमचओ से की गई है जांच के बाद ही मामला स्पष्ट हो पाएगा।

- परिजन ने कहा– मामूली बीमारी पर भी आईसीयू में करते हैं भर्ती
- डॉक्टर ने कहा– हमने आयुष्मान कार्ड से इलाज ही नहीं किया

# रायपुर जिला अस्पताल में बवाल

**रायपुर,** 23 नवंबर (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर के कालीबाड़ी स्थित जिला अस्पताल में गुरुवार दोपहर छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन की वजह नर्स के साथ हुई बदसूलकी थी। बीती रात मरीज की एक रिश्तेदार ने ड्यूटी के दौरान नर्स को थप्पड़ जड़ दिया था। अगले दिन घटना की सूचना मिलते ही कर्मचारी नाराज होकर नारेबाजी करने लगे। कर्मचारियों ने माफी की मांग की जिसके बाद अफसरों की समझाइश दी।

- मरीज के रिश्तेदार ने नर्स को जड़ा थप्पड़
- कर्मचारी संघ ने किया प्रदर्शन

## 2 दिन पहले जन्मी बच्ची ने पिता को खोया

**रायपुर,** 23 नवंबर (देशबन्धु)। रायपुर में 2 दिन पहले जन्मी बच्ची ने सड़क हादसे में अपने पिता को खो दिया। मेकाहारा के सामने एक तेज रफ्तार ट्रक ने युवक को कुचल दिया। सिर पर चोट लगने से उसकी मौके पर मौत हो गई। इसी अस्पताल में उसकी 2 दिन पहले जन्मी बच्ची और पत्नी एडमिट भी हैं। मामला मौदहापारा थाना इलाके का है।

### अस्पताल में भर्ती है पत्नी और नवजात

# एग्जिट पोल को शेयर करना पड़ सकता है महंगा

**रायपुर,** 23 नवंबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव 2023 अंतर्गत छत्तीसगढ़ में आदर्श आचरण संहिता लागू हैण् इस दौरान 30 नवम्बर 2023 अपरान्ह 6.30 बजे तक किसी भी प्रकार के एग्जिट पोल का आयोजन करने और मीडिया में इसके परिणाम के प्रकाशनए प्रचार.प्रसार करने पर प्रतिबंध लगाया गया है जिसमें लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 123 3ए 125 126 लागू होगा एमसीएमसी टीम को उस व्यक्ति का सघन तलाश है जो एक्जिट पोल का आयोजन कर रहे हैं या एक दूसरे को सीधा वाट्सअप से या वाटसअप गुप्र में प्रचार प्रसार कर रहे हैं व्यक्ति सामान्य नागरिक हो चाहे वह पढ़ा लिखा हो या अनपढ़ अथवा सरकारी सेवक कोई भी हो निर्वाचन आदर्श आचरण संहिता के उल्लंघन का आरोपी होगा

### चुनाव आयोग रख रही पैनी नजर

## पत्रकार के बैग से कैमरा चोरी

**रायपुर,** 23 नवंबर (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर में लगातार चोरी की घटना सामने आ रही है। गुरुवार को एक दैनिक समाचार पत्र के फोटो जर्नलिस्ट के बैग से कैमरा चोरी हो गया। ये घटना रात के वक्त फील्ड में फोटोग्राफलेने के दौरान हुई है। इसके अलावा एक महिला पत्रकार को भी सोशल मीडिया में अंजान यूजर ने अश्लील कमेंट किया है। दोनों मामलों में पुलिस ने अपराध दर्ज कर लिया है और आगे की जांच कर रही है।

# बिना मान्यता के राजधानी में संचालित स्कूल पर कार्रवाई

**रायपुर,** 23 नवंबर (देशबन्धु)। रायपुर में बगैर मान्यता के संचालित दो.दो स्कूल पर शिक्षा विभाग ने कार्रवाई की है चैतन्य टेक्नो स्कूल के संचालित दोनों ब्रांच पर शिक्षा विभाग ने कार्रवाई करते हुए जुर्माना लगाया है जिसपर शिक्षा विभाग ने कार्रवाई करते हुए जुर्माना लगाया है जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारतीय ने बताया कि बगैर मान्यता के स्कूल संचालन के लिए एक.एक लाख का जुर्माना लगाया गया है और तीन दिन का समय दिया गया है जुर्माना के साथ चैतन्य टेक्नो स्कूल को जवाब भी देना होगा अगर समय पर जुर्माना नहीं दिया तो तीन दिन के बाद प्रतिदिन 10.10 हजार रुपये का जुर्माना लगते जाएगा जानकारी के मुताबिक राजधानी सहित पांच अलग.अलग जिलों में ये स्कूल संचालित है यही नहीं राजधानी में नए सत्र से चैतन्य टेक्नो स्कूल खोलने की तैयारी है जबकि जिला शिक्षा अधिकारी का कहना है कि इस नाम से किसी भी स्कूल को मान्यता नहीं दी गई है चैतन्य टेक्नो स्कूल का फ़ीस की तो कक्षा चौथी में प्रवेश लेने वाले छात्र से ट्यूशन फ़ीस के नाम से 55 हज़ार रुपए लिया जाता है वहीं एक सेमेस्टर ;6 माह के लिए पुस्तक मटेरियल 6555 रुपए में दिया जाता है यूनिफार्म का रेट साइज़ के अनुसार लिया जाता है वहीं कक्षा 6 की बात करें तो 60 हजार रुपए ट्यूशन फ़ीस और एक सेमेस्टर की पुस्तक के लिए 6545 रुपए चार्ज किया जाता है कक्षा नौवीं में 75 हजार ट्यूशन फ़ीस लिया जा रहा है वहीं बुक मटेरियल के नाम पर 7910 रुपया एक सेमेस्टर के लिए लिया जा रहा है इस तरह एक साल में पुस्तक का ही लगभग 16ए000 रुपए लिया जा रहा है इसके साथ ही ऑनलाइन क्लासेस के लिए रजिस्ट्रेशन फ़ीस छह हज़ार रुपया है।

### शिक्षा विभाग ने लगाया एक–एक लाख का जुर्माना



# आनलाइन गेमिंग के चक्कर में परिवार टूट रहे



**रायपुर,** 23 नवंबर (देशबन्धु)। आनलाइन गेमिंग के चक्कर में परिवार टूटने के मामले बढ़ते जा रहे हैं। हिंसा, प्रताड़ना विवाद आदि से युवतियों और महिलाओं को बचाने के लिए बनाए गए सखी सेंटर में अब इस तरह की शिकायतें भी पहुंचने लगी हैं। यहां एक डाक्टर का मामला आया है ।उनकी पत्नी पति की आनलाइन गेमिंग की आदत से तंग आकर मायके चली गईं। डाक्टर इसमें लगभग चार लाख रुपये गंवा चुके हैं। डाक्टर चाहते हैं कि पत्नी घर लौट आए वहीं पत्नी ने सखी सेंटर में स्पष्ट कह दिया है कि पति जब तक आनलाइन गेमिंग की लत नहीं छोड़ेंगे वे घर नहीं लौटेंगी। इस तरह के कई और मामले सखी सेंटर में पहुंचे हुए हैं।

**हर माह 60 से 70 केस आते हैं सामने:** सखी सेंटर की काउंसर प्रीति पांडेय ने बताया कि सबसे ज्यादा मामला घरेलू हिंसा, साइबर अपराध, संपत्ति विवाद, धोखाधड़ी, छेड़छाड़, प्रेम.प्रसंग, नशे की हालत जैसे आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि हर माह 60 से 70 केस सामने आते हैं। अभी 16 जुलाई, 2015 से 30 सितंबरए 2023 तक कुल 25 समस्याओं में 6,923 केस आए हैं। इनमें 6,143 मामलों का समाधान हुआ है और 780 केस लंबित हैं। उन्होंने बताया कि हमारा पूरा प्रयास रहता है कि हर मामला शांति से निपटे। इस दिशा में भी सफल भी हो रहे हैं। सेंटर में रायपुर के अलावा अन्य शहर हो गांव से भी मामले आते हैं।

**बहू करती थी फोन से किसी और से बात:** गुढ़ियारी क्षेत्र में बहू ने खुद गलती करके मिट्टी तेल छिड़कर आत्महत्या की कोशिश की। मामला इस तरह है कि बहू किसी और से फोन पर बात करती थी। इससे उसका पति घर में किसी से बात नहीं करता था। तब उसकी मां को लगा कि बेटे को अचानक क्या हो गया है। उसके बाद मां ने अपनी बहू को समझाने की कोशिश की लेकिन बहू नहीं मानी। उल्टा बहू परिवार के सदस्यों को धमकी देते हुए मिट्टी तेल डालकर खुद को जलाने का प्रयास किया जिससे परिवार के सभी सदस्य डर गए। इसके बाद सखी सेंटर में मां और बेटा ने संपर्क किया। तुरंत सखी सेंटर के काउंसलरों ने सभी को समझाया। काउंसिलिंग तीन बार हुई है। जहां बहू मान गई।

**खाना नहीं बनाने को लेकर पति–पत्नी के बीच विवाद:** भाठागांव इलाके में एक अजीब केस सामने आया है। पत्नी के खाना न बनाने का विवाद इतना बढ़ा कि वह सखी सेंटर तक पहुंच गया। खाना बनाने से नाराज पत्नी ने अपने मायके चली गई। पति ने अपनी पत्नी को बार.बार समझायाए लेकिन वह नहीं मानी। अंत में पति ने अपनी मां के साथ सखी सेंटर का दरवाजा खटकाया। फिर चार बार भी काउंसिलिंग में नाराज पत्नी ससुराल जाने के लिए तैयार हुई।

**एक फोन में सहायता:** सखी सेंटर से मदद के लिए 181 या 0771.4061215 पर केवल एक काल करना पड़ता है। जरूरत के हिसाब से पुलिस और दूसरी एजेंसियों की मदद लेकर पीड़िता की मदद के लिए टीम पहुंचती है। इसके अलावा रेस्क्यू भी किया जाता है।

# गुरुनानक जयंती पर आज नगर कीर्तन

**रायपुर,** 23 नवंबर (देशबन्धु)। गुरुनानक देव के प्रकाशपर्व 27 नवंबर को है। उसके उपलक्ष्य में कल 24 नवंबर को गुरुव्दरा स्टेशन रोड से कल दोपहर 1 बजे प्रारंभ होगा जो तेलघानीं नाका अग्रसेन चौंक आमापारा बाजार होते हुऐ विवेकानंद आश्रम मोहबाबाजार से टाटीबंध गुरुव्दरा शहीद उधमसिंह नगर रात 8ज्30 तक पहुंचेगा।

नगर कीर्तन पुरी खालसाई शान से निकलेगा आगे आगे सिक्ख नौजवान नंगाडा बजाते हुए जाएगें।पीछे–पीछे पंजाब से आई मशहुर गतका पार्टी अपनें हैरतअंगेज करतब दिखाते हुए चलेंगे। उडीसा का आदिवासी नृत्य होगा।श्री गुरुग्रंथ साहेब द्व सरपरस्ती होगी व पंजप्यारे नगर किर्तन की अगुवाई करेगें। इनके पीछे संगत कीर्तन व गुरुजश गाते चलेगी।

गुरुव्दरा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंग छाबडा ने स्टेशन रोडआमापारा से जी ई रोडसे टाटीबंध रोडकी तरफ जानें वाले राहगीरों से दोपहर 1 बजे से 8 बजे तक उस रोडसे डायवर्ड होकर गुजरने की अपील की है। व्यापारी भाईयों से स्वागत की अपील है। सिक्ख युवकों को वाईट पैंट–शर्ट केसरीया पगडी व महिलाओं को सफेद सलवार सुट व केसरिया दुपट्टे पहनकर आने अपील कि है।

गुरुव्दरा प्रबंधक कमेंटी स्टेशन रोड के उपाध्यक्ष इंदरजीत सिंग छाबडा, कल्याण सिंग, निरंजन सिंग खनुजा सचिव तेजिंदर सिंग होरा मंजीत सिंग सलुजा कुलवंत सिंग अरोरा सतपाल सिंग कुलदीप सिंग चावला रविन्दर सिंग दत्ता कुलदीप सिंग मक्कड़ने नगर किर्तन में शामिल होने अपील की है।

### मार्ग बदला, अब स्टेशन रोड से टाटीबंध गुरुद्वारा पहुंचेगा

# आटो रिक्शा से गांजा की ब्रिकी, आरोपी गिरफ्तार



**रायपुर,** 23 नवंबर (देशबन्धु)। नशे का काला कारोबार करने वाले कारोबारियों की पतासाजी कर कार्यवाही करने एवं इस पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाने आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये है। जिस पर समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों थाना प्रभारियों एवं एण्टी क्राईम एवं सायबर यूनिट की टीम द्वारा मुखबीर लगाकरए पेट्रोलिंग व सूचना संकलन कर नशे का कारोबार करने वाले कारोबारियों के संबंध में सूचना एकत्रित की जा रही है। इस दौरान थाना उरला पुलिस की टीम को सूचना प्राप्त हुई कि थाना उरला क्षेत्रांतर्गत सरोरा स्थित मिश्रा ढ़ाबा के पास आटो वाहन में सवार एक व्यक्ति अपने पास गांजा रखा है तथा बिक्री कर रहा है। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन व थाना प्रभारी उरला के नेतृत्व में थाना उरला पुलिस की टीम द्वारा उक्त स्थान में जाकर वाहन एवं व्यक्ति की पतासाजी कर वाहन को चिन्हांकित कर पकड़ा गया। आटो वाहन में एक व्यक्ति सवार था जिसने पूछताछ में अपना नाम नानू ताण्डी निवासी कोटा सरस्वती नगर रायपुर का होना बताया।

टीम के सदस्यों द्वारा आटो वाहन की तालाशी लेने पर आटो में गांजा रखा होना पाया गया। जिस पर आरोपी नानू ताण्डी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से कुल 03 किलोग्राम गांजा, बिक्री रकम 5,000रूपये तथा आटो क्रमांक सी जी 04 टी 4309 जुमला कीमती लगभग 1,00,000 रूपये जप्त किया जाकर आरोपी के विरूद्ध धारा 20बी नारकोटिक एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया।

# मथुरा के लिए रायपुर से गुजरने वाली 18 यात्री गाड़िया रद्द, 6 बदले मार्ग से चलेगी

**रायपुर,** 23 नवंबर (देशबन्धु) रेलवे प्रशासन द्वारा अधोसंरचना विकास हेतु उत्तर मध्य रेलवे के आगरा रेल मंडल के पलवहलङ्कमथुरा सेक्शन में मथुरा यार्ड का आधुनिकीरण का कार्य किया जायेगा। यह कार्य 27 नवम्बर, 2023 से 23 मार्च, 2024 तक किया जायेगा ।इस कार्य के फलस्वरूप कुछ यात्री गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा। इस कार्य के पूर्ण होते ही गाडियों की समयबद्धता एवं गति में तेजी आयेगी।

### 27 नवम्बर से मार्च 24 तक चलेगा विकास कार्य

## रद्द होने वाली गाड़ियां

11, 18 एवं 25 जनवरी, 2024 को अम्बिकापुर से चलने वाली 04043 अम्बिकापुर–निज़ामुद्दीन स्पेशल रद्द रहेगी ।9, 16, 23 एवं 30 जनवरी, 2024 को निज़ामुद्दीन से चलने वाली 04044 निज़ामुद्दीन–अम्बिकापुर स्पेशल रद्द रहेगी । 23 एवं 30 जनवरी को दुर्ग से चलने वाली 12549 दुर्ग–शहीद कैप्टन तुषार महाजन एक्सप्रेस रद्द रहेगी ।25 जनवरी एवं 1 फरवरी को शहीद कैप्टन तुषार महाजन से चलने वाली 12550 शहीद कैप्टन तुषार महाजन–दुर्ग एक्सप्रेस रद्द रहेगी ।9, 10, 11, 13, 14, 16, 17, 18, 20, 21, 23, 24, 25, 27, 28, 30 एवं 31 जनवरी, 1, 3, 4 फरवरी को विशाखापटनम से चलने वाली 12807 विशाखापटनम–निज़ामुद्दीन एक्सप्रेस रद्द रहेगी ।11, 12, 13, 15, 16, 18, 19, 20, 22, 23, 25, 26, 27, 29 एवं 30 जनवरी, 1, 2, 3, 5, 6 फरवरी, 2024 को निज़ामुद्दीन से चलने वाली 12808 निज़ामुद्दीन–विशाखापटनम एक्सप्रेस रद्द रहेगी ।11 जनवरी से 5 फरवरी तक सिवनी से चलने वाली 14623 सिवनी–फिरोजपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी ।

12 जनवरी से 6 फरवरी तक फिरोजपुर से चलने वाली 14624 फिरोजपुर–सिवनी एक्सप्रेस रद्द रहेगी ।21 जनवरी से 4 फरवरी, तक कोरबा से चलने वाली 18237 कोरबा–अमृतसर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस रद्द रहेगी । 23 जनवरी से 6 फरवरी तक अमृतसर से चलने वाली 18238 अमृतसर–कोरबा छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस रद्द रहेगी ।19, 20, 23, 26, 27, 30 जनवरी, 2, 3 फरवरी को विशाखापटनम से चलने वाली 20807 विशाखापटनम–अमृतसर हीराकुंड एक्सप्रेस रद्द रहेगी ।

21, 24, 27, 28, 31 जनवरी, 3, 4, 7 फरवरी को अमृतसर से चलने वाली 20807 अमृतसर–विशाखापटनम हीराकुंड एक्सप्रेस रद्द रहेगी ।24 एवं 31 जनवरी, को दुर्ग से चलने वाली 20847 दुर्ग–शहीद कैप्टन तुषार महाजन एक्सप्रेस रद्द रहेगी । 25 जनवरी एवं 1 फरवरी, को शहीद कैप्टन तुषार महाजन से चलने वाली 20848 शहीद कैप्टन तुषार महाजन–दुर्ग एक्सप्रेस रद्द रहेगी ।

26 एवं 30 जनवरी एवं 2 फरवरी को दुर्ग से चलने वाली 22867 दुर्ग–निज़ामुद्दीन एक्सप्रेस रद्द रहेगी ।27, 31 जनवरी एवं 3 फरवरी को निज़ामुद्दीन से चलने वाली 22868 निज़ामुद्दीन–दुर्ग एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 24, 25, 26, 27, 29 31 जनवरी एवं 1, 2, 3, 5, 7 फरवरी को रायगढ़ से चलने वाली 12409 रायगढ़–निज़ामुद्दीन गोडवाना एक्सप्रेस रद्द रहेगी ।

22, 23, 24, 25, 27, 29, 30, 31 जनवरी एवं 1, 3, 5 फरवरी को निज़ामुद्दीन से चलने वाली 12410 निज़ामुद्दीन–रायगढ़ गोडवाना एक्सप्रेस रद्द रहेगी ।

परिवर्तित मार्ग से चलने वाली गाडियां

26, 27 नवम्बर, 28 दिसम्बर, 1 जनवरी, को सिवनी से चलने वाली 14623 सिवनी–फ़िरोज़पुर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग आगराङ्कमिटावलङ्कगाजियाबादङ्कनई दिल्ली होकर रवाना होगी । 27, 28 नवम्बर, 29 दिसम्बर, 2 जनवरी को फ़िरोज़पुर से चलने वाली 14624 फ़िरोज़पुर– सिवनी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग नई दिल्ली– गाजियाबाद–मिटावल–आगरा होकर रवाना होगी ।25, 26 नवम्बर, 27 जनवरी एवं 3 फरवरी को पूरी से चलने वाली 18477 पूरी ङ्कयोग नगरी ऋषिकेश उत्कल एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग आगराङ्कमिटावलङ्कखुर्जाङ्कमेरठ सिटी होकर रवाना होगी ।

27, 28 नवम्बर, 29 जनवरी एवं 5 फरवरी को योग नगरी ऋषिकेश से चलने वाली 18478 योग नगरी ऋषिकेश–पूरी उत्कल एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग मेरठ सिटी–खुर्जा–मिटावल–आगरा होकर रवाना होगी।

27 दिसम्बर, 2023 को दुर्ग से चलने वाली 20847 दुर्ग–शहीद कैप्टन तुषार महाजन एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग आगराङ्कमिटावलङ्कगाजियाबादङ्कनई दिल्ली होकर रवाना होगी ।

28 दिसम्बर, 2023 को शहीद कैप्टन तुषार महाजन से चलने वाली 20848 शहीद कैप्टन तुषार महाजन–दुर्ग एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग नई दिल्ली– गाजियाबाद–मिटावल–आगरा होकर रवाना होगी ।

नियंत्रित होने वाली गाडियां

27 दिसम्बर, एवं 1 जनवरी, 2024 को विशाखापटनम से चलने वाली 12807 विशाखापटनम–निज़ामुद्दीन एक्सप्रेस को बाद रेलवे स्टेशन में 50 मिनिट नियंत्रित होगी ।29 दिसम्बर एवं 2 जनवरी, को योग नगरी ऋषिकेश से चलने वाली 18478 योग नगरी ऋषिकेश–पूरी उत्कल एक्सप्रेस को अझई रेलवे स्टेशन में 55 मिनिट नियंत्रित होगी ।19 से 22 एवं 24, 25, 28 जनवरी, 2024 को योग नगरी ऋषिकेश से चलने वाली 18478 योग नगरी ऋषिकेश–पूरी उत्कल एक्सप्रेस को अझई रेलवे स्टेशन में 60 मिनिट नियंत्रित होगी ।

23, 26 एवं 27 जनवरी, को योग नगरी ऋषिकेश से चलने वाली 18478 योग नगरी ऋषिकेश–पूरी उत्कल एक्सप्रेस को अझई रेलवे स्टेशन में 115 मिनिट नियंत्रित होगी।

29 नवम्बर से 6, 21 दिसम्बर को फ़िरोज़पुर से चलने वाली 14624 फ़िरोज़पुर– सिवनी एक्सप्रेस को अझई रेलवे स्टेशन में 25 मिनिट नियंत्रित होगी।

उल्टा पुल्टा

मुझे भी देखने दो, किसका एक्सीडेंट हुआ है? पप्पू भीड़ को हटाते हुए बोला

जब कोई हटा नहीं, तो वह चिल्लाता हुआ बोला-
जिसका एक्सीडेंट हुआ है, मैं उसका बाप हूं
रास्ता मिल गया और पप्पू ने देखा तो एक गधा मरा पड़ा था

# देवउठनी एकादशी पर रही बाजारों में त्यौहारी भीड़

## सुबह, शाम मंदिरों में हुई पूजा, नये प्रतिष्ठानों का शुभारंभ



**दुर्ग**, 23 नवंबर (देशबन्धु)। नगर में आज तुलसी विवाह का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस पर्व पर विशेष रूप से पूजे जाने वाले गन्ने का बाजार आज काफी आबाद रहा। गत दिवस की तुलना में आज गन्ने की आवक तेजी से बढ़ी तो रेट भी गिरे। गत दिवस सौ रूपये जोड़ी बिकने वाला गन्ना आज सौ रूपये से तीन के भाव बिका।

देव उठनी एकादशी पर आज सुबह से ही बाजारों में भीड़ देखी गई। आज देव उठनी पर तुलसी विवाह के बाद से मांगलिक कार्यो का दौर शुरू हो जाता है। वर-वधु के रिश्ते तय करने से लेकर विवाह कराने के अलावा नये प्रतिष्ठान शुरू करने तक के कार्य शुरू होने लगते है। लोगों ने निवास स्थानों, दूकानों के सामने रंग बिरंगी रंगोली सजाई। संध्या ढलने के साथ ही घरों में तुलसी विवाह के अंतर्गत शालीग्राम व तुलसी पूजन किया गया। रात्रि में दीपों की दीपमाला सजाई गई। देर रात तक अनारदाने फटाके फोड़े जाते रहे।

शिवनाथ नदी में भी आज स्नान पूजन करने वालों की भीड़ लगी रही। इसके अलावा लक्ष्मीनारायण मंदिर पोलसाय पारा, किल्ला मंदिर, राम मंदिर, सहित विभिन्न मंदिरों में भी लोगों ने पूजा अर्चना की। एकादशी व्रत होने के कारण आज फलों के अलावा किराना दूकानों में तिखुर, साबूदाना, सिंघाड़ा, सिघाड़े का आटा इत्यादि की मांग भी बनी रही।

# मतगणना शंकराचार्य कॉलेज में

**दुर्ग**, 23 नवंबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन 2023 के अंतर्गत मतगणना स्थल/स्ट्रांग रूम के लिए दुर्ग जिले के द्वारा प्रेषित प्रस्ताव शंकराचार्य इंजीनियरिंग महाविद्यालय जुनवानी भिलाई का अनुमोदन भारत निर्वाचन आयोग द्वारा किया गया है।

अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी बी.के. दुबे से प्राप्त जानकारी अनुसार शंकराचार्य इंजीनियरिंग महाविद्यालय जुनवानी भिलाई में 3 दिसम्बर को प्रात: 8 बजे से मतगणना प्रारंभ होगी। विधानसभावार 14 टेबलों में मतों की गणना की जाएगी। प्रत्येक टेबल में एक सुपरवाईजर तथा एक गणना सहायक होंगे। डाकमत पत्रों की गणना पहले होगी। उन्होंने विधानसभा क्षेत्र से संबंधित सभी रिटर्निंग ऑफिसर को मतगणना तिथि, स्थान व समय का व्यापक प्रचार प्रसार करने कहा है। श्री दुबे ने बताया कि मतगणना स्थल में मोबाईल प्रतिबंधित है तथा मतगणना स्थल में प्रवेश हेतु अधिकारियों/कर्मचारियों सहित राजनीतिक दलों के अभ्यर्थी एवं गणना एजेंटों का प्रवेश पास जरूरी है। प्रवेश पास की अभाव में कोई भी व्यक्ति मतगणना स्थल में प्रवेश नहीं कर सकेगा।

## निर्वाचन कर्मियों को तत्काल चिकित्सा उपलब्ध कराने रायपुर में की गई एयर एंबुलेंस की तैनाती

**दुर्ग जिले के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त**

विधानसभा निर्वाचन 2023 के दौरान निर्वाचन कार्य में संलग्न अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आकस्मिक आपातकालीन स्थिति में तत्काल चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए रायपुर में एयर एम्बुलेंस की तैनाती की गई है। एम्बुलेंस के सुव्यवस्थित प्रबंधन के लिए राज्य स्तर पर नोडल अधिकारी अपर कलेक्टर बी.सी.साहू मो.न. 9425204172 एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (क्राईम/प्रोटोकाल) मो.न. 9340032009, 9479191005 की नियुक्ति की गई है। दुर्ग जिले के लिए अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी अरविन्द कुमार एक्का एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

# पूरा परिवार नींद में डूबा था, हो गई लाखों के जेवरात की चोरी

**दुर्ग**, 23 नवंबर (देशबन्धु)। लुचकी पारा स्थित एक मकान में गत 21-22 नवंबर की दरम्यानी रात लाखों रूपये मूल्य के सोने चांदी के जेवरातों की चोरी हो गई। चोरी गये सामानों में सोने के पांच मंगलसूत्र, सोने की 3 अंगूठी, नाक की सोने की फुल्ली6, 3 जोड़ी सोने के टाप्स, 4 सोने का मोतीदाना, 6 जोड़ी चांदी की पायल, व नकद रकम एक हजार रूपये भी शामिल है। तिगाला परिवार के सदस्य सोहेल रजा तिगाला की रिपोर्ट पर कोतवाली पुलिस ने धारा 380, 457 के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

कोतवाली थाने पर श्री तिगाला द्वारा दर्ज कराई गई रिपोर्ट के अनुसार लुचकी पारा में उनके तीन मंजिला मकान में सबसे नीचे प्रथम तल में उसके दादा द्वितीय तल में माता पिता व सबसे ऊपरी मंजिल में वे स्वयं व भाई का परिवार रहता है। 22नवंबर को सुबह करीब साढ़े 8 बजे उसकी बहन निकहत परवीन द्वितीय मंजिल स्थित अपने माता पिता के कमरे में गई तो वहां की आलमारी खुली हुई थी। लाकर टूटा हुआ था। यह देखकर जब निकहत परवीन ने परिवार के अन्य सदस्यों को इसकी सूचना दी। इस पर परिवार के सभी लोगों ने देखा कि आलमारी में रखे जेवर डिब्बे में से सभी पुश्तैनी जेवरात गायब है। इसके बाद परिवार की ओर से सोहेल रजा तिगाला ने कोतवाली थाने में चोरी की रिपोर्ट दर्ज करा दी।

# सभापति ने किया मितानिनों का सम्मान



**दुर्ग**, 23 नवंबर (देशबन्धु)। मितानिन दिवस पर आज सभापति राजेश यादव ने अपने निवास स्थान में कार्यक्रम कर मितानिनों का शाल श्रीफल से सम्मान किया। इस सम्मान कार्य में सभापति श्री यादव की पत्नी आरती यादव भी सहभागी रहीं।

इस अवसर पर सभापति श्री यादव ने मितानिनों को संबोधित करते हुए कहा कि आज समाज में मितानिनों की भूमिका काफी महत्वपूर्ण हो गई है। प्रसव से लेकर बीमारी इत्यादि के अवसर पर मितानिनें बड़ी जिम्मेदारी से अपने दायित्व को निभा रही है। उन्होंने अपेक्षा करते हुए कहा कि मितानिन बहनें समाज को अपनी सेवाएं और भी उत्कृष्ट तरीके से जारी रखेगी। इस अवसर पर पार्षद विजेन्द्र भारद्वाज, अजय गुप्ता के अलावा वेंकट सांई राव, राजा देवांगन, निशांत यादव, मनोरमा साहू, सीमा यादव, संतोषी अहीर, लक्ष्मी एवं संध्या राजपूत उपस्थित रहें।

# मोक्षित निरामया, सपना फाउण्डेशन केम्प में बड़ी संख्या में लोगों ने किया रक्तदान



दुर्ग, 23 नवंबर (देशबन्धु)। एम्स रायपुर के सहयोग से मोक्षित निरामया एवं सपना फाउण्डेशन के संयुक्त तत्वावधान में मोक्षित निरामया पुष्पवाटिका चौक ऋषिराज मंगलम के पास रक्तदान शिविर लगाया गया। शिविर में सौ से ज्यादा लोगों ने बॉडी चेकअप कर 30 लोगों का रक्तदान प्राप्त किया गया। शिविर संचालन में एम्स रायपुर के प्रशिक्षित चिकित्सकों का विशेष सहयोग रहा। उक्त रक्तदान शिविर को लेकर आज लोगों में भारी उत्साह रहा। मोक्षित निरामया की प्रथम वर्षगांठ पर आयोजित इस शिविर को सफल बनाने में मोक्षित निरामया परिवार एवं स्टाफ का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम के प्रमुख समन्वयक प्रफुल्ल संचेती एवं शशांक चोपड़ा ने बताया कि आज के इस शिविर में सौ से ज्यादा लोगों का बॉडी चेकअप किया गया। इसके अलावा 30 लोगों के लिये उपयोग के मान से रक्त संग्रह किया गया। शिविर के प्रभारी चिकित्सक डॉ. धनंजय साहू, मेडिकल सोशल सर्विस प्रभारी मनीष के पाठक, डॉ. रोनिका, डॉ. श्रीलक्ष्मी, डॉ. अर्पिता, डॉ. निरंजन, डॉ. सिमरन, डॉ. नीर, डॉ. मनीष साहू, ने अपनी सेवाएं दी।

इस अवसर पर भाजपा प्रत्याशी दुर्ग शहर गजेन्द्र यादव, देवेन्द्र यादव, सीए ब्रांच दुर्ग भिलाई, सुरेन्द्र जैन, डॉ. जैन, पूजा मिश्रा, नितिन शर्मा, अंकित राय, सहित अनेक लोगों का सहयोग रहा।

# सरोज पाण्डेय ने दिव्यांग लखन को की ट्राइसिकिल भेंट

**दुर्ग**, 23 नवंबर (देशबन्धु)। राज्यसभा सांसद डॉ. सरोज पाण्डेय राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भाजपा ने आज अपने जल परिसर निवास में कार्यक्रम कर दिव्यांग लखन साहू पिता चिंताराम साहू को ई ट्राइसिकिल भेंट की। लखन साहू नगर निगम कर्मचारी है और राजेन्द्र पार्क व अन्य गार्डन में विगत अनेक वर्षो से माली के रूप में अपनी सेवाएं दे रहा है। लगभग 12 वर्ष पूर्व डॉ. सरोज पाण्डेय ने पैडल ट्राइसिकिल भेंट की थी।

उल्लेखनीय है कि दो दिन पूर्व ही लखन साहू से राजेन्द्र पार्क में डॉ. सरोज पाण्डेय की मुलाकात हुई थी। इस मौके पर लखन साहू ने डॉ. पाण्डेय को उनके द्वारा दी गई पैडल ट्राइसिकिल की याद दिलाई। राज्यसभा सांसद सरोज पाण्डेय ने आज ही उसे जल परिसर निवास में बुलाकर ई बैटरी वाली ई ट्राइसिकिल भेंट की।

लखन साहू प्रतिदिन बोरसी से राजेन्द्र पार्क, पैडल ट्राइसिकिल से आना जाना करता था। वह अब आज से अपनी ई ट्राइसिकिल से आना जाना करने लगा है।



# हेमचंद विवि एनएसएस के राष्ट्रीय एकता शिविर का करेगा मेजबानी

**दुर्ग**, 23 नवंबर (देशबन्धु)। एनएसएस के राष्ट्रीय एकता शिविर का आयोजन 2 जनवरी से 8 जनवरी तक राजनांदगांव में स्थित मॉडल कॉलेज, सोमनी में हेमचंद यादव वि.वि. दुर्ग द्वारा किया जायेगा। वि.वि. को राष्ट्रीय एकता शिविर आयोजन करने का दायित्व प्रथम बार प्राप्त हुआ है। इस संबंध में भारत सरकार द्वारा जारी पत्र वि.वि. को प्राप्त हो गया है। यह जानकारी देते हुए वि.वि. के एनएसएस समन्वयक, डॉ. आर. पी. अग्रवाल ने बताया कि हेमचंद यादव वि.वि., दुर्ग की मेजबानी में आयोजित होने जा रहे प्रतिष्ठापूर्ण राष्ट्रीय एकता शिविर में 13 राज्यों के स्वयं सेवक एवं कार्यक्रम अधिकारी हिस्सा लेंगे। प्रत्येक राज्य से 10 स्वयं सेवक तथा 1 कार्यक्रम अधिकारी शामिल होंगे।

डॉ. आर. पी. अग्रवाल के अनुसार पूर्ण रूप से भारत सरकार द्वारा प्रायोजित इस शिविर के आयोजन स्थल का चयन करने हेतु आज भोपाल से क्षेत्रीय निर्देशक श्री श्रोती तथा छत्तीसगढ़ राज्य एनएसएस सम्पर्क अधिकारी, डॉ. नीता बाजपेयी ने एनएसएस अधिकारियों के साथ सोमनी स्थित मॉडल कॉलेज का भौतिक रूप से अवलोकन कर आयोजन स्थल के रूप में अनुशंसा की। डॉ. अग्रवाल ने बताया कि 7 दिवसीय राष्ट्रीय एकता शिविर के दौरान विभिन्न प्रांतों के स्वयं सेवक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ-साथ विभिन्न प्रकार के आदान-प्रदान अर्थात कल्चरल एक्सचेंज करेंगे। शिविर के दौरान आपसी खान-पान, रहन-सहन, रीति-रिवाज, लोकनृत्य, वाद्ययंत्र आदि से संबंधित जानकारी भी स्वयं सेवक प्राप्त करेंगे।

■ मॉडल कॉलेज सोमनी में 2 जनवरी से होगा आयोजन

डॉ. अग्रवाल ने बताया कि इस वर्ष हेमचंद यादव वि.वि., दुर्ग की 2 और टीमें पश्चिम बंगाल में स्थित नाडिया तथा हिमाचल प्रदेश के मनाली ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤



# सड़क दुर्घटना में पत्नि की मौत, पति घायल

**भिलाईनगर,** 23 नवम्बर (देशबन्धु)। स्थानीय नेहरू चौक में तेज रफ्तार ट्रक ने दोपहिया सवार दंपती को रौंद दिया। घटना में राव दंपती की मौत हो गई। गुरुवार को तुलसी पूजा के लिए पूजन सामग्री लेने राव दंपती दुपहिया वाहन से बाजार निकले थे। बाजार से पूजन सामाग्री और गन्ना खरीदकर लौट ही रहे थे कि पीछे से आ रहे ट्रक ने इन्हें चपेट में ले लिया। सिर पर ट्रक का पहिया चलने से उमा राव 58 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं दुपहिया वाहन चला रहे एम हरिकृष्ण राव 68 वर्ष को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें रायपुर का मेकाहारा भेजा गया। यहां से एम्स ले जाया गया। जहां शाम साढ़े चार बजे एम हरिकृष्ण राव की मौत हो गई। बता दें कि राव दंपती का घर स्टेशन पारा नई मंडी रोड पर स्थित है। घटना के बाद चालक ट्रक लेकर भागने का प्रयास किया। जिसे दो सौ मीटर दूर रोक लिया गया। ट्रक चालक को पुलिस अभिरक्षा में ले लिया गया। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है। बेटी इंदौर, बेटा नैनीताल में जानकारी के अनुसार राव दंपती लंबे समय से ही महासमुंद शहर में निवासरत हैं। ये मूलतः आंध्रप्रदेश के रहने वाले हैं, जबकि करीबी स्वजन बिलासपुर में रहते है। मृतक हरिकृष्ण केएन आयल इंड्रस्टी संचालित में सुपरवाइजर थे। इंडस्ट्री बन्द होने के बाद परिवार पुस्तैनी संपत्ति बेचकर यहां जीवन यापन करते थे। वहीं उनकी बेटी ऋतु की इंदौर में शादी हुई थी। उनके पुत्र सूरज भी होटल मैनेजमेंट पढ़ने नैनीताल चला गया था। इसके बाद से पति पत्नी अकेले रह रहे थे। कुछ माह पहले वे संपत्ति बेचकर इंदौर बसने की तैयारी में थे। इस बीच सड़क हादसे में दोनो की मौत हो गई। इस हादसे से मोहल्ले में घटना को लेकर शोक है।

# नियम तोड़ने वाले के खिलाफ कार्रवाई

## 226 वाहन पर कार्रवाई 38 वाहन पुलिस ने किए जप्त



**भिलाईनगर,** 23 नवम्बर (देशबन्धु)। यातायात पुलिस विभाग द्वारा नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों पर कार्रवाई की गई। इस दौरान अलग अलग प्वाईंट पर 226 से ज्यादा मोटर साइकिल सवारों पर कार्रवाई हुई। लगभग चार घंटे की जांच में यातायात विभाग ने 38 से ज्यादा वाहनों को जब्त किया। यही नहीं इस दौरान चाकूबाजी करने वाले, अड्डेबाजी करने वाले, मोडीफाइड साइलेंसर वाहन आदि पर कार्रवाई की गई। एसपी के निर्देश पर सभी थानों व चौकी क्षेत्रों में शाम 5 से 9 बजे तक कार्रवाई हुई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राम गोपाल गर्ग के निर्देश तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर अभिषेक झा व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अनंत कुमार के मार्गदर्शन में सभी थाना एवं चौकी क्षेत्रों में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग अभियान में चाकूबाजी करने वाले, तीन सवारी घुमंतू, अड्डेबाजों, मोडिफाइड साइलेंसर वाले वाहन चालकों पर सख्त कार्रवाई की गई। सभी थाना क्षेत्र में शाम के समय एक साथ बदमाशो एवम संदिग्ध रूप से घूमने वालो में हड़कंप मचा। इस दौरान पूरे जिले में 226 से अधिक वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई की गई, ये कार्यवाही खास तौर घुमंतू, 3 सवारी वाहन चालकों के लिए थी। कार्यवाही को संवेदनशील इलाकों के आस पास, अड्डेबाजी करने वाले एरिया में प्वाइंट लगाकर एवम नाकेबंदी के माध्यम से चेकिंग अभियान लगाया गया था। जिला दुर्ग के सम्पूर्ण थाना क्षेत्र में चैकिंग अभियान में कुल 226 से अधिक वाहन चालकों पर कार्यवाही की गई। जिसमे 38 वाहन चालक जो घुमंतू, 3 सवारी वाहन चालक,जो बिना कागजात के पकड़ाए। इसके अलावा 6 मोडिफाइड साइलेंसर तेज आवाज बुलेट पर कार्रवाई कर साइलेंसर को जब्त किया गया। साथ ही 150 से अधिक वाहन चालकों पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत चालानी कार्रवाई की गई है।

# पावरग्रिड कॉर्पोरेशन उपकेन्द्र में हिंदी कार्यशाला आयोजित

**भिलाईनगर,** 23 नवम्बर (देशबन्धु)। भारत सरकारए गृह मंत्रालय राजभाषा विभाग के दिशा निर्देशों के अनुसार नगर राजभाषा कार्यान्वयन समितिए भिलाई दुर्ग के समन्वयन में पावरग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड दुर्ग उपकेन्द्र मेड़ेसरा में एक दिवसीय हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के मुख्य अतिथि वरिष्ठ उप महाप्रबंधकपावरग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ़ इंडिया लिमिटेड उपकेन्द्र मेड़ेसरा अजय महादेव राव कापसे थे तथा विशिष्ट अतिथि ओमप्रकाश चन्द्र, मुख्य प्रबंधक थे। कार्यशाला में संकाय सदस्य के रूप में भिलाई इस्पात संयंत्र के सहायक प्रबंधक संपर्क व प्रशासन ाजभाषा जितेन्द्र दास मानिकपुरी उपस्थित थे। मुख्य अतिथि अजय महादेव राव कापसे ने कहा कि हिंदी ही वह भाषा है जो अखिल भारतीय स्तर पर व्याप्त है। हिंदी के माध्यम से भारत के किसी भी प्रदेश में संवाद किया जा सकता है। हिंदी में कामकाज करना हमारा राष्ट्रीय दायित्व है अत: हमें अपना समस्त कार्य हिंदी में ही संपादित करना चाहिए। जितेन्द्र दास मानिकपुरी ने गूगल ऑनलाइन वॉइस टाइपिंग का प्रदर्शन करते हुए कंप्यूटर में यूनिकोड इंस्टाल करके मोबाइल में बोलकर कंप्यूटर में हिंदी टायपिंग करने की प्रक्रिया बतलाई। उन्होंने राजभाषा को प्रोत्साहन हेतु सामान्य ज्ञानए पर्यावरणए सुरक्षा एवं हिंदी पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन भी किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथिगणों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। अभियंता एवं हिंदी अधिकारी सुश्री निशा देशमुख ने हिंदी प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। प्रबंधक अजय रावल ने हिंदी की वैश्विक स्तर पर व्यापकता एवं प्रभावशीलता पर अपने विचार रखे। कार्यशाला में सुश्री सुशीला मुद्दू, किशोर ठाकरे उपस्थित थे। कार्यशाला का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन हिंदी अधिकारी सुश्री निशा देशमुख ने किया।

# देवांगन समाज का दीवाली मिलन समारोह



**भिलाईनगर,** 23 नवंबर (देशबन्धु)। देवांगन जन कल्याण समिति भिलाई नगर के तत्वावधान में प्रगति नगर रिसाली स्थित परमेश्वरी मंदिर में दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। देवांगन समाज के लोगों द्वारा अपने घरों से लाए दियों से पूरा मंदिर परिसर जगमगा उठा। संध्या समय मां परमेश्वरी की विशेष आरती हुई। जिसमें महिलाओ ने दीयों से सजे हुए आरती की थालियों से आरती की। आरती के पश्चात् श्रद्धालुओं ने मंदिर परिसर में पटाखे फोड़ कर खुशियां मनाई और एक दूसरे को दीपावली की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर देवांगन समाज के 75 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्गो का शाल, श्रीफल एवं तिलक लगाकर सम्मान किया गया एवं उनके स्वस्थ, खुशहाल जीवन एवं दीर्घायु की कामना की गई। सम्मानित होने वाले बुजुर्गों में रामखिलावन देवांगन, डॉ.जी.एल. देवांगन, टीकमचंद देवांगन, मुरलीधर देवांगन, जगदीश देवांगन, रूपराम देवांगन, चम्पालाल देवांगन, श्रीमती गनेशिया देवांगन, जंत्री बाई देवांगन, गीताबाई बांकुरे, उमादेवी देवांगन शामिल हैं। आरंभ में देवांगन जन कल्याण समिति भिलाई के अध्यक्ष घनश्याम कुमार देवांगन ने बड़े बुजुर्गो को समाज का आधार स्तम्भ बताया और कहा कि बुजुर्ग अनुभवों की खान होते हैं। जिनका उपयोग समाज के विकास में किया जाना चाहिए। उपस्थित लोगों ने देवांगन जन कल्याण समिति भिलाई नगर द्वारा परमेश्वरी मंदिर परिसर में आयोजित सामूहिक दीपावली मिलन समारोह की सराहना की। समारोह में देवांगन समाज के गायक गायिकाओं ने दीप ज्योति संगीत सरिता, सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत दीपावली पर केन्द्रित खूबसूरत गीत गाकर समां बांध दिया। गायकों में सांस्कृतिक प्रभारी रामगोपाल देवांगन, गजेन्द्र देवांगन, लक्ष्मीनाथ देवांगन, राजू देवांगन, जितेन्द्र बांकुरे, शांतिलाल देवांगन, हरीश देवांगन, श्रीमती नेकप्रभा देवांगन, विनीता देवांगन, सरिता देवांगन आदि के गीत सराहे गए। इस अवसर पर अध्यक्ष घनश्याम कुमार देवांगन, सचिव विनोद देवांगन, कोषाध्यक्ष गजेन्द्र देवांगन, उपाध्यक्ष त्रिलोक देवांगन, टेसूराम देवांगन, दिनेश देवांगन, रेशमलाल देवांगन, मंदिर प्रभारी राजू देवांगन, भवन प्रभारी सत्यपाल देवांगन, हेमकैलाश देवांगन, श्वैनेश्वर देवांगन, गोवर्धन देवांगन, जनार्दन देवांगन, जितेन्द्र बांकुरे, होमलाल देवांगन, रामानंद देवांगन, झनक देवांगन, महिला प्रकोष्ठ की संयोजिका श्रीमती सुमन देवांगन, अध्यक्ष उषा देवांगन, जयश्री देवांगन, शकुंतला बांकुरे, मधुबाला देवांगन, दामिनी देवांगन, इंदु देवांगन, युक्ती देवांगन, लक्ष्मी देवांगन, कामना देवांगन आदि सहित बड़ी संख्या में देवांगन समाज के लोग उपस्थित थे। आभार प्रदर्शन विनोद देवांगन ने किया।

# जीई रोड के किनारों के अवैध कब्जे होंगे बेदखल



**भिलाईनगर,** 23 नवम्बर (देशबन्धु)। शहर की सुंदरता व सुगम यातायात में अवैध कब्जा तथा सार्वजनिक स्थलों पर खड़े वाहन, कंडम वाहन बाधक है। इसे हटाने निगम द्वारा आगामी सप्ताह से अभियान चलाया जायेगा। जिसमें व्यापारियों का सहयोग अपेक्षित है। निगम सभागार में आयुक्त रोहित व्यास के निर्देश पर जीण ईंरोड से लगे सर्विस रोड पर रि.सेल वाहनो के विक्रेताओं की आहुत बैठक में उक्त बाते अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी ने कहा उन्होने व्यापारियों को जानकारी देते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय द्वारा आदेशित किया गया है कि फुटपाथ, पार्किंग, सार्वजनिक स्थल, सड़क से अवैध कब्जा हटाया जाये, ताकि यातायात में कोई बाधा उत्पन्न न हो। इसी के परिपालन में भिलाई के सेकण्ड हैण्ड वाहन विक्रेताओ को इस बात की जानकारी हो कि जी.ई रोड के दोनो किनारो पर सर्विस रोड में अपने विक्रय वाहनो को प्रदर्शन के लिए खड़े रखते है जो यातायात में सबसे बड़ा बाधा है। व्यापारी अपने वाहन को वहां से हटा लेवे ताकि निगम द्वारा किये जाने वाले कार्यवाही से बच सके। दक्षिण गंगोत्री व्यवसायी क्षेत्र से आये व्यापारी हरजीत सिंह तथा हरीश पटेल ने सुझाव देते हुए कहा कि निगम अपनी भूमि का हमसे किराया वसूल करे अथवा हम व्यापारियों को अपने वाहनो को खड़े करने के लिए एक स्थान निर्धारित कर देवे ताकि हम अपना वाहन विक्रय हेतु सड़क पर न रखे। अपर आयुक्त एवं उप अधीक्षक यातायात पुलिस ने इस बात पर कड़ा आपत्ति किये कि संजय नगर तालाब के पास सडक मोड पर सर्विस सेंटर चलाया जा रहा है और वाहन को सड़क पर खड़ा रखता है। व्यापारी उसे तत्काल बंद करे। अपर आयुक्त श्री द्विवेदी ने व्यापारियों को जानकारी देते बताया कि आगामी दो दिनो में जीर्णईंरोड के दोनो किनारो में मार्किंग कर अवैध कब्जे पर कार्यवाही सुनिश्चित किया जावेगा। वाहन व्यापारी अपने वाहन सुरक्षित स्थान पर रखे ताकि निगम कार्यवाही से होने वाले असुविधा से बचा जा सके। बैठक में जोन आयुक्त खिरोद्र भोई, अमिताभ शर्मा, पूजा पिल्ले, यातायात पुलिस विभाग के उप अधीक्षक पी.डी.चन्द्रा, राजस्व अधिकारी बाल कृष्ण नायडू, मलखान सिंह सोरी, वाहन विक्रेता जोगेन्द्र, सय्यद अली, मोहम्मद आलम, शिवकुमार सिन्हा, शंकरदासए बंटी सिद्दीकी, संतोष साहू, नरेश आदि उपस्थित रहे।

# घर के सामने रखी कार में अज्ञात ने लगाई आग

**भिलाईनगर,** 23 नवम्बर (देशबन्धु)। छावनी बस्ती में घर के बाहर खड़ी कार में आग लगाकर अज्ञात भाग गए। 21 व 22 नवंबर की दरमियानी रात लगभग 1 बजे की यह घटना है। आगजनी से कार पूरी तरह से जलकर खाक हो गई। दूसरे दिन सुबह इस मामले में पीड़ित ने जामुल थाने पहुंचकर इस घटना की शिकायत दर्ज कराई। मामले में अज्ञात के खिलाफ धारा 435 के तहत अपराध दर्ज कर उसकी तलाश में पुलिस जुट गई है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार अंकुश चौक वार्ड-40 छावनी बस्ती निवासी मनीष सिंह ड्रायवरी का काम करता है। 21 नवंबर की रात 11.30 बजे उसे अपनी स्वीफ्ट डिजायर कार सी.जी.07 एसी 9909 को अंकुश चौक पर डॉ. पी.एन.राय क्लीनिक के पास रोज की तरह खड़ी कर घर चला गया। घर पर परिवार सहित खाना खाकर घर में सो गये थे। आधी रात लगभग 1 बजे अंकुश चौक के पास रहने वाले अमर गुप्ता उनक घर पहुंचे और उसे उठाकर बताया कि उसकी कार जल रही है। यह सुनते की मनीष सिंह तुरंत परिवार के साथ अंकुश चौक के पास जाकर देखा तो कार पूरी तरह से जल चुकी थी।

आसपास के लोगों की मदद से किसी तरह से कार में लगी आग को बुझाया। मनीष सिंह ने बताया कि उसकी कार को किसी ने रंजिश के कारण आग लगा दी है। इस मामले में जामुल पुलिस ने मनीष सिंह की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ज्ञात हो कि पिछले लम्बे समय के बाद इस तरह की घटना प्रकाश में आई है। पुलिस वे पूर्व में इस मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी कर चुकी है।

# चोरी की कार नेहरु नगर से पुलिस ने की जप्त



**भिलाईनगर,** 23 नवंबर (देशबन्धु)। एसएसपी रामगोपाल गर्ग के निर्देश पर यातायात पुलिस द्वारा लगातार गाड़ियों की जांच की जा रही है। इसी कड़ी में आज दो दिन पूर्व दुर्ग से चोरी हुई सफेद रंग की इंडिका कार यातायात पुलिस की जांच के दौरान पकड़ में आई है। आपको बता दें कि नेहरू नगर से अग्रसेन चौक तक यातायात पुलिस के उप निरीक्षक राजकुमार दुबे जा रही विभिन्न वाहनों की जांच कर रहे थे। इसी दौरान उन्हें एक सफेद रंग की इंडिका कार क्रमांक सीजी 04 एम 1399 कृष्णा पब्लिक स्कूल के पास सड़क के किनारे खड़ी मिली। उन्होंने खड़ी कार के नंबर को अपने साथ ड्यूटी में कार्यरत आरक्षक रितेश सिंह एवं गोपेश्वर देशमुख के माध्यम से सर्च किया और उस गाड़ी का मालिक वेंकटेश राव निवासी भिलाई-3 निकला और गाड़ी मालिक ने बताया कि उसकी गाड़ी का असली नंबर सीजी 07 बीटी 5635 है और उनकी गाड़ी दो दिन पहले चोरी हो गई। जिसकी रिपोर्ट मोहन नगर थाने में दर्ज कराई गई है। वह गाड़ी भारत ट्रैवल्स में अटैच है। तदपश्चात यातायात विभाग के उप निरीक्षक ने मोहन नगर थाने से संपर्क स्थापित कर गाड़ी के चोरी होने की रिपोर्ट की जानकारी प्राप्त होते ही वहां के स्टाफ को बुलाकर गाड़ी को मोहन नगर थाने के सुपुर्द किया। इसके पश्चात सड़क पर खड़ी गाड़ी में अंकित नंबर को सर्च किया तो उसका मालिक विकास दुबे कादंबरी नगर दुर्ग निकला। यातायात विभाग के उपनिरीक्षक ने गाड़ी मालिक से संपर्क स्थापित किया तो वाहन मालिक ने बताया कि उसे नंबर की गाड़ी उनकी है और इस समय वह उनके घर पर खड़ी है।

## 22वीं जूनियर बालक व बालिका कबड्डी प्रतियोगिता हेतु चयन स्पर्धा आयोजित

**भिलाई नगर,** 23 नवंबर। कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए क्रीड़ाए सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग द्वारा पंत स्टेडियमए सेक्टर.1 के कबड्डी ग्राउंड पर 24 नवम्बर को संध्या 5 बजे से बीएसपी ;सीनियरए जूनियर एवं सब जूनियरद्ध कबड्डी टीम के चयन हेतु स्पर्धा आयोजित की गई है। कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए सब जूनियर वर्ग के खिलाड़ी ;बालकद्ध का वजन 55 किग्राण् एवं खिलाड़ी ;बालिकाद्ध का वजन 55 किग्राण् तथा उम्र 16 वर्ष होनी चाहिए। इसी प्रकार जूनियर वर्ग के खिलाड़ी ;बालकद्ध का वजन 70 किग्राण् एवं खिलाड़ी ;बालिकाद्ध का वजन 65 किग्राण् तथा उम्र 20 वर्ष होनी चाहिए। सीनियर वर्ग के खिलाड़ी ;पुरूषद्ध का वजन 85 किग्राण् एवं खिलाड़ी ;महिलाद्ध का वजन 75 किग्राण् होना चाहिए।

# नि:शुल्क तुलसी पौधे का सेक्टर- 6 में वितरण

**भिलाईनगर**, 23 नवम्बर (देशबन्धु)। तुलसी विवाह एवं देवउठनी एकादशी पर्व पर त्यौहार निशुल्क राम तुलसी श्याम तुलसी पौधे का वितरण किया गया। निशुल्क पौधे सेक्टर 6 ए मार्केट के समीप बांटे गए। तुलसी पौधा गुरुवार को देवउठनी एकादशी के उपलक्ष पर राष्ट्रीय सनातन हिंदू परिषद मंच पर्यावरण मित्र मंडल एवं महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय विचार मंच सनातन धर्म के संयुक्त तत्वाधान सेक्टर 6 मार्केट के सामने राम तुलसी श्याम तुलसी पौधे बांटे गए। इस अवसर पर मनोज ठाकरे, बालू राम वर्मा, प्रशांत कुमार क्षीरसागर, प्रतिवर्ष की भांति 200 से 300 तुलसी के पौधे वितरित किए गए। मनोज ठाकरे ने बताया तुलसी पौधे में कई औषधि गुण होते है। दंत रोग स्वास्थ्य रोग खांसी सर्दी में रामबाण फायदे मंद होती है। तुलसी का पौधा पर्यावरण प्रकृति प्रेमी बालू राम वर्मा बताया आयुर्वेदिक तुलसी का पौधा बेहद लाभकारी गुणकारी माना गया है तुलसी की पट्टी सुबह खाली पेट खाने से मनुष्य का सेहत स्वस्थ निरोगी बना रहता है। ऊर्जावान से भरपूर रहता है। प्रशांत कुमार क्षीरसागर हिंदू धर्म में तुलसी के पौधे का विशेष स्थान है। साक्षात लक्ष्मी देवी का वास होता है। घर में सुख शांति बनी रहती है तुलसी के पौधे से शुद्ध हवा मिलती है। शुद्ध ऑक्सीजन की प्राप्ति होती है। जिस घर में तुलसी की पूजा होती है। उसे दिन सुख संपत्ति संसाधन से वह घर संपन्न होता है। इस अवसर पर मनोज ठाकरे बालू राम वर्मा, प्रशांत कुमार क्षीरसागर, गज्जू, अनिरुद्ध सेक्टर 6 राधे कृष्ण मंदिर पंडित जी नीलकमल साहू, ओम शिव सागर, पियूष क्षीरसागर के सदस्य के द्वारा निशुल्क तुलसी के पौधे सभी लोगों को दिए गए।

# ई.पेमेंट गेटवे पर संयंत्र-एसबीआई के बीच एमओयू



**भिलाईनगर,** 23 नवम्बर (देशबन्धु)। संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता की उपस्थिति में मुख्य महाप्रबंधक डी एन करण, उप.महाप्रबंधक एसबीआई रायपुर विमल किशोर ने 23 नवंबर को ई.पेमेंट गेटवे एमओयू पर हस्ताक्षर किए। इस एमओयू का उद्देश्य बीएसपी के ग्राहकों को मटेरियल लिफ्टिंग के लिए ग्राहक बही में क्रेडिट के निर्बाध प्रवाह की सुविधा प्रदान करना है। इसके तहत बीएसपी अपने सिस्टम को एसबीआई के पेमेंट गेटवे के साथ एकीकृत करेगा। जिससे लेनदेन के निर्बाध प्रवाह में मदद मिलेगी। बीएसपी ई.भुगतान मॉड्यूल का उपयोग करके अपने सिस्टम को स्वचालित करेगाए जिससे ग्राहक द्वारा मटेरियल लिफ्टिंग में लगने वाला समय कम हो जाएगा। इस एमओयू से बीएसपी को अपने ग्राहकों के साथ रिश्ते मजबूत करने में मदद मिलेगी। साथ ही पारदर्शिता और एक ऑनलाइन प्रणाली प्रदान करने से संयंत्र और ग्राहकों का समय और लागत बचाने में भी मदद मिलेगी। निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता ने स्वचालन के लिए एफ एंड ए और सी एंड आईटी विभागों द्वारा किए गए प्रयासों को प्रोत्साहित करते हुए इसकी सराहना की। कार्यपालक निदेशक डॉ अशोक कुमार पंडा न संगठन के लिए ई.पेमेंट गेटवे के विशेष लाभों के बारे में बताया और इस बात पर जोर दिया कि इसके उपयोग के परिणामस्वरूप ग्राहकों को किस तरह से संतुष्टि मिलेगी। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक अंजनी कुमार, एस मुखोपाध्याय, अजय कुमार चक्रबर्ती, डॉ अशोक कुमार पंडा, समीर स्वरुप, पवन कुमार, बी के गिरी तथा मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी असित साहा उपस्थित थे। महाप्रबंधक ए के अग्रवाल, उप.महाप्रबंधक ए.के.पांडे, महाप्रबंधक प्रभारी, समीर गुप्ता द्वारा एमओयू पर हस्ताक्षर किए। मौजूदा प्रणाली और प्रस्तावित प्रणाली के बारे में उप.प्रबंधक तनिमा वासन द्वारा एक प्रस्तुति दी गई। यह प्रणाली बीएसपी के सी एंड आईटी विभाग द्वारा एसबीआई की तकनीकी टीम के साथ विकसित की जाएगी।

# महिला से दुष्कर्म की थाने में रिपोर्ट दर्ज

**भिलाईनगर,** 23 नवंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ की राजधानी से महज 20 किमी दूर अभनपुर के एक फॉर्म हाउस में भिलाई की महिला के साथ गैंगरेप की वारदात सामने आई है। इस महिला की प्रॉपर्टी बिकवाने का झांसा देकर 4 युवकों ने उसे फार्म हाउस बुलाया और दुष्कर्म किया है। घटना के बाद सभी आरोपी फरार हो गए हैं। आरोपियों में दो प्रापर्टी डीलर रायपुर और दो अभनपुर क्षेत्र के रहवासी हैं। सभी चारों आरोपी जमीन खरीदी बिक्री का काम करते हैं। पुलिस के मुताबिक आरोपियों ने पहले महिला की जमीन बिकवाने में मदद करने की बात कह उससे पहचान बनाई फिर वे महिला को फॉर्म हाउस में लेकर गए और वहां उसके साथ गैंगरेप किया। पीड़िता ने अभनपुर थाने में घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई है। ज्ञात हो कि पीड़िता भिलाई रहवासी है तथा उसके गांव के पास के इलाके में पति के नाम पर वर्षों पुरानी पुस्तैनी जमीन थी। जिसे महिला बिकवाना चाहती थी। प्रापर्टी डीलर्स ने उसे सहयोग का झांसा देते हुए मेल मुलाकात की थी। बताया जा रहा है कि जमीन के सिलसिले में पहले महिला उसी इलाके के रहने वाले कुछ युवकों के संपर्क में आयी। बताया जा रहा है कि इन युवकों ने महिला को जमीन बिकवाने का झांसा दिया। उन्होंने 5 नवम्बर को जमीन दिखाने के बहाने खेत पर बने फार्म हाउस पर भिलाई से उसे बुलवाया और उसे अकेली पाकर उनकी नियत बिगड़ गयी। जिसके बाद 4 आरोपियों ने मिलकर महिला के साथ दुष्कर्म किया। इस मामले में अभनपुर थाना में महिला की शिकायत पर आईआर दर्ज की गई है।

# महिला से एक लाख की ठगी

## स्मृतिनगर पुलिस चौकी पर अपराध दर्ज

**भिलाईनगर,** 23 नवंबर (देशबन्धु)। केंद्रीय विद्यालय का लेखा अधिकारी बनकर यूपीआई के माध्यम से जुनवानी निवासी महिला के साथ करीब 1 लाख रुपए की ठगी का अपराध प्रकाश में आया है। महिला की रिपोर्ट पर से स्मृति नगर पुलिस के द्वारा अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 420 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है। स्मृति नगर पुलिस से प्राप्त जानकारी के मुताबिक श्रीमति विनीता वैष्णव आनंद नगर, जुनवानी, भिलाई में निवासरत हैं। 6 नम्बर को श्रीमती वैष्णव के मोबाईल पर कॉल आया जिसे श्रीमती वैष्णव ने अज्ञात नम्बर होने के कारण रिसीव नहीं किया। परन्तु 20 नवंबर को अचानक रिसीब किया करने पर अज्ञात नंबर धारक के द्वारा पूछा गया कि आप क्या सामान बनाते है तथा सामान उपलब्ध कराने की बात की गई तथा केन्द्रीय विद्यालय दुर्ग में आवश्यकता होना बताया गया। दूसरे दिन 21 नवंबर को केन्द्रीय विद्यालय का लोकेशन भेज सामान की उपलब्ध करवाने हेतु कहा गया तथा पैसे हाथो हाथ देने की बात कही गई। पुन: कॉल आया तथा उसने केन्द्रीय विद्यालय का लेखा अधिकारी होना बताया तथा प्रारम्भ में हमे यूपीआई आईडी भेजने कहा गया जो श्रीमती वैष्णव द्वारा स्केनर भेजा गया। श्रीमती वैष्णव द्वारा यूपीआई मोबाईल नंबर उन्हे प्रदान किया गया। उन्होनें अपने छुट्टी पर जाने व पैसा रूक जाने की जल्दी बताकर ट्रांजेक्शन जल्दी करने हेतु दबाव बनाया जिससे श्रीमती वैष्णव हड़बड़ा गई तथा इसी समय उन्होने प्रथम क्यूआर कोड भेजा तब स्केन करने पर पिन डालने कहा गया तथा पिन पर रोक वहां से स्वयं पिन डालने को कहा गया इसी प्रकार ट्रांजेक्शन में प्रब्लम आ रही है करके लगातार 3 बार क्यूआर कोड धोखा कर ट्रांजेक्शन करवा लिया गया तथा क्रमश: 17,000, 44,444, 38,111 रूपये निकाल लिये गये। कुल राशि 99555 रुपए श्रीमती वैष्णव के बैंक खाते से आधारित कर लिए गए है। प्रार्थी विनीता वैष्णव की रिपोर्ट पर से स्मृति नगर पुलिस के द्वारा अज्ञात मोबाइल धारक के खिलाफ धारा 420 के तहत अपराध पंजीबद कर विवेचना में लिया है।

## 3 को शुष्क दिवस घोषित

महासमुंद, 23 नवंबर (देशबंधु)। विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2023 की मतगणना तिथि 3 दिसम्बर के दिन मतगणना निर्विघ्न एवं निष्पक्षता पूर्वक सम्पन्न कराने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी प्रभात मलिक ने छग आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 24 1 के अंतर्गत शुष्क दिवस घोषित किया है।

# सिनियर नेशनल व्हीलचेयर बास्केटबॉल प्रतियोगिता प्रारंभ

**राजनांदगांव,** 23 नवंबर (देशबन्धु)। बास्केटबॉल की नर्सरी राजनांदगांव में आयोजित की जा रही सिनियर राष्ट्रीय व्हीलचेयर बास्केटबॉल प्रतियोगिता के मैचेस प्रारंभ हो गये है।

मैचेस शुरू होने के पहले व्हीलचेयर बास्केटबॉल फेडरेशन के नये अध्यक्ष वरूण एहलावत सहित पदाधिकारियों ने महिला टीम के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। रॉउंड रोबिन लीग आधार पर खेली जा रही इस प्रतियोगिता में पहले मैच मैं पिछली स्वर्ण पदक विजेता महाराष्ट्र टीम ने मणिपुर को 43-06 अंको से पिछली रजत पदक विजेता तमिलनाडु टीम को उलटफेर का शिकार होना पडा। उसे केरल की टीम ने 18-12 अंको से हराया।



आज प्रात: काल खेले गये एक और मैच में कर्नाटक ने ओडिशा की टीम को 24-05 से परास्त किया। यह प्रतियोगिता 23 से 29 नवम्बर तक स्थानीय दिग्विजय स्टेडियम में आयोजित की जा रही है।

उक्ताशय की जानकारी देते हुए छत्तीसगढ़ व्हीलचेयर बास्केटबॉल संघ के अध्यक्ष सुशील कोठारी एवं प्रतियोगिता आयोजन सचिव सुनिल गोलछा ने बताया कि ये प्रतियोगिता दो चरणों में होगी। पहले चरण में 23 से 25 नवंबर तक महिलाओं की प्रतियोगिता एवं 27 से 29 नवंबर तक पुरुषों की प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। इन खिलाड़ियों के रूकने की व्यवस्था दिग्विजय स्टेडियम एवं साई हॉस्टल एवं कुछ खिलाडी में कई गई है कुछ टीमें विभिन्न हॉटेल्स में भी रूकी है। इस प्रतियोगिता में लगभग 120 महिला एवं 150 पुरूष खिलाड़ियों तथा आफिसियल्स के भाग लेने की आशा है। 20019 के पश्चात व्हीलचेयर बास्केटबॉल में कोई नेशनल आयोजित नही हुआ है। पिछली प्रतियोगिता में महाराष्ट्र की महिला और पुरूष टीम स्वर्ण पदक विजेता है। राजनांदगांव में व्हीलचेयर बास्केटबॉल की पहली राष्ट्रीय प्रतियोगिता पहली बार आयोजित की जा रही है। इसके पूर्व भारतीय व्हीलचेयर बास्केटबॉल टीम का प्रशिक्षण शिविर राजनांदगांव में आयोजित किया गया था।

सुशील कोठारी ने आगे बताया कि इस प्रतियोगिता के दौरान बास्केटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया की जनरल बॉडी की बैठक भी होगी एवं व्हीलचेयर बास्केटबॉल फेडरेशन का चुनाव भी संपन्न हुए। इस चुनाव के लिए विभिन्न राज्यों के पदाधिकारी भी राजनांदगांव आये है।

इस प्रतियोगिता हेतु व्हीलचेयर बास्केटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष वरूण एहलावत, महासचिव लुईस जार्ज, फेडरेशन के टेक्निकल कमिश्नर अब्राहम पोलोस, अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षक वरूण एहलावत, श्रीमती सुवर्णा लिमये, कालवा राधा राव, कालवा राजेश्वर राव, अमित कुमार, गोविंद सेन, राजन सहित कई अंतर्राष्ट्रीय रेफरी भी भाग ले रहे हैं।

सिनियर नेशनल व्हीलचेयर बास्केटबॉल प्रतियोगिता के आयोजन सचिव सुनिल गोलछा ने बताया कि इस प्रतियोगिता से भारतीय व्हीलचेयर बास्केटबॉल टीम का चयन भी किया जा रहा है, जो बेंकाक थाईलैंड में 09 21 जनवरी 2024 तक आयोजित एशिया ओशियाना जोन चेम्पियनशीप में भाग लेगी। इस प्रतियोगिता से चयनित भारतीय व्हीलचेयर बास्केटबॉल टीम का प्रशिक्षण शिविर का आयोजन भी राजनांदगांव में आयोजित होगा।

श्री गोलछा ने आगे बताया कि यह प्रतियोगिता व्हीलचेयर बास्केटबॉल फेडरेशन के स्पांसर, दिल्ली पब्लिक स्कूल एवं युगांतर पब्लिक स्कूल राजनांदगांव के सहयोग से आयोजित की जा रही है।

# संत नामदेव जयंती समारोह मनाने बैठक आयोजित



**गंडई पंडरिया,** 23 नवंबर (देशबन्धु)। संत शिरोमणि नामदेव जी महाराज की 753 वीं जयंती इस वर्ष 23 नवम्बर को थी. गंडई नगर में प्रतिवर्ष हर्षोल्लास से संत नामदेव की जयंती समाज के लोगो द्वारा मनाया जाता है. प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी जयंती मनाई जाने को लेकर सामाजिक बंधुओं ने बैठक रखा।

ज्ञात हो कि पिछले दो साल से नामदेव समाज का युवा अध्यक्ष आयुष नामदेव पिता सुनील नामदेव है। जिनकी अध्यक्षता में जयंती समारोह आयोजित किया जाता रहा है। समाज ने निर्णय लिया है कि अध्यक्ष पद के लिए अन्य युवा को मौका दिये जाए। इसलिए बैठक में सर्व सम्मति से अजय नामदेव पिता स्व. विमल नामदेव को समाज ने नया अध्यक्ष चुना है। साथ ही अन्य मुद्दों पर भी चर्चा किया गया। बैठक में जयंती के अवसर पर रैली का आयोजन सादगी पूर्ण तरीके से धार्मिक गीतों के साथ निकाले जाने, रैली के दौरान प्रसाद स्वरूप पकवान वितरण करने पर सहमति बनी। भूतपूर्व युवा अध्यक्ष देव नारायण नामदेव एवं मुकेश नामदेव ने यह व्यवस्था बनाने विशेष जोर दिया। बैठक में तय किया गया कि इस वर्ष नगर में नामदेव जयंती सोमवार 27 नवम्बर को मनाया जाएगा। जिसमे समाज के प्रत्येक व्यक्ति की भागीदारी रहेगी। बैठक के दौरान समाज हित से सम्बंधित अन्य मुद्दों पर चर्चा किया गया। वहीं अश्वनी नामदेव के प्रस्ताव पर सत्य नारायण की पूजा नामदेव भवन में करने को तय किया गया। जयंती को लेकर और भी अन्य रूपरेखा निश्चित किया जाना बाकी है जिसके चलते तय किया गया कि समाज के हर वर्ग को लेकर आगामी बैठक किया जाएगा। बैठक में अश्वनी नामदेव, अरविंद, बालकिशन, संतोष, विनोद नामदेव, नवीन नामदेव, रेवतीरमन, जितेंद्र, देवेंद्र, प्रशांत, पवन, राहुल, हर्ष, देवा नामदेव सहित समाज के अन्य लोग उपस्थित रहे।

# ननि में तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के पदों की वरिष्ठता सूची का अनंतिम प्रकाशन

## दावा आपत्ति के लिए 7 दिवस का समय

**राजनांदगांव,** 22 नवम्बर। नगर निगम राजनांदगांव में कार्यरत नियमित तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की पदोन्नति के लिये वरिष्ठता सूची का अनंतिम प्रकाशन किया जा रहा है। सूची प्रकाशन उपरांत कर्मचारियों के दावा आपत्ति हेतु 7 दिवस का समय सीमा निर्धारित की गयी है। उक्त आशय की जानकारी देते हुये नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने बताया कि राज्य शासन के आदेश दिनांक 12 सितम्बर 2016 एवं समय समय पर विभिन्न पदों की पूर्ति हेतु शासन द्वारा की गयी स्वीकृति अनुसार नगर पालिक निगम राजनांदगांव के लिये पद संरचना में आयुक्त के प्राधिकारिता के अधीन आने वाले तृतीय श्रेणी एवं चतुर्व श्रेणी अंतर्गत निहित पदों का दिनांक 1 जून 2023 की स्थिति में दर्शाने वाली वरिष्ठता (पदक्रम) सूची का अनंतिम प्रकाशन किया जा रहा है। आयुक्त श्री गुप्ता ने बताया कि तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के पदों में स्वच्छता निरीक्षक, सहायक राजस्व निरीक्षक, सहायक ग्रेड-3, लाईनमेन, विज्ञान परिचायक, भृत्य, कारपेन्टर, वाल्वमेन कंट्रोलर, परिचालक, मजदूर, चौकीदार/वाचमेन, कुक एवं रिक्शा चालक के पदो में पदोन्नति किया जाना है। पदोन्नति के लिये वरिष्ठता सूची का अनंतिम प्रकाशन किया जा रहा है, जिसकी दावा आपत्ति के लिये 7 दिन का समय निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के विभिन्न पदों में कार्यरत कर्मचारी दावा आपित्त प्रस्तुत कर सकते है। समय अवधि के पश्चात दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किये जायेगे एवं उपरोक्त पदों में पात्र कर्मचारियों की पदोन्नति हेतु आगे की प्रक्रिया की जावेंगी।

# कलकसा में मनाया गया मितानिन दिवस



**डोंगरगढ़,** 23 नवंबर (देशबन्धु)। ग्राम कलकसा के गोंड समाज भवन में 23 नवंबर 2023 को मितानिन दिवस मनाया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरपंच अशोक दास साहू के आतिथ्य में मितानिन दीदियों का गुलाल लगाकर उन्हें साड़ी वा श्रीफल से सम्मान किया गया। कार्यक्रम में जिला स्मान्यवक प्रियंका साहू , पीसी ललिता मैडम, पीसी अंजू मैडम ने मितानिनो को सम्बोधन करते हुए कहा कि मितानिन कार्यक्रम 23 नवंबर 2002 से छत्तीसगढ़ में प्रारंभ हुआ। जबसे 23 नवंबर को मितानिन दिवस के रूप में मनाया जाता है। वर्तमान में ग्रामीण क्षेत्रों में 72000 शहर में 3700 मितानिन दीदियों द्वारा कार्य कर रहे हैं। सरपंच अशोक दास साहू ने कहा कि मितानिन दीदियों ने हमारे ग्राम पंचायत में एक अलग ही पहचान बना चुकी हैं। जो हमेशा अपने कामों पर सेवा भावना से प्रेरित करते रहते हैं। इस बीच जिला समन्वयक प्रियंका साहू, अंजू, ललिता, ब्लॉक समानव्यक अनिता धुर्वे , स्वास्थ पंचायत समन्वयक सुश्री सुनीता वर्मा, एम टी पार्वती मंडावी , मितानिन दीदियों में अरुणा यादव, कैवशिलिया साहू, बिराजो मंडावी , अनुसूईया वर्मा, हेमा कामड़े, पंच हिमेश बग्गा , केशव वर्मा सहित अन्य ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# बेटी निष्ठा सोनी ने बढ़ाया संस्कारधानी का मान, यूपीएससी के इएसई में हुआ चयन

## निष्ठा ने यूपीएससी इएसइ में 63 स्थान प्राप्त किया



**राजनांदगांव,** 23 नवंबर (देशबन्धु)। संस्कारधानी का मान सम्मान और गौरव हमेशा उनसे ही बढ़ता है जिनके सपनों मे उड़ने की चाह होती है, प्रतिभा यूं ही निखर कर बुलंदियों को नही छूती, उसके पीछे समूचे परिवार समाज और दोस्तों की मेहनत छुपी होती है। अपनी कड़ी मेहनत के बूते सफलता हासिल करने वाली सोनारपारा निवासी निष्ठा सोनी ने यूपीएससी ईएसई में 63 स्थान प्राप्त कर राजनांदगांव जिले का मान बढ़ाया। निष्ठा सोनी अधिवक्ता व्ही.पी.सोनी की पुत्री एवं शासकीय अधिवक्ता नारायण कन्नौजे की भतीजी है। वर्तमान में निष्ठा सोनी का चयन रेल्वे में एक्जीकेटिव इंजीनियर के पद में पदस्थ है। इनकी इस उपलब्धि पर उनके करीबियों रिस्तेदारों ने बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की।

## देवउठनी एकादशी मनाया गया

**सिमगा।** देवउठनी एकादशी तुलसी पूजा का पर्व भक्ति भाव के साथ मनाया गया। गुरुवार को देवउठनी एकादशी को छोटी दिवाली के रूप में मनाया गया। बड़ी तादात में लोग पूरे दिन भर व्रत रखकर आराधना किये वहीं संध्या के समय गन्ने का मंडप बनाकर भगवान शालिगराम संग तुलसी जी का विधि विधान के साथ विवाह रचाया गया। देवउठनी एकादशी को चातुर्मास का समापन होता ह।

## निधन

### लता वर्मा



**भिलाईनगर,** 23 नवंबर। प्रगति नगर रिसाली निवासी श्रीमती लता वर्मा पत्नी चिंता राम वर्मा का 23 नवंबर को निधन हो गया है। बीते कुछ समय से उनका स्वास्थ्य खराब चल रहा था। इनका अंतिम संस्कार गुरुवार दोपहर को रिसाली मुक्तिधाम में किया गया। वे भुवन वर्मा और सुनील वर्मा की मां थी। इनकी अंतिम यात्रा प्रगति नगर रिसाली, होरी ऑटो गैरेज के पास मकान क्रमांक 154/5 से निकाली गई।

### संदीप चंद्राकर



**महासमुंद,** 23 नवंबर। ग्राम बेमचा निवासी पुलिस निरीक्षक संदीप चंद्राकर 44 वर्ष का लंबी अस्वस्थता के चलते 23 नवंबर को रायपुर में निधन हो गया। अंतिम संस्कार 24 नवंबर को सुबह 9 बजे गृह ग्राम बेमचा में किया जाएगा। वे प्रो. स्व. रामकुमार चंद्राकर के पुत्र, शशिकांत चंद्राकर सीए के छोटे भाई, पोखन चंद्राकर, अधिवक्ता रमेश चंद्राकर के भतीजा थे।

### बसंत साहू



**नवापारा राजिम,** 23 नवम्बर। समीपस्थ ग्राम नवागांव बुड़ेनी निवासी वरिष्ठ कांग्रेस नेता जन-भागीदारी अध्यक्ष बुड़ेनी हाईस्कूल बंसत साहू उम्र 55 वर्ष का आकस्मिक निधन हो गया। वे बहुत दिनों से अस्वस्थ थे. उनकी अंतिम यात्रा में समाज जन एवं ग्रामीण जन बड़ी संख्या में मौजूद थे। वे तोकेश साहू, प्रवीण साहू, गुमनाम साहू के पिता एवं नवागांव सरपंच बिहारी साहू भाई थे।

### चंद्रिका प्रसाद शर्मा



**भिलाई,** 23 नवंबर। मुकुट नगर दुर्ग निवासी चंद्रिका प्रसाद शर्मा का 81 वर्ष की उम्र में 23 नवंबर को सेक्टर-9 अस्पताल में निधन हो गया। वे देवेंद्र शर्मा तथा श्रीमती रंजना चौबे के पिता तथा स्मृति सोसाइटी के अध्यक्ष राजीव चौबे के ससुर थे। इनकी अंतिम यात्रा 24 नवंबर को 11.00 बजे उनके मुकुट नगर निवास से शिवनाथ नदी दुर्ग के लिए निकलेगी।

# किशोरावस्था व जागरूकता विषय पर कार्यक्रम

**खरोरा,** 23 नवंबर (देशबन्धु)। 22 नवंबर दिन बुधवार को पूर्वांह 11.00 बजे प्राचार्य श्रीमती रजनी मिंज, उपप्राचार्य हरीश देवांगन के मार्गदर्शन में व्याख्याता द्वय रजनी त्रिपाठी एवं रीतारानी वर्मा के निर्देशन में किशोरावस्था एवम एड्स जागरूकता विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम विद्यार्थियो के द्वारा बनाए गए पोस्टर का प्रदर्शन किया गया।



पोस्टर बनाने वाले छात्र - छात्राओं में काजल गिलहरे 11वी ब, पुष्पा देवांगन 10वी ब, खुशबू निर्मलकर 10वी अ, नेहा साहू 11वी स, लाडली यादव 9वी ब, मेघा वर्मा 9वी ब, प्रीतम बंजारे, प्रताप 9वी ब, राघवेंद्र व एलिस 9वी द, केशव देवांगन 12वी अ, गरिमा निर्मलकर 10वी स, पूनम देवांगन 9वी ब, मधु वर्मा, खुशी देवांगन 9वी ब, पार्वती देवांगन 9वी द, कुमारी सेन लक्ष्मी बांधे,डाली देवांगन, भूमिका वर्मा चांदनी 10वी अ, कृतिका मांडे 9वी द, नम्रता बंजारे 10वी ब, गीतांजली यादव, मोनिका बघेल, दीपिका साहू, गूंजा देवांगन, कामनी साहू, हेमंत देवांगन 10वी स, आदि की प्रस्तुति बहुत सराहनीय रहा। पोस्टर्स के माध्यम से किशोरो में एड्स के प्रति जागरूकता का संदेश स्पष्ट तौर से परिलक्षित हो रहा था। इसके पश्चात 9वी द की छात्राओं गुंजन साहू, एवम समूह द्वारा, व्यवसायिक शिक्षक शिवांगी निषाद के निर्देशन में नाटक की प्रस्तुति दी गई। नाटक में इस बात का संदेश दिया गया की एड्स रोग, ।द्धड्ढ वायरस के शरीर में संक्रमण के कारण फैलता है। इसके माध्यम से यह भी बताया गया की एड्स पीड़ित से हमे किसी भी तरह दूरी नही बनाना चाहिए। नाटक प्रस्तुति पश्चात ईशा नायक, पूर्वा वर्मा 11वी अ, यशवंत देवांगन 10वी स, वंदना वर्मा 12वी अ, ओजपूर्ण भाषण के माध्यम से किशोरावस्था एवम एड्स जागरूकता का संदेश बड़े प्रभावशाली ढंग से दिए। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्य रजनी मिंज, उप प्राचार्य हरीश देवांगन, पुरुषोत्तम देवांगन, शाहिना परवीन, डोमार सिंह यादव, महेंद्र साहू, संगीता नायक, रीतारानी वर्मा, सुनीता सिंह, रजनी त्रिपाठी, सी.खरे , जयंती साहू, नेहा राठौर, अलका मिंज, श्वेता शर्मा, तान्या भट्टाचार्य, नीतू यादव, मोंगरा साहू,बिजेश्वरी महिलांगे, जगदेव सिंह बंजारे, योगेंद्र त्रिपाठी, गीतांजली पान, शिवांगी निषाद अमर बर्मन एवम समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट के सभी आरोपी गिरफ्तार, रिमांड पर जेल भेजे गए



**दुर्ग,** 23 नवंबर (देशबन्धु)। दो दिन पूर्व रात्रि में पुरानी रंजिश के चलते गौतम कन्नौज नामक व्यक्ति की बेहरमी से पिटाई कर देने के आरोपी सभी 9 आरोपियों को आज न्यायालय में पेश किया गया। इनमें शामिल एक अपचारी बालक को बाल संप्रेक्षण गृह भेज दिया गया। शेष आरोपियों को न्यायालय के आदेश पर जेल भेज दिया गया।

न्यायालय के आदेश के बाद पुलिस सभी आरोपियों को लेकर घटनास्थल उतई चौक पहुंची जहां उन्हें लोगों के सामने घुमाया गया। घुमाने के बाद जब पुलिस ने उन्हें पुलिस वेन में बैठने से इंकार कर दिया गया। वेन में न बैठने के कारण पुलिस ने आरोपियों के हठ को देखते हुए उन्हें हथकड़ी में ही पैदल जेल ले जाकर दाखिल किया गया।

उल्लेखनीय है कि दो दिन पूर्व किसी पुरानी रंजिश के चलते गौतम कन्नौज नामक युवक की 9 लोगों ने लाठी डंडे चाकू व राड से पिटाई कर दी। इस पिटाई से गौतम कन्नौज गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसका इलाज जारी है। इस घटना के सभी आरोपियों गणेश, निम्बू कलश, शम्भू, फिरोज रोशन अवयस्क बालकों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। सभी वयस्क आरोपियों को रिमांड पर जेल भेज दिया गया। नाबालिग आरोपियों को बाल संरक्षण गृह भेजा गया।

# फेडरेशन ने मतदान दल के कर्मियों को मानदेय देने की मांग की

**डोंगरगढ़,** 23 नवंबर। छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन राजनांदगांव के जिला अध्यक्ष रमेश साहू एवं मीडिया प्रभारी अमिताभ दुफरे और अन्य पदाधिकारियों ने मतदान दल के कर्मियों के साथ. साथ रिजर्व कर्मियों को भी तत्काल मानदेय भुगतान की मांग की है । वीदित हो कि छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग ने विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत मतदान कर्मियों को भुगतान हेतु 22 करोड़ 50 लाख रुपए राशि जिलावार राशि जारी की है इसके बावजूद भी आज दिनांक तक निर्वाचन अधिकारियों द्वारा मानदेय नहीं दिया गया है तथा कई सेक्टर ऑफिसर द्वारा बार.बार मतदान कर्मियों का खाता क्रमांक मांगा जा रहा हैण् इसके पूर्व जो चुनाव होते थे तब मतदान सामग्री जमा करते ही तत्काल नगद मानदेय दिया जाता था ।लेट लतीफी पर फेडरेशन ने नाराजगी जाहिर की है और शीघ्र ही मानदेय प्रदान करने की मांग की है।

## प्रादेशिकी का शेष...

### हेमचंद विवि एनएसएस के ...

के समीप आयोजित होने वाले क्रमश: राष्ट्रीय एकता षिविर तथा राष्ट्रीय वॉटर एडवेंचर कैंप में हिस्सा लेने अगामी सप्ताह में रवाना हो रही है। इन टीमों का नेतृत्व स्वामी श्री स्वरूपानंद महाविद्यालय, भिलाई की संयुक्ता पाढ़ी तथा शासकीय इंदिरा गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, वैशाली नगर की डॉ. चांदनी मरकाम कर रही है। वि.वि. की कुलपति, डॉ. अरूणा पल्टा एवं कुलसचिव, भूपेन्द्र कुलदीप ने दोनों टीमों को उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु शुभकामनाएं दी है।

# कलेक्टर ने धान खरीदी केन्द्रों का किया निरीक्षण



**डोंगरगढ़,** 23 नवंबर (देशबन्धु)। मोहला कलेक्टर एस जयवर्धन के द्वारा खरीदी केन्द्रों में धान खरीदी की आवश्यक व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। इस दौरान धान खरीदी केन्द्र ढाढूटोला, अं.चौकी, छछानपाहरी, कौडीकसा का निरीक्षण कर धान की गुणवत्ता, बारदानों की आवश्यकता के संबंध में जानकारी ली गई। खरीदी केन्द्रों में उपस्थित कृषकों को धान खरीदी में किसी किस्म की परेशानी तो नहीं आ रही है इस संबंध में कृषकों से चर्चा की गई तथा उन्हें साफ एवं अच्छे किस्म के धान लाने की सलाह दी गई। इस दौरान खरीदी केन्द्र ढाढूटोला में किसान द्वारा विक्रय हेतु लाये गये धान में शासन द्वारा निर्धारित नमी से अधिक नमी होने पर उसे धान सुखाकर लाने के लिये कहा गया। निरीक्षण के समय डॉ. हेमेन्द्र भुआर्य अनुविभागीय अधिकारी, श्री आशीष रामटेके खाद्य अधिकारी, श्री दिनेश साहू नायब तहसीलदार, श्री प्रमोद सोम जिला विपणन अधिकारी, श्री एस. एल. ठाकुर नोडल अधिकारी जिला सहकारी बैंक एवं खाद्य विभाग के अधिकारीगण उपस्थित थे । खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में जिला-मोहला-मानपुर-अं.चौकी के उपार्जन केन्द्रों में कृषकों से 165856 क्विंटल धान की खरीदी की गई। शासन द्वारा समितियों के माध्यम से टोकन जारी करने के साथ-साथ कृषकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए च्च्टोकन तुंहर हाथज्ज मोबाईल एप्लिकेशन के माध्यम से भी टोकन जारी करने का प्रावधान दिया गया है।

# मोदी की गारंटी से विनोद खांडेकर की जीत व छग में भाजपा सरकार बनना तय : परविंदर



**डोंगरगढ़,** 23 नवंबर (देशबन्धु)। सांसद प्रतिनिधि परविंदर सिंह मोंटी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश में कांग्रेस की सरकार में अपराध, भ्रष्टाचार और नशाखोरी के विरुद्ध एक माहौल बना है पिछले 5 साल के कांग्रेस शासन मे कांग्रेसी नेताओ ने नौकर शाही के साथ मिलकर पूरे प्रदेश को जमकर लूटा है शराब घोटाला, पी एस सी भर्ती घोटाला, गौठान घोटाला, गोबर घोटाला, राशन घोटाला और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का भी महादेव सट्टा में 508 करोड़ रुपए के मनी लांड्रिंग में संलिप्त से प्रदेश की जनता के मन में कांग्रेस सरकार के विरुद्ध गुस्सा भरा हुआ था जो इनके काले कारनामों को अच्छे से समझ गई। सांसद प्रतिनिधि श्री भाटिया ने कहा कि डोंगरगढ़ विधानसभा से इस बार भाजपा ने पूर्व विधायक विनोद खांडेकर को प्रत्याशी बनाया जिनके द्वारा पूर्व में किए गए विकास कार्यों को जनता आज भी पसंद करती है और निश्चित रूप से जनता का आशीर्वाद भी उन्हें मिला है और उनकी जीत तय है।छत्तीसगढ़ चुनाव में भाजपा अपनी पूरी ताकत के साथ चुनाव लड़ी है। छत्तीसगढ़ भाजपा द्वारा अपने घोषणा पत्र जिसे मोदी की गारंटी नाम दिया गया उसमे किसानों को 3100 धान की एकमुश्त राशि,दो साल का पुराना बकाया बोनस, युवाओं के लिए डेढ़ लाख नौकरियां,पी एस सी घोटाले के आरोपियों के विरुद्ध जांच ,महिलाओ के लिए महतारी वंदन योजना अंतर्गत 12000 रुपए सालाना, 500 रुपए में घरेलू गैस सिलेंडर और प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए घोषणाओं की भरमार थी, जिसको लेकर मतदाताओं में खासा उत्साह दिखा और भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश में सरकार बनना भी तय लग रहा है।



तुलसी पूजा एकादशी पर्व एवं अग्रीम नववर्ष
की हार्दिक बधाई
मा. भूपेश बघेल
मुख्यमंत्री
मा. अनिला भेडिया
मंत्री
राजेश चुरेन्द्र
जनपद सदस्य व वरिष्ठ
कांग्रेस नेता जनपद
पंचायत क्षेत्र कं.–2, डौण्डी




तुलसी पूजा एकादशी पर्व एवं अग्रीम नववर्ष
की हार्दिक बधाई
गज्जू ज्वेलर्स
एवं रेडीमेड कपडे के विक्रेता
हमारे यहाँ सोने-चांदी के आभूषण
हॉलमार्क के गहने एवं रेडीमेड कपडे
के थोक व चिल्लर वाजीब रेट में
मिलते हैं।
गज्जू सोनी
अध्यक्ष
व्यापारी संघ,डौण्डी
दुर्गा चौक, बाजार रोड, डौण्डी (छ.ग.)




तुलसी पूजा एकादशी पर्व एवं अग्रीम नववर्ष
की हार्दिक बधाई
संजय हार्डवेयर
एवं छड़, सीमेन्ट
हाऊस
संजय बैस
जनपद सदस्य
व समाज सेवक
ज.पं. डौण्डी
ग्राम पंचायत कुसुमकसा, ब्लॉक डौण्डी,जिला-बालोद (छ.ग.)




तुलसी पूजा एकादशी पर्व एवं अग्रीम नववर्ष
की हार्दिक बधाई
देवेन्द्र सिन्द्रामे
सरपंच
ग्राम पंचायत-अडजाल
व अध्यक्ष सरपंच संघ
जनपद पंचायत-डौण्डी
तुलसी पूजा की आप
सभी क्षेत्रवासियों
को समृद्धि प्रदान करे।
पत्दू राम भुआर्य–उपसरपंच, ओमेश कुमार भुआर्य–सचिव
सोमबती साहू–रोजगार सहायक
–पंचगण–
श्रीमती मानबती रावटे, इलन कुमार पिस्दा, अशोक कुमार पिस्दा, राम्हीनबाई सिन्द्रामे, महाबती सोरी, चादूराम सिन्द्रामे, हेमबाई खवाश, सुखबाई सिन्द्रामे, रामगुलाल भुआर्य, आशाबाई पिस्दा, किरण कुमार सिन्द्रामे, टेमिन बाई कौडो,




तुलसी पूजा एकादशी पर्व एवं अग्रीम नववर्ष
की हार्दिक बधाई
तुलसी विवाह
गणेश राम श्वेता
सरपंच
धुरवाटोला
जनपद पंचायत डौण्डी
विनीत : ग्रामवासी व पंचगण




तुलसी पूजा एकादशी पर्व एवं अग्रीम नववर्ष
की हार्दिक बधाई
श्रीमति सुषमा लोहिया
सरपंच
ग्राम पंचायत-खडबतर
जनपद पंचायत-डौण्डीलोहारा
जिला-बालोद
चिंताराम चिरामें
उपसरपंच
ग्राम पंचायत-खडबतर
जनपद पंचायत-डौण्डीलोहारा
जिला-बालोद
रोजगार सहायक–अनिल कुमार नेताम, पंचायत मृत्य – संतोष कुमार
पंचगण– विष्णु राम मेरिया, आत्माराम कुरेटी, जैतराम नेताम, परमाराम कुरेटी, कृति भंडारी, तिजई बाई कुरेटी, अनिता बाई सलाम, सविता बाई कोमरे, अंमित बाई
विनीत:के.डी. मानिकपुरी
ग्राम पंचायत खडबतर, ज.पं. डौण्डी, जिला बालोद




तुलसी पूजा एकादशी पर्व एवं अग्रीम नववर्ष
की हार्दिक बधाई
श्रीमती जामबाई चुरेन्द्र
सरपंच
ग्राम पं. कोटागांव
जनपद पं. डौण्डी
जिला–बालोद
रोजगार सहायक–सुभाष कुमार सेन
पंचगण– गौरी बाई मंडावी, माखन लाल, पंचूराम उर्वसा, चेतनराम उइके, कुन्तिबाई, कुशला बाई, वंदना सेन, गोविन्द राम भुआर्य, पूर्णिमा नेताम, ग्वालू राम, भगवनी राम पिरदा, विश्राम सिंह मलेन्द, फूलकुमारी मेश्राम, अनुण पिरदा, माधवी बाई, तिलक राम, घटमिन बाई मरकाम, अमरोतिन बाई
विनीत:रामकुमार सोनवानी-सचिव
ग्राम पंचायत कोरागांव, ज.पं. डौण्डी, जिला बालोद

# कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतगणना स्थल की व्यवस्थाओं का लिया जायजा



■ मतगणना संबंधी सारी तैयारी 30 तारीख तक पूर्ण कर ली जाये : कलेक्टर

**बेमेतरा,** 23 नवम्बर (देशबन्धु)। 3 दिसंबर (रविवार) को होने वाली विधानसभा मतगणना को लेकर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी पी.एस.एल्मा द्वारा खास सतर्कता बरती जा रही है। कलेक्टर एल्मा ने बीते बुधवार और आज गुरुवार को जिला मुख्यालय स्थित कृषि उपज मंडी प्रांगण मतगणना स्थल पहुंचे। उन्होंने वहां मतगणना संबंधी सारी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने को कहा।

3 दिसंबर (रविवार) को होने वाली मतगणना के हर चरण के लिए पूरी पारदर्शिता की कार्य योजना बनाई गई है। बेरीकेट, अभ्यर्थी, उनके एजेंट की बैठने की व्यवस्थाओं के साथ ही, कम्प्यूटर, फोटो कॉपियर मशीन, माइक आदि व्यवस्थाओं की भी मौके पर जानकारी ली। उन्होंने मीडिया सेंटर में सभी जरूरी सुविधाएं टी.व्ही, कम्प्यूटर, टेलीफोन, नेट, फैक्स फोटो कॉपियर मशीन, आदि देने की बात कही। उन्होंने कहा कि मतगणना परिसर में बिजली, पेयजल, शौचालय, फायर बिग्रेड, मेडिकल कैम्प आदि समय रहते 30 तारीख तक पूरी करने के निर्देश दिए। एल्मा ने मतगणना में लगे अधिकारी - कर्मचारियों को नाश्ते से लेकर भोजन व्यवस्था की भी जानकारी ली। उन्होंने कहा जिसकी जो जिम्मेदारी तय की गई है, उसे वह पूरी ईमानदारी के साथ निभाये। उन्होंने पुलिस अधिकारियों के साथ पार्किंग व्यवस्था का भी जायजा लिया।

मतगणना के प्रत्येक राउंड की गिनती के बाद जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा अभ्यर्थियों को मतगणना प्रमाण पत्र दिया जाएगा। उसके बाद ही अगले राउंड की गिनती शुरू होगी। इस मौके पर बुधवार को पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता अपर कलेक्टर डॉ. अनिल बाजपेयी, सी.एल. मारकण्डेय, तीनों विधानसभा क्षेत्र साजा, बेमेतरा, नावागढ़ के रिटर्निंग ऑफिसर, विश्वास राव मस्के, सुश्री सुरूचि सिंह, भूपेन्द्र जोशी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, कार्यपालन अभियन्ता लोक निर्माण निर्मल सिंह, उप जिला निर्वाचन अधिकारी उमाशंकर बंदे, सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर पी.एस.एल्मा ने कहा कि मतगणना में ड्यूटी पर लगे सभी अधिकारी कर्मचारी 3 दिसंबर को सवेरे 6.30 बजे तक मतगणना स्थल पर आवश्यक पहुंच जाये। उन्होंने कहा कि ध्यान रखा जाए कि मोबाइल पूरी तरह प्रतिबंधित है। बिना प्रवेश पास के मतगणना स्थल पर प्रवेश नहीं दिया जायेगा, अत: जारी प्रवेश पास साथ अवश्य लाये। कलेक्टर ने बताया कि मतदान केन्द्रों के समान ही मतगणना केन्द्र में अनाधिकृत व्यक्तियों का प्रवेश वर्जित रहेगा। सभी प्रत्याशियों, उनके प्रतिनिधियों तथा पत्रकारों आदि के लिए निर्वाचन अधिकारी द्वारा प्रवेश पत्र जारी किया जायेगा।

# पैरालीगल वालिंटियर्स द्वारा नेशनल लोक अदालत का प्रचार-प्रसार किया गया




**बेमेतरा,** 23 नवम्बर (देशबन्धु)। अध्यक्ष जिला एवं सत्र न्यायाधीश माननीय बृजेन्द्र कुमार शास्त्री के निर्देशन में प्राधिकरण के पैरालीगल वालिंटियर्स सुश्री सोनिया सिंह, टुवेन्द्र सिंह वर्मा, देवेन्द्र कुमार यादव, चंद्रकिशोर सिह, पवन कुमार साहू, चेतन सिंह द्वारा ग्राम पिरदा, तहसील कार्यालय बेरला, तारालीम, बालसमुंद, भैंसा, खैरी, जेवरा, थानखम्हरिया, पतोरा, मटिया, बावनलाख, बसनी, भिंभौरी, करही, पथरीखुर्द, आनंदगांव एवं साप्ताहिक बाजार ग्राम भोईनाभाठा, कुसनी, मोहभट्ठा, सरदा तथा शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला लेंजवारा, आंदु में दिनांक 16 दिसम्बर को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के बारे में जानकारी देते हुये लोगों को बताया कि यदि उनके या उनके किसी मित्र, परिजन का कोई राजीनामा योग्य मामला न्यायालय में लंबित हो तो संबंधित न्यायालय में अथवा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से संपर्क कर ऐसे मामलों को उभयपक्ष की सहमति से राजीनामा के आधार पर निराकृत करा सकते है। उन्हें बताया गया कि लोक अदालत में निराकृत मामलों के निर्णय अंतिम होते है, उसकी कोई अपील नहीं होती है। न्याय शुल्क यदि लगा हो तो न्यायालय द्वारा उसे वापस प्रदान करने का आदेश दिया जाता है। राजीनामा के आधार पर निराकृत मामलों में उभयपक्ष के मध्य सद्भाव व प्रेम बना रहता है। उक्त नेशनल लोक अदालत के माध्यम से न्यायालय में लंबित राजीनाम योग्य आपराधिक प्रकरणों, धारा 138, पराकम्य लिखित अधिनियम, मोटर दुध टिना दावा प्रकरण बैंक रिकवरी प्रकरण, जलकर, संपित्तकर, विद्युत बिल बकाया प्रकरण, सिविल प्रकरण का निराकरण कराया जा सकता है।

# सामाजिक कार्यकर्ताओं ने मितानिन बहनों का किया सम्मान



**बेमेतरा,** 23 नवम्बर (देशबन्धु)। मितानिन दिवस के अवसर पर बेमेतरा की मितानिन बहनों का सम्मान समाजसेवी ताराचंद माहेश्वरी, नीतू कोठारी द्वारा किया गया। मितानिन दिवस की शुभकामनाएं देते हुये नीतू कोठारी ने कहा कि मितानिन बहने रीढ़ की हड्डी है इनकी सेवा को शब्दों में व्यक्त नही किया जा सकता इनकी सेवा को हम नमन करते है। समाजसेवी ताराचंद माहेश्वरी ने कहा कि मितानिन बहने 24 घंटे सेवा कार्य में लगी रहती है आज के समय में नि:स्वार्थ सेवा करना कठिन कार्य है जिसे मितानिन बहने बहुमूल्य समय निकालकर सभी के स्वास्थ्य सेवा में लगी रहती है। जिला समन्वयक ललिता मेरावी, ब्लॉक समन्वयक चंद्रकिशोर वासनिक ने मितानिन बहनों के सेवा कार्यों को बताया। देवउठनी एकादशी तुलसी विवाह के पर्व पर अनुशासन व समय की पाबंद मितानिन बहनों को तुलसी चौरा देकर सम्मानित किया गया। आभार प्रदर्शन मितानिन प्रशिक्षक उषा साहू ने किया। इस अवसर पर बेमेतरा की सभी मितानिन बहने व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# टीचर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधि निर्वाचन मानदेय पर किया चर्चा

**कवर्धा,** 23 नवम्बर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन मानदेय भुगतान में हो रहे विलंब को दृष्टिगत रखते हुई छग टीचर्स एसोसिएशन के जिला प्रतिनिधिमंडल ने जिलाध्यक्ष रमेश कुमार चन्द्रवंशी के नेतृत्व में कलेक्टोरेट स्थित निर्वाचन शाखा में निर्वाचन सुपरवाइजर संतोष चन्द्राकर से मुलाकात कर मतदान कार्य में संलग्न अधिकारियों के मानदेय भुगतान पर चर्चा किया. चर्चा के दौरान एसोसिएशन को प्राप्त जानकारी के अनुसार मतदान अधिकारियों का मानदेय 22 नवम्बर को बैंक में जमा कर दिया गया है. एक-दो दिनों में संबंधित अधिकारियों के खाते में राशि चला जायेगा. ज्ञातव्य हो कि कबीरधाम जिले में विधानसभा निर्वाचन-2023 प्रथम चरण में विगत सात नवम्बर को ही सम्पन्न हो गया है, जिसमें प्रत्येक मतदान केन्द्रों में चार मतदान अधिकारियों का ड्यूटी लगाया गया था, इनमें ज्यादातर शिक्षा विभाग के शिक्षक-शिक्षिकाएं हैं. पीठासीन सहित मतदान अधिकारी-एक, दो व तीन में लगभग चार हजार अधिकारियों का ड्यूटी लगा था. चर्चा के दौरान प्रमुख रूप से एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष रमेश कुमार चन्द्रवंशी, राजेश तिवारी, गोकुल जायसवाल आदि उपस्थित रहे।

# मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने मतगणना स्थल की तैयारियों का निरीक्षण किया

**कवर्धा,** 23 नवंबर (देशबन्धु)। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ श्रीमती रीना बाबासाहेब कंगाले ने कलेक्टर एव जिला निर्वाचन अधिकारी जनमेजय महोबे और पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक पल्लव के साथ आज कवर्धा के कृषि उपज मंडी परिसर अंतर्गत मतगणना स्थल की तैयारियों का निरीक्षण किया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती कंगाले ने जिले के विधानसभा क्षेत्र 71 पंडरिया और 72 कवर्धा के लिए होने वाली मतगणना के लिए यहां की जा रही तैयारियों का अवलोकन किया। इसके साथ ही स्ट्रांगरूम की सुरक्षा व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने मतगणना स्थल पर सीसीटीव्ही कैमरे तथा तैनात सुरक्षा बल, मतगणना तथा डाक मतपत्रों की गणना की तैयारियों के संबंध में विस्तार से जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विधानसभावार मतगणना हॉल पर आधार भू-संरचना, प्रस्ताव के आधार पर 21 टेबल की तैयारी, मतगणना स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था, मीडिया सेंटर में आवश्यक सुविधाएं व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए। मतगणना दिवस के दिन मतगणना कार्य में लगे अधिकारियों सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं में लगे सभी कर्मचारियों को पास जारी करने के निर्देश दिए। मतगणना कक्ष पर राजनीतिक दलों के एजेंटो के लिए समुचित बैठक व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए। विधानसभा आम निर्वाचन 2023 की मतगणना कड़ी सुरक्षा के बीच 03 दिसंबर को प्रात: 8 बजे से आदर्श कृषि उपज मंडी तालपुर में शुरू होगी।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ श्रीमती रीना बाबासाहेब कंगाले ने मतगणना कार्य को प्रारंभ करने के पूर्व मौके पर उपस्थित उम्मीदवारों व उनके निर्वाचन अभिकर्ताओं को निर्वाचन आयोग से प्राप्त दिशा निर्देशों की जानकारी अनिवार्य रूप से देने कहा। उन्होंने मतगणना केंद्रों पर आधारभूत संरचना, सुरक्षा व्यवस्था, मीडिया सेंटर में आवश्यक सुविधाएं, गणना के लिए मतगणना सामग्री, डाक मतपत्रों की गणना, ईवीएम में दर्ज मतों की गणना, वीवीपीएटी स्लीप गणना, मतगणना की समाप्ति के बाद ईवीएम और निर्वाचन सामग्री को मुहरबंद करने और परिणाम की घोषणा के संबंध में भी विस्तार से जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान रिटर्निंग अधिकारी विधानसभा-71 पंडरिया संदीप ठाकुर, विधानसभा-72 कवर्धा पीसी कोरी, संयुक्त कलेक्टर डॉ. मोनिका कौड़ो, उप जिला निर्वाचन अधिकारी ऋतुराज बिसेन, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती लेखा अजगल्ले, सुश्री आकांक्षा नायक सहित निर्वाचन से जुड़े अधिकारी उपस्थित थे।

# ऑपरेशन ईगल अभियान के तहत फरार स्थायी वारंटी को किया गया गिरफ्तार

**बेमेतरा,** 23 नवम्बर (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता (भा.पु.से.) के निर्देशन एवं अति.पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की के मार्गदर्शन में बेमेतरा पुलिस द्वारा स्थायी वारंटियो को पकड़ने हेतु ऑपरेशन ईगल अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा पुलिस स्टाफ के द्वारा माननीय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट बेमेतरा न्यायालय के प्रकरण क्र. 658/21, अपराध क्रमांक 217/20 धारा 294, 506, 323, 325, 34 भादवि में फरार चल रहे स्थायी वारंटी मनोज जांगडे पिता खुडगा जांगडे उम्र 25 साल साकिन सरखोर थाना लवन जिला बलौदाबाजार हाल पता कुसमी थाना व जिला बेमेतरा को जरिये मुखबिर कि सूचना पर पकड़ा गया। उपरोक्त वारंटी को माननीय न्यायालय में पेश किया गया है।

उक्त कार्यवाही में थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार सिन्हा, प्रधान आरक्षक रविन्द्र तिवारी, प्रधान आरक्षक हेमंत साहू, आरक्षक राहुल यादव एवं अन्य स्टाफ की सराहनीय भुमिका रही।

# धान के खेतों में पराली जलाने पर होगा 25 सौ से 15 हजार तक आर्थिक दंड

■ धान की पराली जलाने से भूमि की उपजाऊ शक्ति होती है नष्ट
■ धान की पराली न जलाये, गौठान में पैरादान करें : कलेक्टर



**खैरागढ़,** 23 नवम्बर (देशबन्धु)। कलेक्टर व जिला दण्डाधिकारी गोपाल वर्मा ने जिले के सभी किसानों से पर्यावरण सुरक्षा के लिए जानवरों के चारे की व्यवस्था के उद्देश्य से खेतों में धान के पराली को नही जलाने व गौठान में पैरादान करने के लिए अपील की है। कलेक्टर ने इस संबंध में उपसंचालक कृषि विभाग को किसानों में पराली जागरूकता के लिए प्रचार प्रसार करने के दिशा निर्देश दिया कलेक्टर गोपाल वर्मा ने जिले के किसान भाईयों से अपील की है. कि खेतों में धान की पराली को न जलाये जानवरों के चारे की व्यवस्था के लिए गौठान में अधिक से अधिक संख्या में पैरादान करें उन्होंने आगे कहा कि ऐसा करने से पर्यावरण स्वच्छ रहेगा गांवों के गौठान में साल भर पशुओं के लिए चारा प्रयाप्त मात्रा में प्राप्त हो सकेगी इस संबंध में कृषि विभाग के उपसंचालक राजकुमार सोलंकी ने जानकारी देते हुए बताया कि धान फसल की कटाई अंतिम चरण में है. जिन क्षेत्रों में धान के बाद रबी फसल लिया जाता है वहाँ किसान भाई धान कटाई के बाद खेत में पड़े पराली को जला देते है. इस संबंध में किसानों को भ्रम है कि पराली जलाने के बाद अब शेष (राख) से खेत को खाद मिलेगा तथा खेत साफ हो जाएगी परन्तु यह सोचना गलत है, क्योंकि पराली जलाने से भूमि की उपजाऊ क्षमता तथा लाभदायक कीट भी खत्म हो जाती है.साथ ही वायु प्रदूषण का कारण भी बनता है. इससे मानव,जानवर, पशु- पक्षी सभी को विभिन्न प्रकार की बीमारियों होती है. इसका ज्वलंत उदाहरण दिल्ली, पंजाब, हरियाणा जैसे शहरो में गंभीर समस्या देखने को मिल रहा है.

केसीजी के उपसंचालक कृषि विभाग के राजकुमार ने बताया कि धान पराली जलाने से वायु प्रदूषित होने से आँखो में जलन व सांस से संबंधित बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है.पराली जलाने से भूमि की उपजाऊ क्षमता लगातार घट रही है. इस कारण भूमि में 80 प्रतिशत तक नाईट्रोजन, सल्फर व 20 प्रतिशत अन्य पोशक तत्व की कमी आ रही है. फसल के मित्र कीट की मृत्यू होने से नई- नई बीमारियाँ उत्पन्न होती है. एक टन धान पराली जलने से 5.5 कि.ग्रा. नाईट्रोजन, 2 कि.ग्रा. फास्फोरस व 1.2 कि.ग्रा. सल्फर जैसे पोशक तत्व नष्ट हो जाते है.

इस संबंध में आवास व पर्यावरण विभाग द्वारा वायु (प्रदुशण निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम 1981 की धारा 19 (5) के अंतर्गत फसल अपशिष्ट को जलाया जाना प्रतिबंधित किया गया है. राष्टीय हरित न्यायाधिकरण के तहत खेतो में कृषि अवशेषों को जलाये जाने पर प्रतिबंध लगाया गया है. जिसके तहत पराली जलाने वाले व्यक्ति पर कानूनी कार्यवाही की जावेगी आर्थिक दंड के रूप में 2 एकड़ से कम की खेती पर 25 सौ रूपये, 2 से 5 एकड़ की खेती पर 5 हजार रूपये तथा 5 एकड़ से अधिक पर 15 हजार रूपयें जुर्माना लगाया जाएगा पराली का निर्मित गौठान में दान से जिले में सुराजी गांव योजना के तहत गौठान निर्मित किये गये है. जिसमें धान पराली का दान करें, ताकि गौठान में वर्षभर पशुओं के लिए चारा आपूर्ति बनी रहें पैरादान करने के लिए संबंधित गौठान समिति के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी से सम्पर्क कर सकते है.

# घर-घर में तुलसी विवाह रचाने के लिए सजाया गया गन्ने का मंडप



**गुरुर,** 23 नवम्बर (देशबन्धु)। 23 नवंबर को सुबह मंदिरों में विष्णु पूजन के पश्चात शाम को घर-घर में तुलसी जी का विवाह विष्णु स्वरूपा शालिग्राम से रचाने की रस्म निभाई गई। अधिकांश गांव में 24 नवंबर को यह पर्व मनाया जाएगा। घर-घर में तुलसी विवाह रचाने के लिए मंडप सजाया गया है।

मंडप सजाने के लिए गुरुर सहित ग्राम भरदा, पुरुर, पलारी, बोडरा जैसे अन्य गांव के बाजारों मे गन्ना और पूजन सामग्री खरीदारी के लिए ग्रामीण पहुंचे थे। इसके पहले सुबह से देर शाम तक गन्ने की बिक्री होती रही।

बता दे कि देवउठनी एकादशी को ग्रामीण इलाकों में जेठउनी के नाम से भी जाना जाता है। इस दिन से मांगलिक एवं अन्य कार्य की शुरुआत करने की भी परंपरा है। ग्रामीण क्षेत्रों में जेठउनी के दिन बिना पंचांग देखे विवाह कार्य संपन्न किया जाता है।

## 27 को कोलिहामार में लगेगा कार्तिक पूर्णिमा मेला

गुरुर के बाजार चौक के अलावा धनेली चौक, टिकरापारा, अंबेडकर चौक सहित अन्य स्थानों पर गन्ने से बाजार सज रहा। यहां प्रति नग 30 रुपये मे मिलने वाला गन्ना दोगुनी कीमत पर बिक रहा है। अलग-अलग गुणवत्ता वाली गन्ना इस बार 100 रुपये जोड़ी तक में बिकी।

दीपावली एवं देवउठनी पर्व मनाने के बाद ग्रामीण क्षेत्रों में अब मंडई मेला का आयोजन किया जा रहा है। 27 नवंबर को कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर ग्राम कोलिहामार में मंडई मेला का आयोजन किया गया है। जानकारी के मुताबिक इस दिन रात्रि में ग्राम डोमा (गुजरा) का नाच कार्यक्रम आयोजित होगा। दूसरे दिन यहां हरदानी महोत्सव में गांव के प्रमुख देवी देवताओं की पूजा अर्चना कर कामना की जाएगी।

# छोटी दिवाली देवउठनी, तुलसीपूजा पर नागरिकों ने की जमकर खरीदी



**खैरागढ़,** 23 नवम्बर (देशबन्धु)। 23 नवम्बर को नगर में तुलसी विवाह के अवसर पर लोगो ने जमकर खरीदी की छोटी दिवाली देवउठनी एकादशी के दिन लोगों ने गन्ना की जमकर खरीदी कर विधि विधान से पूजा अर्चना की गई वही रात में जमकर फटाके फोड़े गए त्योहार के चलते बाजार गुलजार रहा देवउठनी एकादशी के दिन से मागलिक कार्य भी चालू हो जाता है. नागरिकों ने देवउठनी के दिन जमकर खरीदी की जैसे बर्तन, कपड़ा, मिठाई, फटाखे की भारी मात्र में जमकर खरीदी कर एक दूसरे को देवउठनी की बधाई व शुभकामनाएं देते रहे.

# 13512 क्विंटल धान की हो चुकी कंवर सोसाइटी में खरीदी



**गुरुर,** 23 नवम्बर (देशबंधु)। गुरुर। ग्राम कंवर के सेवा सहकारी समिति में अब तक 13512 क्विंटल 80 किलोग्राम धान की खरीदी हो चुकी है। वर्तमान में यहां 9122 क्विंटल धान स्टॉक में है। खरीदी के बाद मिलर को 4390 क्विंटल धान परिवहन के लिए जारी हो चुका है तो वर्तमान में संग्रहण केंद्र को धान परिवहन शुरू नहीं हुआ है। सोसाइटी से मिले रिकॉर्ड के अनुसार खरीदे गए धान की कुल राशि 2 करोड़ 97 लाख 52378 रुपए है। जिसमें से किसानों को एक करोड़ 94 लाख 80500 का भुगतान किया जा चुका है। सोसायटी ऋण के विरुद्ध वसूल की गई राशि की बात करें तो 84 लाख 52 हजार 263 रुपए की ऋण वसूली की गई है। किसानों को वर्तमान में 18 लाख 19614 रुपए भुगतान शेष है। 376 किसानों ने अब तक धान बेचा है। लगातार आवक बनी हुई है। वही बारदानों की स्थिति की बात करें तो कुल प्राप्त मानक बारदानों की संख्या 91936 रही। जिसमें से 33782 बारदानों का इस्तेमाल हुआ है। वर्तमान में यहां 58154 बारदाने उपलब्ध हैं।

# आदिवासी समाज का विराट वीर मेला को लेकर तैयारियां शुरू

■ तीन दिनों तक चलेगा कार्यक्रम

**गुरुर,** 23 नवम्बर (देशबन्धु)। जिले के ग्राम कर्रेझर में आदिवासी समाज का विराट वीर मेला कार्यक्रम को लेकर तैयारियां शुरू हो गई है, यह कार्यक्रम 8, 9 एवं 10 दिसंबर को आयोजित होगा। इस आयोजन को संपन्न करने के लिए आयोजन समिति के पदाधिकारी समय-समय पर बैठक आयोजित कर रूपरेखा तैयार कर रहे हैं।

वीर मेला आयोजन समिति राजाराव पठार ग्राम कर्रेझर से जानकारी के मुताबिक तीन दिनों तक चलने वाले इस कार्यक्रम में देव मेला, आदिवासी हाट बाजार, आदिवासी सांस्कृतिक कार्यक्रम, रेला पाटा, आदिवासी महापंचायत सहित वीर नारायण सिंह की श्रद्धांजलि सभा भी आयोजित की जाएगी। यह कार्यक्रम सर्व आदिवासी समाज जिला बालोद, धमतरी एवं कांकेर के तत्वाधान में आयोजित होगा। वृहद स्तर पर होने वाले इस विराट वीर मेला में छत्तीसगढ़ प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से लाखों की संख्या में लोग पहुंचते हैं, जहां आदिवासी समाज की संस्कृति एवं एकता देखने को मिलता है।

उल्टा पुल्टा

मिंटू- चिंटू, भाई आज अपनी साइकिल आज मुझे दे दे।
चिंटू- नहीं, दे सकता।
मिंटू- तुम मुझे साइकिल नहीं दोगे तो मेरा दिल खट्टा हो जाएगा।
चिंटू- तो चीनी डाल के खा लेना।

# फोरलेन का काम मनमर्जी से कर रहा ठेकेदार, अधिकारी हैं असहाय

## जगह-जगह गिट्टी बिखरी पड़ी है, सड़कें कहीं अप कहीं डाऊन

**नवापारा-राजिम,** 23 नवंबर (देशबन्धु)। शहर के बीच से बन रहे फोरलेन के काम को ठेकेदार अपने मनमर्जी से कर रहा हैं। जब उसकी मर्जी होती हैं काम चालु करता हैं और जब मर्जी होती हैं बंद कर देता हैं। ठेकेदार के सामने विभागीय अधिकारी असहाय व बेबस नजर आ रहे हैं। सड़को की हालत इस कदर खराब कर दिया गया हैं कि लोगो का आना-जाना दुभर हो गया हैं। गाड़ियो की तो हालत खराब हो रही हैं। जगह-जगह बिछाई गई गिट्टियां टायरो को चीर रही हैं। सड़क कहीं ऊपर है तो कहीं गढढेनुमा नीचे हैं। बीच में जगह छोड़कर किसी भी प्रकार का संकेतक नही लगाया गया हैं। दिन में ये उबड़-खाबड़ अप डाऊन सड़के दिख जाती हैं मगर रात को आने-जाने वाली गाड़ियों की चकाचौंध रोशनी से वाहन चालको को बहुत ही मुश्किलो का सामना करना पड़ रहा हैं। क्योंकि रात में एक दूसरे की लाइट से सड़क दिखता नही। कई गाड़ियो के चक्के ऊपर चढ़ जाती है तो कई गाड़ियो के चक्के नीचे उतर जाती हैं। नौबत पलटने जैसे हो जाती हैं। चुनाव के दौर में इनके काम दिख रहा था क्योंकि राजनीतिक दल के लोग चुनाव में व्यस्त थे। अब जब चुनाव निपट चुका हैं तो सड़क बनाने वाले ठेकेदार गायब हो गए हैं। कही भी उनका काम यहां नजर नही आ रहा हैं। ठेकेदार नालियां ऐसा बनाया हैं कि उससे सड़क काफी नीचे हो गया हैं। लोग यही बोल रहे हैं कि क्या नाली का पानी सड़क में बहेगा? कायदे से सड़क का पानी नाली में जाना चाहिए। मगर ठेकेदार निर्माण कार्य ऐसा कर रहा हैं कि किसी को कुछ समझ ही नही आ रहा हैं। हर व्यक्ति सड़क निर्माण के कार्य को लेकर काफी आक्रोशित नजर आ रहे हैं। मालूम हो कि कुर्रा से लेकर पंडित जवाहरलाल नेहरू पुल तक 4 किमी फोरलेन का काम 21 जून 2022 से शुरू तो किया गया परंतु ये काम अब तक पूरा नही हुआ हैं। लगता है निर्माण कार्य की यही गति रहा तो अगले वर्ष 2024 तक भी पूरा नही हो पाएगा। ठेकेदार को न तो शासन का भय हैं,न ही जनता का भय हैं और न ही ऊपर बैठे अफसरो का। बताते हैं कि सड़क निर्माण का ठेका लेने वाले खरसिया के रहने वाले हैं जो यहां कभी दिखते भी नही। सिर्फउनके चंद लोग ही रहते हैं और वे ही अपनी मर्जी से काम करते हैं। कछुआ चाल से हो रहे काम को लेकर शहर के हर नागरिको में बहुत ज्यादा आक्रोश का वातावरण बन चुका हैं। 29 करोड़ रूपए के भारी भरकम राशि से बनने वाले रोड चौड़ीकरण के काम में न तो चालिटी हैं और न ही इसे गंभीरता से की जा रही हैं। हर तरफइनके द्वारा खोदे गए गड्ढे जानलेवा भी बनते जा रहा हैं। ठेकेदार के स्टाफइतने गैरजिम्मेदार हैं कि किस प्वाइंट को जल्दी करना हैं इन्हें वो भी समझ नही हैं। वहीं विभागीय छोटे से लेकर बड़े अधिकारी असहाय नजर आ रहे हैं। एनएच के अधिकारियों का नियंत्रण भी ठेकेदार के ऊपर नही हैं वर्ना क्या मजाल हैं कि कोई ठेकेदार इतने भारी भरकम राशि का ठेके लेने के बाद गायब हो जाए। शहर में लगातार ट्रेफिक का दबाव बढ़ता चला जा रहा हैं। बढ़ते ट्रेफिक के हालात को देखते हुए ही सड़क चौड़ीकरण का काम स्वीकृत कराया गया। दो महिने बाद फरवरी में होने वाले 15 दिवसीय माघी पुन्नी राजिम मेला की तैयारी भी शुरू हो जाएगी। ऐसे में कुर्रा से लेकर राजिम पुल तक गाड़ियों का दबाव और बहुत ज्यादा बढ़ जाएगा। कहना न होगा कि विभागीय उच्चाधिकारी यहां जब तक खड़े रहकर ठेकेदार को काम में टाइट नही करेंगे तब तक शायद ही यह काम आगे बढ़ पाएगा।

बता दें कि इस काम को बीच-बीच में रोककर, अधूरा छोड़कर मनमर्जी से आगे-पीछे काम लगा देते हैं इसके कारण कोई भी काम में ठिकाना नही हैं।



**राहगीर और गाड़ी वाले भोग रहे खामियाजा**

# इमली और केटीऐम ऐप मे ट्रेडिंग के नाम पर पैसा कमाने के चक्कर में फंस रहे हैं लोग

**नवापारा-राजिम,** 23 नवंबर (देशबन्धु)। नगर सहित आसपास के क्षेत्रो में इन दोनों लोग ट्रेडिंग के नाम में पैसा कमाने के चक्कर में फंस रहे हैं। इस ऐप में एक नहीं अनेकों ऐपब ने हुए हैं जिसमें प्रमुख रूप से इमली, केटीएम, एटीएस, टेचाशाफ्ट, माइक्रोड्रोन्स, फ्यूचर हाउस, एसटीएन ग्रुप, रजिस्टर, होम, साइन अप, लक्की 649 सहित और भी ऐप हैं जिसके लोग शिकार हो रहे हैं. इसमें से इमली ऐप में ट्रेडिंग महीना, दो महीना चलता है जो लोग शुरू मे जुड़ते हैं और अपने नीचे लोगों को जोड़ते हैं वही पैसा कमाते हैं। बाकी लोगों का पैसा डूब जाता है। कुछ लोगों का कहना है कि जब पैसा निकालने का समय आता है तो कंपनी अपनी पॉलिसी बदल देती है या फिर बंद कर देती है। जैसा अभी हाल ही में एक-दो दिन पूर्व हुआ। इमली और केटीऐम ऐप ट्रेडिंग के नाम पर चल रहा था, इमली ऐप मे दीपावली में 2000रुपए लगाकर जुड़ने पर 3000 रुपए दे रहा था और प्रतिदिन 8 बजे ट्रेडिंग करने पर डेढ़ सौ से 200 रूपए मार्जिन दे रहा था। कंपनी एक-दो दिन में पैसा निकासी चालू होने की बात कहती रही और लोगों को जोड़ने की बात बोलती रही। इस बीच 21 नवंबर को अचानक दोपहर को बंद हो गया जिससे कई लोगो के लाखो रुपए तक इसमें इन्वेस्ट हो गये। ऐसी ही अंचल में बहुत सारी कंपनियां अन्य नामो से खोल कर लोगों के मेहनत की कमाई को लूट रहे हे। केटीऐम कंपनी के कुछ लोगों कहते फिर रहे हैं कि आप इनमें पैसा इन्वेस्ट करो और छोड़ दे। किसी को जोड़ना नहीं है। हम मेहनत करेंगे। आपको पैसा आएगा। ऐसा बोले एक साल हो गए लोगों को इसमें एक रूपए का भी प्रॉफिट नहीं हुआ उसमें सिर्फ पैसे वालों का खेल चल रहा है। कंपनी पहले नगदी निकासी की बात करती थी। मगर अब अपनी पॉलिसी बदलकर कॉइन देने की बात कहती है। जो लोग शुरु में जुड़े हुए हैं उन्हें कमाई मिल रही है। वे लोग गांव-गांव, गली-गली घूम कर लोगों को अपनों बातों के जाल में फंसाकर उनसे पैसा इन्वेस्ट करता रहे हैं। उनका कहना रहता है कि आप अपना एक आईडी लगा दो फिर आपको कुछ करने की जरूरत नहीं है। मगर बाद में 6 महीना बाद अगला जब लोडर को पूछता है तो उनका कहना रहता है कि आपने तो अपने नीचे किसी को जोड़ा नहीं तो कहां से मिलेगा प्रॉफिट। आप लोगों को जोड़ो तब >> शेष पृष्ठ 9 पर >




- नगर सहित अंचल में कंपनी के लीडर और एजेंट बताकर लोगो से जमा करवा रहे हे रूपए
- प्रारंभ में प्रॉफिट देकर फंसाते हैं अपने जाल में

# सतनामी समाज के युवा अध्यक्ष लल्ला सोनवानी ने तीन सौ कार्यकर्ताओं के साथ टीएस सिंहदेव के सामने किया कांग्रेस प्रवेश



**नवापारा राजिम,** 23 नवंबर (देशबन्धु)। नगर सतनामी समाज के युवा अध्यक्ष लल्ला सोनवानी कांग्रेस में आस्था रखते हुए आज रायपुर में अपने तीन सौ कार्यकर्ताओं के साथ उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव के समक्ष पहुंचकर कांग्रेस प्रवेश किया. श्रीसोनवानी ने कहा कि कांग्रेस किसानों, गरीबों के साथ साथ आम जनों का ध्यान रखती है, जिससे प्रभावित होकर मैंने कांग्रेस प्रवेश किया. उनके साथ नगर सतनामी समाज के अध्यक्ष विश्वनाथ नवरंगे, सागर कुर्रे, गोकुल गिलहरे, एसकुमार देवांगन, विजय लाखे, बसंती, गणेशिया, सोनू, बिसवंतीन, रामेश्वरी, गुड्डी, उत्तरा गिलहरे, राजबाई सहित सैकड़ों लोग गये थे. वहीं श्रीसोनवानी के साथ सैकड़ों लोगों ने आज कांग्रेस प्रवेश किया. श्रीसिंहदेव ने सभी को कांग्रेस का गमछा पहनाकर कांग्रेस प्रवेश कराया. इससे पूर्व श्रीसोनवानी ने उपमुख्यमंत्री श्रीसिंहदेव का शाल पहनाकर स्वागत किया. श्रीसोनवानी ने बताया कि वे आज शुक्रवार को नवप्रवेशी कांग्रेसियों के साथ अभनपुर विधायक धनेन्द्र साहू से आशिर्वाद लेंगे और नगर की सेवा करेंगे.

# मंत्रोच्चार के साथ तुलसी शालिगराम विवाह संपन्न



**राजिम,** 23 नवंबर (देशबन्धु)। तुलसी विवाह हर्षोल्लाह के साथ मनाया गया राजिम शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला भैंसातरा में देवउठनी एकादशी के पर्व पर तुलसी विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया संस्था के प्रधान पाठक पंडित रामनारायण मिश्र ने मंत्रोच्चार के साथ तुलसी शालिगराम विवाह संपन्न कराया जिसमें शिक्षक गण रूपलाल साहू एन आर साहू पुरुषोत्तम साहू योगेश कुमार वर्मा नोहर साहू तथा समस्त विद्यार्थी गण सभी ने तुलसी की पूजा अर्चना मैं भाग लिया प्रधान पाठक मिश्रा ने महा सती तुलसी जालंधर तथा शालिग्राम की कथा का वाचन किया तत्पश्चात प्रसाद प्रसाद वितरण किया गया

## स्ट्रांग रूम की निगरानी कर रहे कांग्रेसी कार्यकर्ता

**महासमुंद,** 23 नवंबर (देशबन्धु)। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 42 महासमुंद के कांग्रेस प्रत्याशी डॉ रश्मि चंद्राकर के अभिकर्ता दाउलाल चंद्राकर ने स्ट्रांग रूम के लिए तैनात अपने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से जानकारी ली और निरीक्षण किया। स्ट्रांग रूम की निगरानी के लिए तीन कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी गई है, जो बारी.बारी से स्ट्रांग रूम के बाहर तैनात रहकर निगरानी कर रहे हैं। एक कार्यकर्ता रात्रि में अपनी सेवाएं दे रहा है। उल्लेखनीय है कि निर्वाचन कार्य संपन्न होने के बाद जिले के चारों विधानसभा की वोटिंग मशीनें मंडी गोदाम में बनाए गए स्ट्रांग रूम में रखा गया है। श्री चंद्राकर सीसीटीवी के माध्यम से चारों विधानसभा के सुरक्षित रखे गए वोटिंग मशीनों का निरीक्षण किया व जानकारी ली।

# लचर यातायात व्यवस्था को लेकर कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने सौंपा ज्ञापन



**महासमुंद,** 23 नवंबर (देशबन्धु)। शहर में लगातार हो रही दुर्घटनाओं से लोगों की जान जा रही है राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 353 की सड़क महासमुंद शहर के बीचो.बीच से गुजरती है एवं लचर यातायात व्यवस्था वा लापरवाही पूर्वक वाहनों को चलाने के कारण शहर के अंदर दुर्घटनाओं का अंबार लग गया है। जिसके सुधार के लिए कांग्रेस पार्टी के प्रतिनिधि मंडल कलेक्टर प्रभात मलिक एवं पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह से भेंट कर नगर की यातायात सुरक्षा के संदर्भ में गहन विचार विमर्श किया गया। कांग्रेस कमेटी के द्वारा यह मांग की गई नगर में सुरक्षित यातायात के संचालन के शहर के बाहर से रिंग रोड का निर्माण करवाया जाए तथा भारी वाहनों का सुबह 10 से एक बजे तक एवं शाम को 4 से 7 बजे तक प्रवेश वर्जित करने की मांग की गई। नागरिकों के यातायात को सुरक्षित कैसे बनाया जाए उसकी मांग पत्र सौंपा गया। जिस पर कलेक्टर श्री मलिक एवं एसपी श्री सिंह ने शीघ्र ही सुधार करवाने का आश्वासन दिया गया। प्रतिनिधि मंडल में शहर अध्यक्ष खिलावन बघेल, पूर्व उपाध्यक्ष नगर पालिका हरबंस सिंह ढिल्लों, संयुक्त महामंत्री सोमेश दवे, पार्षद निखिलकांत साहू, पिछड़ा वर्ग महामंत्री प्रदीप चंद्राकर, एल्डरमैन सुनील चंद्राकर, जावेद चौहान, शहर महामंत्री हर्षित चंद्राकर एवं सन्नी महानंद आदि उपस्थित थे।



# यूपीएससी की तैयारी हेतु जीएनए कॉलेज ने व्याख्यान कराया



**भाटापारा,** 23 नवंबर (देशबन्धु)। नगर के सबसे पुराने और प्रतिष्ठित शासकीय गजानंद अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राणी शास्त्र विभाग और रोजगार एवं मार्गदर्शन समिति द्वारा संयुक्त रूप से विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी हेतु मार्गदर्शन देने के लिए एक व्याख्यान का आयोजन 22 नवंबर को किया गया।

कार्यक्रम का आरंभ मां सरस्वती की पूजा अर्चना से किया गया। महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य डॉ. श्रीमती पूर्णिमा साहू ने उद्बोधन भाषण में विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि आज प्रतियोगिता का युग है, ऐसे समय में आपको पढ़ाई के साथ-साथ आसपास के वातावरण का ज्ञान अर्जित करते रहना चाहिए। जैसे प्रतिदिन मोबाइल के ऐप को अपडेट किया जाता है, वैसे ही अपने दिमाग को सामान्य ज्ञान एवं उपयोगी जानकारी से अपडेट करते रहना चाहिए, ताकि आप समय के साथ कदम से कदम मिलाकर चल सके।

तत्पश्चात कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. अजय मिश्रा ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। बहुत ही रोचक तरीके से दैनिक जीवन के उदाहरण देकर समझाया कि अपने विषय के सैद्धांतिक ज्ञान को आत्मसात करने के अलावा उसका व्यावहारिक उपयोग करना सीखना चाहिए।

आप ने कहा कि एक साधारण विद्यार्थी अपने प्रवेशित विषयों की पढ़ाई तक ही अपनी इंद्रियों को सीमित कर लेता है, जबकि आसपास की घटनाओं और तथ्यों के प्रति जागरूकता और समझ बढ़ाने के लिए ॼ अप्रोच का उपयोग करना चाहिए। इसका अर्थ है कि विद्यार्थी अपने विषय पर गहराई के साथ समझ बढ़ाएं और आसपास के दूसरे विषयों और सामान्य ज्ञान पर भी नजर बनाएं रखे। यूपीएससी और पीएससी प्रारंभिक परीक्षा में सामान्य ज्ञान की तैयारी करने हेतु टिप्स दिए तथा मुख्य परीक्षा में विषयों का चयन करने पर विस्तार से प्रकाश डाला।

मोबाइल क्रांति के इस युग में पाठ्य सामग्री और वीडियो ट्यूटोरियल दूर दराज के क्षेत्र में आसानी से उपलब्ध हो गए हैं, लेकिन उनका उपयोग करने के लिए अपने भीतर रुचि और इच्छा जागृत करने की नितांत आवश्यकता है। अंत में कुछ विद्यार्थियों ने प्रश्न कर समाधान प्राप्त किया

उक्त कार्यक्रम में डॉ. रेखा कश्यप डॉ. शशि किरण कुजूर, दीपक यादव, जमाल फातिमा, रोजगार एवं मार्गदर्शन समिति के संयोजक मनीष कुमार सरवैया सहित अनेक विद्यार्थी उपस्थित थे।

कार्यक्रम का संचालन कुंभज साहू ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से नीलम, प्रियंका, टिकेश्वर, अमितेश, रंजीत बंजारे, नेहा ठाकुर, जीवराखन यदु इत्यादि का सक्रिय सहयोग प्राप्त हुआ।

# दीवाली व चुनाव के बाद धान कटाई करने में खेतिहर किसान मजदूर व्यस्त



**बागबाहरा,** 23 नवंबर (देशबन्धु)। दीपावली पर्व एवं विधानसभा चुनाव के बाद अंचल के खेतिहर किसान मजदूर अपनी धान फसल की कटाई एवं मिसाई करने में व्यस्त हो गए हैं। खरीफ धान फसल की कटाई एवं मिसाई

इन दिनों क्षेत्र में जोरों से हो रही है। खेतिहर किसान अपने खेतों में मजदूर या हार्वेस्टर मशीन के माध्यम से धान फसल की कटाई एवं मिसाई का कार्य एक साथ करवा रहे हैं। वहीं कई किसान अभी भी मजदूरों के माध्यम से हसिया पद्धति से धान फसल की कटाई करवा रहे हैं। कटाई एवं मिसाई के बाद किसान अपनी धान की ऊपज को सोसायटी में समर्थन मूल्य पर बेचने ट्रैक्टर एवं बैलगाड़ी के माध्यम से ले जाकर बिक्री कर रहे हैं। मेहनतशील खेतिहर किसान अपनी धान की फसल को खून पसीने बहाकर तैयार किया है। जो उनके मेहनत का फल है। क्षेत्र के किसानों का कहना है कि इस वर्ष अच्छी बारिश और मौसम का सही साथ मिलने से धान की खेती करने में सिचाई को लेकर कोई विशेष परेशानी नहीं उठानी पड़ी। हालांकि बीच-बीच में खंड वर्षा एवं अल्प वर्षा नहीं होने के कारण किसान चिंतित थे। यह चिंता भी ज्यादा दिन नहीं रहा, और लगातार क्षेत्र में बारिश होने से किसानों की समस्या दूर हो गई। खरीफ धान फसल की कटाई के बाद खेतिहर किसान मजदूर अब रबी फसल लेने की तैयारी में पूरी तरह से जुट जाएंगे। शासन द्वारा खरीफ़ धान फसल की रेट एवं खरीदी करने की मात्रा बढ़ाए जाने से अंचल के किसानों में काफी हर्ष व्याप्त है। शासन के इस निर्णय का स्वागत बागबाहरा, खल्लारी-भीमखोज, तेंदूकोना, भुरकोनी, बुंदेली, कोमाखान, नर्रा खट्टी, गांजर, मुनगासेर, रेवा-मोंगरापाली क्षेत्र के किसानों ने किया है।

# रायगढ़ में आयोजित मतगणना प्रशिक्षण में शामिल हुए सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले की मतगणना टीम



**बिलाईगढ़,** 23 नवंबर (देशबन्धु)। रायगढ़ कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित मतगणना प्रशिक्षण में सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के मतगणना अधिकारी कर्मचारी शामिल हुए, जिनमें अपर कलेक्टर निष्ठा पांडेय तिवारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश भारद्वाज, रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम मोनिका वर्मा, डॉ. स्निग्धा तिवारी, परियोजना निदेशक पंचायत (डीआरडीए) हरिशंकर चौहान, कोषालय अधिकारी चंद्रपाल सिंह ठाकुर, डीएसपी मनीष कुंवर, अ.वि.अ. लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी कमल कंवर, सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं तहसीलदार नेत्रप्रभा सिदार, आयुष तिवारी, कमलेश सिदार, कोमल साहू, शनिकुमार पैंकरा, बंदेराम भगत, अरपन कुर्रे, देवराज सिदार, रूपाली मेश्राम, मास्टर ट्रेनर चूड़ामणि गोस्वामी, एस.आर. अजय, थानेश्वर प्रसाद चन्द्रा, जे.आर. बंजारे, कुंजबिहारी गहरे, अमिता गुप्ता, सोमा सिंह ठाकुर, कुणाल कुमार सरवैया, आशुतोष श्रीवास्तव, जमुना सिंह वारे आदि प्रमुख हैं।

# कुरूद में धूमधाम से मना देवउठनी एकादशी का पर्व



**कुरूद,** 23 नवंबर (देशबन्धु)। नगर सहित ग्रामीण अंचल में गुरुवार को देवउठनी एकादशी का महापर्व धूमधाम से मनाया गया। सुबह से बाजार में पर्व को लेकर चहल-पहल रही।बाजार में गन्ना खूब बिका, वहीं पूजन सामग्री, फल और फटाखे दुकान भी गुलजार रहे। घरों के आंगन में मनमोहक रंगोली से वातावरण में पर्व की खुशियां बिखरती रही इसी तरह शाम होते ही लोगों ने तुलसी माता और भगवान सालिग राम की पूजा करते हुए गन्ने का मंडप सजाकर विवाह की रस्म को विधिविधान पूर्वक पूरा किया। इसके साथ ही जगमग दिए की रोशनी में खूब फटाखे फोड़े गए और एक-दूसरे को पर्व की बधाई देते हुए इस त्यौहार में चार चांद लगाया गया।

मान्यताओं के अनुसार हर साल कार्तिक शुक्ल एकादशी तिथि को देवउठनी एकादशी मनाई जाती है। इसे हरि प्रबोधिनी एकादशी और देवुत्थान एकादशी के नाम से भी जाना है।इस एकादशी के बाद से सभी मांगलिक कार्यों की शुरुआत मानी जाती है। इस दिन भगवान विष्णु पांच माह की योग निद्रा से जागेंगे और इसी के साथ मांगलिक कार्यों की भी शुरुआत हो जाएगी। श्री हरि को तुलसी प्राण प्रिय है इसलिए जागरण के बाद सर्वप्रथम तुलसी के साथ उनके विवाह का आयोजन किया जाता है। इस दिन व्रत और पूजा के अलावा भी कुछ उपाय करने से आपके ऊपर श्री भगवान विष्णु की कृपा बनी रहती है।तुलसी देवी लक्ष्मी का ही दूसरा रूप है। कार्तिक माह में तुलसी पूजा और खासकर देवउठनी एकादशी के दिन तुलसी पूजा करने से भगवान विष्णु के साथ मां लक्ष्मी भी प्रसन्न होती है। यदि आपने पूरे महीने तुलसी की सेवा नहीं की है, तो एकादशी से पूर्णिमा तक घी का दीपक जलाकर मां तुलसी को प्रसन्न करना चाहिए। ऐसा करने घर में धन-धान्य की कमी नहीं होती।

एकादशी तिथि के दिन भगवान विष्णु की कृपा प्राप्ति के लिए पानी में एक चुटकी हल्दी डालें और उससे स्नान करें। साथ ही इस दिन पीले रंग के वस्त्र पहनें, क्योंकि पीला रंग भगवान विष्णु का प्रिय माना गया है। ऐसा करने से आपके ऊपर भगवान विष्णु की कृपा बनी रहती है। जिस स्थान पर शालिग्राम और तुलसी होते हैं, वहां भगवान श्री हरि विराजते हैं और वहीं सम्पूर्ण तीर्थों को साथ लेकर भगवती लक्ष्मी भी निवास करती हैं। पदमपुराण के अनुसार जहां शालिग्राम शिलारूपी भगवान केशव विराजमान हैं, वहां सम्पूर्ण देवता, असुर, यक्ष और चौदह भुवन मौजूद हैं। जो शालिग्राम शिला के जल से अपना अभिषेक करता है, उसे सम्पूर्ण तीर्थों में स्नान के बराबर और समस्त यज्ञों को करने समान ही फल प्राप्त होता है।

# थाना बिलाईगढ़ पुलिस द्वारा लगातार सटोरियों के विरुद्ध हो रही कार्रवाई



**1 सटोरिया किया गया गिरफ्तार**

**बिलाईगढ़,** 23 नवंबर (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक आशुतोष सिंह के निर्देशन पर तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक निविदिता पॉल अनुभागीय विजय ठाकुर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी उप. निरीक्षक शिव कुमार धारी के नेतृत्व में दिनांक 23,11,23 को मुखबिर की सूचना पर ग्राम देवरबोड में रेड कार्यवाही कर 01 सटोरिया को किया गया गिरफ्तार, विवरण इस प्रकार है कि दिनांक 23/11/23 को सूचना मिला की ग्राम देवरबोड में एक व्यक्ति अपने घर के सामने गली में एंड्राइड मोबाइल से रूपए पैसे का हार जीत का दाव लगाकर सट्टा खेला रहा है की सूचना पर आरोपी को गिरफ्तार कर, *आरोपी च्चसाहिल भारद्वाज पिता सुंदरलाल भारद्वाज उम्र 19 वर्ष साकीन देवरबोड थाना बिलाईगढ़ जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़* के कब्जे से 01 नग एंड्राइड मोबाइल, कीमती 15000 ? को मुताबिक जब्ती पत्रक समक्ष गवाह के जप्त कर आरोपी के विरुद्ध धारा 6 छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 के तहत विधिवत कार्यवाही कर न्यायालय पेश किया गया, जिसे मा, न्यायालय द्वारा न्यायिक रिमांड पर उप जेल सारंगढ़ भेजा गया। प्रकरण की संपूर्ण कार्यवाही में स्ढ्ढ शिव कुमार धारी, ह्यद्ब विमला मनहर, ह्यद्ब ईश्वर सिंह राजपूत आर, कमल कुर्रे शंकर कुर्रे अमृत खुटे सुनील यादव एवं समस्त थाना स्टाफ विशेष योगदान रहा।

# धोखाधड़ी के आरोपी को किया गया गिरफ्तार, भेजा गया जेल



**बिलाईगढ़,** 23 नवंबर (देशबन्धु)। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन पर जिले में घटित अपराधों में आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु निर्देश दिए गए, जिसके पालन में थाना प्रभारी उप. निरीक्षक शिव कुमार धारी के नेतृत्व में बिलाईगढ़ पुलिस द्वारा धोखाधड़ी के मामले में एक आरोपी को किया गया गिरफ्तार। विवरण इस प्रकार है कि दिनांक 24.06.23 को प्रार्थी, ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि महिलाओं की ऋण वसूली की राशि को अलग-अलग सदस्यों से वसूलकर राशि को कंपनी में जमा नहीं कर अमानत में खयानत कर, कूल रकम 1296757 रुपए की धोखाधड़ी किया है कि आवेदन पर से अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान आरोपी का पता किया आरोपी पूर्व में किसी अपराध में, जेल में निरुद्ध होने, पर माननीय न्यायलय दुवारा प्रोडक्सन वारंट जारी होने पर आरोपी को गिरफ्तार कर मेमोरंडम कथन लिया गया। आरोपी राजेंद्र दीप पिता केसव दीप उम्र 30 साल ग्राम सूखापाली थाना सरायपाली जिला महासमुंद को धारा 409 420 34 द्बश्चष्ठ के तहत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया तथा प्रकरण के 01 आरोपी को पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। आरोपी राधेश्याम सारथी पिता सेतराम सारथी उम्र 29 साल साकिन अमलीपानी थाना सरिया जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़।

संपूर्ण विवेचना कार्यवाही में उप.निरी. शिव कुमार धारी, ह्यद्ब मनहर कमल कुर्रे चंदन दिनकर का विशेष योगदान रहा।

# सुपर सीडर, खत्म करेगा 'पराली'



**भाटापारा,** 23 नवंबर (देशबन्धु)। पराली समस्या का समाधान अब बेहद आसानी से किया जा सकेगा। सुपर सीडर के नाम से पहचानी जाने वाली यह मशीन, फसल अवशेष को न केवल बारीक करती है बल्कि उसे मिट्टी में समान रूप से मिलाती भी है।

बरसों से चली आ रही पराली जलाने से पर्यावरण को हो रहे नुकसान से छुटकारा मिलने जा रहा है। सुपर सीडर की मदद से किसान अब फसल अवशेष को जलाने की बजाय अगली फसल के लिए ना केवल हरित खाद बना सकेंगे बल्कि खरपतवार से भी छुटकारा पा सकेंगे।

**ऐसे काम करता है सुपर सीडर:** सुपर सीडर। इसमें जे एल एफ टाइप का ब्लेड लगा होता है। इसकी वजह से यह न केवल फसल अवशेष को बारीक करता है बल्कि उसे मिट्टी में समान रूप से मिलाते हुए चलता है। इसकी वजह से मृदा अवशेष भी बारीक होने लगते हैं। आगे चलकर यही अवशेष हरित खाद और उर्वरक बनते हैं।

**बोनी का काम साथ में:** सुपर सीडर से बोनी का काम भी किया जा सकता है। सीधी बोनी में इसका मुकाबला कोई मशीन नहीं कर सकती। इतना ही नहीं, पराली अवशेष प्रबंधन के इस नए समाधान के बाद, अब किसानों को अगली फसल के दौरान खरपतवार जैसी समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा क्योंकि खरपतवार के बीज को सुपर सीडर लगभग खत्म कर देता है।

**इन फसलों के लिए प्रभावी:** देश में धान की फसल ज्यादा रकबे में ली जाती है। लिहाजा इसके ही अवशेष सबसे ज्यादा जलाए जाते हैं। इसके बाद गेहूं, गन्ना और मक्के की फसलें हैं। इनकी कटाई के बाद अब सुपर सीडर की मदद से फसल अवशेष का आसानी से प्रबंधन किया जा सकेगा।

**पराली समस्या का हल सुपर सीडर**

सुपर सीडर पराली की समस्या को हल करने में वरदान है। किसान भाई इस मशीन का उपयोग धान, गन्ना, मक्का आदि फसलों की जड़ों एवं ठूंठ को हटाने के लिए आसानी से कर सकते हैं। इसके उपयोग से कम लागत एवं समय में बुवाई पूर्ण होता है। साथ ही अधिक उत्पादन, प्रदूषण में कमी एवं जल का संचय भी होता है।

**- डॉ.दिनेश पांडे, साइंटिस्ट (एग्रोनॉमी), बीटीसी कॉलेज ऑफ़ एग्रीकल्चर एंड रिसर्च स्टेशन, बिलासपुर**

# मंजराही गांव में घर के सामने खड़ी बाइक की हुई चोरी

**बागबाहरा,** 23 नवंबर (देशबन्धु)। बागबाहरा थाने के अंतर्गत ग्राम मंजराही (नवाडीह) में घर के सामने खड़ी बाइक को अज्ञात चोर चोरी कर ले गया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर बागबाहरा पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 379 के तहत अपराध कायम कर विवेचना में लिया है।

पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम कौहाकुड़ा निवासी प्रार्थी युवक नेतू राम ध्रुव 40 वर्ष पिता मनराखन लाल ध्रुव ने पुलिस को बताया कि वह 19 नवंबर को अपनी बाइक से दशगात्र कार्यक्रम में शामिल होने अपने ससुराल ग्राम मंजराही नवाडीह गया था। वे अपनी बाइक को ससुर मदन लाल ध्रुव के घर के सामने खड़ी कर दशगात्र कार्यक्रम में व्यस्त हो गया। शाम को वे जब अपने घर लौटने के लिए बाइक के पास गया तो वहां से बाइक गायब था। जिसकी पतासाजी काफी देर तक की गई। लेकिन उक्त बाइक नहीं मिली। तथा उक्त बाइक को किसी अज्ञात चोर ने चोरी कर ले गया है।

प्रार्थी युवक नेतू राम ध्रुव कौहाकुड़ा की रिपोर्ट पर बागबाहरा पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 379 के तहत जुर्म दर्ज कर मामले की जाँच की जा रही है। क्षेत्र में दीवाली एवं चुनाव के बाद से चोरी की घटनाएँ बढ़ गई हैं। पुलिस चोरों तक नहीं पहुंच पा रही है। पुलिस चोरों को पकड़ने में नाकामयाब हो रहे हैं। चोर बढ़ती ठंड का फायदा उठाते हुए दुकानों एवं घरों में लगातार चोरी की घटनाओं को अंजाम देकर पुलिस को खुलेआम चुनौती दे रहे हैं। पुलिस के लिए हो रही चोरी की घटनाएं सिरदर्द बनी हुई है।

# अंचल में बढ़ रही दोपहिया वाहनों की चोरी

**नवापारा राजिम,** 23 नवंबर (देशबन्धु)। नगर सहित पूरे अंचल में दो पहिया वाहन चोरी की शिकायतों और उसे धड़ल्ले कम मूल्यों में बेचने की बढ़ती घटनाओं से लोग काफी परेशान है। सरकार द्वारा पुराने वाहनों की खरीदी-बिक्री का कारोबार करने वालों के लिए एक अप्रैल 2023 से सरकार ने नया नियम लागू कर दिया है। अब उन्हें अपने कारोबार के लिए परिवहन विभाग से डिलरशीप का लाइसेंस लेना होगा, तभी वे व्यापार कर सकेंगे। लेकिन पुराने वाहन की खरीदी-बिक्री करने वाले व्यवसायी इसमें न तो दिलचस्पी दिखा रहे है और न परिहवन विभाग बिना लाइसेंस के वाहन खरीदी-बिक्री वालों पर कोई कार्यवाही कर रहा है। तभी तो लगभग साढ़े सात माह बाद भी लाइसेंस के लिए केवल गिनती के ही आवेदन मिले है। जबकि जिलें में बड़ी संख्या में यह व्यापार चल रहा है। बता दें कि केन्द्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने पिछले साल दिसंबर में एक अधिसूचना जारी कर मोटरयान अधिनियम में नियम बनाते हुए राज्य सरकारों को सेकंड हैंड वाहनों की खरीदी-बिक्री के लिए नियम बनाने की छूट दी है। इसी आधार पर राज्य सरकार ने नए वित्तीय वर्ष 2023-24 डीलरशिप लेने का नियम बनाया है। शासन से लागू नियम के अनुसार वाहन खरीदी-बिक्री करने वाले कारोबारियों को लाइसेंस अनिवार्य है। जिसके तहत क्षेत्र में जितने भी सेकंड हैंड वाहनों की खरीदी-बिक्री कर रहे है उन्हें परिवहन विभाग से डीलरशीप का लाइसेंस के लिए आवेदना करना है। विभाग के अनुसार अभी तक जिला मुख्यालय से कुछ ही व्यवसायी ने डीलरशीप लाइसेंस के लिए आवेदन दिया है। मालूम हो कि क्षेत्र में टू-व्हीलर चोरी के लगातार मामले सामने आते रहे है। चोरी के वाहनों को सस्ते दामों में बेचा जा रहा है। जिसे रोकने के लिए नया नियम सरकार ने बनाया है। नियम के अनुसार डीलरशीप लेने वाले कारोबारी जिस दिन किसी से सेकेंड हैंड वाहन खरीदेंगे, दस्तावेज सहित उसे उसी दिन परिवहन विभाग के पोर्टल पर वाहन के संबंध में पूरी जानकारी ऑनलाइन दर्ज करनी होगी। साथ ही कारोबारियों को अनिवार्य रूप से वाहनों के स्टॉक की जानकारी भी देनी होगी। सेकेंड हैंड वाहनों की जानकारी नहीं देने वाले कारोबारियों की बैंक गारंटी जब्त करने का भी प्रावधान है। इस बारे में जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि सेकेंड हैंड वाहनों की खरीदी बिक्री करने वाले व्यापारियों को डीलरशीप का लाइसेंस लेना अनिवार्य है। अभी तक जिले में काफी कम संख्या में आवेदन मिला है। जिन्हें डीलरशीप का लाइसेंस जारी कर दिया गया है। विधानसभा चुनाव और लगातार त्यौहार में छुटिटया होने के कारण जांच नहीं हो पाई है। अब बिना लाइसेंस काम करने वालों को चिन्हांकित कर कार्यवाही की जाएगी।

# बायपास निर्माण समिति ने कलेक्टोरेट में प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन




**बायपास व अनियंत्रित यातायात के लिए नागरिकों ने जताया रोष**

**महासमुंद,** 23 नवंबर (देशबन्धु)। नागरिकों ने बायपास निर्माण संघर्ष समिति का गठन कर यातायात को व्यवस्थित करने और बायपास निर्माण के लिए पहल करने की मांग को लेकर कलेक्टर और एसपी को ज्ञापन सौंपा। साथ ही कलेक्टोरेट परिसर में विरोध स्वरूप धरना देकर आक्रोश व्यक्त किया। सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि नगर में लगातार सड़क दुर्घटनाएं हो रही है और आम नागरिक आकाल मृत्यु के मूंह में समा रहे है। इसका प्रमुख कारण ट्रैफिक पुलिस के द्वारा यातायात व्यवस्था में ध्यान नही देना है। चौक-चौराहों पर स्थापित सिग्नल प्राय: बंद रहता है और टाईमर भी नही लगा है इसके कारण दुर्घटनाएं बढ़ रही है। नगर के मध्य से हाईवे 353 में भारी वाहनों तेज गति से चलती है जिस पर ध्यान नही देने से हादसे बढ़े है। ट्रैफिक पुलिस की कार्य प्रणाली पर प्रश्न चिन्ह लगाते हुए समिति ने आक्रोश व्यक्त किया है। और मांग की है कि चौक-चौराहों पर ट्रैफिक पुलिस की व्यवस्था की जाए। तीव्रगति से चलने वाले वाहनों के विरूद्ध बिना राजनीतिक दबाव के कार्यवाई सुनिश्चित किया जाना चाहिए। नगर के भीतर सुबह 6 से रात्रि 10 बजे तक भारी वाहनों के लिए नो एंट्री तथा गति सीमा निर्धारित किया जाना चाहिए। सिग्नल व डिवाइडरों पर विज्ञापन बोर्ड पुरी तरह से प्रतिबंध होना चाहिए और संपत्ति विरूपण के तहत अपराधिक प्रकरण दर्ज किया जाना चाहिए। चिन्हांकित चौराहों पर बेरीकेट लगाने की मांग के अलावा 6 माह के भीतर बायपास निर्माण की मांग कराए जाने के संबंध में ज्ञापन सौंपा गया। सौंपे ज्ञापन में कहा कि 7 जून 2023 को कांग्रेस नेता सुरेद द्विवेदी का सड़क दुर्घटना में मृत्यु के पीछे डिवाईडरों में लगे विज्ञापन बोर्ड ही थे। इसी तरह शासकीय कन्या शाला की भृत्य का नेहरू चौक में दुर्घटना के पीछे सिग्नल में टाईमर नही होने का कारण सामने आया है। धरना प्रदर्शन में गुलशन कृष्णानी, अमर पाल सिंह, लक्ष्मण पाल, पन्नु ठाकुर, पंकज साहू, पवन कुमार चंद्राकर, श्रेयांश चोपड़ा, भरत चंद्राकर, राकेश झाबक, आनंद साहू, पंकज चंद्राकर, अनुपम त्रिपाठी आदि मौजूद थे।

## नेहरू चौक में दिखी ट्रैफिक पुलिस की सक्रियता

यातायात व्यवस्था की पोल खुलने और नगर में किरकिरी होने के बाद स्थानीय नेहरू चौक में ट्रैफिक पुलिस की सक्रियता नजर आई। सिग्नल बंद होने के कारण ट्रैफिक पुलिस चौराहे पर खड़ा होकर यातायात को नियंत्रित करते दिखे। यह सक्रियता यातायात और स्थानीय पुलिस ने 22 नवंबर को दिखाई होती तो मुख्य चौराहे पर घटित ह्दयविदारक दुर्घटनरा का मंजर सामने नही आता। इस ह्दयविदारक दुर्घटना इतना भयावाह था कि देखने वाले दिन भर विचलित होते रहे। उल्लेखनीय है कि एक अनियंत्रित ट्रक ने लालदाढ़ी पारा निवासी स्कूटी सवार दंपत्ति हरिशंकर कृष्णराव व श्रीमती उमाराव को अपनी चपेट में ले लिया था जिससे मुख्य चौराहे पर ही महिला की मौत हो गई और अस्पताल से रायपुर ले जाते समय पुरूष भी चल बसा।

# मितानिनों का कार्य कठिन, छोटे बच्चे व माता को करती है जागरूक : जितेंद्र सोनकर



**राजिम,** 23 नवम्बर (देशबन्धु)। मितानिन दिवस के अवसर पर मितानिनों का सम्मान नगर पंचायत अध्यक्ष रेखा सोनकर के मुख्य आतिथ्य में मितानिन भवन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर भाजपा नेता जितेंद्र सोनकर, सभापति पूर्णिमा चंद्राकर, सभापति पुष्पा गोस्वामी, महिला मोर्चा कि मंडल अध्यक्ष अनिता यादव ,मधु नत्थानी सहित मितानिन समूह के सभी सदस्य मितानिन भवन में उपस्थित थे इस अवसर पर भाजपा नेता जितेंद्र सोनकर ने मितानिनो को संबोधित करते हुए कहा कि मितानिन का कार्य अत्यंत कठिन कार्य है कोरोना काल के समय अपनी जान जोखिम में डालकर घर-घर घूम कर सभी को कोरोना का टीका लगाने के लिए प्रेरित करती रही और अभी मितानिन बहनों के द्वारा छोटे से बच्चे को लेकर के उनकी माता की रक्षा कैसे हो इसके लिए घर-घर जाकर माता और बहनों को जागरुक करती है और सही समय में सही दवाई खाने के लिए जागरुक करती हैं। उल्टी दस्त से लेकर कुपोषण कैसे रोका जाए इसके लिए कौन सी दवाई का उपयोग किया जाना है इसकी भी सही जानकारी परिवार के सदस्यों को देते हैं मितानिन बहने अपने कार्यों के प्रति बहुत ही ईमानदारी के साथ अपना कार्य करती हैं।

नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रेखा सोनकर ने उपस्थित सभी मितानिन बहनों को शॉल और श्रीफल के द्वारा उनको सम्मानित किया। इस अवसर पर मितानीन नैना वर्मा, दयाबती पटेल, प्रभा साहू, रत्ना निषाद, धानबाई साहू, ब्लाक कोआर्डिनेटर मधु दीदी, मितानीन प्रशिक्षिका एमटी भारती श्रीवास, सुरजा निषाद, कमली साहू, अर्चना गुप्ता, यशोदा देवांगन, गंगा सोनी, रूबीना परवीन, किरण निर्मलकर, तारामती साहू, कांति साहू, अन्नू धीवर, रामेश्वरी यादव, उमा साहू, भुनेश्वरी पाल उपस्थित थे।

## सिंध समाज निकाल रही प्रभात फेरी

**नवापारा राजिम,** 23 नवम्बर। गुरु नानक जयंती पर नवापारा नगर में प्रतिदिन प्रात: 4.30 बजे भजन कीर्तन मंजीरा के साथ प्रभात फेरी वीरभान ज्ञानचंदानी के नेतृत्व में निकाली जा रही है इसमें महिला पुरुष युवक बच्चे बड़े उत्साह के साथ गुरु नानक जी के भजन कीर्तन व जय कारों के साथ गंज रोड स्थित गुरुद्वारा से निकलती है नगर में समस्त स्वजातीय बंधुओं द्वारा नगर में रोशनी अपने-अपने भावनाओं से अपने अपने निवास स्थान पर की है सिंध समाज के लोग प्रभात फेरी में अपने-अपने घरों में स्वागत सत्कार करते हैं अनंत साहब एवं अरदास करके खुश कामनाओं के साथ प्रभात फेरी आगे बढ़ती है इसके बाद वापस आकर सिंधी गुरुद्वारा में समापन होता है बड़ी संख्या में सिंध समाज की महिला पुरुष बच्चे रहते हैं जिसमें प्रमुख रूप से पूज्य सिंधु समाज के अध्यक्ष अनिल जगवानी नगर पालिका अध्यक्ष धनराज मध्यानी, सुंदर पंजवानी हीरानंद नरवानी रमेश नत्थानी बल्लू साधवानी हरीश साधवानी प्रेमचंद नागवानी किशोर फेटानी गोविंद राजपाल मूलचंद सचदेव गागन दास भावना सचदेव कविता इसरानी भव्या गुनानी डेजी लाहोरी मनीषा सचदेवा प्रियंका सचदेव राखी इसरानी लता मध्यानी हिना लालवानी सोनिया फेटानी राखी इसरानी सहित अनेक लोग थे।



# ग्राम पंचायत कनकी को मिला सम्मान



**खरोरा,** 23 नवंबर (देशबन्धु)। जनपद पंचायत तिल्दा अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत कनकी के सरपंच श्रीमती वीणा तोमलाल वर्मा और सचिव कोमल प्रसाद साहू का प्रधान महालेखाकार लेखा परीक्षा ऑडिट सप्ताह के उपलक्ष में आयोजित कार्यशाला में संचालक पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग छत्तीसगढ़ शासन रजत बंसल व महालेखाकार के प्रधान डायरेक्टर सर के द्वारा प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया यह सम्मान ग्राम पंचायत कनकी सरपंच वीना तोमलाल वर्मा व सचिव कोमल प्रसाद साहू को पंचायत स्तर पर उनके द्वारा किए गए उत्कृष्ट सराहनीय कार्य के लिए सम्मानित किया गया सरपंच वीणा वर्मा लगातार 4 वर्ष से गांव का सरपंच के रूप में प्रतिनिधित्व कर रहे हैं और सचिव कोमल प्रसाद साहू पिछले 3 वर्ष से ग्राम पंचायत कनकी में पदस्थ हैं विदित हो कि तिल्दा जनपद पंचायत अंतर्गत कुल 101 पंचायत आते हैं जिसमें सिर्फ तीन ग्रामों के सचिव सरपंच को सराहनीय कार्य के लिए सम्मानित किया गया जिसमें प्रथम स्थान में ग्राम पंचायत कनकी को सम्मानित किया गया द्वितीय स्थान में तारा शिव व तृतीय स्थान धनसुली पंचायत मिला । ग्राम कनकी पंचायत को नेशनल हाईवे रोड में सार्वजनिक शौचालय निर्माण ,सार्वजनिक भवन जैसे कृषि मंडी ,कबीरपंथी, आंगनवाड़ी में सार्वजनिक शौचालय निर्माण, कांजी हाउस जीर्णोधार ,मनरेगा के तहत सभी तालाबों का गहरीकरण ,अमृतसरोवर योजना के तहत तालाब गहरीकरण, पूरे पंचायत में स्ट्रीट लाइट एवं सोलर लाइट प्राइमरी स्कूल कक्ष में टाइल्स कार्य ,स्वागत द्वार निर्माण ,शाहिद स्मारक निर्माण,हेंडपंपो में शोख्ता निर्माण जैसे जनहित के उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सम्मानित किया गया शासन स्तर पर सम्मान मिलने पर सीईओ जनपद पंचायत तिल्दा नेवरा श्री विवेक गोस्वामी ने सरपंच व सचिव को बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित की जिनका पंचायत प्रतिनिधियो ने आभार व्यक्त किया।

# मितानीन दिवस पर किया गया मितानिनों का सम्मान



**सरायपाली,** 23 नवंबर (देशबंधु)। सरायपाली विधानसभा की कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती चातुरी नंद ने सरायपाली शहर के 21 मितानिनों को पुष्प गुच्छ और गुलाल लगाकर सम्मान किया, इस दौरान मितानिन चातुरी नंद को अपने बीच पाकर काफी प्रसन्न दिखे, ज्ञात हो कि चातुरी नंद विगत 10 वर्षों समाजसेवा के क्षेत्र से जुड़ी हुई है साथ ही समाज सेवा का जरिए सैकड़ों जरूरतमंदों की सहायता कर चुकी है। वहीं सरायपाली के मितानिनों ने श्रीमती चातुरी नंद को भी शुभकामनाएं दी।

# जिले में धूमधाम से मनाया गया देवउठनी एकादशी का पर्व

**गरियाबंद,** 23 नवंबर (देशबन्धु)। शुक्रवार को छोटी दीपावली कहे जाने वाले देवउठनी एकादशी का पर्व जिले में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर भक्ति भाव से महिलाओं ने घरों में भगवान विष्णु व माता तुलसी की विधि विधान से पूजा अर्चना कर परिवार के लिए सुख शांति की कामना की। घरों में भगवान विष्णु की पंच्चोपचार विधि स्नान उपरांत रोली, चंदन, अक्षत, पुष्प, धूप, दीप और नैवेद्य अर्पित किया गया। तुलसी माता को श्रृंगार सामग्री चढ़ाई गई। पूजा में विशेष रूप से गन्ना और सिंघाड़ा भी चढ़ाया गया। इस अवसर पर महिलाओं ने तुलसी क्यारे और घरों के बाहर रंगोली भी सजाई और दीप भी जलाए। बताया जाता है कि इस दिन जो भी भक्त भगवान विष्णु को प्रसन्न करने के लिए पूजा-पाठ के अलावा कुछ विशेष उपाय करता है, उसके जीवन में सुख-सौभाग्य में वृद्धि होती है। साथ ही धन लाभ के भी योग बनने लगते हैं। जिसके चलते सभी घरों में तुलसी विवाह को लेकर विशेष उत्साह देखा गया।। इसके पहले पर्व को लेकर सुबह से ही बाजार में लोगों की भीड़ छाई रही। गन्ने सहित पूजन सामग्री की जमकर खरीदी हुई। लोगों ने सोने चांदी गहनों, कपड़े और इलेक्ट्रानिक सामानों की भी जमकर खरीदी की। पंडित खड़ानंद दुबे ने बताया कि तुलसी विवाह शुभ मुहूर्त शाम 5ः30 बजे गोधूली बेला के बाद से शुरू हो गया था। महिलाओं ने विधि विधान से पूजा अर्चना की। इस अवसर पर मंदिर प्रांगण में भी तुलसी विवाह कराया गया। उन्होंने बताया कि इस एकादशी का विशेष महत्व है। माना जाता है की एकादशी से भगवान विष्णु 4 महीने तक चयन करने उपरांत इसी दिन जागृत होते हैं। हिंदू सनातन धर्म में भगवान विष्णु के शयन काल में कोई भी शुभ कार्य करना अच्छा नहीं माना जाता। भगवान के जग जाने के उपरांत ही सारे शुभ कार्य जैसे विवाह, गृह प्रवेश, गृह आरंभ आदि शुभ कार्य फलदायक माने जाते हैं आज से शुभ और मांगलिक कार्य प्रारंभ हो जाते हैं।



**आज शुरू हो जाएंगे सभी शुभ व मांगलिक कार्य**

# नपं अध्यक्ष यशवर्धन ने किया मितानिनों का सम्मान



**पलारी,** 23 नवम्बर (देशबन्धु)। आज नगर पंचायत अध्यक्ष एवं पार्षदों ने मितानिन बहनों का उनके निस्वार्थ सेवा के लिए शाल एवम श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष ने कहा कि पूरे प्रदेश में आज के दिन मितानिन बहनों के सम्मान में मितानिन दिवस मनाया जाता है, क्योंकि ये मितानिन बहनें अपनी सहयोग से नगर, शहर, गांव, में स्वास्थ्य संबंधित, गर्भवती महिलाओं को कैसे रहना है, खाने पीने, नवजात शिशुओं को कब क्या टीका लगाया जाता है, लोगों के स्वास्थ्य संबंधी अस्पतालों के दवाइयां वितरण जैसी कई कार्यों को पूरी तरह समर्पित सेवा भाव से करती है। आज के व्यस्त भागदौड़ में मितानिन बहनों की सेवा से हमें प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आप को जब भी किसी काम के लिए जरूरत होगी मै हमेशा आपका भाई बनकर उपस्थित रहूंगा। इस अवसर पर पार्षद गण, ताजेन्द्र कनौजे, श्रीमति टुकेश्वरी वर्मा, डा. जाल, श्रीमति पुष्पा मोहन बंजारे, श्री मती सेवती धीवर, रवि ध्रुव, मूलचंद धीवर, श्रीमति नूतन मनोज वर्मा पार्षद प्रतिनिधि भूषण ठेठवार, सहित सभी मितानिन बहनें उपस्थित रहे।

# देवउठनी एकादशी मनाया गया

**सिमगा।** देवउठनी एकादशी तुलसी पूजा का पर्व भक्ति भाव के साथ मनाया गया। गुरुवार को देवउठनी एकादशी को छोटी दिवाली के रूप में मनाया गया। बड़ी तादात में लोग पूरे दिन भर व्रत रखकर आराधना किये वहीं संध्या के समय गन्ने का मंडप बनाकर भगवान शालिगराम संग तुलसी जी का विधि विधान के साथ विवाह रचाया गया। देवउठनी एकादशी को चातुर्मास का समापन होता ह।

## निधन

### लता वर्मा

**भिलाईनगर,** 23 नवंबर। प्रगति नगर रिसाली निवासी श्रीमती लता वर्मा पत्नी चिंता राम वर्मा का 23 नवंबर को निधन हो गया है। बीते कुछ समय से उनका स्वास्थ्य खराब चल रहा था। इनका अंतिम संस्कार गुरुवार दोपहर को रिसाली मुक्तिधाम में किया गया। वे भुवन वर्मा और सुनील वर्मा की मां थी। इनकी अंतिम यात्रा प्रगति नगर रिसाली, होरी ऑटो गैरेज के पास मकान क्रमांक 154/5 से निकाली गई।



### संदीप चंद्राकर

**महासमुंद,** 23 नवंबर। ग्राम बेमचा निवासी पुलिस निरीक्षक संदीप चंद्राकर 44 वर्ष का लंबी अस्वस्थता के चलते 23 नवंबर को रायपुर में निधन हो गया। अंतिम संस्कार 24 नवंबर को सुबह 9 बजे गृह ग्राम बेमचा में किया जाएगा। वे प्रो. स्व. रामकुमार चंद्राकर के पुत्र, शशिकांत चंद्राकर सीए के छोटे भाई, पोखन चंद्राकर, अधिवक्ता रमेश चंद्राकर के भतीजा थे।



### बसंत साहू

**नवापारा राजिम,** 23 नवम्बर। समीपस्थ ग्राम नवागांव बुड़ेनी निवासी वरिष्ठ कांग्रेस नेता जन-भागीदारी अध्यक्ष बुड़ेनी हाईस्कूल बंसत साहू उम्र 55 वर्ष का आकस्मिक निधन हो गया। वे बहुत दिनों से अस्वस्थ थे. उनकी अंतिम यात्रा में समाज जन एवं ग्रामीण जन बड़ी संख्या में मौजूद थे। वे तोकेश साहू, प्रवीण साहू, गुमनाम साहू के पिता एवं नवागांव सरपंच बिहारी साहू भाई थे।



### चंद्रिका प्रसाद शर्मा

**भिलाई,** 23 नवंबर। मुकुट नगर दुर्ग निवासी चंद्रिका प्रसाद शर्मा का 81 वर्ष की उम्र में 23 नवंबर को सेक्टर-9 अस्पताल में निधन हो गया। वे देवेंद्र शर्मा तथा श्रीमती रंजना चौबे के पिता तथा स्मृति सोसाइटी के अध्यक्ष राजीव चौबे के ससुर थे। इनकी अंतिम यात्रा 24 नवंबर को 11.00 बजे उनके मुकुट नगर निवास से शिवनाथ नदी दुर्ग के लिए निकलेगी।



# किशोरावस्था एवं जागरूकता विषय पर कार्यक्रम आयोजित

**खरोरा,** 23 नवंबर (देशबन्धु)। 22 नवंबर दिन बुधवार को पूर्वाह 11.00 बजे प्राचार्य श्रीमती रजनी मिंज, उपप्राचार्य हरीश देवांगन के मार्गदर्शन में व्याख्याता द्वय रजनी त्रिपाठी एवं रीतारानी वर्मा के निर्देशन में किशोरावस्था एवम एड्स जागरूकता विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम विद्यार्थियो के द्वारा बनाए गए पोस्टर का प्रदर्शन किया गया।



पोस्टर बनाने वाले छात्र - छात्राओं में काजल गिलहरे 11वी ब, पुष्पा देवांगन 10वी ब, खुशबू निर्मलकर 10वी अ, नेहा साहू 11वी स, लाडली यादव 9वी ब, मेघा वर्मा 9वी ब, प्रीतम बंजारे, प्रताप 9वी ब, राघवेंद्र व एलिस 9वी द, केशव देवांगन 12वी अ, गरिमा निर्मलकर 10वी स, पूनम देवांगन 9वी ब, मधु वर्मा, खुशी देवांगन 9वी ब, पार्वती देवांगन 9वी द, कुमारी सेन लक्ष्मी बांधे,डाली देवांगन, भूमिका वर्मा चांदनी 10वी अ, कृतिका मांडे 9वी द, नम्रता बंजारे 10वी ब, गीतांजली यादव, मोनिका बघेल, दीपिका साहू, गूंजा देवांगन, कामनी साहू, हेमंत देवांगन 10वी स, आदि की प्रस्तुति बहुत सराहनीय रहा। पोस्टर्स के माध्यम से किशोरो में एड्स के प्रति जागरूकता का संदेश स्पष्ट तौर से परिलक्षित हो रहा था। इसके पश्चात 9वी द की छात्राओं गुंजन साहू, एवम समूह द्वारा, व्यवसायिक शिक्षक शिवांगी निषाद के निर्देशन में नाटक की प्रस्तुति दी गई। नाटक में इस बात का संदेश दिया गया की एड्स रोग, ।ड्ढङ्क वायरस के शरीर में संक्रमण के कारण फैलता है। इसके माध्यम से यह भी बताया गया की एड्स पीड़ित से हमे किसी भी तरह दूरी नही बनाना चाहिए। नाटक प्रस्तुति पश्चात ईशा नायक, पूर्वा वर्मा 11वी अ, यशवंत देवांगन 10वी स, वंदना वर्मा 12वी अ, ओजपूर्ण भाषण के माध्यम से किशोरावस्था एवम एड्स जागरूकता का संदेश बड़े प्रभावशाली ढंग से दिए। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्य रजनी मिंज, उप प्राचार्य हरीश देवांगन, पुरुषोत्तम देवांगन, शाहिना परवीन, डोमार सिंह यादव, महेंद्र साहू, संगीता नायक, रीतारानी वर्मा, सुनीता सिंह, रजनी त्रिपाठी, सी.खरे , जयंती साहू, नेहा राठौर, अलका मिंज, श्वेता शर्मा, तान्या भट्टाचार्य, नीतू यादव, मोंगरा साहू,बिजेश्वरी महिलांगे, जगदेव सिंह बंजारे, योगेंद्र त्रिपाठी, गीतांजली पान, शिवांगी निषाद अमर बर्मन एवम समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# बीईओ मांझी ने विभिन्न स्कूलों का औचक निरीक्षण किया



**सरायपाली,** 23 नवंबर ( देशबंधु )। शिक्षा व्यवस्था में कसावट लाने हेतु विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी प्रकाशचन्द्र मांझी द्वारा विकासखण्ड के विभिन्न विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया और आवश्यक मार्गदर्शन कर शिक्षा गुणवत्ता उन्नयन हेतु प्रोत्साहित किया। शासकीय प्राथमिक शाला खपरीडीह, मिडिल स्कूल खपरीडीह, शासकीय प्राथ. शाला किसड़ी, मिडिल स्कूल किसड़ी का औचक निरीक्षण किया गया शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय किसड़ी में प्राचार्य राजेन्द्र कुमार भोई,व्याख्याता किशोर कुमार रथ,पी.के.ग्वाल एवं स्टॉफ की उपस्थिति में चिरायु टीम द्वारा डॉ जनक कुमार जेरी एवं टीम द्वारा विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा था जिसका अवलोकन किया गया। शासकीय मिडिल स्कूल खपरीडीह में अर्धवार्षिक परीक्षा के प्रथम दिवस चल रहे परीक्षा का निरीक्षण किया एवं प्रश्नपत्रों का अवलोकन कर परीक्षार्थियों से रूबरू हुए एवं परीक्षा में विद्यार्थियों की शत् प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया। प्राथमिक शाला खपरीडीह में अध्ययनरत दिव्यांग तन्मय ओगरे (पांचवीं)ने सस्वर राष्ट्गान गाकर सबका मन मोह लिया, तन्मय ओगरे को गले लगाकर,पेन देकर सम्मानित/प्रोत्साहित किया गया और खूब आगे बढ़ने प्रेरित किया।

# शिव महापुराण कथा व पार्थिव शिव निर्माण कल से



**खरोरा,** 23 नवंबर (देशबन्धु)। शिव महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ एवं मिट्टी पार्थिव शिवलिंग निर्माण 25 नवम्बर से 3 दिसम्बर तक शिव महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ एवं मिट्टी पार्थिव शिवलिंग निर्माण का 25 नवंबर से 3 दिसंबर तक यह आयोजन किया गया है। अत: इस अवसर पर इस ज्ञानगंगा में डुबकी लगाकर अपने जीवन को धन्य करें।

कथा स्थल- भगवती आरा मिल के सामने, केशला, खरोरा प्रवचन समय दोप. 1ः30 बजे से सायं 5ः30 बजे तक। प्रवचनकर्ता पंडित चंदन प्रसाद शर्मा भागवत आचार्य ज्योतिष आचार्य पथरी सिलयारी वाले है। तैयारी में जय महाकाल गणेशोत्सव समिति श्री सिद्धि विनायक गणेशोत्सव समिति महिला मानस मंडली वार्ड क्र. 14 समस्त नगरवासी एवं ग्रामवासी केशला, खरोरा द्वारा किया गया जा रहा है उसकी तैयारी में लोग जुटे हुई।

## प्रादेशिकी का शेष...

### इमली और केटीऐम ऐप मे ट्रेडिंग...

फायदा होगा। ऐसा प्रशंसा देकर निकल जाते हैं और खुद अपनी कमाई कर जाते हैं। इन सब के चलते क्षेत्रवासियों का काफी पैसा बर्बाद हो रहा है। उपरोक्त एप में जो भी ठगी का शिकार हो रहा है उसमें किसी ने भी थाने में अब तक कोई रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई है मगर नाम नहीं छापने की शर्त पर उन्होंने मिडिया के सामने अपने ठगे जाने का दास्तां सुना रहा है. जब उनसे कहा गया कि थाने में रिपोर्ट क्यों नहीं करा रहे हैं तो उन्होंने कहा कि कौन इस झमेले में पड़े ?


# छात्रों ने आंवला वृक्ष की पूजा की व भगवान विष्णु से खुशहाली की प्रार्थना की

**खरोरा,** 23 नवंबर (देशबन्धु)। आंवला नवमी के शुभ अवसर पर भरत देवांगन शासकीय उत्कृष्ट हिंदी, अंग्रेजी माध्यम विद्यालय खरोरा में आंवला वृक्ष का पूजा अर्चना किया गया व स्टॉफ टीवी के सदस्य परिक्रमा कर सर्व जन के लिये भगवान विष्णु से खुशहाली व उत्तम स्वास्थ्य प्रदान करने प्रार्थना की ।कार्यक्रम की संयोजक शाहिना परवीन व्याख्याता थी ।इस अवसर पर प्राचार्य रजनी मिंज ने कहा कि मानव व वृक्ष एक दूसरे पर आश्रित है मानव का प्रकृति के बीच जाकर प्रकृति को समझना और प्रकृति का सम्मान करने की समझ विकसित करने का भी एक माध्यम है। इस अवसर पर विद्यालय के उपप्राचार्य हरीश देवांगन ने अपने विचार प्रकट करते हुए कहा कि आंवले को हर्रा और बहेड़ा के साथ मिलाकर त्रिफ़ला चूर्ण बनाया जाता है जो आयुर्वेद की सबसे पुरानी, सहज व विश्वसनीय औषधि है।




इस कार्यक्रम में प्राचार्य रजनी मिंज, उपप्राचार्य हरीश देवांगन, व्याख्याता पी देवांगन, शाहिना परवीन, डोमार यादव, महेन्द्र साहू, रजनी त्रिपाठी, रीता रानी वर्मा, सुनीता सिंह, श्वेता शर्मा, संगीता नायक, नीतू यादव, सी खरे, जयंती साहू,तान्या भट्टाचार्य, नेहा राठौड़,मोंगरा साहू,गीतांजलि पान, शिवांगी निषाद, अमर बर्मन, प्रवीण पाटिल, धनेन्द्र आडिल, निशिता स्त्रद्ब×द्बह्ल,रूप शिखा साहू, शैलजा गौतम,अपूर्वा ओगरे,पावस पटेल,अनिल कुमार, योगिता देवांगन,कृतिका वर्मा, लोकेश्वर उइके, पवित्री साहू,विक्रम आडिल, आकाश परिहार सहित छात्र व समस्त स्टाफ उपस्थित थे ।पी देवांगन ने आँवला नवमी के धर्मिक महत्व को विस्तार से बताया ।रजनी त्रिपाठी ,श्वेता शर्मा ने विधि विधान से पूजा अर्चना किया ।व आँवला के महत्व को आप दोनों ने उदाहरण सहित बताया। शाहिना परवीन ने जानकारी देते हुए विभिन्न व्यंजनों आंवले से किस प्रकार बनाया जाता है, विस्तार से जानकारी दी।

आंवले से स्वादिष्ट व्यंजन भी बनाये जाते हैं। आंवले की चटपटी चटनी का स्वाद कैसे भूल सकते हैं। ये मिल जाये तो फिर किसी सब्जी या दाल की आवश्यकता महसूस नही होती। बस रोटियों पर लगाइये, रोल कीजिये और फिर शुरू हो जाइये। आँवले का अचार तो मुँह का स्वाद बनाने के लिए जाना ही जाता है। और मुरब्बा भी किसी से कोई कम नही है। आँवले की सुपारी और किसा हुआ बुरादा भी भारतीय रसोई की पहचान है। आँवले के जूस को लोग जूस के बजाए दवा की तरह ही पीना पसंद करते हैं। यूँ तो आँवला एक फल से कहीं अधिक सर्वोत्तम औषधियों में शामिल है। लेकिन इसके धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व भी कम नही है। संगीता नायक ने अपने उदबोधन में कहा कि सभी घरों में सूखे हुए आँवले काले नमक और कालीमिर्च के पाउडर के साथ मुखवास के रूप में रखे जाते थे।


दीपावली एवं देवउठनी एकादशी
की हार्दिक शुभकामनाएं
ग्राम पंचायत भिंभौरी
नरसिंग वर्मा
सरपंच
डॉ. प्रकाश वर्मा
उपसरपंच
डॉ. रामखिलावन
वर्मा
शत्रुहन वर्मा
सचिव
समस्त पंचगण एवं ग्रामवासी


दीपावली एवं देवउठनी एकादशी
की हार्दिक शुभकामनाएं
ग्राम पंचायत कोहका घुलघुल
सहदेव कुर्रे
सरपंच
तुलाराम निषाद
उपसरपंच
प्रदीप वर्मा
सचिव
पंचगण
उषा कुर्रे, कमला वर्मा, ईश्वरी ध्रुव, खेमीन वर्मा, राखी ठाकुर, राजकुमार यदु,
पत्या रात्रे, दिनेश वर्मा, तेजराम वर्मा, शंकर वर्मा, प्यारी बाई निषाद
समस्त कोहका घुलघुल ग्राम वासी


दीपावली एवं देवउठनी एकादशी
की हार्दिक शुभकामनाएं
ग्राम पंचायत ओटगन
संगीता संजय दीवान
सरपंच
सकुन्तला
सचिव
राकेश श्रीवास
उपसरपंच
समस्त पंचगण एवं ग्राम वासी


दीपावली एवं देवउठनी एकादशी
की हार्दिक शुभकामनाएं
तिल्दा–नेवरा
मा. नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री
एवं समस्त शहर वासी
शिव वर्मा (पत्रकार)
भाजपा पिछड़ा मोर्चा शहर अध्यक्ष


दीपावली एवं देवउठनी एकादशी
की हार्दिक शुभकामनाएं
ग्राम पंचायत देवरी
शशिप्रभा घृतलहरे
सरपंच
तेजराम वर्मा
सचिव
समस्त पंचगण एवं ग्राम वासी


दीपावली एवं देवउठनी एकादशी
की हार्दिक शुभकामनाएं
ग्राम पंचायत रज़िया
प्रदीप वर्मा
सरपंच
नोहर लाल वर्मा
सचिव
गनेशिया बाई वर्मा
पंच
सहसराम साहू
पंच
राजकुमार
पंच